Website- edristi.in

नवत्रा

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 2 >>> अंक - 1 >>> जुलाई, 2018





प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा

बांध सुरक्षा विधेयक, 2018











प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए। दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं।

आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (1 जून से 30 जून, 2018) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य.....13

अमृत योजना हेतु इंदौर नगर निगम द्वारा बॉण्ड जारी.....13

विश्व खाद्य पुरस्कार-2018.....14

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) की तीसरी वार्षिक बैठक, 2018.....15

106वां भारतीय विज्ञान कांग्रेस, 2019.....15

केंद्र सरकार द्वारा अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य घोषित.....16

राष्ट्रीय रक्षा अधिकरण विधेयक, 2019.....17

भारत का पहला आपदा जोखिम सूचकांक.....18

राष्ट्रीय योग ओलंपियाड, 2018.....19

एनएचएम की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी.....19

लिम्फेटिक फाइलेरिया की समाप्ति के संबंध में वैश्विक गठबंधन की 10वीं बैठक.....20

23वां यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव, 2018.....21

समग्र जल प्रबंधन सूचकांक, 2016-17.....22

बांध सुरक्षा विधेयक, 2018.....23

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर पूर्वी परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी.....24

स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2018 के पहले हार्डवेयर संस्करण का फाइनल.....25

प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा.....27

हिमाचल प्रदेश की वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (गैट्स) रिपोर्ट जारी.....28

कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन.....29

स्टरलाइट कॉपर फैक्ट्री को बंद करने का आदेश.....30

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे.....31

कुंडली गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस वे.....32

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन को शुरू करने का निर्णय.....33

चतुर्थ 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव' 2018.....34

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य.....35

सातवीं ओपेक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, 2018.....35

ई-कचरा के शीर्ष उत्पादकों में भारत.....36

18वां अंतरराष्ट्रीय आईसीटी सम्मेलन, 2018.....37

जी-7 राष्ट्रों का 44वां शिखर सम्मेलन, 2018.....37

विश्व के 100 उच्चतम भुगतान पाने वाले एथलीटों की सूची, 2018 39
क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2019 40
ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दूसरी औपचारिक बैठक, 2018 40
महिला राजनीतिक नेत्रिओं का वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2018 41
वैश्विक शांति सूचकांक, 2018 42
भारत और रूस के बीच पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन 43
ग्लोबल फ्लाइट प्राइसिंग रिपोर्ट 44
आर्थिक परिदृश्य 45
मेसर्स एचडीएफसी बैंक की अतिरिक्त शेयर पूंजी बढ़ाने को मंजूरी 45
कॉर्पोरेट बॉन्ड्स हेतु एनएसई प्लेटफॉर्म (मंच) 45
ग्रामीण इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट्स 46
विश्व बैंक द्वारा 450 मिलियन डॉलर ऋण की मंजूरी 47
द्वितीय द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2018-19 48
आयकर विभाग द्वारा संशोधित आयकर मुखबिर पुरस्कार योजना, 2018 जारी 48
मध्य प्रदेश में सिंचाई को बढ़ावा देने हेतु ऋण की मंजूरी 50
एफसीआरए के अंतर्गत विदेशी योगदान की निगरानी के लिए ऑनलाइन विश्लेषण टूल लांच 51
वर्ष 2017-18 का चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के लिए जीडीपी के अनुमान 52
रेटिंग एजेंसी इक्रा के वृद्धि अनुमान 52
BNPM को बैंक नोट कागज का उत्पादन बढ़ाने हेतु मंजूरी 53
वर्ष 2022 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि अनुमान 54
ई-वीजा योजना से राजस्व का अर्जन 55
मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व के लिए पहला कार्गो प्राप्त 55
वैज्ञानिक परिदृश्य 57
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 57
नासा का मानवरहित एयरक्रॉफ्ट 57
इंटरसेप्टर नौका आईसीजीएस सी-439 57
नासा के छोटे उपग्रह मंगल की ओर अग्रसर 58
स्पेस एक्स द्वारा संचार उपग्रह की लांचिंग 59
भारत की पहली स्वदेशी लंबी दूरी की आर्टिलरी गन 'धनुष' का सफल परीक्षण 59

26वां रिमपैक (RIMPAC) अभ्यास, 2018 60
देश की पहली आधुनिक फोरेंसिक लैब 61
एसएफडीआर प्रणोदन आधारित मिसाइल का पहला सफल परीक्षण 62
मंत्रिमंडल द्वारा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) मार्क-III जारी रखने के कार्यक्रम को मंजूरी 62
नौसैन्य अभ्यास मालाबार-2018 63
13वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास सूर्य किरण 64
अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण 65
मल्टी बैरल रॉकेट लांच सिस्टम गाइडेड पिनाका का सफल परीक्षण 65
रक्षा बलों के लिए उपकरणों की खरीद को मंजूरी 66
क्लाउड सक्षम डाटा सेंटर 67
इन्क्यूबेशन सेंटर एवं खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशाला 68
चुंबकीय गुणों के साथ नए तत्व की खोज 69
चांद के अनदेखे हिस्से का पता लगाने के लिए चीनी सैटेलाइट 70
सुरंग में हवा परिसंचरण को नियंत्रित करने हेतु रेलवे द्वारा एआई का उपयोग 70
नासा के उपग्रहों द्वारा वैश्विक ताजे जल में हो रहे प्रमुख बदलावों का खुलासा 71
खेल परिदृश्य 72
टेनिस 72
रॉसमालेन ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप, 2018 72
फ्रेंच ओपन, 2018 73
नानयिंग कप इंटरनेशनल जूनियर चैंपियनशिप, 2018 74
क्रिकेट 75
भारतीय क्रिकेट टीम का आयरलैंड दौरा, 2018 75
बिहार एवं पूर्वोत्तर की टीमें खेलेंगी घरेलू सत्र में 76
ICC फ्यूचर टूर प्रोग्राम, 2018-2023 77
भारत-अफगानिस्तान टेस्ट शृंखला-2018 78
बैडमिंटन 80
थॉमस एवं उबेर कप, 2018 80
फॉर्मूला वन 81
इटैलियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018 81

खेल विविध 81
अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच (पुरुष) की एक पारी में सर्वाधिक रनों का विश्व रिकॉर्ड.....81
4 नई टीमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एकदिवसीय रैंकिंग में शामिल 82
म्यूनिख ग्रैंड प्रिक्स, 2018 83
चर्चित खेल व्यक्तित्व.....84
टेनिस खिलाड़ी मारिया ब्यूनो का निधन.....84
मिताली राज 84
टिमोथी परेरा.....85
आईसीसी क्रिकेट कमेटी में प्रतिनिधियों की नियुक्ति.....86
दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 86
संक्षिप्तियां.....87
चर्चित व्यक्ति.....87
बी.वी.आर. सुब्रमण्यम.....87
पेगी व्हिटसन 88
डॉ. इंदरजीत सिंह.....89
शुजात बुखारी.....89
दिव्या सूर्य देवरा.....89
प्रोफेसर पनमना रामचंद्रन नायर 90
आसियान में भारत के नए राजदूत.....91
टॉमी थॉमस 91
नए सतर्कता आयुक्त नियुक्त.....92
यूपीएससी के कार्यवाहक अध्यक्ष 92
आयन गोगेई गोहेन.....93
बाफ्टा के नए अध्यक्ष.....93
शांताराम नाइक 94
एलपी शाही.....94
ओमर रज्जाज 95
आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर.....95
अब्देल फतेह अल-सिसी 96

स्पेन के नए प्रधानमंत्री 96
एमआरपीएल के नए एमडी एवं सीईओ 97
पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त 97
मित खरे 98
एनसीडीआरसी के नए अध्यक्ष 98
एलिसिया पुचेता 99
प्रदीप कुमार गुप्ता 100
न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (NYSE) की पहली महिला अध्यक्ष 100
एस.डी. मूर्ति 101
गिनी के नए प्रधानमंत्री 101
गोबिंद सिंह देव 102
थंगलुरा डार्लोंग 102
चर्चित स्थल 103
वियतनाम में बीईएल के प्रतिनिधि कार्यालय का शुभारंभ 103
आलमबाग बस टर्मिनल 104
एंटी पॉवर थेफ्ट पुलिस थाना 104
कबीरदास अकादमी 105
राउरकेला इस्पात संयंत्र की पुनर्निर्मित ब्लास्ट फर्नेस-1 राष्ट्र को समर्पित 106
भारत का पहला पुलिस संग्रहालय 106
मधु सेठी 107
ग्वाटेमाला में जवालामुखी विस्फोट 107
कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम 108
आंध्र प्रदेश के नए राज्य प्रतीक चिह्न घोषित 109
डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम पार्क 110
चार जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को मंजूरी 110
प्रमाणित/संकर बीज वितरण पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किए जाने का निर्णय 111
ब्रह्मपुत्र अध्ययन केंद्र 112
पर्यटक आवास गृह का शिलान्यास एवं भूमिपूजन 113
देहरादून एरिना का शुभारंभ 114

वैश्विक भागीदार के रूप में नाटो में शामिल होने वाला एकमात्र लैटिन अमेरिकी देश 114
ओएनजीसी द्वारा नागायालंका में ड्रिलिंग..... 115
दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला ट्रैकोमा मुक्त देश 116
न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा अमेरिका के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना..... 116
पूर्वोत्तर भारत में पहले सौर शौचालय की स्थापना 117
अरुणाचल प्रदेश में पहली वाणिज्यिक फ्लाइट की लैंडिंग..... 118
ऊर्जा विनियमन केंद्र हेतु भारत के पहले सलाहकार केंद्र की स्थापना..... 119
पुरस्कार/सम्मान 119
19वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) पुरस्कार, 2018..... 119
फेमिना मिस इंडिया, 2018 120
23वां निक्केई एशिया पुरस्कार, 2018 121
8वां सार्क फिल्म महोत्सव, 2018 122
संतोकाबा मानवतावादी पुरस्कार, 2018..... 122
बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कार, 2016-17 और 2017-18 123
बंग विभूषण एवं बंग भूषण पुरस्कार, 2018 124
टी.के. रामनाथन पुरस्कार, 2017-18 125
योजना/परियोजना 126
मोबाइल ऐप 'रीयूनाइट' लांच 126
मुंडका-बहादुरगढ़ (सिटी पार्क) मेट्रो लाइन का उद्घाटन 126
भारत के सहयोग से बनने वाली मंगोलिया की पहली पेट्रोरसायन परियोजना का शिलान्यास 127
फाफामऊ, इलाहाबाद में गंगानदी पर नए पुल के निर्माण को मंजूरी..... 128
मुख्यमंत्री मधु विकास योजना 129
वन्या प्लस डबल फोर्टीफाइड नमक वितरण योजना 129
गोपाबंधु सम्बादिका स्वास्थ्य बीमा योजना 130
बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना 131
कर्मचारी बीमा-सह-बचत योजना 2018..... 132
29 मई, 2018 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय..... 132
मेघालय करेगा आयुष्मान भारत का कार्यान्वयन..... 133
दस नए स्वच्छ दर्शनीय स्थलों के तीसरे चरण का शुभारंभ..... 134

अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा 135
6 राज्यों की दो प्रमुख सिंचाई और चार बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी 136
दीनदयाल बंदरगाह पर उर्वरक कार्गो के लिए एक विशेष एवं यंत्रीकृत संचालन सुविधा की स्थापना 137
पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी नैपकिन-'जन औषधि सुविधा' 138
मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना 139
चंद्रन्ना बीमा योजना 140
समग्र संसाधन पोर्टल और मोबाइल ऐप लांच 141
समग्र शिक्षा अभियान-इन्टीग्रेटेड स्कीम फॉर स्कूल एजुकेशन 142
मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की राशि में वृद्धि 143
यूरोपीय गैस पाइपलाइन का उद्घाटन 144
प्राप्ति ऐप तथा वेब पोर्टल लांच 145
हॉट कुक्ड फूड योजना 145
तेलंगाना सरकार द्वारा किसानों के लिए अद्वितीय जीवन बीमा योजना की घोषणा 146
हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना 147
मंदसौर जिले में स्थित दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत 148
एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना हेतु धनराशि स्वीकृत 149
असम और राजस्थान में ई-वे बिल सिस्टम की शुरूआत 150
छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना 150
डीएवाई एनयूएलएम के तहत नीतियों के विस्तार की घोषणा 151
कावेरी प्रबंधन योजना को मंजूरी 152
ऑपरेशन/अभियान 153
मध्य प्रदेश में टीकाकरण अभियान 153
बच्चों के संरक्षण पर रेलवे के सहयोग से जागरुकता अभियान 154
हरियाणा में किसानों के लिए जागरूकता अभियान 155
गोमुख ट्रैकिंग अभियान 155
अरुणाचल राइजिंग अभियान 156
प्रदूषण उपशमन पौध अभियान 157
नंदा देवी पूर्वी बेस कैम्प पर ट्रैकिंग अभियान 158
कृषि महाभियान-सह-बीज विकास वाहन रथ 158

आयोग/समिति.....159
कृषि एवं मनरेगा से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोणों में समन्वय स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्रियों का उप-समूह गठित.....159
सेज नीति का अध्ययन करने हेतु प्रतिष्ठित व्यक्तियों के एक समूह का गठन.....160
सम्मेलन/समारोह.....161
पूर्वी भारत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन.....161
दत्तक ग्रहण सम्मेलन.....162
भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग का 15वां सत्र, 2018.....162
मध्य प्रदेश में किसान महा-सम्मेलन.....163
कार्यशाला-'मिशन रफ्तार'.....163
योग पर स्वास्थ्य संपादकों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन.....164
बाल संरक्षण पर राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन, 2018.....165
इब्सा के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक, 2018.....166
49वां राज्यपाल और उप-राज्यपाल सम्मेलन.....167
भारतीय वायुसेना का कमांडर सम्मेलन.....167
डब्ल्यूटीओ का अनौपचारिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन.....168
कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सी.पी.ए.) इंडिया रीजन जोनल-01 की बैठक.....168
गतिशील योजनाओं और परियोजनाओं पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन.....169
चौथा स्मार्ट सिटीज इंडिया 2018 एक्सपो.....170
विश्व वन्यजीव कोष द्वारा कार्यशाला का आयोजन.....170
केरल अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह, 2018.....171
वैश्विक पवन शिखर सम्मेलन, 2018.....172
संधि/समझौता.....172
भारत-वियतनाम में समझौता.....172
आईसीएमआर-आईएनएसईआरएम, फ्रांस में समझौता.....173
भारत-पेरू समझौता.....174
भारत-ब्रिटेन में समझौता.....175
भारत-डेनमार्क में समझौता.....175
भारत-नीदरलैंड्स में समझौता.....176
एमएसएमई मंत्रालय और आयुष मंत्रालय में समझौता.....177

एफटीए सहयोगी के साथ किया जाने वाला पहला एमआरए 178
उत्तर प्रदेश सरकार एवं टाटा ट्रस्ट में समझौता 179
एनएमडीसी, एनएलसी और ईसीटी में समझौता 180
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भेजने हेतु साझेदारी 181
भारत-फ्रांस में समझौता 181
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश में समझौता 182
हरियाणा सरकार एवं नीदरलैंड में समझौता 183
सीएससी एसपीवी और सिडबी में समझौता 184
भारत-अंगोला में समझौता 185
भारत-सिंगापुर में समझौता 185
भारत-फ्रांस समझौता 186
भारत-डेनमार्क समझौता 187
रेल मंत्रालय और इरकॉन में समझौता 187
रेल मंत्रालय और आरसीआईएल में समझौता 188
कैंसर संस्थान एवं अस्पताल लखनऊ एवं टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई में समझौता 189
छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड और डाबर इंडिया लिमिटेड में समझौता 189
वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद और एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड, मुंबई में समझौता 190
भारत सरकार और विश्व बैंक में समझौता 191
संघ/संगठन 192
इंफोसिस द्वारा वोंगडूडी का अधिग्रहण 192
इफ्को तथा इंडियन पोटाश लिमिटेड के द्वारा संयुक्त रूप से जॉर्डन की सबसे बड़ी खनन कंपनी में हिस्सेदारी का क्रय 193
महिला सुरक्षा प्रभाग 194
विधि/न्याय 194
हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम, 2018 को अधिनियमित करने की मंजूरी 194
वर्ष/दिवस/सप्ताह 195
सांख्यिकी दिवस, 2018 195
अंतरराष्ट्रीय नाविक दिवस 196
संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस 197
संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस 197

विश्व शरणार्थी दिवस 198
आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों का अंतरराष्ट्रीय दिवस 198
विश्व रक्तदाता दिवस 199
अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस 200
विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 200
वित्तीय साक्षरता सप्ताह 201
विश्व पर्यावरण दिवस 201
विश्व महासागर दिवस 202
पहला विश्व साइकिल दिवस 203
विश्व दुग्ध दिवस 203
वैश्विक अभिभावक दिवस 204
विश्व कछुवा दिवस 204
पुस्तकें 205
पुस्तक-भारतीय राजनीति की 50 शिखर महिलाएं 205
पुस्तक 'कर्म योगी' 206
पुस्तक 'आल यू नीड टू नो अबाउट हार्ट' 206
पुस्तक-'द स्पाई क्रानिकल्सः रॉ आईएसआई एंड इल्यूजन ऑफ पीस' 207
पुस्तक-'शेर जंग-द वॉरियर सन ऑफ इंडिया' 208
पुस्तक-'अनकहा लखनऊ' 208
विविध 209
अरावली एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित 209
वन्यजीवों द्वारा मानव क्षति पर मुआवजे की राशि में वृद्धि 210
मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा चालित इलेक्ट्रिक कार का शुभारंभ 211
शिमला-चंडीगढ़ हेली-टेक्सी सेवा का शुभारंभ 211
हरियाणा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबंधित क्षेत्र पुनरुद्धार लाभकारी दृष्टिकोण 212
हरियाणा में 15 जिलों में 15 अतिरिक्त ओएससी स्थापित करने हेतु स्वीकृति 213
संस्थागत विकास योजना की कार्यशाला का शुभारंभ 214
3-डी मुद्रित कॉर्निया 215
फेसबुक द्वारा महिलाओं हेतु डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम की पेशकश 215

नेसर में चार नई विश्वस्तरीय टेस्टिंग सुविधा का शुभारंभ.....216
फर्स्ट इंटरस्जेल विश्व कप रूस 2018 टूर्नामेंट.....217
पेंटिंग 'काली' की ऑनलाइन नीलामी.....218
'अटसोनमोबाइल' ऐप.....219
एरोस्टेट इंटरनेट तकनीक बैलून लांच.....219
संयुक्त डाक टिकट जारी करने को मंजूरी.....220
रन फॉर एनवायर्नमेंट रैली.....221
खोई आधारित डिब्बाबंद भोजन.....222
फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का शुभारंभ.....222
रीजनल कौशल प्रतियोगिता, 2018.....223
साहसिक पर्यटन पर पहली बार दिशा-निर्देश जारी.....224
अत्याधुनिक ई-टिकट प्रणाली का नया यूजर इंटरफेस लांच.....224
बिहार मंत्रिमंडल द्वारा मत्स्य पालन कॉलेज की स्थापना हेतु मंजूरी.....226
एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट डैशबोर्ड का लोकार्पण.....226
स्वदेशी समृद्धि सिम कार्ड लांच.....227
तूफान अल्बर्टो.....228
कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर रणनीति पत्र का विमोचन.....228
वाम चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संपर्क के प्रावधान को स्वीकृति.....231
आंध्र प्रदेश में एनआईडीएम की दक्षिणी कैम्पस इमारत की आधारशिला.....232
नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यात्री घोषणा पत्र का मसौदा जारी.....233
एनसीडीसी द्वारा राजस्थान सरकार को ऋण माफी को मंजूरी.....233
'निदान' प्रीजम्पटिव डायग्नोसिस ऑन ई-औषधि साफ्टवेयर.....234
नाबार्ड द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को मंजूरी.....235
महिलाओं के लिए पुलिस बल में 10 प्रतिशत पद आरक्षित करने का निर्णय.....235
सीएसटीटी द्वारा 'आयुष' शब्द को अपनाने का निर्णय.....236
सड़क दुर्घटना पीड़ितों का चिकित्सा खर्च वहन करने की घोषणा.....237

राष्ट्रीय परिदृश्य

अमृ त योजना हेतु इंदौर नगर निगम द्वारा बॉण्ड जारी

प्रश्न-हाल ही में अमृत योजना के लिए बॉण्ड जारी करने वाला देश का तीसरा नगर निगम कौन सा होगा?

(a) पुणे नगर निगम (b) हैदराबाद नगर निगम

(c) इंदौर नगर निगम (d) भोपाल नगर निगम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जून, 2018 को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार 28 जून, 2018 को इंदौर नगर निगम (मध्य प्रदेश) 170 करोड़ रुपए के बॉण्ड का पब्लिक इश्यू नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर जारी करेगा।
- इसका उद्देश्य शहर की विकास गतिविधियों में नागरिकों की आर्थिक भागीदारी को सुनिश्चित करना है।
- इस प्रकार का बॉण्ड जारी करने वाला इंदौर देश का तीसरा और मध्य प्रदेश का पहला नगर निगम है।
- इस बॉण्ड से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अटल मिशन फॉर रिज्यूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफार्मेशन (AMRUT: अमृत) में किया जाएगा।
- अमृत योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में वाटर सप्लाई, सीवरेज, बाढ़ जल निकासी, अर्बन ट्रांसपोर्ट और ग्रीन स्पेस विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस योजना पर इंदौर नगर निगम द्वारा 972.26 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।
- इस राशि में भारत सरकार और राज्य सरकार एवं नगर निगम का अंशदान क्रमशः 324.05 करोड़ रुपए और 486.13 करोड़ रुपए तथा 162.08 रुपए निर्धारित है।
- नगर निगम द्वारा निर्धारित अंशदान राशि में भागीदारी दर्ज कराने हेतु यह पब्लिक बॉण्ड जारी किया जा रहा है।
- इस बॉण्ड की अवधि 10 वर्ष है, जिस पर प्रति छमाही ब्याज देय है।
- 7 वर्ष बाद निवेशक द्वारा बॉण्ड की प्रतिवर्ष 25 प्रतिशत राशि मुक्त कराई जा सकती है।
- ज्ञातव्य है कि इंदौर नगर निगम से पूर्व इस प्रकार के बॉण्ड पूना और हैदराबाद नगर निगम द्वारा जारी किए जा चुके हैं।
- भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजनान्तर्गत प्रदेश के 34 शहरों को चयनित किया गया है।

- योजनान्तर्गत शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को 5 वर्षों की अवधि के लिए 6200 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180626N21&LocID=1&PDt=6/26/2018

विश्व खाद्य पुरस्कार-2018

प्रश्न-हाल ही में किसे वर्ष 2018 के प्रतिष्ठित विश्व खाद्य पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) डॉ. सुब्रा सुरेश एवं डॉ. अखौरी सिन्हा (b) डॉ. लॉरेंस हैडाड एवं डेविड नाबैरो
(c) सर फाजले हसन एवं डॉ. संजय राजाराम (d) डॉ. डेविड बेकमन एवं जो लुक



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जून, 2018 को विश्व खाद्य पुरस्कार फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2018 के प्रतिष्ठित विश्व खाद्य पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार डॉ. लॉरेंस हैडाड और डॉ. डेविड नाबैरो को प्रदान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने भुखमरी को कम करने एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।
- इस वर्ष के 250,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि को दो प्राप्तकर्ताओं के बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा।
- डॉ. लॉरेंस हैडाड ब्रिटिश अर्थशास्त्री और खाद्य नीति शोधकर्ता और डॉ. डेविड नाबैरो ने स्वास्थ्य और भुखमरी के मुद्दों पर डब्ल्यूएचओ और संयुक्त राष्ट्र के साथ काम किया है।
- दोनों लोगों ने भूखमरी और कुपोषण को कम करने हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- इस पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 1986 में विश्व में हरित क्रांति के सूत्रधार एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता (वर्ष 1970) डॉ. नॉर्मन बोरलॉग द्वारा की गई थी।
- प्रथम विश्व खाद्य पुरस्कार वर्ष 1987 में भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.worldfoodprize.org/index.cfm/87428/45371/nutrition_champions_win_2018_world_food_prize_for_leading_global_movement_to_reduce_child_stunting
https://www.worldfoodprize.org/index.cfm?nodeID=94237&audienceID=1

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) की तीसरी वार्षिक बैठक, 2018

प्रश्न-25-26 जून, 2018 के मध्य एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) की तीसरी वार्षिक बैठक कहां आयोजित की गई?



(a) नई दिल्ली (b) जयपुर (c) बैंकाक (d) मुंबई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 25-26 जून, 2018 के मध्य 'एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक की तीसरी वार्षिक बैठक' (AIIB'S Third Annual Meeting), 2018 मुंबई में आयोजित की गई।
- इसका आयोजन वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- इस वर्ष की बैठक का मुख्य विषय (Theme) ''बुनियादी ढांचे के लिए वित्त जुटानाः नवाचार एवं सहयोग'' (Mobilizing Finance for Infrastructure: Innovation and Collaboration) है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक का उद्घाटन किया।
- इस दो दिवसीय बैठक में शीर्ष नीति निर्माता एआईआईबी सदस्य देशों के मंत्री विभिन्न संस्थानों, निजी क्षेत्र और सिविल संगठन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इस वर्ष एशियाई इन्फ्रास्ट्रक्चर फोरम का भी शुभारंभ हुआ।
- इसमें विशेषज्ञों परियोजना विशेष पर चर्चा की और महत्वपूर्ण अवसंरचना आवश्यकताओं के लिए नवाचारी वित्त पोषण पर चर्चा की।
- ज्ञातव्य है कि एआईआईबी एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका उद्देश्य एशिया एवं उससे परे सामाजिक और आर्थिक विकास को बेहतर करना है, जिसने जनवरी, 2016 से काम करना प्रारंभ किया था। इसका मुख्यालय बीजिंग, चीन में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.aiib-am2018.gov.in/
https://www.aiib.org/en/about-aiib/index.html

106वां भारतीय विज्ञान कांग्रेस, 2019

प्रश्न-3-7 जनवरी, 2019 के मध्य 106 वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस, 2019 का आयोजन कहां किया जाएगा?



(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (b) लखनऊ विश्वविद्यालय

(c) लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (d) दिल्ली यूनिवर्सिटी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3-7 जनवरी, 2019 के मध्य 106वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस (106th Indian Science Congress, 2019) का आयोजन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU), जालंधर, पंजाब में किया जाएगा।
- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि जालंधर में पहली बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस आयोजित की जाएगी।
- इस पांच दिवसीय आयोजन में चिकित्सा, रसायन, पर्यावरण और विज्ञान के अन्य क्षेत्रों सहित 18 पूर्ण सत्र होंगे।
- 106वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय (Theme)- ''भविष्य का भारतः विज्ञान और प्रौद्योगिकी' (Future India: Science and Technology) होगा।
- इस विज्ञान कांग्रेस, की अध्यक्षता लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर अशोक मित्तल करेंगे।
- साथ ही इसके समानांतर चार मेगा कार्यक्रम बाल विज्ञान सम्मेलन, महिला विज्ञान सम्मेलन, साइंस कम्युनिकेटर्स मीट और विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि 105वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 16-20 मार्च, 2018 के मध्य मणिपुर विश्वविद्यालय, इंफाल (मणिपुर) में किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.sciencecongress.nic.in/science_congress_events.php

केंद्र सरकार द्वारा अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य घोषित

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने पवन उद्योग का भरोसा बढ़ाने हेतु अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य घोषित किए। इसके अनुसार वर्ष 2030 तक कितने गीगावाट का दीर्घकालिक लक्ष्य घोषित किया गया है?



(a) 30 गीगावाट (b) 22 गीगावाट (c) 50 गीगावाट (d) 15 गीगावाट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने पवन उद्योग का भरोसा बढ़ाने हेतु अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य घोषित किया।
- इसके अनुसार, सरकार ने वर्ष 2022 तक 5 गीगावाट का मध्यकालिक लक्ष्य और वर्ष 2030 तक 30 गीगावाट का दीर्घकालिक लक्ष्य घोषित किया है।
- गौरतलब है कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने भारत में एक गीगावाट की प्रथम अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना के लिए हाल ही में अभिरुचि पत्र (EOI) आमंत्रित किए हैं जिसमें देश-विदेश के उद्योग जगत ने काफी रुचि दिखाई है।
- इसलिए सरकार ने पवन उद्योग का भरोसा बढ़ाने हेतु अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता बढ़ाने हेतु मध्यम एवं दीर्घकालिक लक्ष्य घोषित किया।

- ज्ञातव्य है कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अक्टूबर, 2015 में राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति अधिसूचित की थी, ताकि देश में अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को पाया जा सके।
- विश्व स्तर पर ब्रिटेन, जर्मनी, डेनमार्क, नीदरलैंड्स और चीन की अगुवाई में लगभग 17-18 गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=180043
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72799
https://www.livemint.com/Industry/ow2VXjPehIy7bbgPbvn61J/India-aims-to-add-30GW-of-offshore-wind-plants-by-2030.html

राष्ट्रीय रक्षा अधिकरण विधेयक, 2019

प्रश्न-हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने किस देश के साथ रक्षा संबंधों को विस्तार देने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा अधिकरण विधेयक, 2019 को पारित किया?



(a) रूस (b) उत्तर कोरिया (c) चीन (d) भारत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 जून, 2018 को अमेरिकी सीनेट ने भारत के साथ रक्षा संबंधों को विस्तार देने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा अधिकरण विधेयक (National Defence Authorisation Act: NDAA), 2019 को पारित किया।
- 716 अरब डॉलर के इस रक्षा विधेयक को सीनेट में 85-10 के भारी बहुमत से पारित किया गया।
- गौरतलब है कि अमेरिका ने वर्ष 2016 में भारत को प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में मान्यता दी थी।
- इससे अमेरिका के अन्य नजदीकी सहयोगियों की तरह भारत अधिक आधुनिक और संवदेनशील प्रौद्योगिकियों की खरीद का पात्र हो गया।
- यह विधेयक सीनेट की सैन्य सेवा समिति के अध्यक्ष जॉन मैक्केन के सम्मान में पारित किया गया है, जो विगत कई महीनों से कैंसर से जूझ रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://theprint.in/governance/us-senate-passes-bill-seeking-enhanced-defence-ties-with-india/72189/

भारत का पहला आपदा जोखिम सूचकांक

प्रश्न-हाल ही में जारी भारत के पहले 'आपदा जोखिम सूचकांक' में कौन-सा राज्य शीर्ष पर है?

(a) महाराष्ट्र (b) तमिलनाडु (c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में भारत का पहला आपदा जोखिम सूचकांक जारी किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के सहयोग से गृह मंत्रालय द्वारा तैयार सूचकांक अभी एक मसौदा रिपोर्ट (Draft Report) के रूप में है।
- जिसके अनुसार महाराष्ट्र भारत को सर्वाधिक भेद्य राज्य है।
- अर्थात् रैंकिंग (सूचकांक) में शीर्ष पर है।
- यह सूचकांक आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेनदाई फ्रेमवर्क (जिसने ह्योगो फ्रेमवर्क का स्थान लिया है) के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक आपदा जोखिम वाले राज्यों में पश्चिम बंगाल दूसरे, उत्तर प्रदेश तीसरे एवं मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर है।
- जबकि केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली सर्वाधिक आपदा जोखिम प्रवण है।
- ध्यातव्य है कि सूचकांक देश के 640 जिलों के नुकसान मानचित्रण एवं सुभेद्यता पर आधारित है।
- इसमें आपदाओं के प्रति आबादी, पशु, कृषि एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसानों के आधार पर रैंकिंग प्रदान की गई है।
- सूचकांक के अनुसार गुजरात, तमिलनाडु, असम, त्रिपुरा एवं हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने आपदाओं से सुरक्षा के लिए आधारिक संरचना में निवेश कर आपदा जोखिम से होने वाले नुकसान को कम करने में सफलता प्राप्त की है।
- जबकि जिला स्तर पर आपदा जोखिम के प्रति सर्वाधिक भेद्य (most vulnerable) जिला पश्चिम बंगाल का उत्तर 24 परगना है।
- दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र का पुणे जिला, तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल का दक्षिण 24 परगना जिला, चौथे स्थान पर महाराष्ट्र का थाणे जिला एवं पांचवें स्थान पर पश्चिम बंगाल का हुगली जिला है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.updeetsindia.com/national-disaster-risk-index-maharashtra-most-vulnerable-among-states-delhi-among-uts/

राष्ट्रीय योग ओलंपियाड, 2018

प्रश्न-18-20 जून, 2018 के मध्य 'राष्ट्रीय योग ओलंपियाड-2018' कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) मुंबई (b) चंडीगढ़ (c) जयपुर (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)



संबंधित तथ्य

- 18-20 जून, 2018 के मध्य तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2018' का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इसका उद्घाटन यूनेस्को में निदेशक और इसके दिल्ली में स्थित कार्यालय में भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल तथा मालदीव के लिए प्रतिनिधि एरिक फाल्ट ने किया।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) लगातार तीसरे वर्ष राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन कर रही है।
- इसमें 26 राज्यों और चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के 500 छात्र हिस्सा ले रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=180025
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1535837

एनएचएम की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार देश में वर्ष 2013 से मातृ मृत्यु दर (MMR) में रिकॉर्ड कितने प्रतिशत की कमी दर्ज की गई?

(a) 13 प्रतिशत (b) 22 प्रतिशत (c) 19 प्रतिशत (d) 26 प्रतिशत



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जून, 2018 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी की।
- इसके अुनसार देश में वर्ष 2013 से मातृ मृत्यु दर (MMR) में रिकॉर्ड 22 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।
- देश में मातृ मृत्यु दर वर्ष 2011-13 में 167 थी, जो वर्ष 2013-16 में घटकर 130 हो गई।
- राज्यों में 60 से 70 प्रतिशत स्वास्थ्य कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जरिए किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) वर्ष 2005 में लांच किया गया था।
- एनएचएम की सबसे बड़ी जिम्मेदारी देश को स्वस्थ और रोगमुक्त बनाना है।

- गौरतलब है कि 11वीं सीआरएम टीम ने 16 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया, जिनमें से पूर्वोत्तर के 4 राज्य, 6 उच्च ध्यान केंद्रित (High Focus States) और 6 गैर उच्च ध्यान केंद्रित (Non-High Focus States) राज्य थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=180021
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72783

लिम्फेटिक फाइलेरिया की समाप्ति के संबंध में वैश्विक गठबंधन की 10वीं बैठक

प्रश्न-जून, 2018 में लिम्फेटिक फाइलेरिया को समाप्त करने के संबंध में वैश्विक गठबंधन की 10वीं बैठक आयोजित हुई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह बैठक शिमला में आयोजित हुई।
(b) बैठक उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी.नड्डा ने किया।
(c) इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 11 देशों को जीएईएलएफ पुरस्कार प्रदान किया।
(d) भारत सहित 73 देश लिम्फेटिक फाइलेरिया नामक रोग से ग्रसित हैं।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को लिम्फेटिक फाइलेरिया को समाप्त करने के संबंध में वैश्विक गठबंधन की 10वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।
- इस बैठक का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने किया।
- इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा 11 देशों को जीएईएलएफ पुरस्कार प्रदान किया।
- जीएईएलएफ पुरस्कार प्राप्त करने वाले देशों में कंबोडिया, कुक द्वीप समूह, मिस्र, मालदीव, मार्शल द्वीप समूह, नियू, श्रीलंका, थाइलैंड, टोगो, टोंगा और वानुआतु शामिल हैं।
- इस अवसर पर श्री नड्डा द्वारा भारत के लिए लिम्फेटिक फाइलेरिया को समाप्त करने हेतु एक त्वरित कार्य योजना जारी की गई।
- वर्तमान में भारत सरकार ने राज्य सरकारों व विकास संगठनों के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप लिम्फेटिक फाइलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित 256 जिलों में से 100 जिलों में उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।
- लिम्फेटिक फाइलेरिया को 'हाथी पांव' के नाम से भी जाना जाता है।
- भारत सहित 73 देशों की बहुत बड़ी जनसंख्या लिम्फेटिक फाइलेरिया नामक रोग से ग्रसित है।

- यह रोग क्युलैक्स मच्छर के काटने से होता है, जो इस रोग का वाहक है।
- जीएईएलएफ (Global Alliance to Eliminate Lymphatic Filariasis) 72 देशों के राष्ट्रीय लिम्फेटिक फाइलेरिया मुक्ति कार्यक्रम का गठबंधन है। अभी भारत 10वीं बैठक की मेजबानी कर रहा है।
- इस गठबंधन से एनजीओ, निजी क्षेत्र, अकादमिक और शोध संस्थान भी जुड़े हुए हैं।
- इसकी बैठक 2 वर्ष में एक बार आयोजित होती है।
- इसकी दूसरी बैठक वर्ष 2002 में नई दिल्ली में आयोजित हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179919

23वां यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव 2018

प्रश्न- हाल ही में 23वें यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव, 2018 का शुभारंभ कहां हुआ?
(a) पुणे (b) मुंबई (c) नई दिल्ली (d) जयपुर



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 जून, 2018 को यूरोपीय सिनेमा पर प्रकाश डालने के लिए 23वें यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव (EUFF), 2018 का शुभारंभ सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में हुआ।
- इसका आयोजन यूरोपीय संघ और विभिन्न सिटी फिल्म क्लब में यूरोपीय संघ के सदस्य राष्ट्रों के दूतावासों के प्रतिनिधियों के साथ भागीदारी कर भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के फिल्मोत्सव निदेशालय द्वारा किया जा रहा है।
- फिल्म महोत्सव के दौरान 18 जून से 31 अगस्त, 2018 तक नई दिल्ली, चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर, पुडुचेरी, कोलकाता, जयपुर, पुणे, विशाखापत्तनम, त्रिशुर, हैदराबाद और गोवा सहित देश के 11 शहरों में फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।
- 23 यूरोपीय देशों की 24 नई यूरोपीय फिल्में इस फिल्म महोत्सव के दौरान देश के उपर्युक्त 11 शहरों में प्रदर्शित की जाएंगी।
- इस फिल्म महोत्सव की उद्घाटन फिल्म स्लोवाकिया की 'लिटल हार्बर' रही।
- फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाने वाली कुछ प्रमुख फिल्में हैं-'द मैजिक ऑफ चिल्ड्रन' (ऑस्ट्रिया), लेबिरिंथम (बेल्जियम), 'विक्टोरिया' (बुल्गारिया) 'काउब्वॉयज' (क्रोएशिया), 'ब्वॉय ऑन द ब्रिज (साइप्रस), टाइगर थ्योरी/तिओरी टाइग्रा (चेक गणराज्य), वॉक विद मी/द स्टैंडहाफ्टिज' (डेनमार्क), लैंड ऑफ माइन/अंडर सैंडेट (डेनमार्क) आदि।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179984

समग्र जल प्रबंधन सूचकांक, 2016-17

प्रश्न-हाल ही में नीति आयोग द्वारा विकसित समग्र जल प्रबंधन सूचकांक में किस राज्य को सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ?



(a) बिहार (b) राजस्थान (c) झारखंड (d) ओडिशा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और पोत परिवहन एवं जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी ने समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (Composite Water Management Index), 2016-17 जारी किया।
- इस सूचकांक को नीति आयोग द्वारा विकसित किया गया है।
- इसमें भूजल, जल निकायों की पुनर्स्थापना, सिंचाई, खेती के तरीके, पेयजल, नीति और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के 28 विभिन्न संकेतकों के साथ 9 विस्तृत क्षेत्र शामिल हैं।
- समीक्षा के उद्देश्य से राज्यों को दो विशेष समूहों-'पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्य' और 'अन्य राज्य' में बांटा गया है।
- यह सूचकांक जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन के आकलन और उनमें सुधार लाने का एक प्रमुख साधन है।
- यह सूचकांक राज्यों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों को उपयोगी सूचना उपलब्ध कराएगा जिससे वे अच्छी रणनीति बना सकेंगे और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में उसे लागू कर सकेंगे।
- इस रिपोर्ट के अनुसार गैर-हिमालयी राज्यों में गुजरात को सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात मध्य प्रदेश को दूसरा, आंध्र प्रदेश को तीसरा, कर्नाटक को चौथा तथा महाराष्ट्र को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- गैर-हिमालयी राज्यों में झारखंड को इस सूचकांक में सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार का स्थान है।
- रिपोर्ट के अनुसार, जल प्रबंधन के मामले में झारखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार का प्रदर्शन सबसे खराब है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोतर और हिमालयी राज्यों में त्रिपुरा को सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
- इसके पश्चात क्रमशः हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और असम का स्थान है।
- पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में मेघालय को सूचकांक में सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

- रिपोर्ट में यह भी उल्लेखित है कि देश में गंभीर जल संकट है और लाखों जीवन तथा आजीविका को खतरा है।
- इसके अनुसार, लगभग 60 करोड़ (600 मिलियन) लोग जल समस्या से जूझ रहे हैं।
- वहीं करीब 2 लाख लोगों की प्रति वर्ष साफ पानी की कमी से मौत हो जाती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक देश में पानी की मांग आपूर्ति के दोगुनी हो जाने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179962
http://pibphoto.nic.in/documents/rlink/2018/jun/p201861401.pdf

बांध सुरक्षा विधेयक, 2018

प्रश्न-13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बांध सुरक्षा विधेयक, 2018 को संसद में प्रस्तुत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-



(i) विधेयक में बांध सुरक्षा पर राष्ट्रीय समिति गठित करने का प्रावधान है।
(ii) विधेयक में राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के गठन का प्रावधान है।
(iii) विधेयक में राज्य सरकार द्वारा बांध सुरक्षा पर राज्य समिति गठित करने का प्रावधान है।
(iv) केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री बांध सुरक्षा पर राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष होंगे।
(a) केवल (i), (ii) एवं (iv) (b) केवल (i), (ii) एवं (iiii) (c) केवल (i), (iv) (d) पर्युक्त सभी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बांध सुरक्षा विधेयक (Dam Safety Bill), 2018 को संसद में प्रस्तुत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।
- यह विधेयक राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को एकरूप बांध सुरक्षा प्रक्रियाओं को अपनाने में मदद देगा।
- विधेयक में देश में निर्दिष्ट बांधों की उचित निगरानी, निरीक्षण, संचालन तथा रख-रखाव का प्रावधान है।
- विधेयक में बांध सुरक्षा पर राष्ट्रीय समिति गठित करने का प्रावधान है।
- यह समिति बांध सुरक्षा नीतियों को विकसित करेगी और आवश्यक नियमनों की सिफारिश करेगी।
- विधेयक में राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण का गठन नियामक संस्था के रूप में करने का प्रावधान है।

- यह प्राधिकरण नीति, दिशा-निर्देश और देश में बांध सुरक्षा के लिए मानकों को लागू करेगा।
- यह प्राधिकरण बांध सुरक्षा संबंधी डाटा और व्यवहारों के मानकीकरण के लिए राज्य बांध सुरक्षा संगठनों और बांधों के मालिकों के साथ संपर्क बनाए रखेगा।
- प्राधिकरण राज्यों तथा राज्य बांध सुरक्षा संगठनों को तकनीकी और प्रबंधकीय सहायता उपलब्ध कराएगा।
- प्राधिकरण देश के सभी बांधों का राष्ट्रीय स्तर पर डेटा बेस तथा प्रमुख बांध विफलताओं का रिकॉर्ड रखेगा।
- प्राधिकरण किसी प्रमुख बांध की विफलताओं के कारणों की जांच भी करेगा।
- प्राधिकरण उन संगठनों की मान्यता या प्रमाणन का रिकॉर्ड रखेगा, जिन्हें नए बांधों की जांच, डिजाइन और निर्माण का कार्य सौंपा जा सकता है।
- प्राधिकरण दो राज्यों के राज्य बांध सुरक्षा संगठन के बीच या किसी राज्य बांध सुरक्षा संगठन और उस राज्य के बांध के स्वामी के बीच विवाद का उचित समाधान करेगा।
- विधेयक में राज्य सरकार द्वारा बांध सुरक्षा पर राज्य समिति गठित करने का प्रावधान है।
- यह समिति राज्य में निर्दिष्ट सभी बांधों की उचित निगरानी, निरीक्षण, संचालन और रख-रखाव सुनिश्चित करेगी और उनकी सुरक्षित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करेगी।
- इसमें प्रत्येक राज्य में बांध सुरक्षा संगठन स्थापित करने का प्रावधान है।
- यह संगठन फील्ड बांध सुरक्षा के अधिकारियों द्वारा चलाया जाएगा।
- बांध सुरक्षा विधेयक, 2018 में बांध सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को शामिल किया गया है।
- इसमें बांध का नियमित निरीक्षण, आपात कार्य योजना, विस्तृत बांध सुरक्षा समीक्षा, उचित मरम्मत और बांध सुरक्षा, उपकरण एवं सुरक्षा नियमावली हेतु रख-रखाव कोष शामिल हैं।
- इसमें बांध सुरक्षा का दायित्व बांध के स्वामी पर है और विफलता के लिए दंड का प्रावधान है।
- गौरतलब है कि भारत में 5200 से अधिक बड़े बांध हैं और लगभग 450 बांध बनाए जा रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1535327

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर पूर्वी परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी

प्रश्न-13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर पूर्वी परिषद (NEC) के पुनर्गठन को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) एनईसी की स्थापना उत्तर पूर्वी परिषद अधिनियम, 1971 के अंतर्गत की गई थी।

(ii) ई व्यवस्था के अंतर्गत केंद्रीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री उत्तर पूर्वी परिषद के अध्यक्ष होंगे।

(iii) केंद्रीय गृह राज्य मंत्री उत्तर पूर्वी परिषद के उपाध्यक्ष होंगे।

(iv) पूर्वोत्तर राज्यों के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री इसके सदस्य होंगे।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?



(a) केवल (i) और (iv) (b) केवल (ii) और (iii)
(c) केवल (ii), (iii) और (iv) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर पूर्वी परिषद (North Eastern Council: NEC) के पुनर्गठन को मंजूरी दी।
- नई व्यवस्था के अंतर्गत केंद्रीय गृहमंत्री पूर्वी उत्तर परिषद के पदेन अध्यक्ष होंगे।
- जबकि केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर पूर्वी परिषद के उपाध्यक्ष होंगे।
- आठ पूर्वोत्तर राज्यों के राजयपाल तथा मुख्यमंत्री इसके सदस्य होंगे।
- उत्तर पूर्वी परिषद अब मादक द्रव्यों की तस्करी, हथियारों और गोला बारूदों की तस्करी, सीमा विवादों जैसे अंतर-राज्य विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों द्वारा किए जा रहे कार्यों को करेगी।
- यह परिषद समय-समय पर परियोजना में शामिल परियोजनाओं/योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी।
- इन परियोजनाओं आदि के लिए राज्यों के बीच समन्वय के लिए कारगर उपायों की सिफारिश करेगी।
- ज्ञातव्य है कि इस परिषद की स्थापना पूर्वोत्तर क्षेत्र के संतुलित और समन्वित विकास सुनिश्चित करने तथा राज्यों के साथ समन्वय में सहायता देने के लिए एक शीर्ष संस्था के रूप में उत्तर पूर्वी परिषद अधिनियम, 1971 के अंतर्गत की गई थी।
- वर्ष 2002 के संशोधन के बाद एनईसी को पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय नियोजन संस्थान के रूप में कार्य करने का अधिकार दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1535331
http://necouncil.gov.in/about-us/nec-act-1971-0

स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2018 के पहले हार्डवेयर संस्करण का फाइनल

प्रश्न-18 से 22 जून, 2018 के मध्य मध्य स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2018 के पहले हार्डवेयर संस्करण का फाइनल देश के कितने प्रतिष्ठित संस्थानों में आयोजित होगा?



(a) 12 (b) 15 (c) 10 (d) 7

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18-22 जून, 2018 के दौरान स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2018 के पहले हार्डवेयर संस्करण का आयोजन किया जाएगा।
- यह एआईसीटीई, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई4सी और आईआईटी, खड़गपुर के सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित होगा।
- एसआईएच-2018 के पहले हार्डवेयर संस्करण का फाइनल देश के 10 प्रतिष्ठित संस्थानों में आयोजित होगा।
- ये संस्थान हैं-आईआईटी कानपुर (थीम-ड्रोन), आईआईटी खड़गपुर (थीम-कृषि), आईआईटी गुवाहाटी (थीम-ग्रामीण प्रौद्योगिकी), सीईईआरआई, पिलानी (थीम-स्मार्ट कम्युनिकेशन), सीएसआईओ चंडीगढ़ (थीम-स्वास्थ्य देखभाल), आईआईएससी बेंगलुरू (थीम-स्मार्ट वाहन), आईआईटी रुड़की (थीम-स्वच्छ पानी), एनआईटी त्रिची (थीम-कचरा प्रबंधन), सीओईपी पुणे (थीम-सुरक्षा) और फोर्ज कोयंबटूर (थीम-आयात प्रतिस्थापन)।
- फाइनल के दौरान उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा एंजल निवेशकों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।
- प्रत्येक थीम की सर्वश्रेष्ठ तीन टीमों को क्रमशः 1,00,000 रुपये, 75,000 रुपये तथा 50,000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- उन्हें निवेशकों का भी सहयोग प्राप्त होगा।
- गौरतलब है कि एसआईएच-2018 देश के तकनीकी रूप से समृद्ध युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा तथा रचनात्मक उत्पाद प्रदर्शित करने का यह अपने किस्म का पहला प्रयास है।
- इस प्रयास से कृषि, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, कचरा प्रबंधन, संचार व शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन हो सकते हैं।
- हार्डवेयर संस्करण एसआईएच 2018 का एक उपसंस्करण है।
- ज्ञातव्य है कि एसआईएच-2018 के सॉफ्टवेयर संस्करण का आयोजन 30-31 मार्च, 2018 को संपूर्ण देश के 28 नोडल केंद्रों पर किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179892

प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा

प्रश्न-29 मई से 2 जून, 2018 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा पर रहे। मलेशिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री हैं?



(a) मोहम्मद रज्जाक (b) डॉ. महाथिर मोहम्मद (c) मोहम्मद नशीद (d) ली सनीब लूंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 मई 2 जून, 2018 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा पर रहे।
- वह अपने यात्रा के पहले चरण में 29-31 मई, 2018 के मध्य इंडोनेशिया की यात्रा पर रहे।
- इन्होंने जकार्ता में राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।
- उन्होंने वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की।
- **प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान किए गए प्रमुख समझौता ज्ञापन/घोषणाएं इस प्रकार हैं-**

  (i) रक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच समझौता।

  (ii) शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष की खोज और उपयोग में सहयोग पर दोनों देशों के बीच संरचनात्मक समझौता।

  (iii) वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन।

  (iv) रेलवे क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन।

  (v) स्वास्थ्य सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन।

  (vi) फार्मास्युटिकल, जैविक और प्रसाधन सामग्री नियामक कार्यों पर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन।

  (vii) सरकारों के बीच नीति वार्ता और चिंतकों की आपसी बातचीत पर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन।

  (viii) भारत की लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और इंडोनेशिया के लोक प्रशासन संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन, आदि।
- इसके पश्चात प्रधानमंत्री 31 मई-2 जून, 2018 के मध्य सिंगापुर की यात्रा पर रहे।
- वहां सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हसीन लूंग के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की।
- सिंगापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वीं शांगरी-ला वार्ता में भी भाग लिया।
- **उनकी यात्रा के दौरान भारत और सिंगापुर के बीच हस्ताक्षरित प्रमुख समझौता ज्ञापनों, की सूची इस प्रकार है-**

  (i) नर्सिंग पर परस्पर मान्यता पर अनुबंध।

(ii) भारतीय नौसेना और सिंगापुर की नौसेना के बीच परस्पर समन्वय, नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों की यात्राओं के लिए लॉजिस्टिक्स और सेवाओं के समर्थन से संबंधित (जहाजवाहित उड्डयन परिसपंत्तियों सहित) कार्यान्वयन समझौता।

(iii) भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (CERT-IN) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और सिंगापुर कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (SINCERT) सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी के बीच साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर विस्तार।

(iv) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग और सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के बीच भारत और सिंगापुर में फिनटेक पर संयुक्त कार्यसमूह के गठन पर समझौता ज्ञापन।

(v) नीति आयोग और सिंगापुर सहयोग उद्यम के बीच योजना के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, आदि।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई, 2018 को मलेशिया के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री डॉ. महाथिर मोहम्मद से मिलने के लिए कुआलालम्पुर में भी संक्षिप्त अवधि के लिए रुके।
- गौरतलब है कि आसियान के तीन देश इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर भारत के सामरिक भागीदार हैं।
- भारत सरकार आसियान क्षेत्र के साथ अपने संबंधों को अत्यंत महत्व देती है और 'एक्ट ईस्ट नीति' के ढांचे के भीतर अलग-अलग आसियान सदस्य देशों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://mea.gov.in/outoging-visit-detail.htm?29932/IndiaIndonesia+Joint+Statement+during+visit+of+Prime+Minister+to+Indonesia+May+30+2018

हिमाचल प्रदेश की वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (गैट्स) रिपोर्ट जारी

प्रश्न-हाल ही में हिमाचल प्रदेश की वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (गैट्स) रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह रिपोर्ट 31 मई, 2018 को हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल ने जारी की।

(b) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा द्वितीय चरण का सर्वेक्षण अप्रैल, 2018 तक कराया गया।

(c) यह सर्वेक्षण देश के अलग-अलग 30 राज्यों में किया गया।

(d) हिमाचल प्रदेश में इस दौरान तंबाकू सेवन करने वालों में लगभग 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की

गई।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) बी.के. अग्रवाल द्वारा हिमाचल प्रदेश की वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (GATS-Global Adult Tobacco Survey) रिपोर्ट जारी की गई।
- वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (गैट्स) व्यस्थित तरीके से वयस्कों में तंबाकू नियंत्रण के मुख्य घटकों को ज्ञात करने का एक वैश्विक पैमाना है।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा द्वितीय चरण का सर्वेक्षण वर्ष 2017 के अंत तक कराया गया।
- यह सर्वेक्षण देश के विभिन्न 30 राज्यों में किया गया।
- हिमाचल प्रदेश में इस अवधि के दौरान तंबाकू सेवन करने वालों में लगभग 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।
- प्रथम चरण का सर्वेक्षण वर्ष 2009-10 में किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि शिमला को पूरे देश में सबसे पहले तंबाकू मुक्त शहर घोषित किया गया था।
- हिमाचल प्रदेश में तंबाकू सेवन करने वालों की संख्या 16 प्रतिशत है जबकि देश में यह दर 28.6 प्रतिशत है।
- सरकार का लक्ष्य तंबाकू का सेवन करने वालों की संख्या को 10 प्रतिशत से नीचे लाना है।
- उल्लेखनीय है कि विश्व भर में तंबाकू से प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=1&ID=12256
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/tobacco-use-has-declined-by-about-24-pc-in-himachal-officials-118060100025_1.html

कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन

प्रश्न-1 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने किन राज्यों के बीच जल के साझाकरण विवाद को निपटाने हेतु कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (CMA) का गठन किया?



(a) तमिलनाडु, केरल एवं कर्नाटक (b) तमिलनाडु, कर्नाटक एवं पुडुचेरी
(c) तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल एवं पुडुचेरी (d) केरल, कर्नाटक एवं पुडुचेरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल एवं पुडुचेरी के बीच जल के बंटवारे संबंधी विवाद को निपटाने हेतु कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (CMA) का गठन किया।
- केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इस प्राधिकरण का गठन किया।
- गौरतलब है कि 16 फरवरी, 2018 को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को 6 सप्ताह के भीतर इस प्राधिकरण के गठन करने का निर्देश दिया था।
- इस प्राधिकरण में एक अध्यक्ष, 8 सदस्यों के अलावा एक सचिव होगा।
- अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा 5 वर्षों के लिए या आयु के 65 वर्ष पूरे होने तक की जाएगी।
- इसके 8 सदस्यों में से 2 पूर्णकालिक, 2 अंशकालिक जबकि शेष 4 अंशकालिक सदस्य राज्यों से रहेंगे।

स्टरलाइट कॉपर फैक्ट्री को बंद करने का आदेश

प्रश्न-हाल ही में तमिलनाडु सरकार द्वारा स्टरलाइट कॉपर फैक्ट्री को बंद करने की कार्रवाई किस अधिनियम के तहत की गई?



(a) जल अधिनियम, 1972 की धारा 18 (1) (बी)
(b) जल अधिनियम, 1973 की धारा 17 (1) (बी)
(c) जल अधिनियम, 1974 की धारा 18 (1) (बी)
(d) जल अधिनियम, 1978 की धारा 17 (1) (बी)

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को तमिलनाडु सरकार ने थूथुकुडी में स्थित स्टरलाइट कॉपर फैक्ट्री को बंद करने हेतु आदेशित किया।
- सरकार के आदेश के बाद इस प्लांट को इसी दिन सील कर दिया गया।
- कुछ समय पूर्व तमिलनाडु सरकार के पर्यावरण और वन विभाग द्वारा इस प्लांट को स्थायी रूप से बंद करने हेतु सरकारी आदेश जारी किया गया था।
- कुछ सप्ताह पूर्व इस प्लांट को बंद करने हेतु किए गए आंदोलन में पुलिस गोलीबारी में 13 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- फैक्ट्री को बंद करने के निर्णय से इसमें कार्यरत 3500 से अधिक श्रमिक (जिसमें 2000 अनुबंध पर रखे गए श्रमिक शामिल हैं) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं।
- यह कार्रवाई जल अधिनियम, 1974 की धारा 18 (1) (बी) के तहत व्यापक सार्वजनिक हित में की गई है।
- राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे बंद करने के लिए कहा था।

- राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 9 अप्रैल, 2018 के आदेश में वेदांता लिमिटेड के कॉपर स्मेलटर प्लांट को संचालित करने के लिए सहमति हेतु नवीनीकृत नहीं किया था।
- इस प्लांट को बंद करने की प्रक्रिया पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के कार्यकाल में शुरू की गई थी।
- यह भारत का दूसरा बड़ा कॉपर बनाने वाला प्लांट है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/sterlite-copper-to-be-permanently-closed-says-tamil-nadu-government/article24014605.ece

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे राष्ट्र को समर्पित किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह एक्सप्रेस वे निजामुद्दीन पुल से दिल्ली-उत्तर प्रदेश की सीमा तक 14 लेन है।
(b) 27.74 किमी. की लंबाई तक यह एक्सप्रेस वे 14 लेन तथा शेष 6 लेन का होगा।
(c) यह दूसरा एक्सप्रेस वे होगा जिस पर दिल्ली से डासना के बीच लगभग 28 किमी. खंड पर साइकिल पथ होगा।
(d) इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने 31 दिसंबर, 2015 को किया था।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 मई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे को राष्ट्र को समर्पित किया।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे का 14 लेन, एक्सेस नियंत्रित प्रथम चरण है जो निजामुद्दीन पुल से दिल्ली उत्तर प्रदेश सीमा तक विस्तारित है।
- 8.360 किमी. लंबाई के इस भाग की निर्माण लागत राशि लगभग 841.50 करोड़ रुपए है।
- इसमें 6 लेन का एक्सप्रेस वे और दोनों तरफ 4-4 सर्विस लेन भी शामिल हैं।
- इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने 31 दिसंबर, 2015 को किया था।
- इस एक्सप्रेस वे का लक्ष्य दिल्ली एवं मेरठ के मध्य तथा उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के साथ तेज एवं सुरक्षित संपर्क उपलब्ध कराना है।
- इस परियोजना की कुल लंबाई 82 किमी. है जिस पर शुरू में 27.74 किमी. की लंबाई 14 लेन होगी जबकि शेष 6 लेन एक्सप्रेस वे होगा।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि 4975.17 करोड़ रुपए है।
- यह पहला एक्सप्रेस वे होगा जिस पर दिल्ली एवं डासना के बीच लगभग 28 किमी. के खंड पर साइकिल पथ होगा।

- इस परियोजना में 11 फ्लाई ओवर/इंटरचेंज, 5 बड़े एवं 24 छोटे पुल, तीन रेल ओवर ब्रिज, वाहनों के लिए 36 तथा पैदल यात्रियों के लिए 14 अंडर पास होगा।
- परियोजना पूर्ण हो जाने पर दिल्ली से मेरठ जाने में केवल 60 मिनट लगेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179561
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179570

कुंडली गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस वे

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित सड़क मार्ग परियोजना कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस वे (ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे) को राष्ट्र को समर्पित किया। इस परियोजना से संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह देश का पहला एक्सिस कंट्रोल हाईवे है।
(b) इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 13 किमी. है।
(c) इस परियोजना की निर्माण लागत राशि लगभग 4617.87 करोड़ रुपये है।
(d) यह देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर पूर्णतः सौर बिजली का उपयोग किया गया है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 मई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित सड़क मार्ग परियोजना कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे (ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे) को राष्ट्र को समर्पित किया।
- इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 135 किमी. है।
- दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया गया है।
- यह एक्सप्रेस-वे राष्ट्रीय राजमार्ग 1 और राष्ट्रीय राजमार्ग 2 को जोड़ता है।
- इस परियोजना की निर्माण लागत राशि लगभग 4617.87 करोड़ रुपए है।
- यह देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर पूर्णतः (135 किमी. तक) सौर बिजली का उपयोग किया गया है।
- अंडरपासों को प्रकाशित करने, वाटर प्लांटों के लिए सौर पंपों के परिचालन हेतु इस एक्सप्रेस-वे पर 4000 किलोवॉट (4 मेगावॉट) की क्षमता के 8 सौर बिजली संयंत्र स्थापित किए गए हैं।
- इस एक्सप्रेस-वे पर प्रत्येक 500 मीटर पर वर्षा जल संचयन का भी प्रावधान किया गया है तथा पूरे मार्ग पर ड्रिप सिंचाई की भी व्यवस्था है।
- यह देश का पहला एक्सिस कंट्रोल हाईवे (वाहन जितना सफर करेंगे उतना ही टोल देना होगा) है।

- इसी दिन प्रधानमंत्री ने इस एक्सप्रेस-वे के नंबर 5 पर सोनीपत जिले के सीमा में एनएचएआई द्वारा निर्मित डिजिटल आर्ट गैलरी का भी उद्घाटन किया।
- इस एक्सप्रेस वे पर भारतीय संस्कृति एवं विरासत को प्रदर्शित करती स्मारकों की 36 प्रतिकृतियां (इंडिया गेट, गेटवे ऑफ इंडिया, अशोक स्तंभ आदि) भी लगाई गई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179570
https://www.narendramodi.in/ta/prime-to-inaugurate-eastern-peripheral-expressway-and-phase-1-of-delhi-meerut-expressway–540221

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन को शुरू करने का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (आयुष्मान भारत योजना) को शुरू किए जाने का निर्णय किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) योजना का उद्देश्य प्रदेश में समाज के वंचित, पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना है।
(b) योजनान्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना, 2011 में चिन्हित परिवारों को योजना **का** लाभ प्राप्त होगा।
(c) योजना के तहत प्रदेश के लगभग 1.18 करोड़ परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।
(d) योजना पर भारित कुल व्यय-भार का वहन भारत सरकार एवं राज्य सरकार के मध्य 75:25 के अनुपात में किया जाएगा।
उत्तर-(d)

- 29 मई, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में समाज के वंचित पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन ('आयुष्मान भारत' योजना) शुरू किए जाने का निर्णय किया गया।
- योजनान्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना, 2011 में चिह्नित परिवारों को योजना का लाभ प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
- इस योजना के तहत प्रदेश के लगभग 1.18 करोड़ परिवारों (लगभग 6 लाख व्यक्तियों) को निः शुल्क चिकित्सा सुविधा राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।
- प्रस्तावित योजना भारत सरकार द्वारा पूर्व में संचालित 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना' के स्थान पर संचालित की जाएगी।

- यह योजना पात्रता आधारित होगी एवं पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये तक प्रतिवर्ष प्रति परिवार फूलोटर के आधार पर निःशुल्क चिकित्सा बीमा सुविधा सूचीबद्ध राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
- योजना पर भारित कुल व्यय-भार का वहन भारत सरकार एवं राज्य सरकार के मध्य 60:40 के अनुपात में किया जाएगा।
- प्रस्तावित योजना चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन उ.प्र. स्वास्थ्य बीमा कल्याण समिति (स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज-साचीज) द्वारा संचालित होगी।
- योजना का क्रियान्वयन ई-निविदा के माध्यम से चयनित बीमा कंपनी के माध्यम से किया जाएगा।
- पात्र परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी चिकित्सालयों को सूचीबद्ध किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत पात्र परिवार सूचीबद्ध राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में भर्ती होकर पांच लाख की राशि तक की सेकेंडरी, टर्शियरी एवं गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार करा सकते हैं।
- चिकित्सालयों द्वारा इलाज के पश्चात प्रस्तुत दावों का भुगतान संबंधित बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा।
- राजकीय चिकित्सालयों में लाभार्थियों को भर्ती कराने एवं अन्य सहायता हेतु राज्य सरकार 'आयुष्मान मित्र' की तैनाती करेगी।
- 'आयुष्मान मित्र' बीमा कंपनी एवं सरकारी चिकित्सालय के बीच समन्वय/इंटरफेस के रूप में कार्य करेंगे।
- राज्य सरकार द्वारा योजना के कुशल संचालन, अनुश्रवण एवं निगरानी हेतु सॉफ्टवेयर आधारित उपयुक्त आई.टी. प्रणाली विकसित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

चतुर्थ 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव' 2018

प्रश्न-5-8 अक्टूबर, 2018 के मध्य चतुर्थ भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव, 2018 कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) नई दिल्ली (b) लखनऊ (c) हैदराबाद (d) अहमदाबाद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5-8 अक्टूबर, 2018 के मध्य चतुर्थ 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव' 2018 (India International Science Festival :IISF) का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा।
- इसका आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।
- इस महोत्सव का मुख्य विषय (Theme) ''विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी-सहकारिता निर्माण, प्रभावशील समाज'' (Science & Technology-building Partnerships Impacting Society) है।
- इस विज्ञान महोत्सव में साइंस विलेज का भी आयोजन किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण समाज के समक्ष आ रही चुनौतियों का वैज्ञानिक समाधान उन तक पहुंचाना है।
- इस महोत्सव का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय व विज्ञान भारती के सहयोग से पृथ्वी-विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।
- जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्युनोलॉजी इस कार्यक्रम में समन्वय की भूमिका का निर्वहन करेंगे।
- इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शोध एवं औद्योगिक क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, विज्ञान एवं औद्योगिक परिषदों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना, आमजन में वैज्ञानिक सोच को लोकप्रिय बनाना, उद्योग एवं वैज्ञानिकों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को सुविधाप्रद बनाना, छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा सभी राज्यों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास पर बल देना है।
- ज्ञातव्य है कि पूर्व में तीन बार भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन क्रमशः वर्ष 2015 व 2016 में नई दिल्ली तथा तीसरा वर्ष 2017 में चेन्नई में किया गया था।

संबंधित लिंक

https://scienceindiafest.org/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175771

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

सातवीं ओपेक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, 2018

प्रश्न-20-21 जून, 2018 के मध्य सातवीं ओपेक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी कहां आयोजित की गई?

(a) वियना (b) आबुधाबी (c) न्यूयार्क (d) मास्को

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20-21 जून, 2018 के मध्य 'सातवीं ओपेक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन वियना (ऑस्ट्रिया) में किया गया।
- इस संगोष्ठी का मुख्य विषय Theme)-'पेट्रोलियम-एक सतत भविष्य के लिए सहयोग' (Petroleum-Cooperation for a Sustainable Future) है।
- इसमें केंद्रीय एवं प्राकृतिक गैस और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्वमें एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।
- उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के साथ भारत की सहभागिता विशेष मायने रखती है, क्योंकि भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 82 प्रतिशत, कुल प्राकृतिक गैस का 75 प्रतिशत और कुल एलपीजी का 97 प्रतिशत ओपेक के सदस्य देशों से ही प्राप्त करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.opecseminar.org
http://www.opec.org/opec_web/en/4750.htm
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72789
http://pibarchive.nic.in/newsite/erelcontent.aspx?relid=180031

ई-कचरा के शीर्ष उत्पादकों में भारत

प्रश्न-हाल ही में एसोचैम-एनईसी द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार कौन ई-कचरा पैदा करने वाले शीर्ष 5 देशों में शामिल नहीं है?



(a) भारत (b) चीन (c) अमेरिका (d) यूनाइटेड किंगडम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में एसोचैम-एनईसी द्वारा जारी अध्ययन के अनुसार भारत शीर्ष पांच ई-कचरा उत्पादक देशों में शामिल है।
- इस संदर्भ में चार अन्य देश हैं-चीन, अमेरिका, जापान और जर्मनी।
- भारत में ई-कचरे में सर्वाधिक योगदान महाराष्ट्र (19.8 प्रतिशत) का है पर वह ऐसे सिर्फ 47,810 टन कचरे को सालाना रीसाइकिल करता है।
- ई-कचरे में तमिलनाडु का योगदान 13 प्रतिवर्ष है और वह प्रतिवर्ष 52,427 टन कचरे को रिसाइकिल करता है।
- इसी प्रकार उत्तर प्रदेश (10.1 प्रतिशत) प्रतिवर्ष 86,130 टन कचरा रिसाइकिल करता है।
- देश के ई-कचरे में पश्चिम बंगाल (9.8 प्रतिशत), दिल्ली (9.5 प्रतिशत), कर्नाटक (8.9 प्रतिशत), गुजरात (8.8 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश (7.6 प्रतिशत) का योगदान है।

- अध्ययन के अनुसार ई-कचरे की वैश्विक मात्रा 2016 में 4.47 करोड़ टन से बढ़कर 2017 तक 5.22 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2016 में पैदा हुए कुल ई-कचरे का सिर्फ 20 प्रतिशत (89 लाख टन) ही पूर्ण रूप से एकल और रीसाइकिल किया गया है।
- जबकि शेष ई-कचरे का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.assocham.org/newsdetail.php?id=6850

18वां अंतरराष्ट्रीय आईसीटी सम्मेलन, 2018

प्रश्न-17-18 जून, 2018 के मध्य 18वें अंतरराष्ट्रीय आईसीटी सम्मेलन का आयोजन कहां किया जाएगा?



(a) काठमांडू (b) नई दिल्ली (c) ढाका (d) कोलंबो

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17-18 जून, 2018 के मध्य '18वां अंतरराष्ट्रीय आईसीटी सम्मेलन' (18th International ICT Conference), 2018 काठमांडू, नेपाल में आयोजित किया जाएगा।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Sustainable Development Goals for Smart Society" होगा।
- इसका आयोजन फेडरेशन ऑफ कंम्प्यूटर एसोसिएशन नेपाल (CAN Federation) द्वारा किया जाएगा।
- जापान, चीन, कोरिया, भारत और नेपाल के आईसीटी उपयोगकर्ता प्रशिक्षकों, पेशेवरों, प्रोफेसरों, विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं सहित लगभग 500 प्रतिभागी सम्मेलन में भाग लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.itconference.org.np/program.php
https://www.merostudy.com/event/18th-ict-conference-2018/

जी-7 राष्ट्रों का 44वां शिखर सम्मेलन, 2018

प्रश्न-8-9 जून, 2018 के मध्य जी-7 राष्ट्रों का 44वां शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?



(a) चार्लेवोइक्स क्यूबेक सिटी, कनाडा (b) आइसे-शिया, जापान (c) ताओरमिना, इटजी (d) ब्रुसेल्स, बेल्जियम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8-9 जून, 2018 के मध्य जी-7 राष्ट्रों का 44वां शिखर सम्मेलन चार्लेवोइक्स (Charlevoix) क्यूबेक सिटी कनाडा में संपन्न हुआ।
- यह छठा अवसर है जब कनाडा ने इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।
- इससे पूर्व कनाडा ने वर्ष 1981, 1988, 1995, 2002 तथा 2010 में इसकी मेजबानी की थी।
- उल्लेखनीय है कि 26-27 मई, 2017 को ताओरमिना (इटली) में आयोजित जी-7 के 43वें शिखर सम्मेलन में कनाडा को 44 वें शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सौंपी गई थी।
- जी-7 के शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसा मे, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे, इटली के प्रधानमंत्री गिउसेपे कोंटे (Giuseppe Conte) शामिल हुए।
- यूरोपीय संघ का प्रतिनिधित्व यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जीन-क्लाउड जंकर (Jean Claude Juncker) तथा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क (Donald Tusk) ने किया।
- इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के समापन के अवसर पर G-7 सदस्य देशों के नेताओं ने कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को स्थायी तौर पर शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- ज्ञातव्य है कि जी-7 एक अनौचारिक संगठन है। जिसका कोई मुख्यालय अथवा सचिवालय नहीं है। इसका कोई चार्टर भी नहीं है।
- इसके अध्यक्ष का चयन रोटेशन प्रणाली के आधार पर होता हैं।
- वर्ष 1970 के दशक की वैश्विक आर्थिक मंदी एवं तेल संकट की पृष्ठभूमि में फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति वैलेरी जिस्कार्ड डी एस्टेइंग के आह्वान पर विश्व के सर्वाधिक औद्योगीकृत, लोकतांत्रिक एवं गैर-समाजवादी 6 राष्ट्रों-फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, एवं जापान ने पेरिस के निकट रम्बोइलेट में वर्ष 1975 में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें इस समूह का गठन हुआ।
- वर्ष 1976 में कनाडा की सहभागिता के पश्चात यह समूह 'जी-7' के नाम से जाना जाने लगा।
- यूरोपीय संघ की सहभागिता इस समूह के साथ वर्ष 1977 से प्रारंभ हो गई किंतु उसे एक पृथक सदस्य नहीं माना जाता है।
- वर्ष 1994 में जी-7 में रूस के शामिल होने से यह समूह वर्ष 1997 से जी-8 के नाम से जाना गया।
- गौरतलब है कि 27 मार्च, 2014 को मूल जी-7 के देशों द्वारा रूस को संगठन से अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया।
- अब यह पुनः जी-7 के नाम से जाना जाने लगा।
- जी-7 राष्ट्रों की 45वीं शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2019 में फ्रांस में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.consilium.europa.eu/en/meetings/international-summit/2018/06/08-09/
https://g7.gc.ca/en/official-documents/
https://g7.gc.ca/en/

विश्व के 100 उच्चतम भुगतान पाने वाले एथलीटों की सूची, 2018

प्रश्न-5 जून, 2018 को फोर्ब्स द्वारा विश्व के 100 उच्चतम भुगतान पाने वाले एथलीटों की सूची, 2018 जारी की गई। इस सूची में किस खिलाड़ी को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ?



(a) फ्लॉयड मेवेदर (b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (c) रोजर फेडरर (d) लियोनेल मेसी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा 'विश्व के 100 उच्चतम भुगतान पाने वाले एथलीटों (The World's Highest-Paid Athletes), 2018 की सूची जारी की गई।
- इस सूची में अमेरिका के प्रसिद्ध पेशेवर बॉक्सर फ्लॉयड मेवेदर (Floyd Mayweather) 285 मिलियन अमेरिकी डॉलर आय के साथ शीर्ष पर रहे।
- इस सूची में अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी 111 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- पुर्तगाल के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो 108 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- आयरिश पेशेवर मिश्रित मार्शल कलाकार और मुक्केबाज कोनोर मैकग्रेगॉर 99 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ चौथे स्थान पर रहे।
- ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी नेमार 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।
- अमेरिका के बॉस्केटबॉल खिलाड़ी लीब्रान जेम्स (LeBron James) 85.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ छठवें स्थान पर रहे।
- स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर 77.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ सातवें स्थान पर रहे।
- इसके अलावा अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में फॉर्मूला वन रेस के ब्रिटिश ड्राइवर लुईस हैमिल्टन 51 मिलियन अमेरिकी डॉलर की साथ 12वें, प्रसिद्ध अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुडस 16वें, जर्मनी के फॉर्मूला वन रेसर सेबेस्टियन वेट्टल 42.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर आय के साथ 18वें स्थान पर रहे।
- इस वर्ष की सूची में भारत के एक ही खिलाड़ी को स्थान प्राप्त हुआ है।

- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली 24 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आय के साथ 83वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.forbes.com/athletes/list/2/#tab:overall

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2019

प्रश्न-हाल ही में जारी 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2018' में किस विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ?



(a) स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (b) मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT)
(c) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
d) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (QS World University Ranking 2019) जारी की गई।
- इस रैंकिंग में 85 देशों के लगभग 1000 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में अमेरिका के मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी को दूसरा, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को तीसरा तथा कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड तथा यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिजको क्रमशः पांचवां तथा छठा स्थान प्राप्त हुआ।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2019 में भारत के तीन संस्थानों को विश्व के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके अनुसार, आईआईटी, बॉम्बे को 162वां, आईआईएससी, बंगलुरू को 170वां तथा आईआईटी, दिल्ली को 172वां स्थान प्राप्त हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.topuniversities.com/university-rankings/world-university-rankings/2019

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दूसरी औपचारिक बैठक, 2018

प्रश्न-4 जून, 2018 को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दूसरी औपचारिक बैठक कहां संपन्न हुई?



(a) जोहान्सबर्ग (b) वुहान (c) प्रिटोरिया (d) नई दिल्ली

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दूसरी औपचारिक बैठक (2nd Formal Meeting of the BRICS Ministers of foreign Affairs/International Relations) प्रिटोरिया, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित की गई।
- इस बैठक में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- बैठक में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने काले धन पर अंकुश, आतंकवाद को वित्तीय मदद रोकने और कट्टरपंथ पर लगाम लगाने के लिए जल्द 'ब्रिक्स सुरक्षा फोरम' बनाने की वकालत की।
- गौरतलब है कि विदेश मंत्री 3-7 जून, 2018 के मध्य दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर हैं।
- गौरतलब है कि वर्ष 2018 भारत-दक्षिण अफ्रीका के संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि यह राजनयिक संबंधों की स्थापना के 25 वर्ष, गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन का उत्प्रेरक बनाने वाली पीटरमैरिट्ज बर्ग रेलवे स्टेशन की घटना की 125वीं वर्षगांठ और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित नेता नेल्सन मंडेला की 100वीं जन्म शताब्दी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://mea.gov.in/outoging-visit-detail.htm?29944/Visit+of+External+Affairs+Minister+to+South+Africa+June+37+2018

महिला राजनीतिक नेत्रिओं का वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2018

प्रश्न-6-8 जून, 2018 के मध्य 'महिला राजनीतिक नेत्रियों का वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2018 कहां आयोजित किया गया?



(a) हैती (b) लाइबेरिया (c) लिथुआनिया (d) दक्षिण अफ्रीका

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-8 जून, 2018 के मध्य 'महिला राजनीतिक नेत्रियों का वैश्विक शिखर सम्मेलन' (Women Political Leaders: WPL Summit) विलनियस (Vilnius), लिथुआनिया में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन वूमेन पॉलिटिकल लीडर्स ग्लोबल फोरम (WPL Global Forum) द्वारा लिथुआनिया की संसद 'सीमास' (Seimas) की सह-मेजबानी में किया गया।
- यह उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन महिला राजनीतिक नेत्रियों की एक अनोखी सभा है जो कि महिला राजनीतिक नेत्रियों को एक मंच प्रदान करती है।

वैश्विक शांति सूचकांक, 2018

प्रश्न-हाल ही में लंदन स्थित 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस' (IEP) द्वारा जारी वैश्विक शांति सूचकांक, 2018 में किस देश को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) डेनमार्क (b) आइसलैंड (c) न्यूजीलैंड (d) ऑस्ट्रिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को लंदन स्थित 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस' (IEP) द्वारा 'वैश्विक शांति सूचकांक (Global Peace Index), 2018' जारी किया गया।
- यह इस सूचकांक का 12वां संस्करण है।
- वर्ष 2018 के वैश्विक शांति सूचकांक का मुख्य विषय (Theme)-''एक जटिल विश्व में शांति का मापन'' (Measuring Peace in a Complex World) है।
- वर्ष 2018 के इस सूचकांक में विश्व के 163 स्वतंत्र देशों को उनकी शांति के स्तर के अनुसार रैंकिंग प्रदान की गई है।
- संपूर्ण विश्व की 99.7 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं देशों में निवास करती है।
- वैश्विक शांति सूचकांक में 23 गुणात्मक एवं मात्रात्मक संकेतकों के आधार पर विश्व के देशों का शांति के स्तर पर मापन किया जाता है।
- **इन 23 संकेतकों को जिन तीन विस्तृत विषयों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है वे हैं-**
  i. समाज में बचाव एवं सुरक्षा का स्तर
  ii. घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का विस्तार और
  iii. सैन्यीकरण।
- वर्ष 2018 के वैश्विक शांति सूचकांक के परिणाम दर्शाते हैं कि वैश्विक स्तर पर गत वर्ष से शांति में 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसमें लगातार चौथे वर्ष गिरावट दर्ज की गई।
- गत एक वर्ष के दौरान 71 देशों के शांति के स्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जबकि 92 देशों के शांति के स्तर में गिरावट दर्ज हुई है।
- वर्ष 2018 के सूचकांक के अनुसार, वर्तमान यूरोप विश्व का सर्वाधिक शांतिपूर्ण क्षेत्र (Most Peaceful Region) रहा।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017 में हिंसा के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को क्रय शक्ति समता के रूप में 14.76 ट्रिलियन का नुकसान हुआ जो वैश्विक जीडीपी का 12.4 प्रतिशत है।
- वैश्विक शांति सूचकांक (GPI), 2018 के अनुसार 1.096 स्कोर के साथ आइसलैंड को इस सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ। अर्थात आइसलैंड विश्व का सर्वाधिक शांतिमय देश है।

- इसके पश्चात सर्वाधिक शांत 4 देशों का क्रम इस प्रकार है-(2) न्यूजीलैंड (स्कोर-1.192), (3) ऑस्ट्रिया (स्कोर-1.274) (4) पुर्तगाल (स्कोर-1.318) तथा (5) डेनमार्क (स्कोर-1.353)।
- इस सूचकांक में सीरिया (स्कोर-3.6) को सबसे निचला 163वां स्थान प्राप्त हुआ है। अर्थात सीरिया विश्व का सर्वाधिक अशांत देश है।
- इसके पश्चात सर्वाधिक अशांत 4 देशों का क्रम इस प्रकार हैः (162) अफगानिस्तान (स्कोर-3.585), (161) दक्षिण सूडान (स्कोर-3.508), (160) इराक (स्कोर-3.425), (159) सोमालिया (स्कोर-3.367)।
- वैश्विक शांति सूचकांक, 2018 में भारत को कुल 163 देशों की सूची में 136वां (स्कोर-2.504) स्थान प्राप्त हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि गतवर्ष भारत 137वें स्थान पर था।
- भारत के पड़ोसी देशों में भूटान 19वें, श्रीलंका 67वें, नेपाल 84वें तथा पाकिस्तान 151वें स्थान पर रहा।
- इस सूचकांक में विश्व के अन्य प्रमुख देशों में कनाडा 6वें, सिंगापुर 8वें, जापान 9वें, जर्मनी 17वें, यूके 57वें, फ्रांस 61वें तथा अमेरिका 121वें स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://economicsandpeace.org/reports/
https://reliefweb.int/sites/reliefweb.int/files/resources/Global-Peace-Index-2018-2.pdf
https://reliefweb.int/report/world/global-peace-index-2018

भारत और रूस के बीच पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन

प्रश्न-21 मई, 2018 को भारत और रूस के बीच पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?

(a) मॉस्को (b) नई दिल्ली (c) सोची (d) मुंबई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को भारत और रूस के बीच 'पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन' रूस के सोची शहर में आयोजित किया गया।
- इस अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने भाग लिया।
- उल्लेखनीय है कि इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत और रूस के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए किया गया।
- सम्मेलन में दोनों नेताओं ने संबंधों को और मजबूत बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

- दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार पूर्ण सामरिक साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।
- उन्होंने भारत-प्रशांत क्षेत्र सहित एक-दूसरे के साथ परामर्श और समन्वय तेज करने का निर्णय लिया।
- दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र, एससीओ, ब्रिक्स और जी-20 जैसे बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से मिलकर काम करना जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की।
- उन्होंने आतंकवाद और कट्टरवाद के प्रसार पर चिंता व्यक्त की और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से मुकाबला करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.mea.gov.in/press-releases-hi.htm?dtl/29908/Informal_Summit_between_India_and_Russia_May_21_2018
http://indianexpress.com/article/india/sochi-informal-summit-live-updates-pm-narendra-modi-russia-president-vladimir-putin-nuclear-deal-5184814/

ग्लोबल फ्लाइट प्राइसिंग रिपोर्ट

प्रश्न-'ग्लोबल फ्लाइट प्राइसिंग रिपोर्ट' के अनुसार विश्व की सस्ती एयरलाइंसों में दूसरे नंबर पर कौन-सी भारतीय एयरलाइंस है?

(a) एयर इंडिया एक्सप्रेस (b) इंडिगो (c) गो-एअर (d) एअर डेक्कन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 मई, 2018 में रोम2रियो (Rome2rio) द्वारा 'ग्लोबल फ्लाइट प्राइसिंग रिपोर्ट' जारी की गई।
- 'Rome2rio' मेलबोर्न आधारित एक यात्रा नियोजन साइट (सर्च इंजन) है।
- 'ग्लोबल फ्लाइट प्राइसिंग रिपोर्ट' के अनुसार विश्व की सस्ती एयरलाइंसों में भारत की 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' दूसरे स्थान पर है।
- जबकि एक अन्य भारतीय एयरलाइंस 'इंडिगो' पांचवें स्थान पर है।
- अंतरराष्ट्रीय संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने वाली दुनिया की शीर्ष सस्ती एयरलाइंसों में दो अन्य भारतीय एयरलाइंस भी शामिल हैं।
- इसमें जेट एयरवेज 12वें तथा एयर इंडिया 13वें स्थान पर है।
- मलेशिया बेस्ड 'AirAsiaX' इस सूची में शीर्षस्थ है।
- जबकि इंडोनेशिया एयर एशिया तथा प्राइमेरा क्रमशः तीसरे तथा चौथे स्थान पर हैं।
- इसके अलावा 'एतिहाद', 'रेयान एयर', 'क्वांटास', 'वाओ एयर' तथा 'वर्जिन ऑस्ट्रेलिया' एयरलाइंस शीर्ष दस किफायती एयरलाइंस में शामिल हैं।
- ध्यातव्य है कि शीर्ष दस में ब्रिटेन या अमेरिका का एक भी एयरलाइंस शामिल नहीं है।

आर्थिक परिदृश्य

मेसर्स एचडीएफसी बैंक की अतिरिक्त शेयर पूंजी बढ़ाने को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा मेसर्स एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को अधिकतम कितनी राशि तक अतिरिक्त शेयर पूंजी बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) 24,000 करोड़ रुपये (b) 25,000 करोड़ रुपये (c) 30,000 करोड़ रुपये (d) 35,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा मेसर्स एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की अधिकतम 24,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त शेयर पूंजी बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस स्वीकृत राशि में 10000 करोड़ रुपये की पूर्व में स्वीकृत सीमा (Limit) से अधिक का प्रीमियम शामिल है।
- जिससे बैंक में मिश्रित विदेशी हिस्सेदारी बैंक की बढ़ाई गई प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के 74 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
- मिश्रित विदेशी हिस्सेदारी में सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72726
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179928
https://scroll.in/latest/882556/cabinet-approves-hdfc-banks-proposal-to-raise-rs-24000-crore-as-fdi
http://www.thehindu.com/business/Industry/cabinet-clears-hdfc-banks-proposal-to-raise-24000-crore-via-fdi/article24155919.ece

कॉर्पोरेट बॉन्ड्स हेतु एनएसई प्लेटफॉर्म (मंच)

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) द्वारा कॉर्पोरेट बॉन्ड्स हेतु कौन-सा प्लेटफॉर्म (मंच) लांच किया गया?



(a) ट्राई-पार्टी रेपो मार्केट (b) ट्राई-पार्टी बॉन्ड मार्केट (c) कॉर्पोरेट बॉन्ड मार्केट (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) द्वारा 'ट्राई-पार्टी रेपो मार्केट' के लांच की घोषणा की गई। यह मार्केट कॉर्पोरेट बॉन्ड्स हेतु एक मंच है।
- ट्राई-पार्टी रेपो कॉन्ट्रैक्ट (अनुबंध) वहां होता है जहां उधारकर्ता और ऋणदाता के अलावा थर्ड एंटाइटी या एक ट्राई-पार्टी एजेंट रेपो लेन-देन में दो पक्षों के लिए मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।
- एनएसई ट्राई-पार्टी एजेंट के रूप में कार्य करेगा और एक ऑनलाइन वेब-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से 'ट्रेडिंग' और 'ऑर्डर मैचिंग की सहूलियत देगा।
- इसके अलावा NSE संपार्श्विक चयन (Collateral Selection) भुगतान व निपटान, निगरानी (Custody) एवं प्रबंधन जैसी सेवाओं की सुविधा भी प्रदान करेगा (संपूर्ण रेपो संव्यवहार के संपादित होने तक)। ध्यातव्य है कि रेपो दर वह दर होता है जिसपर RBI वाणिज्यिक बैंकों को फंड्स के शार्टफाल होने पर उधार देता है।
- ट्राई-पार्टी रेपो मार्केट प्लेटफॉर्म के अंतर्गत एक कंपनी बॉन्ड्स को प्लेज (रेहन/बंधक) कर सकती है और ट्राई-पार्टी एजेंट से एक गारंटर के रूप में प्रतिभूति के सापेक्ष उधार ले सकती है।
- ट्राई (त्रि) पार्टी रेपो मार्केट प्लेटफॉर्म रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा अनुमत संस्थाओं और एनएसई के ऋण सेगमेंट (अनुभाग) के सदस्यों के लिए उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nseindia.com/content/press/PR_cc_12062018.pdf

ग्रामीण इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट्स

प्रश्न-हाल ही में अमेरिका के ओवरसीज प्राइवेट इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन (ओपिकः OPIC) द्वारा 'ग्रामीण इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट्स' को कितनी राशि का ऋण प्रदान किया गया?
(a) 5 मिलियन डॉलर (b) 6 मिलियन डॉलर (c) 7 मिलियन डॉलर (d) 8 मिलियन डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में अमेरिका के ओवरसीज प्राइवेट इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन (ओपिक) के द्वारा 'ग्रामीण इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट्स' को 5 मिलियन डॉलर का ऋण प्रदान किया गया।
- यह ऋण घरेलू लघु एवं मध्यम उद्यमों को सपोर्ट करने के लिए है।
- 'ग्रामीण इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट्स' एक एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) है।
- इस एनबीएफसी को यह वित्तीयन वाया इंडसइंड बैंक (IndusInd Bank) किया गया है।
- यह वित्तीयन (Financing) वास्तव में एक ऋण गारंटी समझौता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.opic.gov/press-releases/2018/opic-provides-5-million-financing-grameen-impact-

investments-india

विश्व बैंक द्वारा 450 मिलियन डॉलर ऋण की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल द्वारा अटल भूजल योजना (एबीएचवाई)-राष्ट्रीय भूजल प्रबंधन सुधार कार्यक्रम हेतु आईबीआरडी ऋण को मंजूरी प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने योजना हेतु 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण के लिए मंजूरी दी।
(b) ऋण राशि की अनुग्रह अवधि 6 वर्ष है।
(c) योजना की लागत राशि 6000 करोड़ रुपये है।
(d) यह योजना जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल द्वारा अटल भूजल योजना (अभय)-राष्ट्रीय भूजल प्रबंधन सुधार कार्यक्रम हेतु 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस ऋण राशि की परिपक्वता अवधि 18 वर्ष और अनुग्रह अवधि 6 वर्ष है।
- यह योजना जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।
- योजना की लागत राशि 6000 करोड़ रुपये है।
- यह योजना विश्व बैंक की सहायता से वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक पांच वर्ष की अवधि में कार्यान्वित की जाएगी।
- मंत्रालय की वित्त व्यय समिति द्वारा पहले ही योजना के प्रस्ताव की अनुशंसा की जा चुकी है।
- परियोजना हेतु मंत्रालय द्वारा शीघ्र ही मंत्रिमंडल की मंजूरी प्राप्त की जाएगी।
- इस योजना का उद्देश्य देश के प्राथमिक क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी से भूजल प्रबंधन की स्थिति में सुधार करना है।
- योजनान्तर्गत गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश राज्यों में प्राथमिक क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है।
- यह राज्य भारत में प्राप्त दो प्रकार के बड़े भू-जल निकायों-जलोढ़ एवं जलीय-चट्टानी पर्त को कवर करते हैं।
- इस योजना के क्रियान्वयन से इन प्रदेशों के 78 जिलों में लगभग 8350 ग्राम पंचायतों के लाभान्वित होने की उम्मीद है।
- योजनान्तर्गत धनराशि अनुदान के रूप में भागीदार प्रदेशों को उपलब्ध कराई जाएगी।

- योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों यथा-वॉटर यूजर एसोसिएशन, भूजल के आंकड़ों की निगरानी एवं वितरण, जलसंबंधी आय-व्यय, ग्राम पंचायतों के अनुरूप जल सुरक्षा योजनाओं की तैयारी व कार्यान्वयन एवं चिरस्थायी जल प्रबंधन से संबंधित आईईसी गतिविधियों में समुदायों की सक्रिय भागीदारी प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.worldbank.org/en/news/press-release/2018/06/05/world-bank-board-approves-usd450-million-improve-groundwater-management-select-states-india

द्वितीय द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2018-19

प्रश्न-6 जून, 2018 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल एवं मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने द्वितीय मौद्रिक नीति, 2018-19 जारी की। इसके अनुसार, चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर में कितने आधार अंकों की वृद्धि करने की घोषणा की गई?



(a) 30 (b) 50 (c) 75 (d) 25
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने द्वितीय द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य-2018-19 जारी किया।
- आरबीआई ने द्वितीय द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर को 25 आधार अंक बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत किया है।
- परिणामतः चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 6.0 प्रतिशत तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (Marginal Standing Facility Rate) और बैंक दर 6.50 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR: Statutary Liquidity Ratio) को अपरिवर्तित रखते हुए 19.50 प्रतिशत पर रखा गया है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नगद आरक्षित अनुपात (CRR: Cash Reserve Ratio) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं (NDTL: Net Demand and Time Liabilities) के 4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- समग्र रूप से जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2018-19 में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=44125

आयकर विभाग द्वारा संशोधित आयकर मुखबिर पुरस्कार योजना, 2018 जारी

प्रश्न-हाल ही में आयकर विभाग द्वारा 'आयकर मुखबिर पुरस्कार योजना, 2018' और 'बेनामी लेन-देन मुखबिर पुरस्कार, 2018' नामक नई योजना लांच की गई। इन दोनों योजनान्तर्गत सूचना देने वाले व्यक्ति को क्रमशः कितनी राशि प्रदान की जाएगी?



(a) 50 लाख रुपये, 1 करोड़ रुपये (b) 1 करोड़ रुपये, 1 करोड़ रुपये
(c) 1 करोड़ रुपये, 51 लाख रुपये (d) 50 लाख रुपये, 75 लाख रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को आयकर विभाग द्वारा आयकर मुखबिर पुरस्कार योजना, 2018 नामक नई पुरस्कार योजना जारी की गई।
- इस नवीन योजना का उद्देश्य काले धन का पता लगाने और कर चोरी में कमी लाने हेतु आयकर विभाग के प्रयासों में लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है।
- यह योजना 2017 में जारी पुरस्कार योजना का स्थान लेगी।
- संशोधित योजनान्तर्गत भारत में आय और परिसंपत्तियों पर कर चोरी के संदर्भ में आयकर विभाग में जांच निदेशालय के निर्दिष्ट अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत विशेष सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 लाख रुपये पुरस्कार राशि के रूप में प्रदान किया जाएगा।
- कालाधन (अघोषित विदेशी आय और परिसंपत्तियां) तथा करारोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कार्रवाई योग्य ऐसी आय और परिसंपत्तियों के संबंध में सूचना देने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई पुरस्कार योजना में 5 करोड़ रुपये तक के पुरस्कार को शामिल किया गया है।
- पुरस्कार राशि अधिक रखने का उद्देश्य विदेशों के संभावित स्रोत को आकर्षित करना है।
- योजनान्तर्गत काला धन (अघोषित विदेशी आय और परिसंपत्तियां) तथा करारोपण अधिनियम, 2015 के तहत कार्रवाई योग्य विदेशों में आय और परिसंपत्तियों पर कर चोरी के विषय में तय प्रक्रिया के अंतर्गत विशेष सूचना देने वाला व्यक्ति पुरस्कार राशि प्राप्त कर सकता है।
- योजना के तहत सूचना निर्धारित प्रक्रिया में आयकर महानिदेशक (जांच) या अधिकृत अधिकारी को देना होगा।
- योजनान्तर्गत विदेशी भी पुरस्कार पाने हेतु पात्र होंगे।
- सूचना प्रदाता व्यक्ति की पहचान प्रकट नहीं की जाएगी और पूर्णतः गोपनीयता रखी जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि पूर्व में भारत सरकार द्वारा कालाधन (अघोषित विदेशी आय और परिसंपत्तियां) तथा करारोपण अधिनियम, 2015 लागू किया गया था।
- जिससे भारत में कर योग्य लोगों द्वारा विदेशों में रखी गई आय और परिसंपत्तियों की जांच की जा सके।

- इसी दिन आयकर विभाग द्वारा नई पुरस्कार योजना बेनामी लेन-देन मुखबिर पुरस्कार योजना, 2018 को भी लांच किया गया।
- इस योजनान्तर्गत बेनामी लेद-देन तथा संपत्तियां तथा ऐसी संपत्तियों से हुई प्राप्तियां जो बेनामी लेन-देन (निषेध) संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा संशोधित बेनामी संपत्ति लेन-देन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई योग्य हैं के विषय में निर्धारित प्रक्रिया के तहत आयकर विभाग के जांच निदेशालय में संयुक्त या अपर आयुक्त (बेनामी निषेध इकाई) को सूचना प्रदाता व्यक्ति 1 करोड़ रुपए तक पुरस्कार प्राप्त कर सकता है।
- पुरस्कार हेतु विदेशी भी पात्र होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179692
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179691
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1534113
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72532

मध्य प्रदेश में सिंचाई को बढ़ावा देने हेतु ऋण की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में एशियाई विकास बैंक द्वारा मध्य प्रदेश में सिंचाई को बढ़ावा देने हेतु कितनी राशि के ऋण को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) 275 मिलियन डॉलर (b) 327 मिलियन डॉलर (c) 375 मिलियन डॉलर (d) 450 मिलियन डॉलर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को एशियाई विकास बैंक द्वारा मध्य प्रदेश में सिंचाई को बढ़ावा देने हेतु 375 मिलियन डॉलर राशि के ऋण को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस परियोजना का उद्देश्य मध्य प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था में सुधार लाना और किसान की आमदनी बढ़ाने में मदद करना है।
- परियोजनान्तर्गत सिंचाई नेटवर्क और प्रणाली दक्षता का विस्तार किया जाएगा।
- परियोजना की कुल लागत राशि 535.1 मिलियन डॉलर है।
- जिसमें सरकार द्वारा 160.71 मिलियन डॉलर की राशि प्रदत्त की जाएगी।
- परियोजना के पूर्ण होने की अनुमानित अवधि सितंबर, 2025 है।
- प्रथम चरण में कुंडलिया सिंचाई परियोजना के (125,000 हेक्टेयर) अंतर्गत नए, कुशल जलवायु अनुकूल नेटवर्क को विकसित किया जाएगा।
- इस परियोजना से वर्ष 2025 तक 7.2 मिलियन हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी।

- इससे किसानों को सूक्ष्म सिंचाई रणनीतियों को अपनाने में सहायता प्राप्त होगी और कुल मिलाकर 419 गांवों के 838,000 लोगों को मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.financialexpress.com/economy/adb-funds-375-mn-project-for-irrigation-boost-in-madhya-pradesh/1188477/
https://www.business-standard.com/article/news-ians/adb-approves-loan-to-improve-madhya-pradesh-s-irrigation-system-118053100916_1.html

एफसीआरए के अंतर्गत विदेशी योगदान की निगरानी के लिए ऑनलाइन विश्लेषण टूल लांच

प्रश्न-हाल ही में किसने विदेशी योगदान (नियमन) अधिनियम, 2010 के अंतर्गत विदेशी धन प्रवाह तथा इसके उपयोग की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन टूल की शुरूआत की?
(a) सुषमा स्वराज (b) राजनाथ सिंह (c) नरेंद्र मोदी (d) जनरल वी.के. सिंह



उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने विदेशी योगदान(नियमन) अधिनियम, 2010 के अंतर्गत विदेशी धन प्रवाह तथा इसके उपयोग की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन विश्लेषण टूल की शुरूआत की।
- वेब आधारित यह टूल सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विदेशी योगदान के स्रोत और भारत में इसके उपयोग की जांच करने में मदद करेगा।
- एफसीआरए 2010 के प्रावधानों के अनुपालन के संदर्भ में यह टूल आंकड़ों तथा साक्ष्य के आधार पर निर्णय लेने में विभागों को सहायता प्रदान करेगा।
- इसमें वृहद आंकड़ों को ढूंढ़ने और विश्लेषण करने की क्षमता है।
- इसका डैशबोर्ड एफसीआरए पंजीकृत बैंक खाताओं से जुड़ा होगा और यह लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से वास्तविक समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएगा।
- एफसीआरए 2010 के अंतर्गत लगभग 25,000 सक्रिय संगठन पंजीकृत है।
- इन संगठनों को वर्ष 2016-17 के दौरान सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक तथा धार्मिक गतिविधियों के लिए 18,065 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा प्राप्त हुआ है।
- प्रत्येक एफसीआरए-एनजीओ विदेशी योगदान प्राप्त करने तथा इसे खर्च करने में कई प्रकार का वित्तीय लेन-देन करता है।
- इस टूल के माध्यम से इन लेन-देनों की निगरानी की जा सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179686

वर्ष 2017-18 का चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के लिए जीडीपी के अनुमान

प्रश्न-31 मई, 2018 को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) ने वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान जारी किए। इसके अनुसार, वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?



(a) 7.7 प्रतिशत (b) 6.4 प्रतिशत (c) 6.7 प्रतिशत (d) 6.9 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) ने वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनुमान जारी किए।
- इसके साथ ही सीएसओ ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमान भी जारी किए।
- वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में वर्ष 2011-12 के आधार मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत आंकी गई है।
- जबकि वित्त वर्ष 2017-18 की प्रथम तीन तिमाहियों यथा पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर क्रमशः 5.6, 6.3 तथा 7.0 प्रतिशत रही थी।
- कृषि (4.5 प्रतिशत) क्षेत्रों के उल्लेखनीय योगदान से ही यह उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव हो पाया है।
- वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में क्षेत्रवार स्तर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों, उद्योग और सेवा क्षेत्रों के लिए आधार (वर्ष 2011-12) मूल्यों पर जीवीए वृद्धि दर क्रमशः 4.5, 8.8 और 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

  वर्ष 2017-18 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान
- राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2017-18 के लिए आधार (वर्ष 2011-12) मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया।
- वित्त वर्ष 2017-18 में क्षेत्रवार स्तर पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों, उद्योग और सेवा क्षेत्रों के लिए आधार (वर्ष 2011-12) मूल्यों पर जीवीए वृद्धि दर क्रमशः 3.4, 5.5 और 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1533996

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वृद्धि अनुमान

प्रश्न-हाल ही में रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' (ICRA) ने वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि कितने प्रतिशत अनुमानित की?



(a) 7.4 प्रतिशत (b) 7.8 प्रतिशत (c) 7.0 प्रतिशत (d) 6.8 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को भारतीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा (ICRA) ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि अनुमान जारी किये।
- इसके अनुसार वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत अनुमानित है।
- जोकि तीसरी तिमाही के 7.2 प्रतिशत से अधिक है।
- ध्यातव्य है कि भारत का केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) आगामी 31 मई को वृद्धि संबंधी अनुमान जारी करेगा।
- वर्ष 2017-18 की वृद्धि दर के बारे में सीएसओ (CSO) के दूसरे अग्रिम अनुमान (फरवरी, 2018 में जारी) में अंतर्निहित चौथी तिमाही के जीडीपी वृद्धि के 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान था।
- इक्रा के अनुसार, सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) आधारित वृद्धि सलाना आधार पर तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत हो सकती है।
- उद्योग और कृषि वानिकी एवं मत्स्य तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के चलते पिछली तिमाही के मुकाबले चौथी तिमाही में सुधार होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.imf.org/en/Publications/WEO/Issues/2018/01/11/world-economic-outlook-update-january-2018

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/india-to-grow-at-7-4-per-cent-in-2018-imf/articleshow/63801741.cms

BNPM को बैंक नोट कागज का उत्पादन बढ़ाने हेतु मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनपीएम) को अपनी मैसूर इकाई में बैंक नोट कागज का उत्पादन कितने टन सालाना बढ़ाने हेतु मंजूरी मिली?

(a) 4000 टन सालाना (b) 6000 टन सालाना (c) 8000 टन सालाना (d) 10,000 टन सालाना



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में बैंक नोट पेपर मिल इंडिया पाइवेट लिमिटेड (बीएनपीएम) को बैंक नोट कागज का उत्पादन बढ़ाने हेतु मंजूरी मिली।
- यह मंजूरी पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई।

- अब बीएनपीएम अपनी मैसूर (कर्नाटक) इकाई में बैंक नोट कागज का उत्पादन 12 हजार टन वार्षिक से बढ़ाकर 16 हजार टन वार्षिक कर सकता है।
- अर्थात् उत्पादन में 4000 टन सालाना की वृद्धि।
- बीएनपीएम, भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण और भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है।
- बीएनपीएम ने मशीनरी और प्रदूषण लोड बढ़ाए बिना बैंक नोट कागज के उत्पादन को बढ़ाने हेतु पर्यावरण मंजूरी मांगी थी।
- बीएनपीएम का उत्पादन बढ़ाने की मंजूरी परियोजना क्षेत्र के 33 प्रतिशत हिस्से में हरित क्षेत्र विकसित करने सहित कुछ अन्य शर्तों के अनुपालन के अधीन है।
- ध्यातव्य है कि बीएनपीएम ने वर्तमान में कुल 41 एकड़ क्षेत्रफल में से 8.5 एकड़ के क्षेत्र को हरित क्षेत्र बनाया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.moneycontrol.com/news/business/economy/bnpm-gets-green-nod-to-increase-bank-note-paper-production-2572361.html
http://www.business-standard.com/article/pti-stories/bnpm-gets-green-nod-to-increase-bank-note-paper-production-118052100416_1.html

वर्ष 2022 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि अनुमान

प्रश्न-हाल ही में नीति आयोग के उपाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2022 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई?



(a) 9 प्रतिशत (b) 10 प्रतिशत (c) 8.5 प्रतिशत (d) 9.5 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्ष 2022 तक 9 प्रतिशत संभावना व्यक्त की।
- उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जीएसटी, विमुद्रीकरण और दिवालियापन तथा बैंकरप्सी (बैंक दिवालियापन) संहिता जैसे सुधारों की बैदालत वर्ष 2022 तक भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर वृद्धि आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर लेगी।
- वर्ष 2017-18 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस क्ति वर्ष में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।
- उन्होंने इंगित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि वर्ष 2003-11 में औसतन 8.3 प्रतिशत थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.moneycontrol.com/news/india/india-to-achieve-9-growth-rate-by-2022-2572921.html
http://indianexpress.com/article/business/economy/gst-to-help-india-achieve-9-per-cent-growth-rate-niti-aayog-ceo-4691539/

ई-वीजा योजना से राजस्व का अर्जन

प्रश्न-सरकार द्वारा अभी तक ई-वीजा योजना से राजस्व के रूप में कितनी राशि अर्जित की गई है?



(a) 1100 करोड़ रुपये से अधिक (b) 1200 करोड़ रुपये से अधिक
(c) 1400 करोड़ रुपये से अधिक (d) 1800 करोड़ रुपये से अधिक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 तक सरकार ने अभी तक बेहद सफल ई-वीजा योजना से राजस्व के रूप में 1400 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अर्जित की है।
- भारत सरकार द्वारा ई-वीजा योजना की शुरूआत वर्ष 2014 में की गई थी।
- यह सुविधा पर्यटक के रूप में 163 देशों के नागरिकों के भारत आगमन के लिए शुरू की गई है।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस योजनान्तर्गत19 लाख पर्यटकों ने वर्ष 2017 में भारत की यात्रा की।
- वर्ष 2018 में 25 लाख से अधिक पर्यटकों के भारत आने की उम्मीद है।
- ई-वीजा शुल्क चार स्लैबों शून्य, 25 अमेरिकी डॉलर, 50 अमेरिकी डॉलर और 75 अमेरिकी डॉलर में बांटा गया है, जो पारस्परिकता और राष्ट्रीयता के आधार पर निर्धारित किया गया है।
- विदेशी नागरिकों को प्रदत्त की जा रही विभिन्न सेवाओं की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के उद्देश्य से यह योजना गृह मंत्रालय के विदेश प्रभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।
- वर्तमान में यह सुविधा 25 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और पांच समुद्री बंदरगाहों के माध्यम से भारत में प्रवेश हेतु 163 देशों के नागरिकों हेतु उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/government-earns-rs-1400-crore-as-revenue-from-e-tourist-visa/articleshow/64244154.cms

मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व के लिए पहला कार्गो प्राप्त

प्रश्न-हाल ही में भारत ने इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड द्वारा मंगलौर में निर्मित दो रणनीतिक पेट्रोलियम रिवर्ज (एसपीआर) कंदराओं (कैवर्न) को भरने हेतु किस देश से कच्चे तेल का पहला कार्गो प्राप्त किया?



(a) सऊदी अरब (b) संयुक्त अरब अमीरात (c) कुवैत (d) ईरान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को भारत ने इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (ISPRL) द्वारा मंगलौर में निर्मित दो रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व कंदराओं (कैवर्न) में से एक कैवर्न को भरने हेतु संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल का पहला कार्गो प्राप्त किया।
- इससे पूर्व 12 मई, 2018 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री (स्टेट) एवं अबूधाबी के एडनॉक ग्रुप के सीईओ डॉ. सुल्तान अल जबेर ने कच्चे तेल के वाहक जहाज 'एमटी इन्सिपिरेशन' में 2 मिलियन बैरल कच्चे तेल भरने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया था।
- यह कच्चे तेल का वाहक जहाज यूएई की अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) का था।
- फरवरी, 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड और अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था।
- इस समझौते के तहत एडनॉक मंगलौर स्थित भारत की रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) यूनिट में स्वयं के खर्च पर लगभग 5.86 मिलियन बैरल कच्चे तेल का भंडारण करेगी।
- एडनॉक द्वारा 2 मिलियन बैरल कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के अतिरिक्त कच्चे तेल की आपूर्ति इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में मंगलौर कैवर्न को भरने के लिए की जाएगी।
- यह पहली बार है जब किसी निजी विदेशी कंपनी द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति भारतीय रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व को की जा रही है।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत तीन स्थानों यथा विशाखापत्तनम, मंगलौर एवं पदूर में 5.33 मिलियन टन (लगभग 39 मिलियन बैरल) की कुल क्षमताओं के साथ कच्चे तेल की भंडारण क्षमता का निर्माण किया है।
- संयुक्त अरब अमीरात भारत के लिए कच्चे तेल का छठा सबसे बड़ा स्रोत है और वह कुल पेट्रोलियम आवश्यकता के लगभग 6 प्रतिशत की आपूर्ति करता है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179441
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72325

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

नासा का मानवरहित एयरक्रॉफ्ट

प्रश्न-हाल ही में नासा द्वारा पहली बार चेज प्लेस के बिना सार्वजनिक एयर स्पेस में कौन-से बड़े मानव रहित विमान को उड़ाया गया?



(a) इखाना एयरक्राफ्ट (b) ऐरोजेट एसडी 2 (c) वी-बैट (d) रेडियोप्लेन क्यू 1

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को नासा द्वारा पहली बार चेज प्लेन के बिना सार्वजनिक एयर स्पेस में एक बड़े मानव रहित विमान को उड़ाया।
- यह विमान है- इखाना (Ikhana) एयरक्रॉफ्ट।
- यह उपलब्धि आपातकालीन खोजों और बचाव अभियानों तथा जंगल की आग की निगरानी और उससे बचाव इत्यादि में मददगार साबित होगी।
- 'इखाना' ने कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स के आर्मस्ट्रांग फ्लाइट रिसर्च सेंटर से उड़ान भरी और Class-A एयरस्पेस में प्रवेश कर गया।
- Calss-A एयरस्पेस, 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित होता है।
- जहां वाणिज्यिक एयरलाइन्स उड़ान भरते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-flies-large-unmanned-aircraft-in-public-airspace-without-chase-plane-for-first

इंटरसेप्टर नौका आईसीजीएस सी-439

प्रश्न-हाल ही में भारतीय तटरक्षक द्वारा इंटरसेप्टर नौका आईसीजीएस सी-439 का जलावतरण किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इसका जलावतरण मुंबई स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में किया गया।

(b) इस नौका की लंबाई 27.4 मीटर है।

(c) नौका की विस्थापन क्षमता 145 टन है।

(d) इसकी अधिकतम गति 45 नॉट है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जून, 2018 को भारतीय तटरक्षक द्वारा मुंबई स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में इंटरसेप्टर नौका आईसीजीएस सी-439 का जलावतरण किया गया।
- इस नौका का जलावतरण पश्चिमी समुद्र-तट (Seaboard) के तटरक्षक कमांडर, अतिरिक्त महानिदेशक के. नटराजन के द्वारा किया गया।
- भारतीय तटरक्षक नौका (आईसीजीएस) सी-439 की लंबाई 27.4 मीटर और विस्थापन क्षमता 136 टन है।
- इसकी अधिकतम गति 45 नॉट (समुद्री मील/घंटा) है।
- यह नौका अत्याधुनिक नौवहन संचार प्रणाली और उपकरणों से लैस है।
- इस नौका के चालक दल में 1 अधिकारी और 11 कर्मी शामिल हैं।
- इस इंटरसेप्टर नौका के माध्यम से तटीय सुरक्षा को मजबूत बनाने, सतर्कता बढ़ाने, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री निगरानी तथा तस्करी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jagranjosh.com/current-affairs/coast-guard-interceptor-ship-commissioned-1528375105-1

https://www.msn.com/en-in/autos/autosmotorbikes/interceptor-boat-charlie-439-commissioned-in-mumbai/vi-AAynlbd

नासा के छोटे उपग्रह मंगल की ओर अग्रसर

प्रश्न-मंगल ग्रह की तरफ बढ़ रहे नासा के छोटे उपग्रह किसकी निगरानी के लिए विकसित किए गए हैं?



(a) इनसाइट मार्स लैंडर (b) मार्स पाथ फाइंडर (c) इनसाइट लैंडर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में नासा की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि क्यूबसैट्स मार्को-ए और मार्को-बी पिछले कुछ दिनों से अपनी प्रणोदन प्रणाली (प्रोपल्शन सिस्टम) का इस्तेमाल कर रहे हैं।
- वे मंगल की दिशा प्राप्त करने के लिए इस प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं।
- इस प्रक्रिया को 'प्रक्षेप पथ सुधार अभ्यास' (Trajectory Correction Maneuver) कहा जाता है।
- 'इनसाइट मार्स लैंडर' की निगरानी के लिए विकसित यह दुनिया के पहले छोटे उपग्रह हैं।

- 'TCM', प्रक्षेपण के बाद मंगल ग्रह की तरफ अपने पथ की दिशा में सुधार की अनुमति देता है।
- दोनों 'क्यूबसैट्स' ने इस अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा किया।
- ध्यातव्य है कि दोनों क्यूबसैट्स को इनसाइट लैंडर के साथ 5 मई, 2018 को प्रक्षेपित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nasa.gov/feature/jpl/nasa-cubesats-steer-toward-mars
https://www.jpl.nasa.gov/news/news.php?feature=7115

स्पेस एक्स द्वारा संचार उपग्रह की लांचिंग

प्रश्न-हाल ही में स्पेस एक्स द्वारा कौन-सा संचार उपग्रह लांच किया गया?
(a) SES-12 (b) SES-13 (c) SES-14 (d) SES-15



उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को 'स्पेस एक्स' द्वारा एक वृहत्तम (Largest) संचार उपग्रह 'SES-12' लांच किया गया।
- इसे 'फाल्कन 9' रॉकेट के द्वारा लांच किया गया।
- इसे केप केनेवरल, फ्लोरिडा से लांच किया गया।
- इस संचार उपग्रह के द्वारा एशिया पैसिफिक क्षेत्र और मध्य पूर्व के विकासशील देशों को इंटरनेट की सेवा प्रदान की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि 'SES' लक्जमबर्ग स्थित सैटेलाइट ऑपरेटर कंपनी है।
- यह स्पेस एक्स के लिए फाल्कन-9 रॉकेट की 56वीं उड़ान है।
- इस वर्ष यह स्पेस एक्स द्वारा उड़ान भरने वाला 11वां रॉकेट था।
- जबकि लक्जमबर्ग स्थित कंपनी के लिए 'स्पेस एक्स' की यह पांचवीं लॉन्चिंग है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.space.com/40781-spacex-used-rocket-ses-12-satellite-launch.html
http://www.techtimes.com/articles/229336/20180604/spacex-launches-ses-12-communications-satellite-for-11th-rocket-launch-this-year.htm

भारत की पहली स्वदेशी लंबी दूरी की आर्टिलरी गन 'धनुष' का सफल परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में भारत की पहली स्वदेशी लंबी दूरी की आर्टिलरी गन'धनुष' का सफल परीक्षण कहां संपन्न हुआ?
(a) जैसलमेर (b) पोखरण (c) चांदीपुर (d) बंगाल की खाड़ी



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को भारत की पहली स्वदेशी लंबी दूरी की आर्टिलरी गन 'धनुष' का पोखरण (राजस्थान) में सफल परीक्षण संपन्न हुआ।
- इसे अब भारतीय सेना में शामिल किया जाएगा।
- यह 155 मिमी. × 45 मिमी. कैलिबर बंदूक है और इसे 'देशी बोफोर्स' भी कहा जाता है।
- यह गन कैरिज फैक्ट्री (GCF) द्वारा निर्मित की गई है।
- इसकी 38 KM. की स्ट्राइक रेंज है और इसके 81 प्रतिशत घटक स्वदेशी रूप से बनाए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.financialexpress.com/defence/make-in-india-dhanush-indias-first-indigenous-long-range-artillery-gun-clears-final-test-ready-for-induction/1199115/

26वां रिमपैक (RIMPAC) अभ्यास, 2018

प्रश्न-27 जून से 2 अगस्त, 2018 के मध्य (RIMPAC) अभ्यास कहां आयोजित किया जाएगा?



(a) अमेरिका (b) न्यूजीलैंड (c) श्रीलंका (d) भारत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जून से 2 अगस्त, 2018 के मध्य द्विवार्षिक रिमपैक (Rim of the Racific: RIMPAC) अभ्यास हवाई द्वीप एवं दक्षिणी, कैलिफोर्निया, अमेरिका में आयोजित किया जाएगा।
- रिमपैक अभ्यास, 2018 का मुख्य विषय (Theme)- सक्षम, अनुकूल सहभागी (Capable, Adaptive Partners) है। इस वर्ष इस अभ्यास में भारत सहित 26 देशों की सेनाएं भाग लेंगी।
- इस अभ्यास में 47 जहाजों, 5 पनडुब्बियों, 18 राष्ट्रीय स्थल सेना बल, 200 से अधिक विमान और 25000 कार्मिकों को शामिल किया जाएगा।
- यह विश्व का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास है। इसकी शुरूआत वर्ष 1971 में हुई थी।
- इस वर्ष इस अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, कोलंबिया, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इस्राइल, जापान, मलेशिया, मैक्सिको, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड, पेरू, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, टोंगा, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और वियतनाम शामिल हैं।
- यह पहला अवसर है जब इस अभ्यास में ब्राजील, इस्राइल, श्रीलंका और वियतनाम शामिल होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.public.navy.mil/surfor/Pages/US-Navy-Announces-26th-RIMPAC-

Exercise.aspx#.Wxo3-DSFPIU
http://www.navy.mil/submit/display.asp?story_id=105035

देश की पहली आधुनिक फोरेंसिक लैब

प्रश्न-देश की पहली आधुनिक फोरेंसिक लैब, सखी सुरक्षा आधुनिक डीएनए फोरेंसिक प्रयोगशाला की आधार शिला महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने कहां रखी?



(a) केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, मुंबई,
(b) केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, चंडीगढ़
(c) केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, चेन्नई
(d) केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, भोपाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को महिला और बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएसएफएल), चंडीगढ़ के परिसर में सखी सुरक्षा आधुनिक डीएनए फोरेंसिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखी।
- इस प्रयोगशाला की स्थापना एक आदर्श फोरेंसिक प्रयोगशाला के तौर पर की गई है।
- महिलाओं से जुड़े मामलों से निपटने हेतु सखी सुरक्षा आधुनिक डीएनए फोरेंसिक प्रयोगशाला में चार इकाईयां-यौन उत्पीड़न और हत्या इकाई, पैतृत्व इकाई, मानव पहचान इकाई और माइटोकांड्रियल इकाई की स्थापना की जाएगी।
- इस अवसर पर मंत्री महोदया ने यौन उत्पीड़न के लंबित मामलों में डीएनए जांच हेतु फोरेंसिक प्रयोगशाला की कमी से निपटने हेतु आगामी 3 माह में ऐसी पांच और प्रयोगशालाएं शुरू करने की घोषणा की।
- वर्तमान में सीएसएफएल, चंडीगढ़ की क्षमता 160 मामले प्रतिवर्ष से कम है, सखी सुरक्षा आधुनिक डीएनए फोरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना होने से यह क्षमता बढ़कर लगभग 2000 मामले प्रतिवर्ष हो जाएगी।
- यह प्रयोग शालाएं मुंबई, चेन्नई, गुवाहाटी, पुणे और भोपाल में खोली जाएंगी।
- पांच और प्रयोशालाओं के खुलने से प्रयोगशालाओं की कुल न्यूनतम वार्षिक क्षमता 50,000 मामले हो जाएगी।
- चेन्नई और मुंबई में प्रयोगशालाओं की स्थापना महिला और बाल विकास मंत्रालय के कोष से तथा शेष तीन प्रयोगशालाओं की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त की जाएगी।
- मंत्री महोदया के अनुसार दुष्कर्ष मामलों के लिए विशेष फोरेंसिक किट जुलाई तक सभी पुलिस थानों और अस्पतालों में वितरित कर दी जाएगी।

- फोरेंसिक उत्पीड़न किट का वर्तमान में सीएफएसएल चंडीगढ़ में प्रमाणीकरण किया जा रहा है।
- खराब नहीं होने वाली इस किट का उपयोग अप्रदूषित सबूत देने हेतु किया जाएगा।
- यह परियोजना गृह और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई है।
- यौन उत्पीड़न मामले में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा 90 दिन निर्धारित है।
- वर्तमान में छह सीएफएसएल चंडीगढ़, गुवाहाटी, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे और भोपाल में तथा प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में एक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित है।
- इन प्रयोगशालाओं में देश भर के यौन-उत्पीड़न आपराधिक, पैतृत्व और हत्या सहित सभी मामलों की फोरेंसिक जांच की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179696
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72534

एसएफडीआर प्रणोदन आधारित मिसाइल का पहला सफल परीक्षण

प्रश्न-30 मई, 2018 को भारत ने कहां से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट (SFDR) प्रणोदन आधारित मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया?



(a) जैसलमेर (b) चांदीपुर (c) पोखरण (d) बंगाल की खाड़ी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को भारत ने ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) चांदीपुर से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट (SFDR) प्रणोदन आधारित मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया।
- मिसाइल को अभी तक औपचारिक नाम नहीं दिया गया है।
- इसे डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।
- इसे अपनी कक्षा में सबसे तेज मिसाइल कहा जाता है।
- यह सतह से सतह मार करने वाली मिसाइल है।
- एसएफडीआर प्रौद्योगिकी रूस के सहयोग से भारत द्वारा विकसित की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://idrw.org/desi-meteor-aka-sfdr-test-fired-in-surface-to-air-missile-mode/
https://www.business-standard.com/article/news-ians/india-successfully-test-fires-sfdr-propulsion-based-missile-118053101607_1.html

मंत्रिमंडल द्वारा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) मार्क-III जारी रखने के कार्यक्रम को मंजूरी

प्रश्न-6 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) मार्क-III जारी रखने के कार्यक्रम के किस चरण को मंजूरी दी?



(a) पांचवें चरण (b) द्वितीय चरण (c) तीसरे चरण (d) छठे चरण

उत्तर-(d)


संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान मार्क-3 जारी रखने के कार्यक्रम के छठे चरण को मंजूरी दी।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 पीएसएलवी परिचालन प्रक्षेपण को वित्तीय सहायता प्रदान करने की मंजूरी दी गई।
- यह कार्यक्रम पृथ्वी अवलोकन, दिशा सूचक और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए उपग्रह के प्रक्षेपण की आवश्यकता को भी पूरा करेगा।
- इससे भारतीय उद्योग में उत्पादन भी जारी रहेगा।
- इसमें कुल 6,131 करोड़ रुपये के कोष की आवश्यकता है और इसमें 30 पीएसएलवी यान, आवश्यक सुविधा बढ़ाने, कार्यक्रम प्रबंधन और प्रक्षेपण अभियान की लागत शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1534505

नौसैन्य अभ्यास मालाबार-2018

प्रश्न-6-15 जून, 2018 के मध्य भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय नौसैन्य अभ्यास मालाबार के 22वें संस्करण का आयोजन कहां किया जाएगा?



(a) बंगाल की खाड़ी (b) दक्षिण चीन सागर (c) फिलीपीन सागर (d) अरब सागर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-15 जून, 2018 के मध्य भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय नौसैन्य अभ्यास मालाबार के 22वें संस्करण का आयोजन फिलीपीन सागर में गुआम के तट पर किया जाएगा।
- इस त्रिपक्षीय अभ्यास में भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के साथ जापान नौसैन्य स्वरक्षक बल (JMSDF) भाग लेगी।
- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य तीनों देशों की नौसेनाओं के बीच परस्पर कार्यक्षमता को बढ़ावा और समुद्री सुरक्षा संचालनों के लिए प्रक्रियाओं की आम सूझ-बूझ को विकसित करना है।

- अभ्यास मालाबार-2018 के दौरान भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व आईएनएस सहयाद्री, फ्लीट टैंकर, आईएनएस शक्ति, एंटी-सबमरीन कॉर्वेट आईएनएस कार्मोता और लांग रेंज मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्रॉफ्ट पी 8 आई (P8I) करेंगे।
- अमेरिकी नौसेना का प्रतिनिधित्व 100000 टन का परमाणु संचालित सुपर कैरियर यूएसएस रोनाल्ड रीगन एफ/ए-18 फाइटर्स, परमाणु हमले वाली पनडुब्बी और पी-8ए गश्ती विमान करेंगे।
- जापान की तरफ से 27000 टन का हेलीकॉप्टर वाहक, सोरीयू क्लास पनडुब्बी और कावासाकी P-1 समुद्री विमान भाग लेगा।
- गौरतलब है कि वर्ष 1992 में शुरू हुआ 'अभ्यास मालाबार' भारत और अमेरिकी नौसेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास है जिसमें जापान आमंत्रित भागीदार है।
- ज्ञातव्य है कि 10-17 जुलाई, 2017 के मध्य अभ्यास मालाबार के 21वें संस्करण का आयोजन बंगाल की खाड़ी में किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://timesofindia.indiatimes.com/india/india-us-japan-all-set-for-malabar-exercise-with-china-in-the-crosshairs/articleshow/64345909.cms
https://in.usembassy.gov/indian-japanese-and-u-s-maritime-forces-to-participate-in-exercise-malabar-2018/

13वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास सूर्य किरण

प्रश्न-30 मई से 12 जून, 2018 के मध्य 13वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' कहां आयोजित होगा?



(a) ग्वालियर (b) जैसलमेर (c) सालझंडी (d) पिथौरागढ़

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 मई से 12 जून, 2018 के मध्य 13वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में आयोजित किया जाएगा।
- इस सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के लगभग 300 जवान हिस्सा लेंगे।
- सूर्य किरण सैन्य अभ्यास वर्ष में दो बार होता है, जो कि क्रमबद्ध रूप से दोनों ही देशों में आयोजित होता है।
- भारत कई देशों के साथ प्रशिक्षण अभ्यासों में भाग लेता है, लेकिन सैनिकों की संख्या के लिहाज से सूर्य किरण सैन्य अभ्यास सबसे बड़ा होता है।
- इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त रूप से पहाड़ी क्षेत्र में आतंकवादरोधी अभियानों को ध्यान में रखकर जवानों को प्रशिक्षित करना है।

- सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों ही देशों के सेनाओं के जवान विभिन्न जवाबी कार्यवाहियों और आतंकवादरोधी अभियानों से जुड़े अपने पूर्व अनुभवों को साझा करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179508

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-3 जून, 2018 को नाभिकीय सक्षम अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का ओडिशा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया गया। यह मार करती है-
(a) सतह से हवा (b) हवा से हवा (c) सतह से सतह (d) हवा से सतह



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 3 जून, 2018 को नाभिकीय सक्षम अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया गया।
- 'अग्नि-5' सतह से सतह (Surface to Surface) मार करने वाली मिसाइल है तथा इसकी मारक क्षमता 5000 किमी. से अधिक है।
- यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा डिजाइन तथा निर्मित किया गया है।
- 'अग्नि-5' त्रिचरणीय प्रक्षेपास्त्र है।
- यह ठोस प्रणोदक संचालित प्रक्षेपास्त्र अपने साथ 1 से 1.5 टन पारंपरिक और नाभिकीय युद्धशीर्ष (Warhead) ले जाने में सक्षम है।
- यह इस मिसाइल का छठवां सफल परीक्षण था।
- इससे पूर्व 19 अप्रैल, 2012 को इसका पहला, 15 सितंबर, 2013 को दूसरा, 31 जनवरी, 2015 को तीसरा, 26 दिसंबर, 2016 को चौथा तथा 18 जनवरी, 2018 को पांचवां सफल परीक्षण किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि 19 अप्रैल, 2012 को 'अग्नि-5' मिसाइल के सफल परीक्षण के साथ भारत अमेरिका, फ्रांस, रूस, और चीन के साथ विशिष्ट आई.सी.बी.एम. में शामिल हो गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://timesofindia.indiatimes.com/india/india-successfully-test-fires-nuclear-capable-agni-5/articleshow/64434530.cms

मल्टी बैरल रॉकेट लांच सिस्टम गाइडेड पिनाका का सफल परीक्षण

प्रश्न-31 मई, 2018 को मल्टी बैरल रॉकेट लांच सिस्टम गाइडेड पिनाका का कहां से सफल परीक्षण किया गया?



(a) श्री हरिकोटा (b) बंगाल की खाड़ी (c) चांदीपुर (d) जैसलमेर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को मल्टी बैरल रॉकेट लांच सिस्टम गाइडेड (दिशा-निर्देशक) पिनाका का ओडिशा के बालासोर स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से सफल परीक्षण किया गया।
- आधुनिक दिशा-निर्देशन प्रणाली से लैस पिनाका रॉकेट के उन्नत संस्करण का लगातार दूसरे दिन सफल परीक्षण किया गया।
- 30 मई, 2018 को भी दो चरणों में पिनाका का सफल परीक्षण किया गया।
- पहले पिनाका में दिशा-निर्देशन प्रणाली नहीं थी उसे अब उन्नत कर दिशा-निर्देशन प्रणाली से लैस किया गया है।
- इसके लिए हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) ने नौवहन, दिशा-निर्देशक एवं नियंत्रण किट विकसित किया था।
- आरसीआई डीआरडीओ के अंतर्गत आता है।
- इस बदलाव से पिनाका की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ गई है।
- पहले उसकी मारक क्षमता 40 किमी. थी जो अब 70 किमी. हो गई है।
- दिशा-निर्देशक पिनाका शस्त्र अनुसंधान व विकास संस्थान (ARDE) पुणे, आरसीआई हैदराबाद और डीआरडीएल, हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/upgraded-pinaka-rocket-successfully-test-fired/article24044528.ece

रक्षा बलों के लिए उपकरणों की खरीद को मंजूरी

प्रश्न-रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की हालिया बैठक में रक्षा बलों के लिए कितने राशि के उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई?

(a) 6900 करोड़ रुपये से अधिक (b) 6500 करोड़ रुपये से अधिक

(c) 6200 करोड़ रुपये से अधिक (d) 7500 करोड़ रुपये से अधिक



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 'रक्षा अधिग्रहण परिषद' (डीएसी) की बैठक हुई।

- इस बैठक में रक्षा बलों के लिए 6900 करोड़ रुपए से अधिक के उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई।
- स्वदेशीकरण को भारी प्रोत्साहन देते हुए और भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति को स्वीकार करते हुए रॉकेट लांचर के लिए थर्मल इमेजिंग (टीआई) नाइटसाइट्स की खरीद 'Buy (Indian) IDDM' श्रेणी के अंतर्गत स्थापित भारतीय वेंडरों के माध्यम से की जाएगी।
- इसका इस्तेमाल सेना और वायुसेना द्वारा किया जाता है और 84 एमएम रॉकेट लांचर के लिए टीआई साइट का इस्तेमाल टुकड़ियों द्वारा दुश्मन के सक्रिय और स्थिर लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधने और पूरी तरह अंधकार के दौरान दुश्मन के बंकरों को विध्वंस करने में किया जाता है।
- यह साइट अपनी टुकड़ियों को शत्रुओं के टैंकों की खोज करने और पहचानने तथा रात के समय सैनिकों की गतिविधियों में सहायक होगा।
- डीएसी ने 'मेक II' उपश्रेणी के अंतर्गत एसयू-30 एमकेआई विमान के लिए लंबी दूरी की डुअल बैंड इंफ्रारेड इमेजिंग सर्च एंड ट्रैक सिस्टम (आईआरएसटी) के डिजाइन और विकास की स्वीकृति दी और बाद में 'BUY (Indian) IDDM' श्रेणी के अंतर्गत 100 आईआरएसटी खरीद के लिए स्वीकृति दी।
- यह प्रणाली दिन और रात दोनों समय कार्य करेगी और विमानों की क्षमता में वृद्धि करेगी।
- यह छद्म रूप से छिपने और पनाह लेने में कमी लाएगा, क्योंकि रॉकेट लांचर के डिटेचमेंट शत्रु के छिपे हुए स्थान का पता लगाने में सक्षम होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179587

क्लाउड सक्षम डाटा सेंटर

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहां स्थापित किए गए नवीन अत्याधुनिक क्लाउड सक्षम राष्ट्रीय डाटा सेंटर का उद्घाटन किया?



(a) हैदराबाद (b) भुवनेश्वर (c) पुणे (d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 मई, 2018 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भुवनेश्वर में स्थापित किए गए नवीन अत्याधुनिक क्लाउड सक्षम राष्ट्रीय डाटा सेंटर का उद्घाटन किया।

- यह डाटा सेंटर सरकार और इसके विभागों के ई-गवर्नेंस एप्लीकेशन के लिए सुरक्षित होस्टिंग के साथ 24×7 परिचालन की पेशकश करेगा।
- इसमें एकीकृत एवं साझा बुनियादी ढांचे का उपयोग किया गया है जो इतना लोचशील है कि यह आसानी से बुनियादी ढांचागत आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यरत हो सकता है।
- इसके साथ-साथ यह भावी तकनीकी संवर्धन, वितरित एप्लीकेशन्स के साथ ही उन क्लाउड आधारित एप्लीकेशन्स को भी समायोजित कर सकता है, जो मांग पर उपलब्ध होते हैं।
- राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) द्वारा स्थापित डाटा केंद्रों से डाटा सेंटर एवं क्लाउड सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं।
- भुवनेश्वर स्थित आईसीटी बुनियादी ढांचे को सॉफ्टवेयर आधारित आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से मॉडयूलर तरीके से सक्रिय किया जाएगा।
- भुवनेश्वर स्थित नेशनल क्लाउड सर्विसेज से एप्लीकेशन की आसान उपलब्धता और उनकी त्वरित तैनाती सुनिश्चित करने हेतु मांग पर आईसीटी बुनियादी ढांचे तक पहुंच संभव हो सकेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179540
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72409

इन्क्यूबेशन सेंटर एवं खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशाला

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कहां स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर एवं खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया?



(a) भुवनेश्वर (b) सोनीपत (c) पानीपत (d) अंबाला

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य


- 25 मई, 2018 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (NIFTEM-National Institute of Food Entrepreneurship and Management), सोनीपत में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर एवं खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- इसके अलावा हरसिमरत कौर बादल ने निफ्टम में निम्नलिखित सुविधाओं यथा-रेडी-टू-इट और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के लिए पायलट संयंत्र, दूध एवं डेयरी उत्पाद के लिए पायलट संयंत्र, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण के लिए पायलट संयंत्र, मांस एवं पोल्ट्री संस्करण के लिए पायलट संयंत्र और खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण के लिए निफ्टम केंद्र का भी उद्घाटन किया।

- इन्क्यूबेशन सेंटर भविष्य के उद्यमियों को तैयार करेगा और इससे स्थानीय कृषि समुदाय को भी लाभ मिलेगा।
- निफ्टम एक राष्ट्रीय संस्थान है जो खाद्य प्रौद्योगिकी और प्रबंधकीय शिक्षा के एकीकृत कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देता है।
- जिससे प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को सेवा प्रदान करने हेतु खाद्य एवं व्यापार की गहरी समझ रखने वाले प्रबंधकों को तैयार किया जा सके।
- निफ्टम का पायलट संयंत्र बड़े, मध्यम और छोटे उद्योग क्षेत्रों से जुड़े युवा उद्यमियों को उत्पादन विकास गतिविधियों तथा व्यापार इन्क्यूबेशन हेतु पायलट उत्पादन की जांच के लिए सेवा प्रदान करेगा।
- ये सुविधाएं नए उत्पादों तथा मौजूदा उद्यमों के बेहतर प्रदर्शन के मूल्यांकन में मददगार होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179543

चुंबकीय गुणों के साथ नए तत्व की खोज

प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिकों द्वारा कमरे के तापमान पर अद्वितीय चुंबकीय गुणों को प्रदर्शित करने वाले कौन-से तत्व की खोज की गई?



(a) रूथेनियम (b) पैलेडियम (c) ऑस्मियम (d) कोबॉल्ट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में वैज्ञानिकों द्वारा कमरे के तापमान पर अद्वितीय चुंबकीय गुणों को प्रदर्शित करने वाले तत्व 'रूथेनियम' (RU) की खोज की गई।
- ऐसी प्रकृति को दर्शाने वाला रूथेनियम चौथा तत्व है।
- यह खोज अमेरिका में मिनेसोटा (Minnesota) विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की अगुवाई में की गई।
- इस खोज का उपयोग सेंसर्स, कंप्यूटर मेमोरी में उपकरणों और लॉजिक उद्योग में या चुंबकीय पदार्थ युक्त अन्य उपकरणों में किया जा सकता है।
- ध्यातव्य है कि अब तक पीरियॉडिक टेबल (आवधिक सारणी) पर केवल तीन तत्व कमरे के तापमान पर 'फेरोमैग्नेटिक' पाए गए हैं।
- ये तत्व हैं-लौह (Iron) (Fe), कोबाल्ट (Co) एवं निकेल (Ni)।
- दुर्लभ मृदा तत्व 'गैडोलिनियम' (Gd) 'फेरोमैग्नेटिक' प्रकृति दर्शाने वाले उपरोक्त चारों तत्वों (रूथेनियम सहित) के समूह में आने से रह जाता है।
- इसकी वजह तापमान में थोड़े से अंतर (8 डिग्री सेल्सियस) की प्रतिबद्धता है।

- नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन, इस नए फेरोमैग्नेटिक तत्व 'रूथेनियम' के मौलिक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त करता है।

चांद के अनदेखे हिस्से का पता लगाने के लिए चीनी सैटेलाइट

प्रश्न-हाल ही में चीन के द्वारा चांद के अनदेखे हिस्से का पता लगाने के लिए कौन-सा रिले सैटेलाइट लांच किया गया?



(a) क्वेकिआओ (b) बानझिंग (c) चाइनासेट 9 (d) याओगान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में चीन ने एक रिले उपग्रह उपग्रह लॉन्च किया।
- इसे पृथ्वी और चांद के बीच संचार लिंक स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया था। साथ ही यह चांद के अनदेखे हिस्से का पता लगाएगा।
- उपग्रह चीन के दक्षिण पश्चिम में ज़िचांग सैटेलाइट लांच सेंटर से 'लांग मार्च-4 सी' रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया।
- उपग्रह पृथ्वी से 455,000 किमी. (282,555 मील) की कक्षा में स्थापित किया जाएगा और ये इस कक्षा में काम करने वाला दुनिया का पहला संचार उपग्रह होगा।
- ध्यातव्य है कि चीन का रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ 2030 तक एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने का लक्ष्य है।
- चीन अगले वर्ष अपने स्वयं के मानव अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण शुरू करने की योजना बना रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.reuters.com/article/us-china-space/china-launches-satellite-to-explore-dark-side-of-moon-xinhua-idUSKCN1IL0XP

https://timesofindia.indiatimes.com/world/china/china-successfully-launches-satellite-to-explore-dark-side-of-moon/articleshow/64257291.cms

सुरंग में हवा परिसंचरण को नियंत्रित करने हेतु रेलवे द्वारा एआई का उपयोग

प्रश्न-पहली बार रेलवे द्वारा कहां स्थित 10.28 किमी. लंबी सुरंग में आपातकालीन अलर्ट जारी करने, पर्यवेक्षण और देखभाल कार्यों हेतु हवा परिसंचरण को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम बुद्धि (Artificial Intelligence) का उपयोग किया जाएगा?



(a) जम्मू एवं कश्मीर (b) उत्तराखंड (c) मणिपुर (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(c)


संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार पहली बार रेलवे इम्फाल में 10.28 किमी. लंबी सुरंग में आपातकालीन अलर्ट जारी करने, पर्यवेक्षण और देखभाल के कार्यों हेतु हवा परिसंचरण को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम बृद्धि (Artificial Intelligence) का उपयोग करेगा।
- यह सुरंग जिरीबाम से मणिपुर के राजधानी शहर (इम्फाल) तक 110 किमी. लंबी रेलवे लाइन का एक भाग है।
- इस प्रणाली का उपयोग हैदराबाद, मुंबई और अहमदाबाद मेट्रो में भी किया जाएगा।
- भारतीय रेलवे अपने सिग्नलिंग सिस्टम में त्रुटियों या समस्याओं का पता लगाने हेतु पहले से ही इस तकनीक का उपयोग कर रहा है।
- यह पहली बार है जब इस प्रकार की तकनीक का उपयोग सुरंग में हवा परिसंचरण में किया जाएगा।
- यह में प्रणाली अन्य पहलुओं के साथ-साथ सिस्टम में वायु परिसंचरण को नियंत्रित करेगी।
- यह आग के मामले में यात्री को सतर्क करेगा और किसी भी मुद्दे के संदर्भ में त्वरित निकासी में सहायता करेगा।
- इस सुरंग में मुख्यतः प्रति 500 मीटर में सुरक्षा सुरंग भी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://railanalysis.in/rail-news/railways-use-artificial-intelligence-ai-control-air-circulation-maintenance-work-10-28-km-long-tunnel-imphal/
http://www.zeebiz.com/india/news-now-indian-railways-to-use-artificial-intelligence-to-control-air-circulation-47788

नासा के उपग्रहों द्वारा वैश्विक ताजे जल में हो रहे प्रमुख बदलावों का खुलासा

प्रश्न-हाल ही में नासा के उपग्रहों द्वारा किस मिशन के तहत वैश्विक ताजे जल में हो रहे प्रमुख बदलावों का खुलासा किया गया?



(a) ग्रेविटी रिकवरी एंड क्लाइमेट एक्सपेरिमेंट
(b) ग्रेविटी रिकवरी एंड एटमॉस्फिरिकल स्टडी
(c) ग्रेविटी रिकवरी एंड चेंजेस इन फ्रेशवॉटर
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 मई, 2018 को प्रकाशित जर्नल 'नेचर' में हो रहे प्रमुख बदलावों का खुलासा किया।
- यह अध्ययन नासा के 'ग्रेविटी रिकवरी एवं क्लाइमेट एक्सपेरिमेंट' (GRACE) मिशन के तहत नासा के उपग्रहों द्वारा एकत्रित एक टाइम सीरीज आंकड़ों को दर्शाता है।

- चतुर्दश अध्ययनावधि (वर्ष 2002 से वर्ष 2016) के दौरान एकत्रित आंकड़ों के औसत से कम (लाल रंग) तथा अधिक (नीला रंग) को मानचित्र में ताजे जल की स्थिति को संदर्भित करने हेतु प्रयुक्त किया गया है।
- वैश्विक मानचित्र पर लाल रंग ताजे जल (Freshwater) को निम्नतर भंडारण तथा नीला रंग उच्चतर भंडारण को दर्शाता है।
- ध्यातव्य है कि ताजे जल की स्थिति से संबंधित यह अपने तरह का पहला अध्ययन है।
- अध्ययन में पाया गया है कि मानव जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक चक्र सहित विभिन्न कारकों के कारण पृथ्वी के गीले क्षेत्र अत्यधिक गीले तथा सूखे इलाके अत्यधिक शुष्क होते जा रहे हैं।
- अध्ययन में दुनियाभर के 34 क्षेत्रों में ताजे जल के वैश्विक रुझानों को ट्रैक किया गया है।
- ध्यातव्य है कि जुड़वा 'GRACE' सैटेलाइट्स को नासा ने जर्मन एयरोस्पेस सेंटर के साथ संयुक्त मिशन के रूप में वर्ष 2002 में लॉन्च किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nasa.gov/press-release/nasa-satellites-reveal-major-shifts-in-global-freshwater
https://www.jagranjosh.com/current-affairs/nasa-satellites-reveal-major-shifts-in-global-freshwater-1526646260-1

खेल परिदृश्य

टेनिस

रॉसमालेन ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप, 2018

प्रश्न-17 जून, 2018 को संपन्न रॉसमालेन ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप का पुरुष एकल खिताब किसने जीता?
(a) राफेल नडाल (b) रोजर फेडरर (c) रिचर्ड गैस्केट (d) रावेन क्लासेन



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- प्रतियोगिता का 29वां संस्करण रॉसमालेन, नीदरलैंड्स में संपन्न। (11-17 जून)
- प्रायोजक कारणों से इसे लिबेमा (Libe'ma) ओपन के नाम से भी जाना जाता है।
- प्रतियोगिता परिणाम

- पुरुष एकल
  विजेता- रिचर्ड गैस्केट (फ्रांस)
  उपविजेता-जर्मी चार्डी (फ्रांस)
- महिला एकल
  विजेता-अलेक्जांद्रा क्रुनिक (सर्बिया)
  उपविजेता-क्रिस्टेन फ्लिपकेंस (बेल्जियम)
- पुरुष युगल
  विजेता-डोमिनिक इंग्लोट (अमेरिका) एवं फ्रैंको स्कोगर (क्रोएशिया)
  उपविजेता-रावेन क्लासेन (द. अफ्रीका) एवं माइकेल वीनस (न्यूजीलैंड)
- महिला युगल
  विजेता-एलिस मर्टेंस (बेल्जियम) एवं डेम स्कुअर्स (नीदरलैंड्स)
  उपविजेता-किकी बेर्तेंस (नीदरलैंड्स) एवं क्रिस्टेन फ्लिपकेंस (बेल्जियम)

संबंधित लिंक भी देखें...
http://libema-open.nl/en/2018/06/17/gasquet-best-in-french-duel/
https://www.tennisworldusa.org/tennis/news/On_the_ATP_results_with/56500/atp-shertogenbosch-dominic-inglot-and-franko-skugor-claim-title/

फ्रेंच ओपन, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न हुई फ्रेंच ओपन टेनिस (रोलैंड गैरोस) प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) सिमोना हालेप (b) स्लोन स्टीफेंस (c) एंजेलिक कर्बर (d) जेलेना ओस्टापेंको



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- टेनिस प्रतियोगिता फ्रेंच ओपन, 2018 (रोलैंड गैरोस) पेरिस, फ्रांस में संपन्न। (21 मई, 2018-10 जून, 2018)
- लॉन टेनिस की इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता (वर्ष की दूसरी) के परिणाम इस प्रकार रहे-
- **पुरुष एकल**
  विजेता-राफेल नडाल (स्पेन)
  उपविजेता-डोमिनिक थिएम (ऑस्ट्रिया)
- **महिला एकल**
  विजेता-सिमोना हालेप (रोमानिया)
  उपविजेता-स्लोन स्टीफेंस (अमेरिका)

- **पुरुष युगल**
  विजेता-पियरे ह्यूग्स हर्बर्ट और निकोलस महुत (दोनों फ्रांस)
  उपविजेता-ओलिवर माराच (ऑस्ट्रिया) और मेट पैविक (क्रोएशिया)
- **महिला युगल**
  विजेता-कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रेजसिकोवा (दोनों चेक गणराज्य)
  उपविजेता-मकोटो निनोमिया और इरी होजुमी (दोनों जापान)
- **मिश्रित युगल**
  विजेता-लतीशाचान (चान युंग-जन) (चीनी ताइपे) और इवान डोडिंग (क्रोएशिया)
  उपविजेता-गैब्रिएला डाब्रोवस्की (कनाडा) और मेट पैविक (क्रोएशिया)
- राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन का खिताब 11वीं बार जीता है।
- सिमोना हालेप ने फ्रेंच ओपन का खिताब पहली बार जीता है।
- सिमोना हालेप तीसरी बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची थीं।
- फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब सर्वाधिक बार अमेरिकी खिलाड़ी क्रिस एवर्ट (7 बार) ने जीता है।
- सिमोना हालेप ने पहली बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.rolandgarros.com/en-us/results/1?type=SM
https://www.rolandgarros.com/en-us/article/roland-garros-2018-simona-halep-beats-sloane-stephens-to-win-womens-singles-title
https://www.rolandgarros.com/en-us/photo-gallery/gallery-roland-garros-2018-champions?photo=0

नान यिंग कप इंटरनेशनल जूनियर चैंपियनशिप 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न आईटीएफ ग्रेड-2 की टेनिस प्रतियोगिता नान यिंग कप इंटरनेशनल जूनियर चैंपियनशिप, 2018 का बालक वर्ग (एकल) का खिताब किसने जीता?
(a) मेघ भागर्व पटेल (b) हान-चिन लिन (c) सचित शर्मा (d) चेंग वेई वू
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- आईटीएफ ग्रेड-2 की टेनिस प्रतियोगिता नान यिंग कप इंटरनेशनल जूनियर चैंपियनशिप, 2018 चीनी ताइपे में संपन्न। (29 मई,-3 जून, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- बालक वर्ग (एकल)
- विजेता-सचित शर्मा (भारत)

- उपविजेता-मेघ भार्गव पटेल (भारत)
- बालक वर्ग (युगल)
- विजेता-योंगसिओक जियॉन्ग (कोरिया) और सिटा वातनबे (जापान)
- उपविजेता-हान-चिह लिन और चेंग वेई वू (दोनों ताइपे)
- बालिका वर्ग (एकल)
- विजेता-थसापोर्न नाक्लो (थाइलैंड)
- उपविजेता-फुना कोजाकी (जापान)
- बालिका वर्ग (युगल)
- विजेता-माना कवामुरा और हिमेनो सकतसुमे (दोनों जापान)
- उपविजेता-साकी इमामुरा और फुना कोजाकी (दोनों जापान)

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.itftennis.com/juniors/tournaments/tournament/info.aspx?tournamentid=11000413 69

क्रिकेट

भारतीय क्रिकेट टीम का आयरलैंड दौरा, 2018

प्रश्न-29 जून, 2018 को आयरलैंड में संपन्न दो टी-20 मैचों की शृंखला का 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' किसे चुना गया?



(a) लोकेश राहुल (b) युजवेंद्र चहल (c) कुलदीप यादव (d) रोहित शर्मा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारतीय क्रिकेट टीम का आयरलैंड दौरा संपन्न। (27-29 जून, 2018)
- दौरे पर दो अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए 2-0 से जीत ली।
- 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'-युजवेंद्र चहल (भारत)
- 'शृंखला में सर्वाधिक रन'-रोहित शर्मा (भारत), कुल 97 रन।
- शृंखला में भारतीय कप्तान-विराट कोहली
- शृंखला में आयरलैंड के कप्तान-गैरी विल्सन
- शृंखला का दूसरा मैच भारत ने 143 रनों के अंतर से जीता।
- यह अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत और ओवरऑल दूसरी संयुक्त सबसे बड़ी जीत है।

- इससे पूर्व अप्रैल, 2018 में पाकिस्तान ने कराची में वेस्टइंडीज को 143 रनों के अंतर से पराजित किया था।
- इस मामले में श्रीलंका की टीम शीर्ष पर है जिसने सिंतबर, 2007 में जोहांसबर्ग में केन्या को 172 रनों के अंतर से पराजित किया था।
- दूसरे टी-20 मैच में सिद्धार्थ कौल (भारत) ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेला।

संबंधित लिंक....
http://www.espncricinfo.com/series/_/id/18018/ind-in-eng-2018/

बिहार एवं पूर्वोत्तर की टीमें खेलेंगी घरेलू सत्र में

प्रश्न-हाल ही में BCCI ने पूर्वोत्तर राज्यों की टीमों और बिहार क्रिकेट टीम को घरेलू सत्र में खेलने हेतु स्वीकृति प्रदान की। अपनी आमसभा में किस राज्य की टीम को घरेलू सत्र में खेलने की स्वीकृति नहीं प्रदान की है?



(a) गुजरात (b) तमिलनाडु (c) उत्तराखंड (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने अपनी विशेष आमसभा (SJM) में बिहार एवं पूर्वोत्तर राज्यों की टीमों के घरेलू क्रिकेट खेलने पर मोहर लगा दी। (22 जून, 2018)
- उत्तराखंड की टीम को भी रणजी ट्रॉफी खेलने के सीओए से मंजूरी मिल गई है परंतु आम सभा ने उसे अभी हरी झंडी नहीं दी है।
- भारतीय क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंध को भी आम सभा ने अपनी विशेष बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- बैठक में 28 राज्य संघों के प्रतिनिधि मौजूद थे।
- संशोधित केंद्रीय अनुबंधों के तहत A प्लस श्रेणी के क्रिकेटरों को 7 करोड़ रुपये; A, B, C श्रेणी में क्रमशः 5, 3 और 1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
- इसके साथ ही आमसभा ने घरेलू क्रिकेटरों और महिला क्रिकेटरों के वेतन में भी बढ़ोत्तरी को स्वीकृति दे दी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/sport/cricket/uttarakhand-may-have-to-wait-for-entry-into-first-class-cricket/article24233941.ece
https://indianexpress.com/article/sports/cricket/after-18-year-wait-uttarakhand-set-for-ranji-trophy-debut-5222860/

ICC फ्यूचर टूर प्रोग्राम, 2018-2023

प्रश्न-ICC फ्यूचर टूर प्रोग्राम, 2018-2023 के निम्न कथनों पर विचार करें?

(a) 15 जुलाई, 2019 से 30 अप्रैल, 2021 तक प्रथम उद्घाटित विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।



(b) इसके प्रथम सत्र में 12 टीमें भाग लेंगी।

(c) वनडे लीग 1 मई, 2020 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2022 तक चलेगी।

(d) वनडे लीग 2023 के क्रिकेट विश्व कप के क्वालीफायर का भाग होगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा वर्ष 2018-2023 तक के 5 वर्षों के लिए पुरुषों का फ्यूचर टूर प्रोग्राम (FTP) जारी किया गया। (20 जून, 2018)
- ICC के अनुसार 15 जुलाई, 2019 से 30 अप्रैल, 2021 तक चलने वाली प्रथम उद्घाटित विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले सत्र में शीर्ष 9 टीमें भाग लेंगी।
- इसमें से प्रत्येक टीम दो वर्ष के चक्र में पारस्परिक रूप से चुने गए विरोधियों के विरुद्ध घरेलू और विदेश में छः शृंखला खेलेंगे।
- जिसके बाद शीर्ष की दो टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जून, 2021 में प्रतिभाग करेंगी।
- यह टेस्ट शृंखला 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद प्रारंभ होगी।
- वेस्टइंडीज दौरे पर भारत मेजबान टीम से तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैच भी खेलेगा।
- इसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत का अगला मुकाबला अक्टूबर, 2019 में दक्षिण अफ्रीका से होगा।
- फिर भारत बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ खेलेगा।
- भारत इस टेस्ट विश्व चैंपियनशिप में कुल 18 टेस्ट खेलेगा जिसमें से 12 टेस्ट वह ऑस्ट्रेलिया (4 टेस्ट), दक्षिण अफ्रीका (3 टेस्ट) तथा इंग्लैंड (5 टेस्ट) के विरुद्ध खेलेगा।
- विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के साथ ही वनडे लीग में विश्व क्रिकेट लीग चैंपियनशिप की विजेता नीदरलैंड्स के अतिरिक्त टेस्ट खेलने वाली सभी 12 टीमें हिस्सा लेंगी।
- एकदिवसीय (वनडे) लीग 1 मई, 2020 से प्रारंभ होकर 31 मार्च, 2022 तक चलेगी।
- भारत एकदिवसीय लीग में अपनी शुरुआत जून, 2020 में श्रीलंका दौरे से करेगा।
- यह लीग 2023 के क्रिकेट विश्व कप के क्वालीफायर का भाग होगी।

- इस एकदिवसीय लीग की शीर्ष सात टीमें और मेजबान भारत 2023 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.icc-cricket.com/news/742353

भारत-अफगानिस्तान टेस्ट शृंखला-2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न भारत-अफगानिस्तान टेस्ट शृंखला, 2018 के निम्न कथनों पर विचार करें?

(a) यह शृंखला बंगलुरू में संपन्न हुई।

(b) भारतीय टीम कोई भी टेस्ट मैच दो दिन में जीतने वाली पहली एशियाई क्रिकेट टीम बनी।

(c) अफगानिस्तान के मुजीब-उर-रहमान 21वीं सदी में जन्म लेने के बाद टेस्ट मैच में पदार्पण करने वाले पहले क्रिकेटर बने।



(d) उमेश यादव (भारत) ने टेस्ट मैचों में अपने 200 विकेट पूरे किए।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- भारत-अफगानिस्तान के मध्य एकमात्र टेस्ट मैच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बंगलुरू में खेला गया। (14-18 जून, 2018)
- भारत ने इस ऐतिहासिक टेस्ट के दूसरे दिन अफगानिस्तान को एक पारी और 262 रन के रिकॉर्ड अंतर से हराकर जीत दर्ज की। (14-15 जून, 2018)
- भारत के 474 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में 109 तथा दूसरी पारी 103 रन पर ऑल आउट हो गई।
- 141 वर्ष के टेस्ट इतिहास में यह 21वां अवसर है जब किसी टीम ने कोई टेस्ट मैच सिर्फ दो दिन में जीता।
- भारत, मात्र दो दिन में टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम भी बन गयी।
- अफगानिस्तान ने दोनों ही पारियों में कुल मिलाकर मात्र 66.3 ओवर का ही सामना किया।
- टेस्ट क्रिकेट में यह चौथा अवसर है जब कोई टीम एक ही दिन में दो बार आउट हुई है।
- पदार्पण मैच खेलने वाली किसी भी टीम के लिए यह सबसे बड़ी हार है।
- अफगानिस्तान पदार्पण टेस्ट मैच दो ही दिन में हारने वाली विश्व की दूसरी टीम बन गयी।
- इससे पूर्व द अफ्रीका ने 129 वर्ष पहले (1889) अपना पदार्पण टेस्ट मैच इंग्लैंड के विरूद्ध मात्र दो दिन में गंवाया था। हालांकि, वह टेस्ट तीन दिन का था।
- लेकिन टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पहला अवसर था जब कोई भी टीम पांच दिन के टेस्ट मैच में सिर्फ दो दिन में अपना पदार्पण टेस्ट मैच हार गई हो।

- भारतीय गेंदबाज उमेश यादव ने अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमत शाह को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में अपना 100वां विकेट प्राप्त किया।
- 'मैन ऑफ द मैच'-शिखर धवन (भारत)।
- 'शृंखला में सर्वाधिक रन'- शिखर धवन (भारत), कुल 107 रन।
- 'शृंखला में सर्वाधिक विकेट'-रवींद्र जडेजा (भारत), कुल 6 विकेट।
- शृंखला में भारतीय कप्तान आंजिक्य रहाणे एवं अफगानिस्तान के कप्तान असघर स्टानिक जाई रहे।
- 24 विकेट इस टेस्ट मैच में एक ही दिन गिरे। पिछली बार ऐसा 116 वर्ष पहले (ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड, मेलबर्न, 25 विकेट) पहले हुआ था।
- अफगानिस्तान के मुजीब-उर-रहमान 21वीं सदी में जन्म लेने के बाद टेस्ट मैच में पदार्पण करने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर (जन्म 28 मार्च, 2001) बन गए।
- मुजीब अफगानिस्तान की ओर से टेस्ट पदार्पण करने वाले सबसे युवा क्रिकेटर (17 वर्ष 78 दिन) बने।
- साथ ही मुजीब बिना कोई प्रथम श्रेणी मैच खेले टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले (First Class debut in a test match) पहले क्रिकेटर बने।
- जून, 2017 में टेस्ट क्रिकेट का दर्जा प्राप्त करने के बाद यह अफगानिस्तान का प्रथम टेस्ट मैच था।
- अफगानिस्तान टेस्ट मैच खेलने वाला विश्व का 12वां देश बना।
- यह भारत में जून माह में खेला गया प्रथम टेस्ट मैच था। अब मात्र मई और जुलाई के महीने शेष हैं जिसमें कोई भी टेस्ट मैच भारत में नहीं खेला गया है।
- टेस्ट क्रिकेट में यामिन अहमदाजाई ने अफगानिस्तान के लिए पहली गेंद फेंकी और साथ ही यामिन ने शिखर धवन के रूप में अफगानिस्तान के लिए पहला टेस्ट विकेट लिया।
- अफगानिस्तान के लिए पहली गेंद मोहम्मद शहजाद ने खेली और वह 14 रन बनाकर रन आउट हुए।
- जावेद अहमदी के रूप में इशांत शर्मा ने अफगानिस्तान का पहला टेस्ट विकेट लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.enavabharat.com/news/current-matches/story/222655.html
https://indianexpress.com/article/sports/cricket/india-vs-afghanistan-live-cricket-score-test-live-streaming-5218172/

बैडमिंटन

थॉमस एवं उबेर कप, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न महिलाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता उबेर कप, 2018 का खिताब किसने जीता?

(a) जापान (b) थाइलैंड (c) दक्षिण कोरिया (d) चीन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- पुरुषों की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता 'थॉमस कप' और महिलाओं की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता उबेर कप बैंकाक, थाईलैंड में संपन्न। (20-27 मई, 2018)
- थॉमस कप का यह 30 वां संस्करण तथा उबेर कप का 27वां संस्करण था।
- प्रायोजक-टोटल (TOTAL)
- थॉमस कप बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष) का परिणाम
  स्वर्ण पदक-चीन (3-1)
  रजत पदक-जापान
  कांस्य पदक-डेनमार्क एवं इंडोनेशिया
- उबेर कप बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला) का परिणाम
  स्वर्ण पदक-जापान (3-0)
  रजत पदक-थाईलैंड
  कांस्य पदक-दक्षिण कोरिया एवं चीन
- जापान ने 37 वर्ष बाद उबेर कप जीता है।
- इससे पूर्व वर्ष 1981 में जापान ने उबेर कप जीता था।
- चीन ने 10वीं बार थॉमस कप का खिताब जीता।
- अंतिम बार वर्ष 2012 में चीन ने यह खिताब जीता था।
- जापान ने अंतिम और मात्र एक बार वर्ष 2014 में थॉमस कप जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://bwfthomasubercups.com/news-single/2018/05/27/title-no-10-for-china-thomas-cup-final-total-bwf-thomas-uber-cup-finals-2018/
http://bwfthomasubercups.com/news-single/2018/05/26/women-of-the-rising-stun-uber-cup-final-total-bwf-tuc-finals-2018/
https://en.wikipedia.org/wiki/2018_Thomas_%26_Uber_Cup

फॉर्मूला वन

इटैलियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018

प्रश्न-हाल ही में इटली के मुगेलो सर्किट में संपन्न इटैलियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018 का खिताब किसने जीता?



(a) एंड्रिया डोविजिओसो (b) जार्ज लॉरेंजी (c) वेलेनटिनो रॉसी (d) डेनिलो पेटरूक्की

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- इटैलियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018 मुगेलो सर्किट, स्कारपेरिया, इटली में संपन्न। (1-3 जून, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-जार्ज लॉरेंजी (स्पेन), टीम-डुकाटी
- उपविजेता-एंड्रिया डोविजिओसो (इटली) टीम-डुकाटी
- इस मोटो रेस प्रतियोगिता में यामाहा टीम के चालक वेलेनटिनो रॉसी (इटली) तीसरे स्थान पर रहे।
- पोल पोजीशन-वेलेनटिनो रॉसी, टीम-यामाहा
- फास्टेस्ट लैप-डेनिलो पेटरूक्की, टीम डुकाटी

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.motorsport.com/motogp/results/2018/italian-gp-190733/?st=RACE

खेल विविध

अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच (पुरुष) की एक पारी में सर्वाधिक रनों का विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न-19 जून, 2018 को संपन्न इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया पुरुष वनडे मैच में एक पारी में सर्वाधिक रनों (481) का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। इससे पूर्व यह रिकॉर्ड किस टीम के नाम था?



(a) ऑस्ट्रेलिया (b) न्यूजीलैंड (c) भारत (d) इंग्लैंड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 5 वनडे मैचों की शृंखला के तीसरे मैच में नॉटिंघम (Nottingham) में 6 विकेट पर 481 रन बनाकर वनडे मैच (पुरुष) में एक पारी में सर्वाधिक रनों का विश्व रिकॉर्ड बनाया। (19 जून, 2018)

- इससे पूर्व भी यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के ही नाम था, जब उसने अगस्त, 2016 में इसी मैदान पर 3 विकेट पर 444 रन बनाए थे।
- 481 रनों में एलेक्स हेल्स ने 147 रनों (92 गेंद) तथा जॉनी बेयरस्टो ने 139 रनों (92 गेंद) का योगदान दिया।
- यह प्रथम अवसर है जब पुरुष क्रिकेट टीम ने अंतरराष्ट्रीय वन डे मैच में 450 रनों से अधिक का आंकड़ा पर किया।
- इस मैच में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 242 रनों से पराजित किया और यह रनों के हिसाब से इंग्लैंड की सबसे बड़ी जीत और ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार है।
- इयान मॉर्गन ने 21 गेंदों पर अर्द्धशतक लगाया और सबसे कम गेंदों पर अर्द्धशतक बनाने वाले दूसरे इंग्लिश बल्लेबाज बने। इससे पूर्व जोस बटलर ने 2016 में पाकिस्तान के विरूद्ध इसी मैदान पर 22 गेंदों पर अर्द्धशतक जड़ा था।
- इयान मॉर्गन अपनी 67 रन की पारी से इग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज बन गये।
- मोर्गन, इंग्लैंड के लिए अब तक 180 वनडे मैचों में 5443 रन बना चुके हैं।
- उन्होंने इयान बेल के रिकार्ड (161 मैच, 5416 रन) को पीछे छोड़ा।
- हालांकि मोर्गन के नाम कुल 203 वनडे मैचों में 6187 रन हैं।
- इंग्लैंड से पूर्व वह आयरलैंड के लिए 23 वनडे मेचों में 744 रन बना चुके हैं।
- इग्लैंड ने वनडे की एक पारी में दूसरे सबसे अधिक छक्के (21) लगाने का रिकॉर्ड बनाया।
- एक पारी में सर्वाधिक 22 छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड न्यूजीलैंड (जनवरी, 2014 में क्वींसटाउन में वेस्टइंडीज के विरुद्ध) के नाम है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.telegraph.co.uk/cricket/2018/06/19/england-vs-australia-third-odi-live-score-updates/

4 नई टीमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एकदिवसीय रैंकिंग में शामिल

प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा 4 नई टीमें एकदिवसीय रैंकिंग में शामिल की गईं। प्रश्न में कौन-सी टीम इसमें शामिल नहीं है?
(a) नेपाल (b) नीदरलैंड्स (c) यूएई (d) अफगानिस्तान



उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 4 नई टीमों नेपाल, नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड और यूएई को एकदिवसीय रैंकिंग में शामिल किया। (1 जून, 2018 से प्रभावी)

- ये नई टीमें अब जो द्विपक्षीय एकदिवसीय मैच खेलेंगी उन्हें रेटिंग गणना में शामिल किया जाएगा।
- नीदरलैंड्स ने विगत वर्ष आईसीसी विश्व क्रिकेट लीग चैंपियनशिप जीतकर एकदिवसीय और 13 टीमों के वनडे लीग में जगह बनाई।
- नेपाल, स्कॉटलैंड और यूएई ने आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर 2018 में एसोसिएट देशों में शीर्ष तीन में रहने के कारण वनडे दर्जा हासिल किया।
- आईसीसी की मौजूदा 12 टीमों के बाद इन चार नई टीमों को भी रैंकिंग प्रदान की गई है।
- स्कॉटलैंड (33 अंक) और यूएई (18 अंक) को क्रमशः 13वीं और 14वीं रैंकिंग प्रदान की गई है। (10 जून, 2018)
- नीदरलैंड्स और नेपाल को इस रैंकिंग तालिका में शामिल होने हेतु अभी 4 मैच और खेलने होंगे।
- अगले आईसीसी विश्व कप का मेजबान देश इंग्लैंड (123 अंक) वनडे रैंकिंग में वर्तमान में शीर्ष पर है। (10 जून, 2018)
- वनडे रैंकिंग में भारत (122 अंक) दूसरे स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.espncricinfo.com/story/_/id/23666283/four-new-teams-icc-odi-rankings
https://www.icc-cricket.com/rankings/mens/team-rankings/odi
https://www.thedailystar.net/sports/cricket/four-new-teams-icc-odi-rankings-1585141

म्यूनिख ग्रैंड प्रिक्स, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न शूटिंग प्रतियोगिता म्यूनिख ग्रैंड प्रिक्स, 2018 में किस भारतीय महिला खिलाड़ी ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

(a) तेजस्विनी सावंत (b) अंजुम मौदगिल (c) अपूर्वी चंदेल(d) श्रेया सक्सेना



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- शूटिंग प्रतियोगिता म्यूनिख ग्रैंड प्रिक्स, 2018 म्यूनिख, जर्मनी में संपन्न। (23 मई, 2018)
  प्रतियोगिता परिणाम-
- **पुरुष (50 मीटर राइफल प्रोन)**
  स्वर्ण पदक-मैथ्यू इमोंस (अमेरिका)
  रजत पदक-चेन सिंह (भारत)
  कांस्य पदक-ओलेह तशरकोव (यूक्रेन)
- **महिला (50 मीटर राइफल प्रोन)**
  स्वर्ण पदक-तेजस्विनी सावंत (भारत)

रजत पदक-अंजुम मौदगिल (भारत)
कांस्य पदक-ओलिविया हॉफमैन (ऑस्ट्रिया)

संबंधित लिंक भी देखें...
https://results.sius.com/Events.aspx?Championship=GrandPrix20180521MunichGER

चर्चित खेल व्यक्तित्व

टेनिस खिलाड़ी मारिया ब्यूनो का निधन

प्रश्न-हाल ही में टेनिस खिलाड़ी मारिया ब्यूनो का निधन हो गया। वह किस देश की प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी थीं?



(a) जर्मनी (b) ब्राजील (c) स्विट्जरलैंड (d) फिनलैंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जून, 2018 को ब्राजील की लोकप्रिय टेनिस खिलाड़ी मारिया ब्यूनो (78 वर्ष) का साओ पाउलो में निधन हो गया।
- वह विगत कई वर्षों से मुंह के कैंसर से पीड़ित थीं।
- उन्हें टेनिस की ब्राजिलियाई 'रानी' माना जाता था।
- उन्होंने अपने टेनिस कैरियर में तीन बार विंबलडन और चार बार अमेरिकी ओपन चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- मारिया ब्यूनो को 'साओ पाउलो स्वालो' उपनाम से भी पुकारा जाता था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nytimes.com/2018/06/09/obituaries/maria-bueno-dead-tennis.html

मिताली राज

प्रश्न-भारत महिला क्रिकेट टीम की कप्तान (एकदिवसीय एवं टेस्ट) मिताली राज से संबंधित तथ्य पर विचार कीजिए-



(I) अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 2000 रनों के क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय हैं।

(II) अंतरराष्ट्रीय महिला एकदिवसीय मैचों में लगातार 8 अर्द्धशतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

(III) अंतरराष्ट्रीय महिला एकदिवसीय खिलाड़ियों में 6000 रनों के क्लब में पहुंचने वाली एकमात्र

खिलाड़ी हैं।

(a) I एवं II (b) I एवं III (c) II एवं III (d) I, II एवं III

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मिताली राज-भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान (एकदिवसीय एवं टेस्ट)।
- 7 जून, 2018 को क्वलालंपुर में महिला एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में श्रीलंका के विरुद्ध खेले गए मैच में मिताली राज ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 2000 रन पूरे किए।
- वह अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 2000 रनों के क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी (महिला/पुरुष) बनीं।
- उन्होंने यह उपलब्धि अपने 74वें मैच (71 पारियों में 2015 रन) में प्राप्त की।
- इस टी-20 टूर्नामेंट हेतु भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं।
- ध्यातव्य है कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 में कुल 1983 रन (57 मैचों में) बनाए हैं।
- ध्यान देने योग्य है कि वर्ष 2017 में अंतरराष्ट्रीय महिला एकदिवसीय मैचों में मिताली राज ने 2 विश्व रिकॉर्ड भी बनाए थे-
- लगातार 7 अर्द्धशतकों का और
- 6000 रनों के क्लब में शामिल होने वाली पहली व एकमात्र महिला खिलाड़ी का।
- मिताली राज ने 194 अंतरराष्ट्रीय महिला एकदिवसीय मैचों में कुल 6373 रन बनाए हैं।
- एक से अधिक आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्वकप (वर्ष 2005 एवं वर्ष 2017) के फाइनल मैच में कप्तानी करने वाली वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी (महिला/पुरुष) हैं।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jansatta.com/khel/womens-asia-cup-t20-2018-mithali-raj-becomes-first-indian-woman-cricketer-to-score-2000-runs-in-t20i-cricket-india-women-vs-sri-lanka-women-match/680285/

टिमोथी परेरा

प्रश्न-हाल ही में टिमोथी परेरा का निधन हो गया। वह थे-

(a) फुटबॉलर (b) क्रिकेटर (c) हॉकी प्लेयर (d) टेनिस प्लेयर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी टिमोथी परेरा का निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे।

- वह वर्ष 1967-68 में भारत के लिए खेले।
- उन्होंने टाटा फुटबॉल क्लब का प्रतिनिधित्व किया था।

आईसीसी क्रिकेट कमेटी में प्रतिनिधियों की नियुक्ति

प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट कमेटी में किसे महिला क्रिकेट प्रतिनिधि नामित किया गया है?

(a) क्लेयर कॉनर (b) बेलिंडा क्लार्क (c) डायना एडुलजी (d) अंजुम चोपड़ा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में माइक हेसन (न्यूजीलैंड), बेलिंडा क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया) और केली कोटेजर (स्कॉटलैंड) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट कमेटी में नियुक्त किया गया।
- माइक हेसन को पूर्ण सदस्य टीम का कोच प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।
- इस पद पर वह डैरेन लेहमेन का स्थान ग्रहण करेंगे।
- वर्तमान में माइक हेसन न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कोच हैं।
- बेलिंडा क्लार्क को महिला क्रिकेट प्रतिनिधि नामित किया गया है।
- इस पद पर वह क्लेयर कॉनर का स्थान ग्रहण करेंगी।
- बेलिंडा क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान रह चुकी हैं।
- इस पद पर वह आयरलैंड के केबिन ओ'ब्रायन का स्थान ग्रहण करेंगे।
- केली कोटेजर स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/692767

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

प्रश्न-हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के किस क्रिकेट खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की?

(a) हाशिम अमला (b) एबी डीविलियर्स (c) जेपी डुमिनी (d) डेल स्टेन



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को दक्षिण अफ्रीका के 34 वर्षीय एबी डीविलियर्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।
- एबी डीविलियर्स का पूरा नाम अब्राहम बेंजामिन डी विलियर्स है।

- विकेटकीपर बल्लेबाज एबी डीबिलियर्स ने वर्ष 2004 में पोर्ट एलिजाबेथ में इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- वर्तमान में डीविलियर्स आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू के साथ जुड़े हुए हैं। इससे पूर्व वह डेल्ही डेयरडेबिल्स से खेल चुके हैं।
- डीविलियर्स का अंतरराष्ट्रीय कैरियर एक नजर में-
- टेस्ट-114 मैच, 191 पारियों में 50.66 के औसत से 8765 रन, उच्चतम स्कोर 278 रन, 22 शतक, 46 अर्द्धशतक।
- एक दिवसीय-228 मैच, 218 पारियों में 53.50 के औसत से 9577 रन, उच्चतम स्कोर-176 रन, 25 शतक, 53 अर्द्धशतक।
- अंतरराष्ट्रीय टी-20-78 मैच, 75 पारियों में 26.12 के औसत से 1672 रन, उच्चतम स्कोर-79, 10 अर्द्धशतक।
- डीविलियर्स ने टेस्ट मैचों में 2 विकेट और एकदिवसीय मैचों में 7 विकेट प्राप्त किए हैं।
- संन्यास के बाद भी डीविलियर्स घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे।
- डीविलियर्स के नाम अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 31 गेंदों में शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड है।
- डीविलियर्स को वर्ष 2010, 2014 और 2015 में आईसीसी द्वारा ओडीआई प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/sport/cricket/ab-de-villiers-retires-from-international-cricket/article23969306.ece
http://indianexpress.com/article/sports/cricket/ab-de-villiers-retires-from-international-cricket-south-africa-5188307/

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

बी.वी.आर. सुब्रमण्यम

प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने किस राज्य के प्रमुख सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया?



(a) जम्मू-कश्मीर (b) झारखंड (c) मध्य प्रदेश (d) छत्तीसगढ़
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 जून, 2018 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने जम्मू-कश्मीर राज्य के प्रमुख सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह वर्ष 1987 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व वह छत्तीसगढ़ सरकार में अतिरिक्त प्रमुख सचिव (गृह) के रूप में कार्यरत थे।
- इस पद इन्होंने बी.बी. व्यास का स्थान लिया, जिन्हें राज्यपाल एन.एन. वोहरा का सलाहकार बनाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.dnaindia.com/india/report-bvr-subrahmanyam-assumes-office-as-chief-secretary-of-jammu-and-kashmir-b-b-vyas-as-adviser-2628338
https://www.aninews.in/news/national/general-news/bvr-subrahmanyam-takes-over-as-chief-secretary-of-j-k20180623164015003/

पेगी व्हिटसन

प्रश्न-हाल ही में पेगी व्हिटसन चर्चा में रही। वह हैं-
(a) वैज्ञानिक (b) अभिनेत्री (c) साहित्यकार (d) अंतरिक्ष यात्री



उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 15 जून, 2018 को नासा की प्रमुख अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन (Peggy Whitson) एजेंसी से सेवानिवृत्त हुईं।
- व्हिटसन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दो बार महिला कमांडर रह चुकी हैं।
- इनके नाम ISS की पहली महिला कमांडर होने का भी रिकॉर्ड है।
- वापसी के साथ ही उनके 288 दिन के मिशन का समापन हो गया।
- यह मिशन विगत वर्ष नवंबर माह में शुरू हुआ था।
- इस मिशन के तहत 12.22 करोड़ मील की दूरी तय की गई और पृथ्वी के 4623 चक्कर लगाए गए।
- अंतरिक्ष केंद्र पर यह उनका तीसरा दीर्घकालिक मिशन था।
- इसके साथ ही उनके कैरियर की कुल स्पेसवॉक की संख्या 10 हो गई है।
- उन्होंने अंतरिक्ष में कुल 665 दिन व्यतीत किए जो किसी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री द्वारा बिताए गए सर्वाधिक समय का रिकॉर्ड है।
- वह अंतरिक्ष अन्वेषण में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज महिला अंतरिक्ष यात्री भी रह चुकी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nasa.gov/press-release/record-setting-nasa-astronaut-peggy-whitson-retires

डॉ. इंदरजीत सिंह

प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. इंदरजीत सिंह ने किस मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण किया?



(a) गृह मंत्रालय (b) विद्युत मंत्रालय (c) रक्षा मंत्रालय (d) कोयला मंत्रालय

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. इंदरजीत सिंह ने कोयला मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने सुशील कुमार का स्थान लिया।
- इससे पूर्व खान सचिव अनिल जी मुखिम को कोयला सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।
- डॉ. इंदरजीत सिंह इससे पूर्व कैबिनेट सचिवालय में सचिव (समन्वय) के पद पर कार्यरत थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179955

शुजात बुखारी

प्रश्न-हाल ही में शुजात बुखारी का निधन हो गया। वह थे-



(a) चित्रकार (b) पत्रकार (c) इतिहासकार (d) पर्यावरणविद्

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को वरिष्ठ पत्रकार शुजात बुखारी का निधन हो गया।
- वह श्रीनगर में अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र 'राइजिंग कश्मीर' के प्रधान संपादक थे।
- गौरतलब है कि श्रीनगर में उनके कार्यालय के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.amarujala.com/india-news/bukhari-was-killed-over-his-advocacy-for-independent-kashmir-and-isi-hurriyat-would-be-behind-it

दिव्या सूर्यदेवरा

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला किस वाहन निर्माता कंपनी की मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त हुईं?



(a) टाटा मोटर्स (b) जनरल मोटर्स (c) अशोक लेलैंड (d) हुंडई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को भारतीय मूल की अमेरिकी महिला दिव्या सूर्यदेवरा अमेरिका की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर्स की मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) नियुक्त हुईं।
- वह जनरल मोटर्स अध्यक्ष एवं सीईओ मैरी वारा को रिपोर्ट करेंगी।
- उनका कार्यकाल 1 सितंबर, 2018 से प्रारंभ होगा।
- वर्तमान में वह कंपनी उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट फाइनेंस) के पद पर कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह चक स्टीवेंस का स्थान लेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.financialexpress.com/hindi/business-news/who-is-divya-suryadwara-who-has-become-general-motorss-cfo/1205932/

प्रोफेसर पनमना रामचंद्रन नायर

प्रश्न-हाल ही में प्रोफेसर पनमना रामचंद्रन नायर का निधन हो गया। वे थे-



(a) वैज्ञानिक (b) पर्यावरणविद् (c) लेखक (d) इतिहासकार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को प्रसिद्ध मलयालम लेखक एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर पनमना रामचंद्रन नायर का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।
- वह एक आलोचक, अनुवादक और विद्वान थे।
- उन्होंने 20 से अधिक पुस्तकें लिखी थीं जिसमें 5 पुस्तकें मलयालम भाषा के सही उपयोग पर है।
- भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें केरल साहित्य अकादमी द्वारा स्थापित 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://english.mathrubhumi.com/news/kerala/noted-writer-panmana-ramachandran-nair-passes-away-kerala-1.2866983

आसियान में भारत के नए राजदूत

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे आसियान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया?

(a) सुरेश के. रेड्डी (b) रूद्रेंद्र टंडन (c) राजेश श्रीवास्तव (d) मधु सेठी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रूद्रेंद्र टंडन को आसियान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह सुरेश के. रेड्डी का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases-hi.htm?dtl/29957/Rudrendra_Tandon_appointed_as_next_Ambassador_of_India_to_ASEAN

टॉमी थॉमस

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के टॉमी थॉमस किस देश में अटॉर्नी जनरल नियुक्त हुए?

(a) इंडोनेशिया (b) मलेशिया (c) मॉरीशस (d) बांग्लादेश



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को मलेशिया के सुल्तान मुहम्मद पंचम ने भारतीय मूल के टॉमी थॉमस को देश का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया।
- थॉमस 55 वर्षों में इस पर पद नियुक्त पहले अल्पसंख्यक व्यक्ति हैं।
- इस पद पर वह मोहम्मद अपांडी अली का स्थान लेंगे।
- हालांकि सुल्तान ने इस्लामिक समूहों के विरोध के बावजूद इस पद पर थॉमस की नियुक्ति को मंजूरी दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://scroll.in/latest/881474/malaysias-king-appoints-ethnic-indian-lawyer-tommy-thomas-as-new-attorney-general

नए सतर्कता आयुक्त नियुक्त

प्रश्न-हाल ही में किसको केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) में नया सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया?



(a) वी.के. सारस्वत (b) शरद कुमार (c) डी.के. पाठक (d) विजय शर्मा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के पूर्व प्रमुख शरद कुमार को केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) में नया सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया।
- उनका कार्यकाल 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक रहेगा।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति जिसमें गृहमंत्री एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष या उस सदन में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता शामिल होते हैं, की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- गौरतलब है कि सतर्कता के क्षेत्र में केंद्रीय सरकारी एजेसियों को सलाह तथा मार्गदर्शन देने के लिए संथानम की अध्यक्षता वाली भ्रष्टाचार निवारण समिति की सिफारिशों पर सरकार ने फरवरी, 1964 में केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना की।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा एक अध्यादेश जारी किए जाने के फलस्वरूप केंद्रीय सतर्कता आयोग को 25 अगस्त, 1998 से सांविधिक दर्जा देकर एक बहुसदस्यीय आयोग बनाया गया। आयोग की संरचना निम्न है-
- एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त-अध्यक्ष
- सतर्कता आयुक्त जिनकी संख्या दो से अधिक नहीं होगी-सदस्य।
- वर्तमान में के.वी. चौधरी केंद्रीय सतर्कता आयुक्त तथा टी.एम. भसीन सतर्कता आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/ex-nia-chief-sharad-kumar-appointed-vigilance-commissioner-in-cvc/articleshow/64529854.cms

http://www.cvc.nic.in/

यूपीएससी के कार्यवाहक अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया?



(a) विनय मित्तल (b) शरद कुमार (c) अरविंद सक्सेना (d) सुजाता मेहता

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य अरविंद सक्सेना को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया।
- उनकी नियुक्ति 20 जून, 2018 से प्रभावी होगी।
- इस पद पर वह निवर्तमान अध्यक्ष विनय मित्तल का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 19 जून, 2018 को पूरा होगा।
- गौरतलब है कि अरविंद सक्सेना वर्ष 2015 में आयोग के सदस्य बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.firstpost.com/india/arvind-saxena-appointed-acting-chairman-of-upsc-to-take-over-from-vinay-mittal-on-20-june-4504593.html
http://indianexpress.com/article/education/upsc-appoints-arvind-saxena-as-acting-chairman-5213003/

आयन गोगेई गोहेन

प्रश्न-हाल ही में चार वर्षीय बालक आयन गोगोई गोहेन को भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'भारत के सबसे युवा लेखक' शीर्षक से सम्मानित किया गया। वह किस राज्य के हैं?



(a) सिक्किम (b) मणिपुर (c) असम (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को असम के लखीमपुर जिले के चार वर्षीय बालक आयन गोगोई गोहेन को भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'भारत के सबसे युवा लेखक' शीर्षक से सम्मानित किया गया।
- उन्हें उनकी पुस्तक 'हनीकॉम्ब' के लिए सम्मानित किया गया।
- यह पुस्तक जनवरी, 2018 में प्रकाशित हुई थी। आयन गोगोई गोहेन चित्रकला में भी पारंगत हैं।
- उन्होंने 'हनीकॉम्ब' के पेज कवर को भी डिजाइन किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/books/books-authors/4-year-old-assam-kid-is-youngest-author-of-india/article24089573.ece

बाफ्टा के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में किसको ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन कला अकादमी (BAFTA) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है?



(a) जेन लश (b) पिपा हैरिस (c) मार्गरेट हैरिस (d) जेन हैरिस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को प्रसिद्ध ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन निर्माता पिपा हैरिस को ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन कला अकादमी (BAFTA) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।
- उनका कार्यकाल 2 वर्षों का है। इस पद पर वह जेन लश का स्थान लेंगी।
- इससे पूर्व वह बाफ्टा की उपाध्यक्ष थीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ptinews.com/news/9776688_Pippa-Harris-named-BAFTA-chairperson.html

शांताराम नाइक

प्रश्न-हाल ही में शांताराम नाइक का निधन हो गया। वह थे-

(a) पूर्व राज्यसभा सदस्य (b) पूर्व लोकसभा सदस्य (c) (a) और (b) दोनों (d) पूर्व राज्यसभा उपसभापति



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जून, 2018 को गोवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्य शांताराम नाइक का निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1984 में 8वीं लोकसभा में उत्तरी गोवा से निर्वाचित हुए थे।
- उन्होंने गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने की भी मांग की थी जो वर्ष 1987 में पूरी हुई थी। उन्होंने राज्यसभा में गोवा का दो बार प्रतिनिधित्व किया था।
- वह वर्ष 2005 से 2011 तथा वर्ष 2011 से 2017 तक लगातार दो बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/india-news/former-goa-congress-chief-shantaram-naik-dies-a-72-1864790

एलपी शाही

प्रश्न-हाल ही में एलपी शाही का निधन हो गया। वह थे-

(a) राजनेता (b) पर्यावरणविद् (c) शिक्षाविद् (d) संगीतज्ञ



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 जून, 2018 को पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललितेश्वर प्रसाद शाही का निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1980 में बिहार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।
- वे वर्ष 1984 में मुजफ्फरपुर (बिहार) से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए।
- इसके अलावा वह केंद्रीय शिक्षा और संस्कृति मंत्री भी रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://indianexpress.com/article/india/congress-leader-l-p-shahi-passes-away-at-aiims-rahul-gandhi-expresses-condolences-5210380/

ओमर रज्जाज

प्रश्न-हाल ही में ओमर रज्जाज किस देश के प्रधानमंत्री दिया?

(a) जॉर्डन (b) मोजाम्बिक (c) दक्षिण सूडान (d) मेडागास्कर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को ओमर रज्जाज जॉर्डन के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए।
- इससे पूर्व वे शिक्षा मंत्री के पद पर कार्यरत थे।
- ध्यातव्य है कि 4 जून, 2018 को जॉर्डन के प्रधानमंत्री हानी मुल्की ने अपनी सरकार के कर वृद्धि तथा अल्प व्यय संबंधी उपायों को लेकर हुए विरोध को चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय को अपना इस्तीफा सौंपा था।
- गौरतलब है कि हाल ही में सरकार के आयकर कानून के एक मसौदे को मंजूरी देने और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की सिफारिशों के आधार पर नयी मूल्यवृद्धि की घोषणा करने के बाद से राजधानी अम्मान एवं कई दूसरे शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.aljazeera.com/news/2018/06/jordan-pm-hani-al-mulki-resigns-mass-protests-tax-bill-180604112844970.html

आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे भारतीय रिजर्व बैंक का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया?

(a) महेश कुमार जैन (b) मुकेश कुमार जैन (c) अरुंधति भट्टाचार्य (d) चंदा कोचर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने महेश कुमार जैन को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया।
- उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- वर्तमान में वह आईडीबीआई (IDBI) बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह एस.एस. मुंद्रा का स्थान लेंगे।
- आरबीआई के अन्य डिप्टी गर्वनरों में विरल आचार्य, एन.एस. विश्वनाथन और बी.पी. कानूनगो शामिल हैं।
- वर्तमान में डॉ. उर्जित पटेल आरबीआई के गवर्नर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://rbi.org.in/scripts/deputygovernors.aspx
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/ex-idbi-md-mk-jain-appointed-as-rbi-deputy-governor/articleshow/64447121.cms

अब्देल फतेह अल-सिसी

प्रश्न-हाल ही में अब्देल फतेह अल-सिसी ने किस देश के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल हेतु शपथ ली?



(a) ईरान (b) इराक (c) मिस्र (d) लेबनान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जून, 2018 को अब्देल फतेह अल-सिसी ने मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल हेतु शपथ ली। उनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा।
- वे मार्च, 2018 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में लगभग 97 प्रतिशत मतों से निर्वाचित हुए थे।
- इससे पूर्व वह वर्ष 2014 में देश के राष्ट्रपति बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.firstpost.com/world/egypts-prime-minister-sherif-ismail-resigns-days-after-president-abdel-fattah-el-sisi-swears-in-for-second-term-4498001.html

स्पेन के नए प्रधानमंत्री

प्रश्न-हाल ही में किसने स्पेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली?



(a) मारियानो राजॉय (b) मार्क टुली (c) जो रूट (d) पेड्रो सांचेज

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 जून, 2018 को पेड्रो सांचेज ने स्पेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- इस पद पर उन्होंने मारियानो राजॉय का स्थान लिया।
- स्पेन की राजधानी मैड्रिड है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://elpais.com/elpais/2018/06/05/inenglish/1528184988_774554.html

एमआरपीएल के नए एमडी एवं सीईओ

प्रश्न-हाल ही में किसने मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (MRPL) के नए एमडी एवं सीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया?



(a) टी. वेंकटेश (b) शशि शंकर (c) एम. वेंकटेश (d) एच. कुमार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को एम. वेंकटेश ने मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (MRPL) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह कंपनी में ही निदेशक (रिफाइनरीज) थे।
- इस पद पर उन्होंने एच. कुमार का स्थान लिया।
- उल्लेखनीय है कि मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्प लि. ओएनजीसी (ONGC) की सहायक कंपनी है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1988 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मैंगलुरू (कर्नाटक) में है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/m-venkatesh-appointed-mrpl-md-118052300609_1.html
https://www.thehindubusinessline.com/companies/m-venkatesh-named-md-of-mrpl/article24039389.ece
https://mrpl.co.in/profile

पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त

प्रश्न-हाल ही में किसे पाकिस्तान का अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया?



(a) आशिफ जरदारी (b) शाहिद खकान अब्बासी (c) नासीर उल मुल्क (d) इख्तियार चौधरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश नासीर उल मुल्क ने देश के अंतरिम प्रधानमंत्री ग्रहण का पदभार ग्रहण किया गया।
- वह देश में 25 जुलाई, 2018 को होने वाले आम चुनावों तक 2 माह की अवधि के लिए देश के अंतरिम प्रधानमंत्री रहेंगे।
- इस पद पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री शाहिद खकान अब्बासी का स्थान लिया।
- वे वर्ष 2014 में देश के 22वें मुख्य न्यायाधीश बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.aljazeera.com/news/2018/05/pakistan-names-judge-caretaker-prime-minister-180528094649314.html

मित खरे

प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमित खरे ने किस मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण किया?



(a) रक्षा मंत्रालय (b) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (c) रेल मंत्रालय (d) विद्युत मंत्रालय
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमित खरे ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने नरेंद्र कुमार सिन्हा का स्थान लिया।
- इससे पूर्व अमित खरे झारखंड सरकार में अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179670

एनसीडीआरसी के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में किसे राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (NCDRC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?



(a) न्यायमूर्ति अशोक जैन (b) न्यायमूर्ति आर.के. अग्रवाल
(c) न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता (d) न्यायमूर्ति आफताब आलम
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर.के. अग्रवाल को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति डी.के. जैन का स्थान लिया जिनका कार्यकाल 31 मई, 2018 को पूरा हुआ।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एक अर्ध-न्यायिक (Quasi - Judicial) आयोग है।
- जिसका गठन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत वर्ष 1988 में हुआ था।
- इसे उपभोक्ताओं की शिकायतों पर निर्णय लेने के लिए स्थापित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.ptinews.com/news/9761233_Justice-R-K-Agrawal-to-be-next-NCDRC-President
http://ncdrc.nic.in/

एलिसिया पुचेता

प्रश्न-हाल ही में एलिसिया पुचेता को किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में नामित किया गया?



(a) उरुग्वे (b) पराग्वे (c) गुयाना (d) गिनी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को एलिसिया पुचेता को पराग्वे की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में नामित किया गया।
- वर्तमान राष्ट्रपति होरासियो कार्ट्स के इस्तीफे के बाद एलिसिया पुचेता ने अस्थाई रूप से राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभाला।
- वह तब तक इस पद पर रहेंगी जब तक नए निर्वाचित राष्ट्रपति मारियो अब्दो अपना 3 वर्ष का कार्यकाल नहीं संभालते हैं।
- वह वर्तमान में देश की उप-राष्ट्रपति हैं।
- पराग्वे की राजधानी एसुनशियोन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://dailytimes.com.pk/246172/alicia-pucheta-to-become-paraguays-first-woman-president/
http://santiagotimes.cl/2018/06/02/alicia-pucheta-set-to-become-paraguays-first-woman-president/
https://www.nytimes.com/aponline/2018/05/28/world/americas/ap-lt-paraguay-president-resigns.html

प्रदीप कुमार गुप्ता

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी प्रदीप कुमार गुप्ता किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?

(a) माली (b) कंबोडिया (c) मॉरीशस (d) मॉरतानिया



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी प्रदीप कुमार गुप्ता केंद्र सरकार द्वारा मॉरतानिया में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।
- साथ में वह माली में राजदूत के रूप में कार्यरत रहेंगे।
- मॉरतानिया उत्तर अफ्रीका के पश्चिमी भाग में स्थित एक देश है, जो मगरेब क्षेत्र का हिस्सा माना जाता है।
- इसकी राजधानी नवाक्शूत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29916/Pradeep+Kumar+Gupta+concurrently+accredited+as+the+next+Ambassador+of+India+to+the+Islamic+Republic+of+Mauritania

न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (NYSE) की पहली महिला अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में कौन न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त हुई?

(a) स्टेसी कनिंघम (b) टेथी.एम. फार्ले (c) जीना हॉस्पेल (d) एडेना फ्राइमैन



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को स्टेसी कनिंघम (Stacey Cunningham) न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (NYSE) की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त हुईं।
- वर्तमान में वह एनवाईएसई में ही चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) के पद पर कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह थॉमस फार्ले का स्थान लेंगी।
- ज्ञातव्य है कि एनवाईएसई की स्थापना 8 मार्च, 1817 को हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://yourstory.com/2018/05/stacey-cunningham-first-woman-nyse-67th-president/
https://www.independent.co.uk/news/business/nyse-stacey-cunningham-new-york-stock-exchange-president-first-woman-a8364451.html

एस.डी. मूर्ति

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी एस.डी. मूर्ति किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?



(a) मोजांबिक (b) इथियोपिया (c) दक्षिण सूडान (d) सोमालिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी एस.डी.मूर्ति केंद्र सरकार द्वारा दक्षिण सूडान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।
- वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में उपसचिव के रूप में कार्यरत हैं।
- उल्लेखनीय है कि दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29912/SDMoorthy_appointed_as_the_next_Ambassador_of_India_to_the_Republic_of_South_Sudan

http://mea.gov.in/press-releases-hi.htm?

गिनी के नए प्रधानमंत्री

प्रश्न-हाल ही में किसने गिनी के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया?



(a) ममादी यूला (b) इब्राहिमा कैसोरी फोफाना (c) ममादी कैमरा (d) अल्फा कोंडे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को इब्राहिमा कैसोरी फोफाना (Ibrahima Kassory Fofana) ने गिनी के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने ममादी यूला का स्थान लिया।
- इससे पूर्व वह सरकार में निवेश और निजी क्षेत्र के संबंधों के प्रभारी मंत्री थे।
- आधिकारिक तौर पर गिनी गणराज्य पश्चिम अफ्रीका में स्थित देश है जिसे पूर्व में फ्रेंच गिनी के नाम से जाना जाता था।
- इसकी राजधानी कॉजाक्री है।
- वर्तमान में अल्फा कोंडे इसके राष्ट्रपति हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.xinhuanet.com/english/2018-05/22/c_137196118.htm

गोबिंद सिंह देव

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के सिख राजनेता गोबिंद सिंह देव किस देश में कैबिनेट मंत्री बनने वाले पहले सिख बने?



(a) इंडोनेशिया (b) वेनेजुएला (c) मलेशिया (d) थाइलैंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य


- 21 मई, 2018 को मलेशिया में भारतीय मूल के सिख राजनेता गोबिंद सिंह देव कैबिनेट मंत्री बनने वाले पहले सिख बने।
- उल्लेखनीय है कि मलेशिया देश के इतिहास में मंत्री के रूप में नियुक्त किए जाने वाले वह अल्पसंख्यक समुदाय के पहले व्यक्ति हैं।
- गोबिंद सिंह देव को संचार एवं मल्टीमीडिया का प्रभार मिला है।
- वह पाकतन हरपन गठबंधन के मंत्रिमंडल में शामिल दो भारतवंशियों में से एक हैं।
- उनके अलावा डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी के भारतीय मूल के सासंद एम. कुलासेगरन को मानव संसाधन मंत्री बनाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/nri/other-news/indian-origin-sikh-man-becomes-malaysias-first-minister/articleshow/64268344.cms

थंगलुरा डार्लोंग

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी थंगलुरा डार्लोंग किस देश के लिए भारत के राजदूत नियुक्त हुए?



(a) ओमान (b) मोल्दोवा एवं अल्बानिया (c) कुवैत (d) दक्षिण सूडान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 मई, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी थंगलुरा डार्लोंग केंद्र सरकार द्वारा बुखारेस्ट (रोमानिया) में निवास के साथ समवर्ती रूप से मोल्दोबा और अल्बानिया गणराज्य के लिए भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।
- वर्तमान में वह रोमानिया में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।
- उल्लेखनीय है कि मोल्दोवा गणराज्य की राजधानी चिशिनाऊ तथा अल्बानिया गणराज्य की राजधानी तिराना है।

चर्चित स्थल

वियतनाम में बीईएल के प्रतिनिधि कार्यालय का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त रक्षा इकाई भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा हनोई, वियतनाम में अपना प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित (खोला) किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इस कार्यालय का शुभारंभ रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया।

(b) यह बीईएल द्वारा हनोई में स्थापित पहला प्रतिनिधि कार्यालय है।

(c) रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधि कार्यालय की सांकेतिक चाभी बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गोवतामा एमवी को सौंपी।

(d) यह कार्यालय टीएनआर इमारत की 5वीं मंजिल पर स्थित है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त रक्षा इकाई भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा हनोई, वियतनाम (VIRO) में स्थापित किए गए प्रतिनिधि कार्यालय का शुभारंभ किया।
- यह बीईएल द्वारा हनोई में स्थापित किया गया पहला प्रतिनिधि कार्यालय है।
- वियतनाम में आयोजित वियतनाम-भारत रक्षा उद्योग व्यापार की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के प्रतिनिधि कार्यालय की सांकेतिक चाभी बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गोवतामा एमवी को सौंपी।
- यह प्रतिनिधि कार्यालय (VIRO) वियतनाम की राजधानी हनोई में भारतीय दूतावास के निकटस्थ टीएनआर इमारत की 10वीं मंजिल पर खोला गया है।
- बीईएल की दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों यथा म्यांमार, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाइलैंड और फिलीपींस में उपस्थिति में वृद्धि हुई है।
- इस प्रतिनिधि कार्यालय के माध्यम से वेपन सिस्टम, राडार सिस्टम, नेवल सिस्टम, मिलिट्री संचार सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम, युद्ध प्रबंधन सिस्टम और तटीय निगरानी सिस्टम जैसे क्षेत्रों में बीईएल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179938

आलमबाग बस टर्मिनल

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्मित आलमबाग बस टर्मिनल का लोकार्पण किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इस टर्मिनल का निर्माण निजी सार्वजनिक भागीदारी के तहत किया गया है।
(b) यह टर्मिनल एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस है।
(c) लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने 25 नए परिवर्तन वाहनों का शुभारंभ किया।
(d) इस टर्मिनल को सीधे मेट्रो से जोड़ा गया है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवनिर्मित आलमबाग बस टर्मिनल का लोकार्पण किया गया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर स्वामी नारायण मंदिर छपिया, गोंडा आयोध्या होते हुए लखनऊ तक परिचालित दो बसों तथा परिवहन विभाग के 40 नए परिवर्तन वाहनों का शुभारंभ किया।
- इस बस टर्मिनल का निर्माण निजी-सार्वजनिक भागीदारी के तहत किया गया है।
- यह बस टर्मिनल एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस है।
- टर्मिनल पर 50 बसों के लिए भूमिगत पार्किंग और 50 बसों हेतु प्लेटफॉर्म की व्यवस्था है।
- इस टर्मिनल से लगभग 750 बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।
- यात्रियों की सुविधा हेतु इस टर्मिनल को सीधे मेट्रो से जोड़ा गया है।
- वर्तमान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा 21 बस स्टेशनों का विकास निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पी.पी.पी.) के तहत किया जा रहा है।
- इस निगम द्वारा स्वयं 23 बस स्टेशनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।
- विगत वर्ष उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने 122 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b1fba1b-0c90-4296-8529-318f0af72573.pdf
https://www.amarujala.com/lucknow/now-ac-buses-will-departed-from-alambagh-bus-terminal

एंटी पॉवर थेफ्ट पुलिस थाना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में विद्युत चोरी रोकने हेतु प्रत्येक जिले में एंटी पॉवर थेफ्ट पुलिस थाना स्थापित करने का निर्णय किया गया?



(a) छत्तीसगढ़ (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में विद्युत चोरी की रोकथाम हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले (कुल 75 जिले) में एक-एक एंटी पॉवर थेफ्ट पुलिस थाना स्थापित करने का निर्णय किया गया।
- इन थानों की स्थापना विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत विद्युत चोरी रोकने हेतु 5 डिस्कॉमों के अंतर्गत हेतु डिसकॉमों के अंतर्गत की जाएगी।
- इन थानों की स्थापना होने पर अभियोग पंजीकृत कराने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां दूर होंगी और अभियोग तत्परता से पंजीकृत हो सकेंगे।
- पंजीकृत अपराधों की विवेचना भी प्रभावी ढंग से हो सकेगी।
- इससे विद्युत चोरी की रोकथाम, शमन शुल्क के रूप में राजस्व में वृद्धि, लाइन हानि में कमी होगी जिससे 'पॉवर फॉर ऑल' के लक्ष्य को समय से प्राप्त किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b16a982-29b8-4177-8271-10650af72573.pdf

कबीरदास अकादमी

प्रश्न-उत्तर प्रदेश में कबीरदास अकादमी कहां स्थापित की जाएगी?

(a) लहरतारा (b) मगहर (c) कुशीनगर (d) लखनऊ



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कबीरदास अकादमी की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह अकादमी संतकबीर नगर जिले में स्थित मगहर (कबीर दास जी का समाधि स्थल) में स्थापित की जाएगी।
- इस कार्य हेतु 'उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद' को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।
- कार्यदायी संस्था द्वारा इस अकादमी के निर्माण हेतु आगणन धनराशि 2493.75 लाख रुपये का परीक्षण प्रायोजना रचना मूल्यांकन प्रभाग द्वारा योजना की लागत धनराशि 2359.00 लाख रुपए मूल्यांकित की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b16a982-29b8-4177-8271-10650af72573.pdf

राउरकेला इस्पात संयंत्र की पुनर्निर्मित ब्लास्ट फर्नेस-1 राष्ट्र को समर्पित

प्रश्न-राउरकेला इस्पात संयंत्र की स्थापना किस देश के सहयोग से की गई थी?

(a) ब्रिटेन (b) रूस (c) पश्चिमी जर्मनी (d) फ्रांस



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 जून, 2018 को केंद्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने सेल (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) राउरकेला इस्पात संयंत्र की पुनर्निर्मित ब्लास्ट फर्नस-1 'पार्वती' को राष्ट्र को समर्पित किया।
- 'पार्वती' सेल की पहली ब्लास्ट फर्नस है, जिसे देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 3 फरवरी, 1959 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।
- 6 अगस्त, 2013 से ब्लास्ट फर्नस के पुनर्निर्माण हेतु इसको पूर्णतः बंद कर दिया गया था।
- नवीनतम फर्नस की वार्षिक उत्पादन क्षमता 0.438 मिलियन टन से बढ़कर 1.015 मिलियन टन हो गई है।
- राउरकेला इस्पात संयंत्र की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी।
- ओडिशा राज्य में स्थित यह संयंत्र जर्मनी के सहयोग से स्थापित किया गया है।
- यह भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179891

भारत का पहला पुलिस संग्रहालय

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने कहां भारत का पहला पुलिस संग्रहालय स्थापित करने का निर्णय लिया है?

(a) भोपाल (b) अहमदाबाद (c) हैदराबाद (d) नई दिल्ली



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने नई दिल्ली में भारत का पहला पुलिस संग्रहालय स्थापित करने का निर्णय लिया।
- राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में राष्ट्रीय पुलिस, स्मारक परिसर में भूमिगत संग्रहालय का निर्माण होगा।
- इस संग्रहालय में केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों का इतिहास जानने का मौका मिलेगा।
- इसके साथ ही उनसे जुड़ी कलाकृति, वर्दी तथा अन्य सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।

- संभावना है कि प्रधानमंत्री या गृहमंत्री 21 अक्टूबर (पुलिस स्मृति दिवस) को इसका शुभारंभ करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://timesofindia.indiatimes.com/india/india-to-have-its-1st-police-museum-in-delhiindia-to-have-its-first-police-museum-in-delhi/articleshow/64530804.cms

मधु सेठी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी मधु सेठी किस देश में भारत की अगली राजदूत नियुक्त हुईं?



(a) कनाडा (b) मॉरीशस (c) क्यूबा (d) बेल्जियम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मधु सेठी केंद्र सरकार द्वारा क्यूबा में भारत की अगली राजदूत नियुक्त हुईं।
- वर्तमान में वह लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग (High Commission of India) में काउंसलर के रूप में कार्यरत हैं। क्यूबा कैरिबियाई सागर में स्थित एक द्वीपीय देश है। यह उत्तर अमेरिका महाद्वीप में स्थित है। क्यूबा की राजधानी हवाना है।
- वर्तमान में मिगेल डियास-कानेल क्यूबा के राष्ट्रपति हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29954/Madhu_Sethi_appointed_as_the_next_Ambassador_of_India_to_the_Republic_of_Cuba

ग्वाटेमाला में जवालामुखी विस्फोट

प्रश्न-हाल ही में ग्वाटेमाला में स्थित किस ज्वालामुखी में हुए विस्फोट के कारण 75 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए?



(a) वोल्कन डे फ्यूगो (b) वोल्कन डे अगुआ (c) सन्ता मारिया (d) पकाया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 जून, 2018 को गवाटेमाला में स्थित फ्यूगो (Fuego) ज्वालामुखी में भयानक विस्फोट के कारण 75 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए।

- ज्वालामुखी में विस्फोट होने के कारण आस-पास के क्षेत्रों में आसमान में राख फैल गई जिसके कारण ग्वाटेमाला सिटी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बंद करना पड़ा।
- यह ज्वालामुखी राजधानी ग्वाटेमाला सिटी के दक्षिण-पश्चिम में 40 किमी. (25 मील) की दूरी पर स्थित है।
- इस विस्फोट के कारण राष्ट्रपति जिमी मोरालिस द्वारा तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।
- इस आपदा से सबसे अधिक एस्क्युन्टिला, चिमाल्टेनांगो और सैकेट पैक्केज क्षेत्र प्रभावित हुए हैं।
- प्रभावित अन्य शहरों में अलोटेंगो और सैन मिगुएल लॉस लोटस शामिल हैं।
- इस आपदा से 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.bbc.com/news/world-latin-america-44378775
https://edition.cnn.com/2018/06/06/americas/guatemala-fuego-volcano-eruption/index.html
https://www.theguardian.com/world/2018/jun/05/guatemala-fuego-volcano-rescuers-battle-boiling-ash-dead

कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम

प्रश्न-हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहां नवनिर्मित कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया?

(a) भोपाल (b) रीवा (c) इन्दौर (d) जबलपुर

उत्तर-(b)


संबंधित तथ्य

- 2 जून, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार एवं निर्देशक स्व. राजकपूर की पुण्यतिथि के अवसर पर रीवा में नवनिर्मित कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया।
- इस ऑडिटोरियम का नामकरण राजकपूर और उनकी पत्नी कृष्णा के नाम पर किया गया है।
- इसके निर्माण की घोषणा मध्य प्रदेश सरकार के पब्लिक रिलेशंस, ऊर्जा और खनन मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने वर्ष 2014 में विंध्य महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर दी थी।
- राजकपूर का रीवा से गहरा संबंध था, उनकी पत्नी कृष्णा के पिता बॉलीवुड के इस महान शोमैन की शादी के समय रीवा रेंज के इंस्पेक्टर जनरल के पद पर तैनात थे।
- उद्घाटन समारोह में म्यूजिकल नाईट का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात गायक सुरेश वाडेकर तथा टॉक-शो होस्ट प्रख्यात अभिनेता अन्नू कपूर ने इस समारोह में प्रस्तुति दी।
- एक हजार सीटर इस ऑडिटोरियम का निर्माण 3301 वर्ग मी क्षेत्र में किया गया है।
- यह पूर्णतः वातानुकूलित है और इसकी निर्माण लागत राशि 19 करोड़ रुपए है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://dprmp.org/NewsDetail.aspx?newsid=549005&disid=33
https://www.patrika.com/rewa-news/krishna-rajkapoor-auditorium-rewa-inauguration-patrika-news-1-2893550/
https://www.patrika.com/rewa-news/krisna-rajkapoor-weding-story-rewa-mp-1-2885116/

आंध्र प्रदेश के नए राज्य प्रतीक चिह्न घोषित

प्रश्न-हाल ही में आंध्र प्रदेश राज्य के पर्यावरण एवं वन सचिव जी. अनंत रामू ने राज्य के नए राज्य प्रतीक चिह्न घोषित किए। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) नीम को राज्य वृक्ष घोषित किया गया है।
(b) मिथुन को राज्य पशु घोषित किया गया है।
(c) रोज-रिंग्ड पराकीत को राज्य पक्षी घोषित किया गया है।
(d) चमेली को राज्य पुष्प घोषित किया गया है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- ज्ञातव्य है कि 2 जून, 2014 को तेलंगाना राज्य का गठन किया गया था।
- आंध्र प्रदेश से अलग कर के नया राज्य बनाया गया था।
- मई, 2018 में आंध्र प्रदेश के पर्यावरण एवं वन सचिव जी. अनंत रामू ने राज्य के नए राज्य प्रतीक चिह्न घोषित किए।
- नए राज्य प्रतीक चिह्न निम्नलिखित हैं-
- राज्य वृक्ष-नीम
- राज्य पशु-ब्लैक बग (काला हिरण)
- राज्य पक्षी-रोज-रिंग्ड पराकीत
- राज्य पुष्प-चमेली (जैसमीन)
- ज्ञातव्य है कि 2 जून, 2014 को तेलंगाना राज्य का गठन किया गया था।
- आंध्र प्रदेश से अलग करके यह नया राज्य बनाया गया था।
- विभाजन के उपरान्त आंध्र प्रदेश में जिलों की संख्या 13 है।
- आंध्र प्रदेश की नवीनतम राजधानी 'अमरावती' घोषित है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://indianexpress.com/article/india/andhra-pradesh-declares-new-state-symbols-post-split-5199826/
https://deccanchronicle.com/nation/current-affairs/310518/andhra-pradesh-gets-new-state-bird-state-flower.html

डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम पार्क

प्रश्न-उत्तराखंड सचिवालय परिसर के मुख्य भवन का नामकरण किनके नाम पर किया गया है?

(a) हेमवती नंदन बहुगुणा (b) डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (c) गोविन्द वल्लभ पंत (d) पूरन चंद्र जोशी



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने छावनी परिषद क्लेमेंटाउन, देहरादून में नवनिर्मित डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पार्क का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छावनी परिषद क्लेमेंटाउन में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी उद्घाटन किया।
- इस जन औषधि केंद्र से जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर प्राप्त होंगी।
- इसी अवसर पर मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि उत्तराखंड सचिवालय परिसर के मुख्य भवन का नामकरण डॉ. कलाम के नाम पर किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि डॉ. कलाम ने अपनी पुस्तक 'माईजर्नीः ट्रांसफॉर्मिंग ड्रीम्स इनटू एक्शन' में देवभूमि की यात्रा का वर्णन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uttarakhandbulletin.com/2018/05/30/cm-inaugurates-newly-constructed-dr-p-j-abdul-kalam-park/

चार जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा चार जिलों में स्थित जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। प्रश्न में इन चार जिलों में कौन-सा जिला शामिल नहीं है?



(a) गाजीपुर (b) फतेहपुर (c) एटा (d) मिर्जापुर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा चार जिलों-गाजीपुर, फतेहपुर, एटा एवं सिद्धार्थनगर के जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु प्रस्तावित लागत राशि 250 करोड़ रुपए है।

- उक्त धनराशि का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60: 40 के अनुपात में किया जाएगा।
- केंद्र सहायतित योजना (फेज-2) में जनपद फतेहपुर, गाजीपुर एवं सिद्धार्थ नगर का चयन किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सहायतित योजना Establishment of New Medical Colleges Attached With Existing District/Referral Hospital (फेज-2) भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 8 समूहों तथा 3-3 संसदीय क्षेत्रों में 1-1 मेडिकल कॉलेज का चयन राज्य सरकार द्वार चैलेंज मोड एवं निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

प्रमाणित/संकर बीज वितरण पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किए जाने का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय योजनाओं से अनाच्छादित जनपदों में निर्धारित फसलों के प्रमाणित/संकर बीज वितरण पर बीज मूल्य के कितने प्रतिशत की सीमा तक अनुदान प्रदान किए जाने का निर्णय किया गया?



(a) 25 प्रतिशत (b) 45 प्रतिशत (c) 50 प्रतिशत (d) 60 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय योजनाओं से अनाच्छादित जनपदों में निर्धारित फसलों के प्रमाणित/संकर बीज वितरण पर अनुदान प्रदान किए जाने का निर्णय किया गया।
- कृषकों को प्रमाणित/संकर बीज पर केंद्र पोषित योजनाओं में उपलब्ध अनुदान को राज्य सरकार टॉप-अप करते हुए बीज मूल्य के 50 प्रतिशत की सीमा तक अनुदान उपलब्ध कराएगी।
- केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणित एवं संकर बीज वितरण हेतु निर्धारित भौतिक लक्ष्यों को बढ़ाकर अधिकाधिक कृषकों को अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जाएगा।
- केंद्रीय योजनाओं से अनाच्छादित जनपदों में निम्नांकित फसलों के प्रमाणित/संकर बीज वितरण पर राज्य सरकार अनुदान उपलब्ध कराएगी-
- केंद्रीय योजनाओं से 19 जनपदों में जौ फसल के बीज पर अनुदान देय है। शेष 56 जनपदों में राज्य सरकार बीज वितरण पर अनुदान प्रदान करेगी।
- केंद्रीय योजनांतर्गत 13 जनपदों में मक्का फसल के बीज पर अनुदान देय है, शेष 62 जनपदों में राज्य सरकार बीज वितरण पर अनुदान देगी।

- ज्वार फसल के बीज पर केंद्रीय योजना के तहत 5 जनपदों में अनुदान प्रदान किया जाता है। शेष 70 जनपदों में बीज वितरण पर राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाएगा।
- केंद्रीय योजनान्तर्गत 19 जनपदों में बाजरा फसल के बीच पर अनुदान दिया जाता है, शेष 56 जनपदों में राज्य सरकार बीज वितरण पर अनुदान प्रदान करेगी।
- केंद्रीय योजनान्तर्गत 1 जनपद में कदन्नो फसल के बीज पर अनुदान देय है, शेष 74 जनपदों में राज्य सरकार बीज वितरण पर अनुदान प्रदान करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

ब्रह्मपुत्र अध्ययन केंद्र

प्रश्न-गुवाहाटी विश्वविद्यालय परिसर में ब्रह्मपुत्र अध्ययन केंद्र की स्थापना हेतु केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्रालय कितनी राशि प्रदान करेगा?



(a) 25 करोड़ रुपये (b) 28 करोड़ रुपये (c) 30 करोड़ रुपये (d) 35 करोड़ रुपये

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), एमओएस पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जानकारी प्रदान की कि सरकार द्वारा 'ब्रह्मपुत्र अध्ययन केंद्र' की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान कर दी गई है।
- यह केंद्र गुवाहाटी विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित किया जाएगा।
- इस केंद्र की स्थापना हेतु केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्रालय ने लगभग 28 करोड़ रुपये (27.9933 करोड़ रुपये) देने की घोषणा की है।
- यह अध्ययन केंद्र भौतिकी, जल विज्ञान, जलमार्ग, पर्यावरण, आपदा और बाढ़ प्रबंधन, जल विद्युत उत्पादन इत्यादि में ब्रह्मपुत्र नदी के पहलुओं पर शोध मुहैया कराएगा।
- इस केंद्र में मुख्यतः नदी में लगातार बाढ़ के कारणों और रोकथाम के मुद्दे पर शोध किया जाएगा।
- कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वान भी इस केंद्र का हिस्सा होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179611

पर्यटक आवास गृह का शिलान्यास एवं भूमिपूजन

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने हरिद्वार, उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित किए जा रहे पर्यटक आवास गृह का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) अलकनन्दा होटल परिसर में 2,964 वर्ग मीटर भूमि पर उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा नवीन पर्यटक आवास गृह का निर्माण किया जाएगा।

(b) इस पर्यटक आवास गृह में 95 कमरे होंगे।

(c) इसकी निर्माण लागत राशि 41 करोड़ रुपए होगी।

(d) इस पर्यटक आवास गृह का नाम भागीरथी पर्यटक गृह होगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हरिद्वार, उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित किए जा रहे पर्यटक आवास गृह का शिलान्यास और भूमि पूजन किया।
- इस पर्यटक आवास गृह (100 कमरे) की निर्माण लागत राशि 41 करोड़ रुपए होगी।
- इस पर्यटक आवास गृह का नाम भागीरथी पर्यटक गृह होगा।
- अलकनन्दा होटल परिसर में उपलब्ध भूमि में से 2,964 वर्ग मीटर भूमि पर उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा नवीन पर्यटक अवास गृह (होटल) का निर्माण किया जाएगा।
- निर्माण की अवधि 2 वर्ष है।
- इसके निर्मित होने तक वर्तमान अलकनन्दा होटल का संचालन उ.प्र. राज्य पर्यटन निगम द्वारा किया जाएगा।
- नवीन होटल निर्मित होने के बाद पुराने होटल को उत्तराखंड राज्य को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रथम चरण में फर्नीचर एवं इण्टीरियर को छोड़कर 26.54 करोड़ रुपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।
- नवीन पर्यटक आवास गृह भूतल सहित 6 तलों का होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0c129d-cb78-4afa-9a54-0ff00af72573.pdf
http://www.cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2561.pdf

देहरादून एरिना का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में उत्तराखंड सरकार के साथ हुए समझौते के तहत देहरादून एरिना में निजी-सार्वजनिक भागीदारी के अंतर्गत राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का संचालन एवं देखभाल का कार्य आगामी 30 वर्षों तक किस निजी कंपनी द्वारा किया जाएगा?



(a) आईजीएफएस (b) आईकेएलएस (c) आईएलएफएस (d) सीपीसीएन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 मई, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रायपुर, देहरादून स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में देहरादून एरिना का शुभारंभ किया।
- देहरादून एरिना में निजी-सार्वजनिक भागीदारी के अंतर्गत राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का संचालन एवं देखभाल का कार्य आगामी 30 वर्षों तक निजी कंपनी आईएलएफएस द्वारा किया जाएगा।
- इस संबंध में मुख्यमंत्री तथा खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय की उपस्थिति में खेल विभाग उत्तराखंड सरकार तथा निजी कंपनी आईएलएफएस के बीच एक समझौता हुआ।
- इस समझौते से खेलों मुख्यतः क्रिकेट को ग्रासरूट लेवल तक प्रोत्साहित करने में सहायता प्राप्त होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2559.pdf

वैश्विक भागीदार के रूप में नाटो में शामिल होने वाला एकमात्र लैटिन अमेरिकी देश

प्रश्न-हाल ही में कौन-सा लैटिन अमेरिकी देश वैश्विक भागीदार के रूप में नाटो में शामिल हुआ है?



(a) पेरू (b) कोलंबिया (c) बोलविया (d) ब्राजील

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 मई, 2018 को दक्षिण अमेरिका के साथ शांति समझौते के माध्यम से भागीदारी समझौते तक पहुंचने के एक वर्ष बाद कोलम्बिया औपचारिक रूप से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) में शामिल हुआ।
- कोलंबिया के राष्ट्रपति जुआन मैनुअल सैंटोस ने अपनी वैश्विक साझेदारी स्थिति को औपचारिक रूप देने की घोषणा की।

- कोलंबिया नाटो का हिस्सा बनने वाला एकमात्र लैटिन अमेरिकी देश है।
- कोलंबिया के अलावा इस श्रेणी में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इराक, जापान, कोरिया गणराज्य, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी शामिल है।
- ओईसीडी का मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में स्थित है, जिसकी स्थापना वर्ष 1961 में हुई थी।
- नाटो 29 उत्तरी अमेरिकी और यूरोपीय देशों के बीच एक अंतर सरकारी सैन्य गठबंधन है।
- इसकी स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हस्ताक्षरित उत्तरी अटलांटिक संधि के आधार पर की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nato.int/cps/en/natohq/topics_143936.htm

ओएनजीसी द्वारा नागायालंका में ड्रिलिंग

प्रश्न-हाल ही में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम द्वारा आंध्र प्रदेश के नगायालंका नामक स्थान पर ड्रिलिंग ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। नागायालंका आंध्र प्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(a) कृष्णा जिले में (b) गुंटूर जिले में (c) अनंतपुर जिले में (d) पूर्वी गोदावरी जिले में
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य



- 22 मई, 2018 को ओएनजीसी द्वारा आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में नागायालंका नामक स्थान पर कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का ड्रिलिंग ऑपरेशन प्रारंभ किया गया।
- उक्त स्थल पर एक 'अर्ली प्रोडक्शन सिस्टम' का उद्घाटन किया गया।
- यहां पर्यावरण संरक्षण पर भी 340 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- ओएनजीसी ने शुरूआत में तीन कुओं और 'अर्ली प्रोडक्शन सिस्टम' के विकास को लक्षित किया।
- जिसकी हैंडलिंग क्षमता कच्चे तेल की 379 घन मीटर/दिन एवं 0.145 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट गैस प्रतिदिन की है।
- ध्यातव्य है कि 'पर्यावरण और वन मंत्रालय' ने ओएनजीसी को कृष्णा जिले में 31 कुएं स्थापित करने की अनुमति दी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/ongc-operations-in-nagayalanka-from-today/article23954335.ece

दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला ट्रैकोमा मुक्त देश

प्रश्न-हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के किस देश को पहला ट्रैकोमा मुक्त देश घोषित किया गया है?



(a) भारत (b) नेपाल (c) मलेशिया (d) वियतनाम

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने नेपाल को ट्रैकोमा मुक्त देश घोषित किया।
- नेपाल दक्षिण-पूर्व एशिया में ट्रैकोमा मुक्त घोषित होने वाला पहला देश है।
- इस हिमालयी राष्ट्र में 1980 के दशक में ट्रैकोमा अंधापन का दूसरा प्रमुख कारण था।
- इस रोग से 41 देशों में 190 मिलियन से अधिक लोग ग्रसित हैं।
- यह रोग विश्वभर में लगभग 1.9 मिलियन लोगों के अंधापन या दृश्य न्यूनता का कारण है।
- वर्ष 1998 में विश्व स्वास्थ्य संगठन असेंबली ने सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में ट्रैकोमा को खत्म करने का संकल्प लिया था।
- वर्ष 2002 में नेपाल सरकार ने राष्ट्रीय ट्रैकोमा कार्यक्रम की शुरूआत की थी।
- वर्ष 2002-2005 तक सतत इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन से ट्रैकोमा के प्रसार में 40 प्रतिशत की कमी हुई।
- इस कार्यक्रम के तहत नेपाल सरकार ने जल आपूर्ति और स्वच्छता मंत्रालय के माध्यम से स्थानीय समुदायों एवं जिलों में शौचालयों का निर्माण करने और देखभाल हेतु प्रोत्साहन प्रदान किए।
- ट्रैकोमा क्लेमिडिया ट्रैकोमेटिस जीवाणु के संक्रमण से होता है जो स्वच्छता की कमी, अशुद्ध पानी की आपूर्ति के कारण होता है।
- यह बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के संपर्क से अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मक्खियों के माध्यम से फैलता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.who.int/neglected_diseases/news/Nepal-first-country-in-SEARO-validated-for-eliminating-trachoma/en/

न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा अमेरिका के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना

प्रश्न-हाल ही में ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) द्वारा इस वर्ष कहां पर अमेरिका के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई है?



(a) कोलम्बिया (b) पराग्वे (c) ब्राजील (d) बोलीविया

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) ने इस वर्ष ब्रारजील में अमेरिका के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने की घोषणा की।
- यह घोषणा एनडीबी के अध्यक्ष के.वी. कॉमथ और ब्राजील के विदेश मंत्री अलॉयसियो नून्स फेरेरा के मध्य संघाई, चीन में आयोजित बैठक के बाद की गई।
- इससे अमेरिकी क्षेत्रीय कार्यालय ब्राजील में एनडीबी की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।
- इससे ब्राजील में बैंक की परियोजनाओं की पहचान करने और तैयारी करने में मदद प्राप्त होगी।
- एनडीबी द्वारा अफ्रीका क्षेत्रीय केंद्र पिछले वर्ष जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में खोला गया है।
- ब्रिक्स में शामिल देश हैं-ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका। दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2010 में ब्रिक्स में शामिल हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.ndb.int/press_release/ndb-president-meets-brazils-minister-foreign-relations-shanghai/
https://www.indiatoday.in/pti-feed/story/brics-bank-plans-to-launch-americas-regional-office-in-brazil-1238705-2018-05-22

पूर्वोत्तर भारत में पहले सौर शौचालय की स्थापना

प्रश्न-हाल ही में पूर्वोत्तर भारत में पहले सौर शौचालय की स्थापना किस राज्य में की गई है?
(a) सिक्किम (b) असम (c) मणिपुर (d) त्रिपुरा



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में मणिपुर पूर्वोत्तर भारत का पहला और भारत का तीसरा ऐसा राज्य बना, जहां पर सौर शौचालय निर्मित किया गया है।
- इस सौर शौचालय का उद्घाटन इबुडो मार्जिंग पहाड़ी हिमगंगा में पर्यटन निदेशक वैखोम इबोहाल ने किया।
- संस्थापक (राविकाश मैत्री) रवि सेनजी मणिपुर में एक डीलर के साथ आए और राज्य में परीक्षण के आधार पर इन सौर शौचालयों की स्थापना पर कार्य किया।
- शौचालय से संलग्न सौर पैनल बिजली उत्पन्न करने के लिए ऊष्मा को अवशोषित करते हैं और वे अपशिष्ट सामग्री को परिवर्तित करने में भी सक्षम हैं।

- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में सौर शौचालय की स्थापना की जा चुकी है।
- सेनजी की योजना 2 अक्टूबर से पूर्व मणिपुर में 100 इकाइयों को स्थापित करने की है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.telegraphindia.com/states/north-east/first-solar-toilet-in-manipur-234296

अरुणाचल प्रदेश में पहली वाणिज्यिक फ्लाइट की लैंडिंग

प्रश्न-हाल ही में एलायंस एअर के 42 सीटर एटीआर विमान ने गोपीनाथ बारदोलोई हवाई अड्डा, गुवाहाटी से उड़ान भरकर अरुणाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित पासीघाट एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर बतौर वाणिज्यिक उड़ान के रूप में पहली बार लैंडिंग की?



(a) लोहित (b) पूर्वी सियांग (c) चांगलांग (d) पूर्वी कामेंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को एलायंस एयर के 42 सीटर एटीआर विमान ने लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई हवाई अड्डा, गुवाहाटी से उड़ान भरकर अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले में स्थित पासीघाट एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर बतौर पहली वाणिज्यिक उड़ान के रूप में लैंडिंग की।
- इस लैंडिंग के साथ ही अरुणाचल प्रदेश ने देश के विमानन मानचित्र पर राज्य की पहली वाणिज्यिक उड़ान के रूप में जगह बनाई।
- इस विमान में गुवाहाटी से अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित 25 यात्रियों ने यात्रा की।
- एअर इंडिया की सहायक कंपनी एलांयस एअर कलकत्ता-गुवाहाटी-पासीघाट मार्ग पर सप्ताह में तीन बार (मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) को उड़ान सेवाएं संचालित करेगी।
- इस वाणिज्यिक उड़ान के प्रारंभ होने से क्षेत्र में बेहतर संपर्क, आर्थिक विकास और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।
- वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में लगभग 120 हैलीपैड और 10 उन्नत लैंडिंग ग्राउंड हैं, जो रक्षा के साथ ही नागरिक उद्देश्यों के लिए भी निर्मित किए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://indianexpress.com/article/north-east-india/arunachal-pradesh/first-commercial-flight-landed-in-arunachal-pradesh-since-independence-all-you-need-to-know-5186603/ https://www.firstpost.com/india/arunachal-pradesh-on-aviation-map-first-commercial-aircraft-lands-in-north-east-state-cm-pema-khandu-calls-it-historic-moment-4477819.html

ऊर्जा विनियमन केंद्र हेतु भारत के पहले सलाहकार केंद्र की स्थापना

प्रश्न-हाल ही में किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने यूनाइटेड किंगडम सरकार की मदद से ऊर्जा विनियमन केंद्र (सीईआर) हेतु भारत का पहला सलाहकार केंद्र स्थापित किया?



(a) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
(b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
(c) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
(d) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 मई, 2018 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर ने यूनाइटेड किंगडम सरकार की मदद से ऊर्जा विनियमन केंद्र (सीईआर) हेतु भारत का पहला सलाहकार केंद्र स्थापित किया।
- भारत में अपनी तरह के इस पहले केंद्र का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र में नीति और नियामक मामलों पर स्वतंत्र सलाह प्रदान करना है।
- यह पहल भारतीय विद्युत क्षेत्र में नियामक अनुसंधान और नेटवर्किंग को बढ़ावा देने हेतु आईआईटी कानपुर के औद्योगिक और प्रबंधन इंजीनियरिंग द्वारा शुरू की गई है।
- सीआई और इसके अंतर्गत चिन्हित की गई गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) व यूनाइटेड किंगडम सरकार (UK) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।
- सीईआर की गतिविधियों में भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास, ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा की मांग, सुरक्षा इत्यादि जैसे मुद्दों के संबंध में अनुसंधान एवं विकास शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://dora.iitk.ac.in/dora/centre-for-energy-regulation

पुरस्कार/सम्मान

19वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) पुरस्कार, 2018

प्रश्न-19वें 'अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA), 2018' के पुरस्कार समारोह में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया?



(a) मॉम (b) हिन्दी मीडियम (c) तुम्हारी सुलू (d) बादशाहो

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2018 के 19वें अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बैंकाक, थाईलैंड में किया गया।
- **प्रमुख पुरस्कार और विजेता निम्न हैं-**
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-'तुम्हारी सुलु'-(निर्देशक-सुरेश त्रिवेणी)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-साकेत चौधरी (फिल्म-हिन्दी मीडियम)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-इरफान खान (फिल्म-हिन्दी मीडियम)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-श्रीदेवी (मरणोपरांत) (फिल्म-मॉम)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-नवाजुद्दीन सिद्दिकी (फिल्म-मॉम)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-मेहर विज (फिल्म-सीक्रेट सुपरस्टार)
- सर्वश्रेष्ठ कहानी-अमित वी. मासुरकर (फिल्म-न्यूटन)
- सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले-नितेश तिवारी एवं श्रेयश जैन (फिल्म-बरेली की बर्फी)
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक-कोंकणा सेन शर्मा (फिल्म-ए डेथ इन द गूंज)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक-अमाल मलिक, तनिष्क बगची एवं अखिल सचदेवा (फिल्म-बद्रीनाथ की दुल्हनिया)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक-अरिजीत सिंह (फिल्म-जब हैरी मेट सेजल), गीत-'हवाएं'
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका-मेघना मिश्रा (फिल्म-सीक्रेट सुपरस्टार), गीत-'मैं कौन हूं'
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार-मनोज मुंतशिर (फिल्म-बादशाहो), गीत-'मेरे रश्के कमर'
- आउटस्टैंडिंग अचवीमेंट अवॉर्ड-अनुपम खेर
- स्टाइल आइकॉन ऑफ द ईयर अवॉर्ड-कृति सेनॉन

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.iifa.com/blog/Wv2huyAAAJ6MfEJV/iifa-2018-press-release

फेमिना मिस इंडिया, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न फेमिना मिस इंडिया, 2018 के खिताब की विजेता कौन है?
(a) प्रियंका कुमारी (b) मीनाक्षी चौधरी (c) अनुकृति वास (d) श्रेया राव कामवारापू
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य



- 19 जून, 2018 को 55वें फेमिना मिस इंडिया, 2018 सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल इन्डोर स्टेडियम, मुंबई में संपन्न हुआ।
- इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु की अनुकृति वास 'फेमिना मिस इंडिया, 2018' के खिताब की विजेता बनीं।

- इस विजय के पश्चात उनको 'मिस वर्ल्ड 2018' की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।
- इस प्रतियोगता की प्रथम उपविजेता हरियाणा की मीनाक्षी चौधरी और द्वितीय उपविजेता आंध्र प्रदेश की श्रेया राव रहीं।
- इस प्रतियोगिता में 30 प्रतियोगियों के मध्य 'फेमिना मिस इंडिया, 2018' के खिताब के लिए प्रतियोगिता हुई।
- प्रतियोगिता में अनुकृति वास ने 'ब्यूटी विद् पर्पज' का पुरस्कार जीता।
- ज्ञातव्य है कि मिस इंडिया का आयोजन बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'फेमिना' द्वारा किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://thenewsmill.com/tamil-nadus-anukreethy-vas-wins-femina-miss-india-2018/

23वां निक्केई एशिया पुरस्कार, 2018

प्रश्न-हाल ही में किस भारतीय को जापान के प्रतिष्ठित निक्केई एशिया पुरस्कार, 2018 से सम्मानित किया गया?



(a) रतन टाटा (b) नरेंद्र मोदी (c) राजेंद्र कुमार (d) डॉ. बिंदेश्वर पाठक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को जापान के प्रतिष्ठित 23वें निक्केई एशिया पुरस्कार (23rd Nikkei Prize) 2018 का वितरण किया गया।
- यह पुरस्कार तीन श्रेणियों आर्थिक और व्यापार नवाचार (Economic and Bussiness Innovation), विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Science and Technology) तथा संस्कृति एवं सामुदायिक (Culture and Community) में प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- आर्थिक और व्यापार नवाचार-मा जुन (Ma Jun) को, चीन। विज्ञान और प्रौद्योगिकी-प्रोफेसर न्गुयेन थान लिएम (Professor Nguyen Thanh Liem) को, वियतनाम।
- संस्कृति एवं सामुदायिक-सुलभ इंटरनेशनल सामाजिक कार्य संगठन (Sulabh International Social Service Organisation) के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक को, भारत।
- इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह (वर्ष 1997), इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति (वर्ष 2001) प्रो. सी.एन.राव (वर्ष 2008), डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी (कार्डिक सर्जन) (वर्ष 2014), अक्षय पात्र फाउंडेशन (वर्ष 2016) तथा नंदन नीलेकणि (वर्ष 2017) में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

8वां सार्क फिल्म महोत्सव, 2018

प्रश्न-22-27 मई, 2018 के मध्य 8वें सार्क फिल्म महोत्सव का आयोजन कहां किया गया?

(a) कोलंबो (b) नई दिल्ली (c) काठमांडू (d) ढाका



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22-27 मई, 2018 के मध्य '8वें सार्क फिल्म महोत्सव' (8th SAARC Film Festival), 2018 का आयोजन कोलंबो, श्रीलंका में किया गया।
- इस फिल्म महोत्सव के दौरान सार्क सदस्य देशों की 26 फीचर फिल्मों, लघु फिल्मों और मास्टर फिल्मों का प्रदर्शन (Screened) किया गया।
- सार्क फिल्म पुरस्कार विजेता इस प्रकार हैं-
- सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म-हाल्दा (निर्देशक तौकीर अहमद (Tauquir Ahmed), बांग्लादेश।
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-प्रसन्ना जयाकोडी (Prasanna Jayakody) (फिल्म-Twenty-Eight), श्रीलंका
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-महेंद्र परेरा (फिल्म-Twenty-Eight), श्रीलंका।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-वैष्णवी तांगडे (Vaishnavi Tangde) (फिल्म-Kshitij (A Horizon), भारत।
- सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म-GI (निर्देशक-कुंजिला माशिलामनी (Kunjila Mascillamani), भारत।
- सर्वश्रेष्ठ स्क्रीन प्ले-प्रशांत पांडे एवं श्रेया देव वर्मा (फिल्म-पूर्णा (Poorna), भारत।
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफर-इनामुल हक सोहेल (Enamul Haque Sohel) (फिल्म-हाल्दा), बांग्लादेश।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://saarcculture.org/2018/05/28/the-eighth-saarc-film-festvial-2018-awards/
http://saarcculture.org/2018/04/04/the-saarc-film-festival-2018/

संतोकाबा मानवतावादी पुरस्कार, 2018

प्रश्न-हाल ही में किसे 'संतोकाबा मानवतावादी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?

(a) डॉ. मनमोहन सिंह (b) डॉ. अरविंद पनगढ़िया (c) कैलाश सत्यार्थी (d) प्रो. जे.एस. राजपूत



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को शांति के नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी को 'संतोकाबा मानवतावादी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया।
- उन्हें यह पुरस्कार समाज के सुधार में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार रामकृष्ण फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

- इस पुरस्कार के तहत 1 करोड़ रुपये की राशि और ट्रॉफी प्रदान की जाती है।
- इससे पूर्व इस पुरस्कार से सम्मानित हो चुके प्रमुख हस्तियों में रतन टाटा, तिब्बती धर्मगुरू दलाईलामा, सुधा मूर्ति, डॉ. एस. स्वामीनाथन, सैम पित्रौदा और वर्गीज कुरियन शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/news-ians/satyarthi-given-santokba-humanitarian-award-118053001521_1.html

बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कार, 2016-17 और 2017-18

प्रश्न-हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा वर्ष 2016-17 और 2017-18 के बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई। इसमें किसको दो सत्रों के लिए पॉली उमरीगर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?

(a) आर. अश्विन (b) विराट कोहली (c) रवींद्र जडेजा (d) शिखर धवन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा वर्ष 2016-17और 2017-18 के बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान **विराट कोहली** को दो सत्रों (वर्ष 2016-17और वर्ष 2017-18) के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का **पॉली उमरीगर अवॉर्ड** के लिए चुना गया।
- कोहली को हर सत्र के लिए 15 लाख रुपये दिये जायेंगे।
- हरमनप्रीत कौर को वर्ष 2016-17 और स्मृति मंधाना को वर्ष 2017-18 के सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।
- **वर्ष 2016-17 के प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-**
- कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार-पंकज राय (मरणोपरांत)
- बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (महिला)-डायना एडुल्जी (Declined: लेने से इंकार)
- बीसीसीआई स्पेशल पुरस्कार-अब्बास अली बेग और दिवंगत नरेन तम्हाणे।
- 2016-17 में घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ अंपायर- अनिल दांडेकर
- 2016-17 में बीसीसीआई की घरेलू क्रिकेट श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ बंगाल
- **लाला अमरनाथ अवॉर्ड-**
  (i) रणजी ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हेतु परवेज रसूल (जम्मू-कश्मीर)।
  (ii) घरेलू सीमित ओवर के टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हेतु-क्रुनाल पांड्या।

- **माधवराव सिंधिया अवॉर्ड-**
  (i) रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन हेतु-प्रियांक पांचाल (गुजरात)।
  (ii) रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने हेतु शाहबाज नदीम (झारखंड)।
- **एम.ए. चिदंबरम ट्रॉफी**
  (i) U-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी 2016-17 में सर्वाधिक रन हेतु-एकांत सी. सेन (हिमाचल प्रदेश)
  (ii) U-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी 2016-17 में सर्वाधिक विकेट लेने हेतु-करण कालिया (पंजाब)
- **वर्ष 2017-18 के प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-**
- कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-अंशुमान गायकवाड़
- बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (महिला)-सुधा शाह
- बीसीसीआई स्पेशल पुरस्कार-दिवंगत बुधी कुंदेरान
- 2016-17 में घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ अंपायर- यशवंत बर्डे
- 2016-17 में बीसीसीआई की घरेलू क्रिकेट श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिल्ली और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन
- **लाला अमरनाथ अवॉर्ड-**
  (i) रणजी ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हेतु-जलज सक्सेना
  (ii) घरेलू सीमित ओवर के टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हेतु-दिवेश पठानी
- **माधवराव सिंधिया अवॉर्ड-**
  (i) रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन हेतु-मयंक अग्रवाल (कर्नाटक)
  (ii) रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने हेतु-जलज सक्सेना (केरल)
- **एम.ए. चिदंबरम ट्रॉफी-**
  (i) U-23 सीके नायडू ट्रॉफी 2017-18 में सर्वाधिक रन हेतु-आर्यमन बिड़ला (म.प्र.)
  (ii) U-23 सीके नायडू ट्रॉफी 2017-18 में सर्वाधिक विकेट हेतु-तेजस बरोका (दिल्ली)।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.bcci.tv/news/2018/press-releases/17351/virat-kohli-set-to-receive-polly-umrigar-award
http://ddnews.gov.in/sports/kohli-get-cricketer-year-award-bcci-annual-gala

बंग विभूषण एवं बंग भूषण पुरस्कार 2018

प्रश्न-21 मई, 2018 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किस प्रसिद्ध पार्श्वगायिका को राज्य के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया?
(a) आशा भोसले (b) लता मंगेशकर (c) अलका याज्ञनिक (d) कविता कृष्णमूर्ति



उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रसिद्ध पार्श्वगायिका आशा भोसले को राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बंग विभूषण' (Bang Bibhuohan) से सम्मानित किया।
- इसके अलावा बंगाली फिल्म अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, न्यायमूर्ति श्यामल कुमार सेन (सेवानिवृत्त) और लेखक समरेश मजूमदार को बंग विभूषण पुरस्कार प्रदान किया गया।
- फुटबॉलर सुब्रत भट्टाचार्य गिरिजा शंकर राय (लेखक) एस.के. भौमिक तथा मो. हबीब (फुटबॉलर) को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इन पुरस्कारों की स्थापना की गई थी।
- यह पुरस्कार प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र में किए गए योगदान अरूंधति के लिए प्रदान किया जाता है। जबकि श्रीराधा बंदोपाध्याय, अरूंधति होमचौधरी और पार्थ घोष को 'बंग भूषण' पुरस्कार प्रदान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.business-standard.com/article/news-ians/west-bengal-government-honours-asha-bhosle-118052101301_1.html

टी.के. रामनाथन पुरस्कार, 2017-18

प्रश्न-हाल ही में किसे टी.के. रामनाथन पुरस्कार प्रदान किया गया?
(a) दिपेश कुमार (b) टी.वी. स्वामीनाथन (c) प्रजनेश गुनेश्वरन (d) रत्नेश गुनेश्वर



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को प्रजनेश गुनेश्वरन को एसडीएटी (SDAT) टेनिस स्टेडियम में तमिलनाडु टेनिस एसोसिएसन (TNTA) वार्षिक दिवस समारोह में वर्ष 2017-18 का टी.के. राम नाथन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- पुरस्कार स्वरूप उन्हें 30,000 रु. की नगद राशि प्रदान की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-sports/tk-ramanathan-award-for-prajnesh/article23940169.ece

योजना/परियोजना

मोबाइल ऐप 'रीयूनाइट' लांच

प्रश्न-29 जून, 2018 को केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने मोबाइल ऐप 'रीयूनाइट' लांच किया। यह ऐप सहायता प्रदान करेगा-

(a) खोए एवं परित्यक्त हुए बच्चों का पता लगाने में(b) ऑनलाइन बिल भुगतान में

(c) ऑनलाइन वायुयान टिकट बुकिंग में (d) आधार के पंजीकरण में



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 जून, 2018 को केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने मोबाइल ऐप 'रीयूनाइट' (ReUnite) लांच किया।
- यह ऐप देश में खोए एवं परित्यक्त (Abandon) हुए बच्चों का पता लगाने में सहायता प्रदान करेगा।
- इस ऐप के माध्यम से माता-पिता बच्चों की तस्वीरें, बच्चों के विवरण जैसे- नाम, पता, जन्म चिन्ह आदि अपलोड कर सकते हैं, पुलिस को रिपोर्ट कर सकते हैं तथा खोए बच्चों की पहचान कर सकते हैं।
- खोए हुए बच्चों की पहचान करने के लिए 'अमेजन रिकोगनिशन' (Amazon Rekognition) वेब आधारित फेशियल रिकोगनिशन सेवाओं (चेहरे की पहचान प्रणाली) का उपयोग किया जा रहा है।
- यह एक मल्टीयूजर ऐप है। इसकी सहायता से अभिभावक व नागरिक दोनों सूचनाएं अपलोड कर सकते हैं, जिससे खोए हुए बच्चों की पहचान सुनिश्चित कर उन्हें अपने अभिभावक के पास वापस भेजा जा सके।
- इस अवसर पर नोबेल के शांति पुरस्कार विजेता और 'बचपन बचाओ आंदोलन' के संस्थापक कैलाश सत्यार्थी भी उपस्थित थे।

संबंधित लिंक....

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1537135

मुंडका-बहादुरगढ़ (सिटी पार्क) मेट्रो लाइन का उद्घाटन

प्रश्न-24 जून, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुंडका-बहादुरगढ़ (सिटी पार्क) मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया। यह जोड़ेगा-



(a) नई दिल्ली एवं नोएडा को (b) नई दिल्ली एवं हरियाणा को
(c) नई दिल्ली एवं अंबाला कैंट को (d) नई दिल्ली एवं अमृतसर को

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुंडका बहादुरगढ़ (सिटी पार्क) मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया।
- उल्लेखनीय है कि गुरूग्राम एवं फरीदाबाद के बाद बहादुरगढ़ दिल्ली मेट्रो से जुड़ने वाला हरियाणा का तीसरा स्थान है।
- मुंडका-बहादुरगढ़ का पूर्णतया एलिवेटेड 11.18 किमी. वाला कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो के ग्रीन लाइन का हिस्सा है।
- मुंडका-बहादुरगढ़ के इस खंड में सात स्टेशन हैं।
- यह खंड (मुंडका-बहादुरगढ़) पहले से ही परिचालित इंद्रलोक/कीर्तिनगर से मुंडका तक की ग्रीन लाइन (लाइन-5) का विस्तार है।
- इस विस्तार के साथ अब संपूर्ण ग्रीन लाइन 29.64 किमी. लंबी हो गई।
- इसके (बहादुरगढ़) जुड़ने के साथ अब एनसीआर (यूपी एवं हरियाणा) में कुल 39.3 किमी. मेट्रो नेटवर्क में फैले 27 स्टेशन शामिल हो गए।
- इसके साथ ही अब कुल दिल्ली मेट्रो नेटवर्क 208 मेट्रो स्टेशनों के साथ 288 किमी. तक पहुंच गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.delhimetrorail.com/press_reldetails.aspx?id=iIzu1scsKkslld

भारत के सहयोग से बनने वाली मंगोलिया की पहली पेट्रोरसायन परियोजना का शिलान्यास

प्रश्न-21-24 जून, 2018 के मध्य केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया की यात्रा के दौरान वहां की पहली पेट्रोरसायन रिफाइनरी परियोजना की शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता की। भारत द्वारा कितने बिलियन डॉलर की सामरिक-भागीदारी से इस परियोजना का निर्माण किया जायेगा?



(a) 2 बिलियन डॉलर (b) 1 बिलियन डॉलर (c) 5 बिलियन डॉलर (d) 1.5 बिलियन डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21-24 जून, 2018 के मध्य केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह मंगोलिया के आधिकारिक दौरे पर रहे।
- इस यात्रा के दौरान उन्होंने मंगोलिया के प्रधानमंत्री यू. खुरेलसुख (U. Khurelsukh) के साथ मंगोलिया के पहले पेट्रोरसायन रिफाइनरी परियोजना के शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता की।
- इस रिफाइनरी की अनुमानित राशि 1.35 बिलियन डॉलर है।
- उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा 1 बिलियन डॉलर की सामरिक भागीदारी के तहत इस परियोजना का निर्माण किया जाएगा। यह समझौता मंगोलिया एवं भारतीय निर्यात-आयात बैंक के मध्य 2015 में हुआ था।
- यह समझौता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2015 में मंगोलिया की यात्रा के दौरान हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.reuters.com/article/mongolia-refinery/mongolia-launches-construction-of-first-oil-refinery-with-indian-aid-idUSL4N1TO1TO

फाफामऊ, इलाहाबाद में गंगानदी पर नए पुल के निर्माण को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा इलाहाबाद के फाफामऊ में गंगा नदी पर नए पुल के निर्माण हेतु संबंधित परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह मंजूरी 6 जून, 2018 को प्रदान की गई। (b) इस पुल की लंबाई 9.9 किमी. होगी।
(c) यह पुल 6 लेन का होगा। (d) इस पुल के निर्माण की अवधि 5 वर्ष निर्धारित है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा इलाहाबाद के फाफामऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग-96 पर गंगा नदी पर नए पुल के निर्माण हेतु संबंधित परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इस पुल की लंबाई 9.9 किमी. होगी और यह पुल 6 लेन का होगा।
- इसकी निर्माण लागत राशि 1948.25 करोड़ रुपए होगी।
- इस परियोजना हेतु निर्माण अवधि 3 वर्ष निर्धारित है।
- इस पुल का निर्माण दिसंबर, 2021 तक पूरा होने की संभावना है।
- यह नया 6 लेन पुल मध्य प्रदेश से राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के माध्यम से और नैनी ब्रिज होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-76 से लखनऊ फैजाबाद आने वाले यातायात हेतु लाभकारी होगा।
- फाफामऊ में गंगा नदी पर बनने वाला यह पुल इलाहाबाद और फरक्का के बीच गंगा नदी पर बनने वाला 29वां पुल होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/news-cm/cabinet-approves-construction-of-a-new-6-lane-bridge-with-its-approaches-across-river-ganga-at-phaphamau-allahabad-in-uttar-pradesh-118060800199_1.html

मुख्यमंत्री मधु विकास योजना

प्रश्न-हाल ही में हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 'मुख्यमंत्री मधु विकास योजना' के कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देशों को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह योजना बागवानी विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।
(b) सरकार ने मार्च, 2018 में प्रस्तुत बजट में इस योजना की घोषणा की थी।
(c) योजना हेतु बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
(d) योजनान्तर्गत सरकार मधुमक्खी पालकों को 75 प्रतिशत अनुदान मुहैया कराएगी।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को संपन्न हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देशों को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह योजना बागवानी विभाग द्वारा प्रभावी ढंग से कार्यान्वित की जाएगी।
- योजनान्तर्गत व्यावसायिक मधुमक्खी पालन में लगे लोगों के अलावा मधुमक्खी पालक जो इसे अपनी आजीविका के साधन के रूप में अपनाने के इच्छुक हैं, भी लाभान्वित होंगे।
- सरकार द्वारा मार्च, 2018 में प्रस्तुत बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी।
- योजना हेतु बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
- योजनान्तर्गत सरकार मधुमक्खी पालकों को 80 प्रतिशत अनुदान मुहैया कराएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pradhanmantrivikasyojana.in/mukhyamantri-madhu-vikas-yojana-himachal-pradesh/
http://himachalpr.gov.in/PressReleaseByYear.aspx?Language=1&ID=12312&Type=2&Date=06/06/2018

वन्या प्लस डबल फोर्टीफाइड नमक वितरण योजना

प्रश्न-हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किस जिले में राज्य स्तरीय आयरन और आयोडीन युक्त वन्या प्लस डबल फोर्टीफाइड नमक वितरण योजना का शुभारंभ किया?

(a) शिवपुरी (b) मुरैना (c) मंडला (d) बैतूल



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जून, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंडला जिले में राज्य स्तरीय आयरन और आयोडीन युक्त 'वन्या प्लस डबल फोर्टीफाइड नमक वितरण योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया।
- योजनान्तर्गत प्रदेश के 20 जिलों के 89 आदिवासी बाहुल्य विकास खंड के हितग्राही लाभान्वित होंगे।
- मंडला जिले के ग्राम अंजनिया में आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहक और असंगठित सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने मंडला और डिण्डोरी जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को कुल 25 करोड़ रुपये की बोनस राशि वितरित की।
- इस अवसर पर उन्होंने मंडला और डिण्डोरी जिले में कुल लगभग 48 करोड़ रुपये लागत राशि के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180603N13&LocID=1
http://www.windowtonews.com/news.php?id=155539&cat_id=8&p=&search=

गोपाबंधु सम्बादिका स्वास्थ्य बीमा योजना

प्रश्न-हाल ही में ओडिशा सरकार द्वारा कार्यकारी पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की गई। इस योजना से संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह योजना 1 जून, 2018 को शुरू की गई।
(b) योजना का नाम गोपाबंधु सम्बादिका स्वास्थ्य बीमा योजना है।
(c) योजनान्तर्गत प्रथम-चरण में 3233 कार्यरत पत्रकारों को 1 वर्ष में 1.5 लाख रुपये तक का लाभ प्रदान किया जाएगा।
(d) योजना के तहत पत्रकार के परिवार के न्यूनतम 5 सदस्यों को कवर किया जाएगा।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को ओडिशा सरकार द्वारा कार्यकारी पत्रकारों के लिए एक स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत की गई।
- इस योजना का नाम गोपाबंधु सम्बादिका स्वास्थ्य बीमा योजना है।
- योजनान्तर्गत पहले चरण में 3233 कार्यरत पत्रकारों को एक वर्ष में 2 लाख रुपये तक का लाभ प्रदान किया जाएगा।
- योजना के तहत पत्रकार के परिवार के न्यूनतम 5 सदस्यों को कवर (आच्छादित) किया जाएगा।

- स्वास्थ्य बीमा कार्ड का वितरण जिला सूचना और जनसंपर्क कार्यालयों के जिला कार्यालयों द्वारा वितरित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/odisha-launches-health-insurance-scheme-for-journalists-118060100693_1.html
https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhubaneswar/odisha-starts-health-insurance-scheme-for-journalists/articleshow/64412410.cms

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना

प्रश्न-झारखंड सरकार द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजनान्तर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का अधिकतम कितने प्रतिशत तक ही प्राकृतिक आपदा ग्रस्त मामलों में संबंधित लाभार्थियों को आवास हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी?
(a) 25 प्रतिशत (b) 50 प्रतिशत (c) 60 प्रतिशत (d) 70 प्रतिशत
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को झारखंड मंत्रिमंडल द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में कतिपय प्रावधान जोड़ने को मंजूरी प्रदान की गई।
- पूर्व में इस योजनान्तर्गत सामाजिक-आर्थिक जाति आधारित जनगणना, 2011 के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जाता है।
- मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इस योजनान्तर्गत जिला द्वारा सत्यापित 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आवासविहीन या एक कमरे तक के कच्चे मकान में निवासरत विधवा मुखिया वाले परिवारों (मासिक आय 5,000 रुपये से कम हो) को जिनका नाम सामाजिक आर्थिक जातीय जनगणना, 2011 में नहीं हो तब भी उनके परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की संस्तुति की गई है।
- इसके साथ ही बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, ओला वृष्टि, आगजनी और हाथियों के प्रकोप से प्रभावित परिवार एवं एकल परित्यक्त महिलाएं जो स्वयं आवास बनाने में असमर्थ हैं, वैसे परिवार या महिलाओं को भी इस योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।
- लाभार्थियों की स्वीकृति उपायुक्त संतुष्टि के आधार पर करेगा।
- योजनान्तर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का अधिकतम 25 प्रतिशत तक ही प्राकृतिक आपदाग्रस्त मामलों में संबंधित लाभार्थियों को आवास हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://cm.jharkhand.gov.in/hi/node/6341

कर्मचारी बीमा-सह-बचत योजना 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारी बीमा-सह-बचत योजना, 2003 को पुनरीक्षित एवं बीमा मूल्य को दोगुना कर अंशदान का कितने प्रतिशत बचत निधि में और कितना प्रतिशत अंश बीमा प्रीमियम के रूप में निर्धारित करने का निर्णय किया गया?

(a) 60 और 40 प्रतिशत (b) 50 और 50 प्रतिशत (c) 65 और 35 प्रतिशत (d) 75 और 25 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारी बीमा-सह-बचत योजना 2003 को पुनरीक्षित एवं बीमा मूल्य को दोगुना कर अंशदान का 60 प्रतिशत अंश बचत निधि में और 40 प्रतिशत अंश बीमा प्रीमियम के रूप में निर्धारित करने का निर्णय किया गया।
- यह प्रावधान कर्मचारी बीमा-सह-बचत योजना 2018 के रूप में 1 जुलाई, 2018 से प्रभावी होगा।
- इससे प्रदेश के लगभग 4.50 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।
- इसी दिन मंत्रिमंडल ने राज्य बीमारी सहायता योजना में 5 संवर्गों के लगभग 50 लाख अतिरिक्त परिवारों को भी शामिल करने का निर्णय किया।
- पांच संवर्गों में शिल्पकार एवं हस्तशिल्प कारीगर, सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशनर, वनाधिकार प्राप्त पट्टाधारी, बीड़ी बनाने वाले मजदूर और मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना के असंगठित श्रमिक वर्ग शामिल हैं।
- इन संवर्गों को शामिल करने के पश्चात अब लगभग 1 करोड़ 50 लाख परिवारों को राज्य बीमारी सहायता निधि योजना में चिह्नित बीमारियों के उपचार हेतु अधिकतम 2 लाख रुपये तक की राशि राज्य सरकार प्रदान करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mpinfo.org/Story/StoryDetails.aspx?StoryID=180529S1&CatId=2
http://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180529N14&LocID=1
http://mediawala.in/mantralaya/Employees-Insurance-cum-Savings-Scheme-will-benefit-4-50-lakh-employees-from-2018

29 मई, 2018 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा पशुपालन विभाग के अंतर्गत 12वीं पंचवर्षीय योजना में प्रचलित राजस्व व्यय से संबंधित गोकुल महोत्सव योजना को 1 अप्रैल, 2017 से आगामी कितने वर्षों तक सतत जारी रखने हेतु मंजूरी प्रदान की गई?

(a) 2 वर्ष (b) 3 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 5 वर्ष

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा 29 मई, 2018 को पशुपालन विभाग के अंतर्गत 12 वीं पंचवर्षीय योजना में प्रचलित राजस्व व्यय से संबंधित गोकुल महोत्सव योजना को 1 अप्रैल, 2017 से अगले 3 वर्षों तक सतत जारी रखने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- साथ ही मंत्रिपरिषद ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के वर्ष 2017-18 से वर्ष 2019-20 तक निरंतर संचालन तथा वित्तीय आकार केंद्रांश 750 करोड़ एवं राज्यांश 500 करोड़ रुपये कुल 1250 करोड़ रुपये का अनुमोदन देने का निर्णय लिया।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के वर्ष 2017-18 से वर्ष 2018-19 तक निरंतर संचालन तथा वित्तीय आकार केंद्रांश 703 करोड़ 61 लाख 34 हजार और राज्यांश 469 करोड़ 7 लाख 56 हजार अर्थात कुल राशि 1172 करोड़ 68 लाख 90 हजार रुपये को अनुमोदित करने का निर्णय किया गया।
- नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के तहत स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना के वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक सतत संचालन तथा वित्तीय आकार केंद्रांश 67 करोड़ 92 लाख 55 हजार और राज्यांश 45 करोड़ 28 लाख 37 हजार अर्थात कुल राशि 113 करोड़ 20 लाख 92 हजार रुपये को अनुमोदित करने का निर्णय किया गया।
- इसके अलावा मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित कृषकों को राहत प्रदान करने हेतु अल्पकालीन ऋणों को मध्यकालीन ऋणों में परिवर्तित करने हेतु राज्य शासन के अंशदान की योजना को आगामी वर्षों में निरंतर जारी रखने तथा इसके लिए आवश्यकतानुसार प्रावधान सहकारिता विभाग के बजट में करने संबंधी मंजूरी प्रदान की।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mpinfo.org/Story/StoryDetails.aspx?StoryID=180529S1&CatId=2

मेघालय करेगा आयुष्मान भारत का कार्यान्वयन

प्रश्न-निम्न कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) 14 जून, 2018 को मेघालय ने आयुष्मान भारत योजना को कार्यान्वित करने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।



(b) 14 जून, 2018 तक कुल 20 राज्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

(c) इस समझौते के बाद मेघालय राज्य बीमा योजना का विलय आयुष्मान भारत योजना में होगा।

(d) मेघालय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 2,50,000 राशि जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये प्रति परिवार की राशि प्रदान की जा सकती है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को मेघालय के स्वास्थ्य मंत्री ए.एल. हेक और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याणमंत्री जे.पी. नड्डा के बीच आयुष्मान भारत-राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन को कार्यान्वित करने के संबंध में नई दिल्ली में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- इस समझौते के बाद मेघालय सरकार मेघालय राज्य बीमा योजना का विलय आयुष्मान भारत योजना में करेगी।
- ध्यातव्य है कि मेघालय स्वास्थ्य बीमा योजना 2,80,000 रुपये तक की बीमा राशि प्रदान की जाती है जबकि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक की वार्षिक बीमा राशि प्रदान की जाएगी।
- 14 जून, 2018 तक कुल 20 राज्यों ने आयुष्मान भारत योजना को कार्यान्वित करने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर लिया है।
- आयुष्मान भारत केंद्र सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है जिसके अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक गरीब एवं कमजोर परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थी) को प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक की वार्षिक बीमा राशि अस्पताल में भर्ती होने के दौरान इलाज के लिए दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://meghalaya.gov.in/megcms/sites/default/files/press_release/14.06.18%20417.pdf
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/meghalaya-to-implement-ayushman-bharat-health-scheme-minister-118061500292_1.html

दस नए स्वच्छ दर्शनीय स्थलों के तीसरे चरण का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन की प्रमुख परियोजना 'स्वच्छ आइकॉनिक स्थल' (एसआईपी) के तीसरे चरण का शुभारंभ कहां से किया गया?

(a) ब्रह्म सरोवर मंदिर (b) सबरीमाला मंदिर (c) माणा गांव (d) कण्वाश्रम



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को स्वच्छ भारत मिशन की प्रमुख परियोजना 'स्वच्छ आइकॉनिक स्थल' (एसआईपी) के तीसरे चरण का शुभारंभ माणा गांव, उत्तराखंड में किया गया।
- यह गांव उत्तराखंड में बद्रीनाथ मंदिर के पास स्थित है।
- माणा गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से जुड़ी चार प्रमुख गतिविधियों की भी शुरूआत की गई जिसके लिए 26.87 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

- इन चार प्रमुख गतिविधियों में सामुदायिक सोख गड्ढे एवं खाद (कंपोस्ट) के गड्ढे तैयार करना, जैव एवं कार्बनिक एवं अकार्बनिक अपशिष्ट को अलग-अलग करने वाले केंद्र की स्थापना और तरल अपशिष्ट की निकासी हेतु नालियां निर्मित करना शामिल है।
- तीसरे चरण के अंतर्गत दस नवीन महत्वपूर्ण दर्शनीय (आइकॉनिक) स्थलों पर जहां कार्यक्रम की शुरूआत की गई, अग्रलिखित हैं-राधवेंद्र स्वामी मंदिर, (कुरनुल, आंध्र प्रदेश), हजारद्वारी पैलेस (मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल), ब्रह्म सरोवर मंदिर (कुरूक्षेत्र, हरियाणा); विदुर कुटी (बिजनौर, उत्तर प्रदेश); माणा गांव (चमोली, उत्तराखंड), पैगांग झील (लेह-लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर), नागवासुकी मंदिर (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश); इमा कैथल/मार्केट (इम्फाल, मणिपुर), सबरीमाला मंदिर (केरल) और कण्वाश्रम (उत्तराखंड) हैं।
- ज्ञातव्य है स्वच्छ आइकॉनिक स्थलों के प्रथम चरण का शुभारंभ वर्ष 2016 में द्वितीय चरण का शुभारंभ नवंबर, 2017 में किया गया था।
- चरण प्रथम और चरण द्वितीय के आइकॉनिक स्थलों में हुई प्रगति के आकलन की वार्षिक समीक्षा इस माह के उत्तरार्द्ध में हैदराबाद के ऐतिहासिक स्थल चारमीनार में की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72690

अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा

प्रश्न-जून, 2018 में नीति आयोग द्वारा अटल नवाचार मिशन के तहत कितने अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जाने की घोषणा की गई?
(a) 1500 (b) 2000 (c) 2500 (d) 3000



उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को नीति आयोग द्वारा अटल नवाचार मिशन (एमआईएम) के तहत 3000 और अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जाने की घोषणा की गई।
- इन टिंकरिंग लैबों की स्थापना के लिए 3000 स्कूलों का चयन किया गया है।
- 3000 अटल टिंकरिंग लैबों की स्थापना होने से देश में अटल टिंकरिंग लैबों (एटीएल) की कुल संख्या बढ़कर 5,441 हो जाएगी।
- इन चयनित स्कूलों को पूरे देश में माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के बीच नवाचार एवं उद्यमिता भावना बढ़ाने के लिए अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना हेतु आगामी पांच वर्षों में बतौर अनुदान 20 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।
- शीघ्र ही देश के प्रत्येक जिले में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी।

- जिसका उद्देश्य नवाचार होने से प्रौद्योगिकी नवाचार और शिक्षण व्यवस्था में व्यापक स्तर पर परिवर्तन लाना होगा।
- अटल नवाचार मिशन भारत सरकार द्वारा नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख पहल है।
- इसका उद्देश्य देश में नवाचार परितंत्र की निगरानी करना और नवाचार परितंत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने हेतु एक छत्र या वृहद संरचना की सृजित करना है।
- अटल टिंकरिंग लैबोरेटरीज (एटीएल) अन्वेषकों और अटल इन्क्यूबेशन सेंटरों का सृजन करने के साथ ही पूर्व में स्थापित इन्क्यूबेशन केंद्रों को आवश्यक सहायता मुहैया कराती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1535117

6 राज्यों की दो प्रमुख सिंचाई और चार बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में 6 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दो प्रमुख सिंचाई/बहुउद्देशीय और चार बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत राशि 84,748 करोड़ रुपए है।
(b) मंजूरी की गई तेलंगाना की कालेश्वरम परियोजना की लागत राशि 80,190.46 करोड़ रुपए है।
(c) बैठक में बिहार की महानंदा बाढ़ प्रबंधन योजना (फेज-1) को मंजूरी प्रदान की गई।
(d) पश्चिम बंगाल के घाटल मास्टर प्लान (फेज-1) को भी मंजूरी प्रदान की गई।

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- इस बैठक में 6 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दो प्रमुख सिंचाई/बहुउद्देशीय और चार बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।
- स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत राशि 84,748 करोड़ रुपए है।
- तेलंगाना की कालेश्वरम परियोजना की लागत राशि 80,190.46 करोड़ रुपए है।
- इस परियोजनान्तर्गत गोदावरी नदी के 195 टीएमसी (5522 मिलियन क्यूबिक मीटर) जल का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।
- मार्ग परिवर्तन से तेलंगाना के 13 जिलों की कुल 18.25 लाख एकड़ भूमि सिंचित हो सकेगी।

- इसके अलावा इस परियोजना से हैदराबाद, सिंकदराबाद तथा ग्राम मार्ग में स्थित गांवों को 40 टीएमसी (1133 एमसीएम) पेयजल और उद्योगों के लिए 16 टीएमसी (453 एमसीएम) जल उपलब्ध होगा।
- बैठक में बिहार की महानंदा बाढ़ प्रबंधन योजना (फेज-2), हिमाचल प्रदेश की सीरखाद परियोजना, संघशासित प्रदेश पुडुचेरी का यनम बाढ़ संरक्षण कार्य और पश्चिम बंगाल की घाटल मास्टर प्लान (फेज-1) को भी मंजूरी प्रदान की गई।
- ये परियोजनाएं 13,58,000 लोगों और 4,51,750 एकड़ भूमि को बाढ़ से संरक्षण प्रदान करेंगी।
- बैठक में उपरोक्त परियोजनाओं की तकनीकी-आर्थिक संभावना क्षमता का मूल्यांकन भी किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1534743

दीनदयाल बंदरगाह पर उर्वरक कार्गो के लिए एक विशेष एवं यंत्रीकृत संचालन सुविधा की स्थापना

प्रश्न-हाल ही में जहाजरानी (शिपिंग) मंत्रालय की स्थायी वित्त समिति द्वारा कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर उर्वरक कार्गो के लिए एक विशेष एवं पूर्ण एकीकृत संचालन सुविधा स्थापित करने हेतु एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह मंजूरी 5 जून, 2018 को प्रदान की गई।
(b) यह सुविधा इस बंदरगाह की बर्थ संख्या 5 पर विकसित की जाएगी।
(c) इसकी निर्माण लागत राशि लगभग 138 करोड़ रुपये होगी।
(d) आरंभ में प्रस्तावित सुविधा अथवा यूनिट की संचालन क्षमता 2.60 एमएमटीपीए होगी।

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को जहाजरानी (शिपिंग) मंत्रालय की स्थायी वित्त समिति द्वारा कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर उर्वरक कार्गो के लिए एक विशेष एवं पूर्ण एकीकृत संचालन सुविधा स्थापित करने हेतु एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह सुविधा अथवा यूनिट इस बंदरगाह की बर्थ संख्या 14 पर विकसित की जाएगी।
- जिसकी निर्माण लागत राशि लगभग 138 करोड़ रुपये होगी।
- बंदरगाह द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों के माध्यम से इस परियोजना पर लगभग 340 करोड़ रुपये की राशि और निवेशित की जाएगी।

- आरंभ में प्रस्तावित सुविधा अथवा यूनिट की संचालन क्षमता 2.60 एमएमटीपीए होगी और बाद में यह मात्रा बढ़कर 4.50 एमएमटीपीए हो जाएगी।
- प्रस्तावित परियोजनान्तर्गत बल्क उर्वरक कार्गो को जहाज से नीचे उतारने से लेकर उर्वरक की बोरियों को बैगनों पर चढ़ाने तक की समस्त गतिविधियां पूर्णतः यंत्रीकृत होंगी।
- उर्वरक कार्गो को जहाज से नीचे उतारने का काम मोबाइल हॉपर पर लगी मोबाइल हार्बर क्रेन का उपयोग करके किया जाएगा।
- टियर सिस्टम युक्त कन्वेयर सिस्टम 38,500 वर्ग मीटर आकार के कार्गो भंडारण शेड में कार्गो का हस्तांतरण करेगा।
- इस सुविधा या यूनिट के अक्टूबर, 2020 तक शुरू होने की संभावना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72580
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179764

पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी नैपकिन-'जन औषधि सुविधा'

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, जहाजरानी राज्यमंत्री मनसुख एल. मांडविया ने पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी नैपकिन 'जन औषधि सुविधा' की शुरूआत की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजनान्तर्गत की गई है।

(b) यह सुविधा देश भर में 33 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 3600 से अधिक जन औषधि केंद्रों पर शुरू की गई है।



(c) यह सैनिटरी नैपकिन इन केंद्रों पर 3 रुपए प्रति पैड की दर से उपलब्ध होगी।

(d) गांवों में मात्र 48 प्रतिशत महिलाओं की पहुंच सैनिटरी नैपकिन तक है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, जहाजरानी राज्यमंत्री मनसुख एल. मांडविया द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजनान्तर्गत पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी नैपकिन 'जन औषधि सुविधा' की शुरूआत की गई।
- यह किफायती सैनिटरी नैपकिन देशभर में 33 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 3600 से अधिक जन औषधि केंद्रों पर 2.50 रुपये प्रति पैड की दर से उपलब्ध होगा।
- यह विशिष्ट उत्पादन किफायती और सुविधाजनक होने के साथ-साथ नष्ट करने में भी आसान है।

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार 15-24 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाएं स्थानीय तरीके से बनाई गई सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं।
- शहरों में 78 प्रतिशत महिलाएं स्वच्छ तरीकों का उपयोग करती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179755

मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना

प्रश्न-मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का शुभारंभ 13 जून, 2018 को किया जाएगा।
(b) योजनान्तर्गत पंजीकृत हितग्राही विगत 1 मई, 2018 से लाभ प्राप्ति हेतु पात्र होंगे।
(c) योजनान्तर्गत पंजीकृत हितग्राही अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं होंगे।
(d) चिकित्सा सुविधा हेतु आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 13 जून, 2018 को मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना का शुभारंभ किया जाएगा।
- इस योजना में पंजीकृत हितग्राही विगत 1 अप्रैल, 2018 से लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे।
- योजनान्तर्गत पंजीकृत हितग्राही अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं होंगे।
- उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ पूर्ववत प्राप्त होगा।
- पात्र आवेदकों को पंजीयन सत्यापन के अभाव में आर्थिक सहायता से वंचित नहीं किया जाएगा।
- चिकित्सा सुविधा हेतु आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं होगी।
- प्रदेश के सीमावर्ती अन्य राज्यों के शासकीय चिकित्सालयों को भी बीमारी सहायता योजना से जोड़ा जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि इस योजना के शुभारंभ के अवसर पर पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस, लाड़ली लक्ष्मी, चरण-पादुका आदि अन्य योजनाओं के शेष हितग्राहियों को भी हित-लाभ प्रदान किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.nayaindia.com/hindi-news/madhya-pradesh-shivraj-singh-chauhan-jan-kalyan-yojna.html

चंद्रन्ना बीमा योजना

प्रश्न-हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में चंद्रन्ना बीमा योजना के तीसरे वर्ष का शुभारंभ किया। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) 2 अक्टूबर, 2016 को पहली बार इस योजना को लांच किया गया था।

(b) 8-65 वर्ष की आयु के लाभार्थियों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा।

(c) योजनान्तर्गत असंगठित क्षेत्र के लगभग 2.5 करोड़ श्रमिक लाभान्वित होंगे।

(d) योजना के तहत आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना के कारण स्थायी अपंगता होने की स्थिति में 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में **चंद्रन्ना** बीमा योजना के तीसरे वर्ष का शुभारंभ किया।
- 2 अक्टूबर, 2016 को राज्य में पहली बार चंद्रन्ना बीमा योजना कार्यक्रम को लांच किया गया।
- इस योजना का दूसरा वर्ष 31 मई, 2018 को पूरा हुआ।
- आम आदमी बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और राज्य सरकार की दुर्घटना बीमा योजना इस बीमा योजना का हिस्सा है।
- मुख्यमंत्री के अनुसार इस योजना से असंगठित क्षेत्र में लगभग 2.5 करोड़ श्रमिक लाभान्वित होंगे।
- राज्य सरकार कुल बीमा राशि का भुगतान करेगी, लाभार्थियों को मात्र 15 रुपए प्रतिवर्ष देने होंगे।
- 18-70 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को बीमा का लाभ प्राप्त होगा।
- योजनान्तर्गत आकस्मिक मृत्यु पर 5 लाख रुपए, दुर्घटना के कारण अस्थायी विकलांगता होने पर 2.50 लाख रुपए और दुर्घटना के कारण स्थायी विकलांगता होने पर 5 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/andhra-cm-launches-3rd-year-of-chandranna-bima-yojana20180601134922000 2/

https://www.business-standard.com/article/news-ani/andhra-cm-launches-3rd-year-of-chandranna-bima-yojana-118060100429_1.html

समग्र संसाधन पोर्टल और मोबाइल ऐप लांच

प्रश्न-हाल ही में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने समग्र संसाधन पोर्टल और मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इसका उद्घाटन 31 मई, 2018 को किया गया।

(b) राज्य में 40,000 से अधिक कक्षाओं को इस पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से जून, 2018 तक हाइटेक बनाया जाएगा।

(c) केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन द्वारा यह पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया गया है।

(d) राज्य सरकार द्वारा 55,000 कक्षाओं में समग्र संसाधन पोर्टल का उपयोग सुनिश्चित करने हेतु शैक्षणिक निदेशकों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने समग्र संसाधन पोर्टल और मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया। राज्य में 40,000 से अधिक कक्षाओं को इस पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से जून, 2018 तक हाइटेक बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य हेतु केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नालॉजी फॉर एजुकेशन द्वारा इस पोर्टल और मोबाइल ऐप को विकसित किया गया है।
- राज्य सरकार ने 45,000 कक्षाओं में समग्र संसाधन पोर्टल का उपयोग सुनिश्चित करने हेतु शैक्षणिक निदेशकों को निर्देशित करने का आदेश जारी किया है। 'समग्र' अन्य परंपरागत शैक्षणिक पोर्टलों से भिन्न है, यह इस बात को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है कि सभी उद्देश्यों को पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट पाठ योजनाओं के माध्यम से प्रदान किया जाए।
- पाठ योजना के अलावा समग्र में डिजिटल पाठ्यपुस्तक, प्रश्नबैंक और ई-संसाधन भी शामिल हैं जो लॉग-इन किए बिना भी सभी के लिए सुलभ है।
- इसमें वीडियो, ऑडियो, चित्र, इंटरैक्टिव सिमुलेशन आदि के रूप में 19000 से अधिक डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं जिन्हें कक्षा और विषयानुसार क्रमबद्ध किया जा सकता है।
- केआईटीई ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समग्र में 74,000 शिक्षकों को पहले से ही विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया है।
- पहले चरण में कक्षा 8-12 तक और दूसरे चरण में 1-7 तक की कक्षाओं को कवर किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/portal-mobile-app-developed-for-use-in-hi-tech-classes-in-ker-118052900819_1.html

समग्र शिक्षा अभियान-इन्टीग्रेटेड स्कीम फॉर स्कूल एजुकेशन

प्रश्न-हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2018-19 से तीन केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं को एक में समाहित कर नवीन केंद्र पुरोनिधानित योजना समग्र शिक्षा अभियान-इंटीग्रेटेड स्कीम फॉर स्कूल एजुकेशन के तहत संचालित किए जाने का निर्णय किया गया। प्रश्न में इन तीन केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं में कौन-सी योजना शामिल नहीं है?



(a) प्रौढ़ शिक्षा अभियान

(b) माध्यमिक शिक्षा अभियान

(c) टीचर एजुकेशन

(d) सर्व शिक्षा अभियान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में वर्ष 2018-19 से तीन केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं को एक में समाहित कर नवीन केंद्र पुरोनिधानित योजना समग्र शिक्षा अभियान-इंटीग्रेटेड स्कीम फॉर स्कूल एजुकेशन के तहत संचालित किए जाने का निर्णय किया गया।
- नवीन कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान-इंटीग्रेटेड स्कीम फॉर स्कूल एजुकेशन के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा अभियान, टीचर एजुकेशन (शिक्षक शिक्षा) तथा सर्व शिक्षा अभियान एक साथ समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित किए जाएंगे।
- अधिकांशतः कार्य बेसिक शिक्षा से संबंधित होने के कारण इस सोसाइटी को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में रखे जाने का प्रस्ताव किया गया।
- उक्त के साथ ही सर्व शिक्षा अभियान की सोसायटी तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की सोसायटी एवं टीचर एजुकेशन से संबंधित प्रावधानों एवं व्यवस्था को समेकित कर मेमोरन्डम ऑफ एसोशिएसन में संशोधन/विस्तारीकरण किया जाएगा।
- समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य निम्नलिखित है-
- प्रदेश में कक्षा 1-12 तक के विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु कार्यक्रम एवं टीचर एजुकेशन कार्यक्रम को संचालित करना।
- भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान से संबंधित कार्यक्रमों को प्रदेश में लागू करना।
- परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पदों का सृजन एवं परिषद के नियमों के अंतर्गत भुगतान की व्यवस्थाा करना।

- परिषद के नियम एवं विनियम बनाया जाना तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कार्यक्रम लागू करना।
- वार्षिक कार्ययोजना के संरचना, प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, भारत सरकार में प्रस्तुत करना, कार्यक्रमों का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण, आदि।
- स्वीकृति वार्षिक कार्य योजना के सापेक्ष अनुदान की प्राप्ति, व्यय, देखभाल आदि की व्यवस्था करना।
- परिषद की वार्षिक रिपोर्ट एवं ऑडिट रिपोर्ट तैयार करना।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की राशि में वृद्धि

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए लागू मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा की योजना के तहत प्रदत्त राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर कितना किए जाने हेतु कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई?
(a) 6 लाख रुपये (b) 8 लाख रुपये (c) 10 लाख रुपये (d) 12 लाख रुपये
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए लागू मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत प्रदत्त बीमा राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किए जाने को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।
- बढ़ी हुई बीमा की राशि 27 अक्टूबर, 2017 से प्रभावी होगी।
- ज्ञातव्य है 1 सितंबर, 2000 से प्रदेश में पंजीकृत व्यापारियों को दुर्घटना बीमा का लाभ प्रदान किए जाने हेतु सर्वप्रथम जोखिम जीवन व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना शुरू की गई थी।
- 30 जून, 2016 से इस योजना का नाम परिवर्तित कर 'मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना' कर दिया गया।
- योजनान्तर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में व्यापारियों द्वारा नामित व्यक्ति अथवा उनके परिवार को लाभ प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

यूरोपीय गैस पाइपलाइन का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने संगचाल टर्मिनल में एक पाइपलाइन का उद्घाटन किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) संगचाल टर्मिनल राजधानी बाकू से लगभग 55 किमी. की दूरी पर उत्तर-पश्चिम में स्थित है।

(b) यह पाइपलाइन रूस को छोड़कर यूरोप के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में गैस परिवहन हेतु पहला प्रत्यक्ष मार्ग तैयार करेगी।

(c) दक्षिणी गैस परियोजना का उद्देश्य कैस्पियन सागर से यूरोप तक (3,500 किमी.) गैस परिवहन करना है।

(d) इस परियोजना की लागत राशि 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने संगचाल टर्मिनल में एक पाइपलाइन का उद्घाटन किया।
- यह पाइपलाइन रूस को छोड़कर यूरोप के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में गैस परिवहन हेतु पहला प्रत्यक्ष मार्ग तैयार करेगी।
- संगचाल टर्मिनल राजधानी बाकू से लगभग 55 किमी. (35 मील) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम में स्थित है।
- दक्षिणी गैस परियोजना का उद्देश्य कैस्पियन सागर से यूरोप तक (3,500 किमी.) गैस परिवहन करना है।
- इस परियोजना की लागत राशि 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर (35 बिलियन यूरो) है।
- वर्ष 2020 तक दक्षिणी गैस गलियारे से यूरोप में लगभग 10 बिलियन क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस लाने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त तुर्की को 6 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस भेजी जाएगी।
- अजरबैजान से दक्षिण काकेशस पाइपलाइन तुर्की को गैस का परिवहन करेगी, जहां यह ट्रांस-एनाटोलियन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन या तानाप (TANAP) से जुड़ जाएगी।
- तुर्की से ट्रांस-एड्रियाटिक पाइपलाइन के माध्यम से इटली को गैस भेजा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.hurriyetdailynews.com/azerbaijan-inaugurates-european-gas-pipeline-132528

प्राप्ति ऐप तथा वेब पोर्टल लांच

प्रश्न-हाल ही में किस मंत्रालय द्वारा प्राप्ति ऐप और वेब पोर्टल लांच किया गया है?

(a) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (b) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(c) विद्युत (ऊर्जा) मंत्रालय (d) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर.के. सिंह ने वेब पोर्टल तथा ऐप 'प्राप्ति' (भुगतान पुष्टि और उत्पादकों के चालान-प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु बिजली खरीद विश्लेषण) www.praapti.in (Payment Ratification and Analysis in Power Procurment for bringing Transparency in Invoicing of generators : PRAAPTI) लांच किया।
- प्राप्ति ऐप तथा वेब पोर्टल बिजली उत्पादकों और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के मध्य बिजली लेन-देन में पारदर्शिता लाने हेतु विकसित किया गया है।
- यह ऐप और वेब पोर्टल बिजली उत्पादकों से विभिन्न दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौता हेतु चालान और भुगतान डाटा का एकत्रण करेगा।
- इससे हितधारकों को बिजली खरीद के संदर्भ में बिजली वितरण कंपनियों की बकाया राशि का मासिक और पारंपरिक आंकड़ा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
- इस ऐप के माध्यम से उपयोगकर्त्ता बिजली वितरण कंपनियों द्वारा बिजली उत्पादक कंपनी को किए गए भुगतानों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कंपनियों के वित्तीय कार्य-प्रदर्शन का भी मूल्यांकन कर सकते हैं।
- यह पोर्टल विभिन्न बिजली उत्पादक कंपनियों को भुगतान सहजता के विषय में विभिन्न राज्यों को बिजली वितरण कंपनियों के सापेक्ष मूल्यांकन में मददगार होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179615

हॉट कुक्ड फूड योजना

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में हॉट कुक्ड फूड योजना को पुनः शुरू किए जाने का निर्णय किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना को अब बेसिक स्कूलों में वितरित किए जाने वाले मिड-डे मील के साथ जोड़ा जाएगा।

(b) निर्णय के तहत बेसिक स्कूलों में ही आंगनबाड़ी केंद्रों का भी मिड-डे मील (भोजन) पकाया जाएगा।

(c) यह योजना आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने हेतु शुरू की गई थी।



(d) आंगनबाड़ी केंद्रो पर 3-6 वर्ष की आयु के लाभान्वित होने वाले बच्चों की संख्या 38.11 लाख है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को संपन्न उ.प्र. मंत्रिमंडल की बैठक में विगत काफी समय से बंद हॉट कुक्ड फूड योजना को पुनः शुरू किए जाने का निर्णय किया गया।
- इस योजना को अब बेसिक स्कूलों में वितरित किए जाने वाले मिड-डे मील के साथ जोड़ा जाएगा और बेसिक स्कूलों में ही आंगनबाड़ी केंद्रों का भी मिड-डे मील (भोजन) पकाया जाएगा।
- आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 वर्ष 6 वर्ष की आयु के लाभान्वित होने वाले बच्चों की संख्या 39.11 लाख है।
- हॉट कुक्ड फूड पर मासिक व्यय 43.99 करोड़ रुपए तथा वार्षिक व्यय 527.98 करोड़ रुपए आकलित है।
- हॉट कुक्ड फूड योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3-6 वर्ष तक की आयु के उपस्थित बच्चों को गर्म खाना पकाकर खिलाया जाता है।
- 3-6 वर्ष तक के आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर मार्निंग स्नैक्स के माध्यम से 200 ग्राम कैलोरी एवं 7 ग्राम प्रोटीन तथा हॉट कुक्ड फूड के माध्यम से 300 ग्राम कैलोरी एवं 7-8 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जाता है।
- भारत सरकार द्वारा 3-6 वर्ष की आयु तक के बच्चों हेतु प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 8 रुपए की दर अनुमन्य है।
- इस राशि में 3.50 रुपए मार्निंग स्नैक्स पर तथा 4.50 रुपए हॉट कुक्ड फूड पर व्यय किए जाने का प्रस्ताव है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0d73b2-9120-4811-9261-41e80af72573.pdf

तेलंगाना सरकार द्वारा किसानों के लिए अद्वितीय जीवन बीमा योजना की घोषणा

प्रश्न-हाल ही में तेलंगाना मंत्रिमंडल द्वारा किसानों के लिए अद्वितीय जीवन बीमा योजना से संबंधित प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई। विकल्प में इस योजना से संबंधित कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह योजना 15 जुलाई, 2018 से प्रभावी होगी।

(b) योजनान्तर्गत बीमाकृत किसान की मृत्यु के बाद नामांकित व्यक्ति को 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।



(c) योजना का लाभ 18-60 वर्ष के मध्य आयु वर्ग के किसानों को प्राप्त होगा।

(d) योजनान्तर्गत बीमा कवर प्रदान करने का कार्य एलआईसी को सौंपा गया है।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 मई, 2018 को तेलंगाना मंत्रिमंडल द्वारा किसानों के लिए अद्वितीय जीवन बीमा योजना से संबंधित प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की मंजूरी प्रदान की गई।
- 25 मई, 2018 को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव ने हैदराबाद में इस बीमा योजना की घोषणा की थी।
- इस योजना के तहत बीमाकृत किसान की मृत्यु के बाद नामांकित व्यक्ति को 5 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना का लाभ 18-60 वर्ष के मध्य आयु वर्ग तक के किसानों को प्राप्त होगा।
- यह योजना 15 अगस्त, 2018 से प्रभावी होगी।
- कृषि विभाग पात्र किसानों की सूची तैयार कर उसे एलआईसी को प्रेषित करेगा और प्रीमियम का भुगतान करेगा।
- योजनांतर्गत बीमा कवर प्रदान करने का कार्य एलआईसी को सौंपा गया है।
- जिसमें प्रति किसान 2,271 रुपए का प्रीमियम शामिल है।
- राज्य सरकार पात्र किसानों के प्रीमियम का भुगतान करेगी।
- इस योजना हेतु राज्य बजट में 1000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://health.economictimes.indiatimes.com/news/industry/telangana-approves-rs-5-lakh-insurance-cover-to-farmers/64347951

हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना

प्रश्न-हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना के विषय में विकल्प में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) 24 मई, 2018 को संपन्न हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को शुरू करने का निर्णय लिया गया।

(b) यह योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु शुरू की गई है।

(c) योजनान्तर्गत राज्य सरकार केंद्र सरकार द्वारा संचालित उज्ज्वला योजना से छूटे घरों को एलपीजी गैस कनेक्शन तथा गैस चूल्हे के लिए प्रतिभूति राशि प्रदान करेगी।

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 मई, 2018 को संपन्न हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में महिला सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु 'हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना शुरू करने का निर्णय किया गया।
- इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार केंद्र सरकार द्वारा संचालित उज्ज्वला योजना से छूटे घरों को एलपीजी गैस कनेक्शनों तथा गैस चूल्हे के लिए प्रतिभूति राशि प्रदान करेगी।
- इसी बैठक में मंत्रिमंडल द्वारा स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित कर स्थानीय युवाओं को आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु 'मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, 2018' की प्रारूप अधिसूचना को स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://timesofindia.indiatimes.com/city/shimla/hp-cabinet-nod-to-cms-swavlamban-yojna-draft/articleshow/64310911.cms

मंदसौर जिले में स्थित दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत

प्रश्न-हाल ही में संपन्न म.प्र. मंत्रिमंडल की बैठक में मंदसौर जिले में स्थित दो सिंचाई परियोजनाओं को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) मंदसौर जिले की शामगढ़ सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना हेतु 1662 करोड़ 47 लाख रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
(b) इस परियोजना के अंतर्गत 260 ग्रामों की 90 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।
(c) भानपुरा नहर परियोजना हेतु 268 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।
(d) दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 93 हजार 354 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को संपन्न म.प्र. मंत्रिमंडल की बैठक में मंदसौर जिले की शामगढ़ सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना (स्वीकृत राशि 1662 करोड़ 47 लाख) और भानपुरा नहर परियोजना (स्वीकृत राशि 268 करोड़ 45 लाख रुपए) हेतु 1930 करोड़ 92 लाख रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- शामगढ़-सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना अंतर्गत 260 ग्रामों की 80 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।
- ज्ञातव्य है कि शामगढ़ क्षेत्र की कृषि भूमि लगभग 5-10 मीटर अधिक ऊंचाई पर स्थित होने के कारण सिंचाई से वंचित हो रही थी।
- भानपुरा नहर परियोजना के तहत राजस्थान से लगी सीमा तक भूमि सिंचित की जा सकेगी।
- दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 93 हजार 354 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

- इसी बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के संचालन हेतु मंत्रिमंडल द्वारा अंतरिम मानव संसाधन/संस्थागत ढांचे की स्वीकृति प्रदान की गई।
- भारत सरकार द्वारा स्वीकृत योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन प्रदेश में 15 अगस्त, 2018 से प्रारंभ होगा।
- मध्य प्रदेश में यह मिशन ट्रस्ट के माध्यम से संचालित किया जाएगा।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित प्रदेश के 83 लाख 81 हजार परिवारों के अलावा खाद्य सुरक्षा मिशन में शामिल और श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के सभी परिवारों को जोड़ा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.dailypioneer.com/state-editions/bhopal/revised-approval-for-mandsaur-water-projects.html
http://www.centralchronicle.com/rs-1930-92-cr-approved-for-two-irrigation-projects.html

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना हेतु धनराशि स्वीकृत

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन योजना हेतु कितनी धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई?

(a) 110.25 करोड़ रुपए (b) 111.75 करोड़ रुपए (c) 115.80 करोड़ रुपए (d) 125.80 करोड़ रुपए

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना हेतु 115.80 करोड़ रुपए राशि की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई।
- यह योजना केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता से संचालित है।
- योजना हेतु जारी धनराशि का उपयोग औद्योगिक कार्यक्रमों यथा-नर्सरी स्थापना, उद्यान रोपण, मशरूम उत्पादन, पुराने बागों का जीर्णोद्धार, संरक्षित खेती जैसे-ग्रीन हाउस/शेडनेट हाउस की स्थापना, पुष्प क्षेत्र का विस्तार, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (कन्नौज व बस्ती), पॉलिमेशन सपोर्ट थ्रू-बी कीपिंग, बागवानी में मशीनीकरण, कृषक प्रशिक्षण आदि कार्यों में किया जाएगा।
- इसके अलावा प्रबंधन के अंतर्गत शामिल सुविधाओं के लिए भी इस धनराशि का उपयोग होगा।
- वर्तमान में यह योजना प्रदेश के 45 जनपदों में क्रियान्वित है।
- इच्छुक कृषक कृषि विभाग के पोर्टल http//upagriculture.com पर पंजीकरण कराकर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर योजना/कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b02d05d-b95c-4972-830a-4a880af72573.pdf

असम और राजस्थान में ई-वे बिल सिस्टम की शुरूआत

प्रश्न-हाल ही में 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के राज्यांतरिक संचालन हेतु ई-वे बिल प्रणाली किन दो राज्यों में 16 मई और 20 मई, 2018 से शुरू हुई?



(a) गुजरात, असम (b) बिहार, मध्य प्रदेश (c) असम, राजस्थान (d) राजस्थान, कर्नाटक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के राज्यान्तरिक संचालन हेतु ई-वे बिल प्रणाली 16 मई, 2018 से असम में और 20 मई, 2018 से राजस्थान में शुरू की गई।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा एक राज्य से दूसरे राज्य में 50,000 रुपए से अधिक के सामानों को स्थानांतरित करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक तरीका या ई-वे बिल प्रणाली 1 अप्रैल, 2018 से लांच की जा चुकी है।
- राज्यांतरिक संचालन को 15 अप्रैल, 2018 से विभिन्न राज्यों में चरणबद्ध ढंग से शुरू किया गया है।
- अभी तक गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और संघ शासित प्रदेश पुडुचेरी सहित 18 राज्यों में माल (Goods) के राज्यांतरित संचालन हेतु ई-वे बिल को अनिवार्य कर दिया है।
- 13 मई, 2018 तक 4.15 करोड़ से अधिक ई-वे बिल तैयार किए गए हैं जिनमें वस्तुओं के राज्यांतरिक संचालन हेतु 1 करोड़ से अधिक ई-वे बिल शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/assam-to-roll-out-intra-state-e-way-bill-from-may-16-rajasthan-on-may-20/articleshow/64163548.cms

छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य में 5 से अधिक छात्राओं को शैक्षणिक संस्थानों से लाने व ले जाने के लिए छात्रा परिवहन योजना शुरू की जाएगी?

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड (c) हरियाणा (d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की कि राज्य में पांच से अधिक छात्राओं को शैक्षणिक संस्थानों से लाने व ले जाने के लिए छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना शुरू की जाएगी।
- इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा मुहैया करवाना है।
- हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं की सुविधा हेतु अलग-अलग जिलों में पुलिस थाना खोला गया है और महिला डेस्क भी स्थापित किए गए हैं।
- वर्तमान में राज्य में पुलिस में महिलाओं की संख्या 9 प्रतिशत है जबकि पूर्व में यह संख्या केवल 6 प्रतिशत थी।
- राज्य सरकार द्वारा इसी सत्र में इस संख्या को 10-11 प्रतिशत तक ले जाने का निर्णय किया गया हैं।
- वर्तमान में राज्य में 131 रूटों पर महिलाओं के लिए बसें संचालित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.khaskhabar.com/local/haryana/chandigarh-news/news-chandigarh-news–student-transportation-scheme-will-be-started-in-haryana–chief-minister-manohar-lal-news-hindi-1-314640-KKN.html

डीएवाई एनयूएलएम के तहत नीतियों के विस्तार की घोषणा

प्रश्न-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किस वर्ष शुरू किया गया था?

(a) वर्ष 2014 (b) वर्ष 2015 (c) वर्ष 2016 (d) वर्ष 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 मई, 2018 को आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत नीतियों के विस्तार की घोषणा की।
- यह घोषणा उन्होंने ‘‘शहरों को सबके काम के लिए बनाने: असंगठित अर्थव्यवस्था का एकीकरण’’ विषय पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला के दौरान की।
- यह पहल बेहतर काम करने की स्थितियों पर ध्यान केंद्रित करती है और अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत शहरी गरीबों (मुख्यतः कूड़ा उठाने वाले, सड़क पर बिक्री करने वाले, ईंट-भट्ठा श्रमिक आदि) के बीच भेदभाव को कम करती है।
- अनौपचारिक क्षेत्र में 10 से कम श्रमिक काम करते हैं जिनकी सामाजिक और नौकरी की सुरक्षा की गारंटी नहीं होती है।

- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179382

कावेरी प्रबंधन योजना को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा दक्षिण भारत के चार राज्यों के बीच कावेरी के जल का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने हेतु केंद्र द्वारा प्रस्तुत कावेरी प्रबंधन योजना मसौदे को मंजूरी प्रदान की गई। विकल्प में इन चार राज्यों में कौन-सा राज्य शामिल नहीं है?



(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु (c) आंध्र प्रदेश (d) पुडुचेरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 मई, 2018 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दक्षिण भारत के चार राज्यों (कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी) के बीच कावेरी के जल का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने हेतु केंद्र द्वारा प्रस्तुत कावेरी प्रबंधन योजना मसौदे को मंजूरी प्रदान की गई।
- प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने इस योजना पर कर्नाटक और केरल सरकारों के सुझावों को खारिज कर दिया।
- पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के 16 फरवरी, 2018 के फैसले में संशोधित कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के अवार्ड को कावेरी प्रबंधन योजना के द्वारा अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचाना होगा।
- ज्ञातव्य है कि 16 फरवरी, 2018 को उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को चार राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी कावेरी नदी के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कावेरी प्रबंधन बोर्ड की स्थापना सहित कावेरी प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया था।
- पीठ ने कावेरी प्रबंधन योजना तैयार करने में विफल रहने के कारण केंद्र के खिलाफ अवमानना कार्यवाही हेतु तमिलनाडु सरकार की याचिका को भी खारिज कर दिया।
- शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह यह देखेगी कि यह योजना सिर्फ न्यायालय के फैसले के संदर्भ में ही हो।
- इससे पूर्व न्यायालय ने इस योजना में समय-समय पर निर्देश देने का अधिकार केंद्र को देने संबंधी प्रावधान पर आपत्ति की थी जिसके फलस्वरूप यह प्रावधान केंद्र ने हटा दिया था।

ऑपरेशन/अभियान

मध्य प्रदेश में टीकाकरण अभियान

प्रश्न-16 जुलाई, 13 अगस्त और 10 सितंबर, 2018 को मध्य प्रदेश में विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान के तहत टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) अभियान के दौरान-6 वर्ष की आयु के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।

(b) यह अभियान भारत सरकार द्वारा राज्य में चयनित 8 आकांक्षी जिलों में संचालित किया जाएगा।

(c) अभियान के अंतर्गत 9 बीमारियों के विरूद्ध टीकाकरण किया जाएगा।

(d) अभियान के तहत विभाग द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि हेतु 2,222 ग्राम पंचायतों को 2-2 लाख रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 13 अगस्त, और 10 सितंबर, 2018 को मध्य प्रदेश में विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान के तहत 0-5 वर्ष आयु के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।
- यह अभियान इन तिथियों में भारत सरकार द्वारा राज्य में चयनित 8 आकांक्षी जिलों विदिशा, सीधी, बड़वानी, खण्डवा, छतरपुर, दमोह, गुना और राजगढ़ में संचालित होगा।
- अभियान के दौरान 9 बीमारियों के विरुद्ध (खसरा, निमोनिया, डायरिया, आदि) टीकाकरण किया जाएगा।
- टीकाकरण टीमें सभी मजरा-टोला, मलिन-बस्ती, ईंट-भट्टा, निर्माण कार्यस्थल और एक-दो घर बसे स्थलों तक भी अभियान के दौरान पहुंचेंगी।
- इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बालविकास, खेल, वन, शहरी विकास, स्कूल शिक्षा इत्यादि विभाग भी भागीदार हैं।
- अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि हेतु 2,222 ग्राम पंचायतों को 2-2 लाख रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180619N10&LocID=1&PDt=6/19/2018
https://www.bhaskar.com/mp/murena/news/latest-morena-news-043003-2019526.html

बच्चों के संरक्षण पर रेलवे के सहयोग से जागरुकता अभियान

प्रश्न-हाल ही में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष स्तुति कक्कड़ ने बच्चों के संरक्षण पर जागरूकता अभियान की शुरूआत की। यह अभियान संयुक्त रूप से किसके द्वारा संचालित किया जा रहा है?



(a) नीति आयोग और रेलवे (b) युवा मामलों और खेल मंत्रालय तथा रेलवे
(c) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और रेलवे (d) महिला एवं बाल विकास विभाग और रेलवे

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जून, 2018 को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष स्तुति कक्कड़ ने बच्चों के संरक्षण पर जागरूकता अभियान की शुरूआत की।
- यह अभियान संयुक्त रूप से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और रेलवे द्वारा संचालित किया जा रहा है।
- अभियान के अंतर्गत रेलवे के संपर्क में आने वाले यात्रियों के रूप में बच्चे, बर्बाद बच्चे, तस्करी कर लाए गए बच्चे, अपने परिवार से जुदा हुए बच्चों के संरक्षण पर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा।
- इस अभियान की शुरूआत संपूर्ण रेलवे प्रणाली में बच्चों की सुरक्षा के मुद्दे को हल करने और सभी हितधारकों, यात्रियों, विक्रेताओं, कुलियों को संवेदनशील बनाने हेतु की गई है।
- वर्तमान में रेलवे के संपर्क में बच्चों की देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु रेलवे की यह मानक प्रक्रिया 88 स्टेशनों पर लागू है।
- आगामी अवधि में इसे बढ़ाकर 174 स्टेशनों पर लागू किया जाएगा।
- इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी ने स्तुति कक्कड़ धर्मेंद कुमार, विश्वेश चौबे के साथ रेलवे के संपर्क में आने वाले बच्चों की सुरक्षा और देखभाल हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पोस्टर भी जारी किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179846

हरियाणा में किसानों के लिए जागरूकता अभियान

प्रश्न-जून-जुलाई, 2018 के मध्य हरियाणा सरकार राज्य में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह जागरूकता कार्यक्रम 20 जून, 2018 से 15 जुलाई, 2018 के मध्य आयोजित होगा।

(b) अभियान के तहत गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

(c) कार्यक्रम के दौरान किसानों को सिर्फ सरकार की किसान कल्याण योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की जाएगी।

(d) अभियान के एक भाग के रूप में सभी जिलों में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जून, 2018 से 15 जुलाई, 2018 के मध्य हरियाणा सरकार राज्य में किसानों के लिए गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगी।
- इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान फसल अवशेष (पराली) को जलाने के नकारात्मक प्रभावों, इसके विकल्पों और कई किसान कल्याण योजनाओं पर फोकस किया जाएगा।
- कार्यक्रमों की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी।
- अभियान के एक भाग के रूप में सभी जिलों में सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा।
- हरियाणा राज्य के कृषि विभाग द्वारा एक पोर्टल विकसित किया गया है जिससे अधिकारी संबंधित जिलों से किसानों के बायोडाटा को अपलोड करेंगे।यह पोर्टल प्रगतिशील किसानों के विषय में जानकारी साझा करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-kae-karsai-evan-kaisaana-kalayaana-vaibhaaga-kae-paradhaana-sacaiva-daa-abhailakasa-1

गोमुख ट्रैकिंग अभियान

प्रश्न-9-12 जून, 2018 के मध्य गोमुख ट्रैकिंग अभियान किसके नेतृत्व में संचालित किया गया है?

(a) उत्तराखंड पर्यटन निगम (b) भारतीय पर्यटन विभाग (c) मैक संस्था (d) उत्तराखंड पुलिस



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जून, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गोमुख ट्रैकिंग अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- यह ट्रैकिंग अभियान मैक संस्था के नेतृत्व में संचालित किया गया।
- 30 सदस्यीय अभियान दल ने 9-12 जून, 2018 के मध्य गोमुख व गंगोत्री में ट्रैकिंग व कैम्पिंग की।
- अभियान दल का उद्देश्य गंगा स्वच्छता एवं वृक्षापरोण हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना था।
- अभियान दल ने गोमुख में वृक्षारोपण किया और गंगा स्वच्छता अभियान चलाया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रिस्पना और कोसी नदी के पुनर्जीवीकरण के लिए एक ही दिन में 3.5 लाख पौधे लगाये जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2573.pdf

अरुणाचल राइजिंग अभियान

प्रश्न-हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में राइजिंग अभियान का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस अभियान का शुभारंभ 8 जून, 2018 को किया गया।
(b) इस अभियान का शुभारंभ अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने किया।
(c) यह अभियान सरकार की पहलों नीतियों और कार्यक्रमों के विषय में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए शुरू किया गया है।
(d) अभियान का लक्ष्य राज्य के सबसे दूरस्थ हिस्सों तक पहुंचना है।



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जून, 2018 को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल राइजिंग अभियान का शुभारंभ किया।
- यह अभियान सरकार की पहलों, नीतियों और कार्यक्रमों के विषय में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए शुरू किया गया है।
- अभियान का लक्ष्य राज्य के सबसे दूरस्थ हिस्सों तक पहुंचना है।
- इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न मीडिया माध्यमों (Tools) जैसे- प्रिंट, सोशल मीडिया, ऑडियो विजुअल मोड और अन्य अभिनव तकनीकों के माध्यम से सरकार के सकारात्मक कार्यों को उजागर किया जाएगा।

- इस अवसर मुख्यमंत्री द्वारा अरूणाचल प्रदेश में उपग्रह आधारित निगरानी और विकास परियोजनाओं के भू टैगिंग के लिए वित्त, योजना और निवेश विभाग द्वारा विकसित वेब पोर्टल www.arunachalmonitoring.com और मोबाइल ऐप भी लांच किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.telegraphindia.com/states/north-east/arunachal-rising-launch-236390

प्रदूषण उपशमन पौध अभियान

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में प्रदूषण उपशमन पौध अभियान (पापा) शुरू किया गया है?



(a) केरल (b) छत्तीसगढ़ (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्य में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदूषण उपशमन पौध अभियान (पापा) का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में थर्मोकोल की प्लेटों तथा ग्लासों पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की।
- इसके अलावा राज्य में सार्वजनिक सभाओं के दौरान 1 लीटर क्षमता से कम की पानी की प्लास्टिक बोतल पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री के अनुसार हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां प्लास्टिक के बैगों पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु राज्य के विभिन्न भागों में 10 ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।
- राज्य के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों बद्दी, नालागढ़, परवाणु, कालाअंब, पांवटा साहिब, सुन्दरनगर, डमटाल तथा ऊना में 5 जून से 1 जुलाई, 2018 तक पौधरोपण पर विशेष बल दिया जाएगा क्योंकि यह शहर हिमाचल के सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैं।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक, सुन्दरनगर के परिसर में पौधरोपण किया तथा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रकाशन तथा पर्यावरण संरक्षण पर प्रचार पोस्टर भी जारी किया।

- इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक सुंदरनगर में 1.50 करोड़ रुपये के अतिथि गृह तथा 5.58 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मैकेनिकल इंजीनियरिंग खंड भवन की आधारशिलाएं रखीं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=2&ID=12294
http://punjabnewsexpress.com/regional/news/himachal-pradesh-cm-launches-pollution-abating-plants-abhiyan-75920.aspx

नंदा देवी पूर्वी बेस कैम्प पर ट्रैकिंग अभियान

प्रश्न-हाल ही में सैन्य प्रशिक्षण महानिदेशक द्वारा नंदा देवी पूर्वी बेस कैंप पर ट्रैकिंग हेतु भारत-बांग्लादेश सेना के संयुक्त ट्रैकिंग अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली से रवाना किया। नंदा देवी पूर्वी बेस कैम्प की ऊंचाई कितनी है?



(a) 4100 मीटर (b) 4200 मीटर (c) 4300 मीटर (d) 4325 मीटर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को सैन्य प्रशिक्षण महानिदेशक ने नंदा देवी पूर्वी बेस कैंप (4300 मीटर) पर ट्रैकिंग हेतु भारत-बांग्लादेश सेना के संयुक्त ट्रैकिंग अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली से रवाना किया।
- इस अभियान में 16 सदस्यीय भारतीय और 10 सदस्यीय बांग्लादेशी सेना की टीम शामिल है।
- माउंट नंदा देवी पूर्वी बेस कैंप 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जो हिमालय के चुनौती पूर्ण ट्रैकिंग मार्गों में से एक है।
- इस संयुक्त अभियान का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को और मजबूत बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179591

कृषि महाभियान-सह-बीज विकास वाहन रथ

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खरीफ सीजन के दौरान सरकारी योजनाओं के विषय में किसानों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने हेतु कृषि महाभियान-सह-बीज विकास वाहन रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया?



(a) छत्तीसगढ़ (b) बिहार (c) झारखंड (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने खरीफ सीजन के दौरान सरकारी योजनाओं के विषय में किसानों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने हेतु 'कृषि महाभियान-सह-बीज विकास वाहन रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मुख्यमंत्री ने पटना में आयोजित खरीफ महाभियान-सह-महोत्सव, 2018 के अवसर पर राज्य के सभी 38 जिलों के लिए दो- दो रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किए।
- यह रथ खरीफ सीजन के दौरान संचालित योजनाओं के विषय में किसानों को जानकारी प्रदान करने हेतु ब्लॉक, ग्राम पंचायत और गांवों की यात्रा करेंगे।
- दो रथों में से एक खरीफ महाभियान सह-महोत्सव रथ है जबकि दूसरा रथ 'बीज (सीड) वाहन विकास रथ' है जिसमें खरीफ फसलों के बीज और बीजोपचार के लिए कीटनाशक होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.jagran.com/bihar/patna-city-cm-nitish-sends-agricultural-rath-to-campaign-17974393.html

आयोग/समिति

कृषि एवं मनरेगा से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोणों में समन्वय स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्रियों का उप-समूह गठित

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कृषि एवं मनरेगा से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोणों में समन्वय स्थापित करने हेतु किसके नेतृत्व में मुख्यमंत्रियों का एक उप-समूह गठित किया गया?



(a) डॉ. रमन सिंह (b) शिवराज सिंह चौहान (c) विजय रूपाणी (d) ममता बनर्जी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने कृषि एवं मनरेगा से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोणों में समन्वय स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्रियों का एक उप-समूह गठित किया।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसके संयोजक हैं।
- जबकि आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम के मुख्यमंत्री तथा नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद इस उप-समूह के सदस्य हैं।
- उल्लेखनीय है कि 17 जून, 2018 को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की चौथी बैठक में सर्वसम्मति से इस उप-समूह के गठन का निर्णय लिया गया था।

- **उप-समूह के विचारार्थ विषयों को निम्नानुसार तय किया गया है-**
  (i) बुवाई पूर्व और फसल कटाई उपरांत दोनों ही के लिए राज्य को विशिष्ट उपायों के व्यापक विकल्प सुझाना, ताकि आमदनी, जल संरक्षण और कचरे से संपदा पर दिए जा रहे विशेष जोर को और बढ़ाया जा सके।
  (ii) मनरेगा के तहत विभिन्न कार्यों के वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य की प्राप्ति से जुड़ी आवश्यकताओं से पूरी तरह सुव्यवस्थित करना।
- उप-समूह अपने गठन की तिथि से तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को पेश कर देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=180041

सेज नीति का अध्ययन करने हेतु प्रतिष्ठित व्यक्तियों के एक समूह का गठन

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक जोन (SEZ) नीति का अध्ययन करने के लिए किसकी अध्यक्षता में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के एक समूह का गठन किया?



(a) नील रहेजा (b) रविंद्र सन्नरेड्डी (c) बाबा कल्याणी (d) श्रीकांत बडिगा
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक जोन (SEZ) नीति का अध्ययन करने हेतु प्रतिष्ठित व्यक्तियों के एक समूह का गठन किया।
- 'भारत फोर्ज' के चेयरमैन बाबा कल्याणी इस समूह के अध्यक्ष होंगे।
- समूह के अन्य सदस्यों में 'श्रीसिटी सेज' समूह के एमडी रविंद्र सन्नरेड्डी, 'टाटा स्टील सेज लि.' के एमडी अरुण मिश्र, महिंद्रा लाइफ स्पेस डेवलपर की एमडी अनीता अर्जुनदास, गिफ्ट सिटी सेज लि. के एमडी तथा ग्रुप सीईओ अजय पांडे, हैदराबाद फीनिक्स डेवलपर के निदेशक श्रीकांत बडिगा तथा गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के प्रधान सचिव (उद्योग), अपर सचिव (सेज डिवीजन के प्रभारी, वाणिज्य विभाग सदस्य सचिव) एवं निदेशक (सेज), वाणिज्यिक विभाग (समन्वय अधिकारी) शामिल हैं।
- **यह समूह निम्न कार्य करेगा-**
  i. सेज नीति का अध्ययन करेगा।
  ii वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में निर्यातकों की जरूरत के अनुसार सुझाव देगा।
  iii सेज नीति WTO के अनुकूल बनाएगा,

iv सेज योजनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करेगा और सेज नीति को अन्य समान योजनाओं के अनुरूप संगत बनाने हेतु सुझाव देगा।

- यह समूह तीन माह में अपनी अनुशंसा प्रदान करेगा।
- ज्ञातव्य है कि सेज नीति 1 अप्रैल, 2000 से लागू है।
- इसके बाद मई, 2005 में संसद ने विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 पारित किया और इसे 23 जून, 2005 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली।
- सेज अधिनियम, 2005 को 10 फरवरी, 2006 से लागू किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179793

सम्मेलन/समारोह

पूर्वी भारत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

प्रश्न-जून, 2018 में पूर्वी भारत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?
(a) भुवनेश्वर (b) पटना (c) रांची (d) रायपुर




उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24-25 जून, 2018 के मध्य पूर्वी भारत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन पटना, बिहार में किया गया।
- इस सम्मेलन का शुभारंभ ज्ञान भवन में संयुक्त रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने किया।
- इसका आयोजन बिहार पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा एशियन विकास अनुसंधान संस्थान और एक्शन ऑन क्लाइमेट के विशेषज्ञ दलों के सहयोग से किया गया।
- इस सम्मेलन में 6 पूर्वी राज्यों (बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और असम) के मंत्रियों और अधिकारियों ने भागीदारी की।
- इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://210.212.23.61/AdminPanel/Files/PressRelease/472.pdf

दत्तक ग्रहण सम्मेलन

प्रश्न-9-13 जुलाई, 2018 के मध्य दत्तक ग्रहण सम्मेलन किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?



(a) झारखंड (b) उत्तराखंड (c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9-13 जुलाई, 2018 के मध्य छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत) द्वारा दत्तक ग्रहण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
- सम्मेलन में दत्तक ग्रहण से संबंधित कानूनी प्रावधान, दत्तक ग्रहण की पात्रता और भावी अभिभावकों (गोद लेने वाले व्यक्ति) की काउंसलिंग भी की जाएगी।
- जिलों में सम्मेलन का आयोजन संयुक्त रूप से विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण और जिला बाल अधिकार संरक्षण इकाई द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://bit.ly/2KjCbPz

भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग का 15वां सत्र, 2018

प्रश्न-हाल ही में भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग का 15वां सत्र, 2018 कहां संपन्न हुआ?



(a) नई दिल्ली (b) कैनबरा (c) मुंबई (d) पर्थ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जून, 2018 को भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग के 15वें सत्र (15th Session of the India- Australia Joint Ministerial Commission) कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया गया।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने इस सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री स्टीवन सिओबो के साथ इस सत्र की सह-अध्यक्षता की।
- दोनों ही मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि की जरूरत पर विशेष बल दिया।

मध्य प्रदेश में किसान महा-सम्मेलन

प्रश्न-10 जून, 2018 को मध्य प्रदेश में कहां कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत किसान महासम्मेलन का आयोजन किया गया?

(a) भोपाल (b) जबलपुर (c) मंडला (d) शिवपुरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को जबलपुर, मध्य प्रदेश में कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत किसान्महासम्मेलन का आयोजन किया गया।
- इस सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विपणन वर्ष 2018-19 के गेहूं, चना, मसूर और सरसों उत्पादक किसानों के बैंक खातों में आरटीजीएस/एनएफटी से प्रोत्साहन राशि सीधे ट्रांसफर की जाएगी।
- इसी दिन प्रदेश के विकास खंड मुख्यालयों पर भी किसान सम्मेलन आयोजित किए गये।
- सम्मेलन में कृषि संगोष्ठियों के अलावा कृषि उपलब्धि और कृषि की आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।
- संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया।
- सम्मेलन में किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड, फसल चक्र में परिवर्तन, नवीन उन्नत बीज, अंतवर्ती फसल, उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा, खेतों की मेड़ों पर वृक्षारोपण, जैविक खेती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कस्टम हायरिंग व कस्टम प्रोसेसिंग, पशुपालन, मछली पालन को बढ़ावा देने के साथ ही मुख्यमंत्री कृषक युवा उद्यम योजना के विषय में जानकारी प्रदान की गयी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dprmp.org/NewsDetail.aspx?newsid=549256&disid=25
http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180608N17&LocID=1

कार्यशाला-'मिशन रफ्तार'

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला 'मिशन रफ्तार का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। मिशन रफ्तार का उद्देश्य क्या है?

(a) फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति को आगामी पांच वर्षों के दौरान 24 किमी./घंटा तक बढ़ाना।

(b) फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति आगामी 4 वर्षों के दौरान 25 किमी./घंटा तक बढ़ाना।



(c) फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति आगामी 5 वर्षों के दौरान 25 किमी./घंटा तक बढ़ाना।

(d) फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति आगामी 5 वर्षों के दौरान 30 किमी./घंटा तक बढ़ाना।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को रेल मंत्रालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला 'मिशन रफ्तार' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इसका उद्घाटन रेल राज्यमंत्री राजेन गोहेन और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्विनी लोहानी ने किया।
- इस कार्यशाला को आयोजित करने का उद्देश्य भारतीय रेल के उच्च प्रबंधन के साथ फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने पर विचार-विमर्श करना था।
- कार्यशाला में इसके साथ ही समयबद्धता, ट्रैफिक के संदर्भ में गतिरोधों को दूर करना, मानव रहित रेलवे क्रासिंग को समाप्त करने जैसे मामलों पर भी विचार-विमर्श करना था।
- मिशन रफ्तार का उद्देश्य फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति को आगामी पांच वर्षों के दौरान 25 किमी./घंटा तक बढ़ाना है।
- फ्रेट ट्रेनों की औसत गति 24 किमी./घंटा है जबकि यात्री ट्रेनों (उप-नगरीय ट्रेनों को छोड़कर) की औसत गति 44 किमी./घंटा है।
- यात्रा अवधि, माल ढोने और संचालन लागत के समय को कम करने, राजस्व तथा रेलवे की बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए रेलों की औसत गति में वृद्धि किया जाना आवश्यक है।
- स्वर्णिम चतुर्भुज के अंतर्गत मुख्य रेल मार्ग-दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा, हावड़ा-चेन्नई, चेन्नई-मुंबई और हावड़ा-मुंबई है।
- इन मार्गों से 58 प्रतिशत फ्रेट यातायात तथा 52 प्रतिशत यात्री यातायात संचालित होता है, जो रेल नेटवर्क का मात्र 15 प्रतिशत है।
- इसे प्रारंभिक कार्यान्वयन हेतु चयनित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72495
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179647

योग पर स्वास्थ्य संपादकों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में योग पर स्वास्थ्य संपादकों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?

(a) जयपुर (b) नई दिल्ली (c) भोपाल (d) अहमदाबाद



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को योग पर स्वास्थ्य संपादकों के तीसरे सम्मेलन का आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली में किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येसो नाईक ने किया।
- इसका आयोजन संयुक्त रूप से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेषज्ञों की मदद से योग के सिद्धांतों एवं तौर तरीकों के विषय में जागरूकता बढ़ाना और योग के वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलुओं से लोगों को अवगत कराना था।
- इस अवसर पर मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और एमिटी विश्वविद्यालय के मध्य शिक्षा प्रणाली में योग को शामिल करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- समझौता-ज्ञापन के तहत एमिटी विश्वविद्यालय में एक अध्ययन-सह-अनुसंधान केंद्र खोला जाएगा।
- इस समझौता ज्ञापन से शिक्षा, चिकित्सा और अनुसंधान के लिए इन दोनों संस्थानों को मदद प्राप्त होने के साथ ही विश्वविद्यालय के 1,20,000 विद्यार्थियों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने में मदद प्राप्त होने की उम्मीद है।
- राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठनों के लगभग 150 स्वास्थ्य संपादकों और मीडिया कर्मियों ने इस सम्मेलन में भागीदारी की।
- इस सम्मेलन से पूर्व मीडिया कर्मियों के लिए 'योग के माध्यम से तनाव कैसे कम करें' विषय पर 1 घंटे की अवधि की कार्यशाला का संचालन एमडीएनआईवाई के निदेशक डॉ. आई.वी. बसवराद्दी ने किया।
- प्रतिवर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में मनाया जाता है।
- इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन देहरादून में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72585
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179783

बाल संरक्षण पर राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन, 2018

प्रश्न-हाल ही में बाल संरक्षण पर राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?



(a) जयपुर (b) लखनऊ (c) नई दिल्ली (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को बाल संरक्षण पर राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

- इसका आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया था।
- इस सम्मेलन में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा यौन अपराधों से बाल संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 पर चर्चा की गई।
- विचार-विमर्श में विभिन्न राज्यों के पुलिस विभाग द्वारा श्रेष्ठ व्यवहारों और अनुभवों को साझा किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179781

इब्सा के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक, 2018

प्रश्न-4 जून, 2018 को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (IBSA) के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक कहां संपन्न हुई?



(a) नई दिल्ली (b) जोहान्सबर्ग (c) प्रिटोरिया (d) सेंट पीटर्सबर्ग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (IBSA) के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक प्रिटोरिया, दक्षिण अफ्रीका में संपन्न हुई।
- इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग मंत्री लिंडीवे सिसुलू तथा ब्राजील के विदेशी मामलों के उपमंत्री मार्कोस बेजेरा एबॉट गैल्वाओ ने भाग लिया।
- विदेश मंत्रियों ने विकास संबंधी सहयोग और विकासशील देशों के बीच सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
- मंत्रियों ने समूह की 15वीं वर्षगांठ मनाने के वास्ते वर्ष 2018-19 के लिए प्रस्तावित इब्सा आयोजनों की चर्चा की।
- वे ब्यूनस आयर्स कार्य योजना (बीएपीए)+40 इवेंट्स के मद्देनजर अपने बहुपक्षीय मिशनों के जरिए विकासशील देशों के बीच सहयोग जारी रखने पर भी सहमत हुए।
- उन्होंने 73वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर 28 सितंबर, 2018 को न्यूयॉर्क में 9वें इब्सा त्रिपक्षीय आयोग की बैठक की मेजबानी के प्रस्ताव के लिए ब्राजील का धन्यवाद भी व्यक्त किया।
- ज्ञातव्य है कि इब्सा भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय त्रिपक्षीय समूह है।
- इसकी स्थापना जून, 2003 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29956/Joint+Press+Release++IBSA+Foreign+Ministers+Meeting+Pretoria+June+04+2018
http://www.ibsa-trilateral.org/about-ibsa2

49वां राज्यपाल और उप-राज्यपाल सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में नई दिल्ली में 49वां राज्यपाल और उपराज्यपाल सम्मेलन आयोजित किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा सही नहीं है?



(a) यह सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ।
(b) यह सम्मेलन, विज्ञान भवन में आयोजित हुआ।
(c) सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
(d) यह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में आयोजित दूसरा सम्मेलन था।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-5 जून, 2018 के मध्य 49वां राज्यपाल और उप-राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद ने किया।
- यह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाला 49वां सम्मेलन और राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में आयोजित दूसरा सम्मेलन था।
- इस सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल और उपराज्यपाल के अलावा उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, विदेश मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, संस्कृति राज्यमंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सहित मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विभिन्न मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भागीदारी की।
- सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों यथा भारत-सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, आंतरिक सुरक्षा, विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा, रोजगार हेतु कौशल विकास, 48वें राज्यपाल सम्मेलन में गठित राज्यपालों की समिति की रिपोर्ट पर उठाए गए कदम और महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के विषय में विचार-विमर्श किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72559

भारतीय वायुसेना का कमांडर सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में भारतीय वायुसेना का पहला अर्द्धवार्षिक कमांडर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) अंबाला (b) पठानकोट (c) नई दिल्ली (d) कुंभीग्राम



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 से 1 जून, 2018 के मध्य भारतीय वायुसेना के पहले अर्द्धवार्षिक कमांडर सम्मेलन का आयोजन वायु भवन, नई दिल्ली में किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण ने किया।
- इस सम्मेलन के दौरान कमांडर परिचालन, रख-रखाव और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वर्तमान में वायु सेनाध्यक्ष बीरेंदर सिंह धनोआ (बी.एस.धनोआ) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72511
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179659

डब्ल्यूटीओ का अनौपचारिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) का अनौपचारिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?



(a) कैनबरा (b) पेरिस (c) जिनेवा (d) नई दिल्ली
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 का विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) का अनौपचारिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पेरिस, फ्रांस में संपन्न हुआ।
- यह मंत्रिस्तरीय सम्मेलन ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित किया गया था।
- डब्ल्यूटीओ के 28 सदस्य देशों और डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक राबर्टो अजीवेदो ने इस अनौपचारिक सम्मेलन में भाग लिया।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179745
https://www.wto.org/english/news_e/spra_e/spra222_e.htm

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सी.पी.ए.) इंडिया रीजन जोनल-01 की बैठक

प्रश्न-हाल ही में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सी.पी.ए.) इंडिया रीजन जोनल-01 की बैठक कहां आयोजित हुई?



(a) भोपाल (b) रांची (c) पटना (d) देहरादून

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सी.पी.ए.) इंडिया रीजन जोनल-01 की बैठक देहरादून के आईएसबीटी स्थित एक स्थानीय होटल में आयोजित हुई।
- उत्तराखंड में पहली बार इस बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता लोकसभाध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने की। जोन वाइज बैठकों का आयोजन प्रदेश एक-दूसरे से कैसे जुड़े और विकास की बात की जाय इन्हीं सब विषयों के संदर्भ में किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सी.पी.ए.) की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.dailypioneer.com/state-editions/dehradun/lok-sabha-speaker-arrives-to-attend-cpa-meet.html

गतिशील योजनाओं और परियोजनाओं पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

प्रश्न-हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में गतिशील योजनाओं और प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं तथा मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन कहां किया गया?



(a) प्रगति मैदान (b) अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (c) राष्ट्रीय कला केंद्र (d) विज्ञान भवन

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 25-26 मई, 2018 के मध्य अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में गतिशील योजनाओं और प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं तथा मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका आयोजन सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने हेतु योजनाओं और परियोजनाओं के लिए कार्यक्रम बनाना और गरीबों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179514

चौथा स्मार्ट सिटीज इंडिया 2018 एक्सपो

प्रश्न-23-25 मई, 2018 के मध्य चौथा स्मार्ट सिटीज इंडिया 2018 एक्सपो कहां आयोजित किया गया?

(a) नई दिल्ली (b) इंदौर (c) जयपुर (d) भुवनेश्वर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23-25 मई, 2018 के मध्य 'चौथे स्मार्ट सिटीज इंडिया 2018 एक्सपो' (4th Smart Cities India 2018 Expo) प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- यह एक मेगा इवेंट है, जिसमें इसके साथ ही चार अन्य एक्सपो 'दूसरा बिल्डिंग इंडिया, 2018 एक्सपो, तीसरा सोलर इंडिया 2018 एक्सपो, तीसरा ट्रांसपोर्ट इंडिया 2018 एक्सपो तथा पांचवें वाटर इंडिया 2018 एक्सपो में इंडिया का आयोजन इंडिया 2018 एक्सपो में किया गया।
- इस मेगा इवेंट में विभिन्न देशों के लगभग 300 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया।
- इसका आयोजन इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (ITPO), नैस्काम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-इंटरनेट ऑफ थिंग्स (CoE-IoT) और एक्जीबिशन इंडिया ग्रुप (Exhibition India Group) द्वारा किया गया।
- यह इवेंट आकर्षक और सुरक्षित शहरों को विकसित करने में मदद करने की दृष्टि से आयोजित किया गया।
- इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और जानकारों ने भी भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.onemegaevent.com/mailer/One-mega-Event-Press-Release-May-23-2018.html

विश्व वन्यजीव कोष द्वारा कार्यशाला का आयोजन

प्रश्न-हाल ही में 'गंगा और इसकी जैव-विविधताः आवास एवं प्रजाति संरक्षण के लिए रोडमैप विकास' विषय पर विश्व वन्यजीव कोष द्वारा कार्यशाला का आयोजन कहां किया गया?

(a) देहरादून (b) नई दिल्ली (c) पटना (d) रुड़की



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को नई दिल्ली में विश्व वन्यजीव कोष द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- इस कार्यशाला का मुख्य विषय (Theme) 'गंगा और इसकी जैव-विविधताः आवास एवं प्रजाति संरक्षण के लिए रोडमैप विकास' था।
- इसका उद्घाटन जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी ने किया।
- इस अवसर पर गडकरी ने 'चयनित जलीय प्रजातियों की संरक्षण स्थिति' पर रिपोर्ट जारी की।

- अपनी तरह की इस पहली रिपोर्ट में गंगा नदी के संरक्षण के लिए चयनित प्रजातियों की स्थिति और इस विषय में उपलब्ध साहित्य एवं नदी की जैव-विविधता के आकलन से तैयार आंकड़ों से मिली जानकारियों का समन्वय प्रस्तुत किया गया है।
- गडकरी द्वारा 'गंगा जैव विविधता-एक नजर' पर एक प्रकाशन भी जारी किया गया, जिसमें जलीय प्रजातियों का पूर्ण विवरण है।
- इसके अलावा मंत्री महोदय ने भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा तैयार किया गया स्व-प्रेरित गंगा प्रहरियों का एक डेटाबेस भी जारी किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179454

केरल अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह, 2018

प्रश्न-हाल ही में केरल में अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह, 2018 का आयोजन कहां किया गया?
(a) त्रिशूर (b) तिरूवनंतपुरम (c) कोच्चि (d) कोवलम



उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 14-20 मई, 2018 के मध्य अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह, 2018 का आयोजन तिरूवनंतपुरम, केरल में किया गया। कार्यक्रम में 4000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- पहली बार केरल में 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए बाल फिल्म समारोह आयोजित हुआ।
- इसका आयोजन केरल बाल कल्याण राज्य परिषद द्वारा केरल राज्य चलचित्र अकादमी, केरल राज्य फिल्म विकास निगम और राज्य बाल साहित्य संस्थान के सहयोग से किया गया।
- इस समारोह में 140 से अधिक फिल्मों, लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया गया।
- यह समारोह टैगोर थिएटर, कैराली, नीला, श्री और कलाभवन थियटर में आयोजित किया गया।
- समारोह के दौरान सिनेमा बनाने के तौर-तरीकों पर दैनिक कार्यशालाएं आयोजित की गई।
- इसमें भागीदारी हेतु अनाथालयों और जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित बच्चों पर मुख्य फोकस किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.icffk.com/about-icffk.php

वैश्विक पवन शिखर सम्मेलन, 2018

प्रश्न-25-28 सितंबर, 2018 के मध्य 'वैश्विक पवन शिखर सम्मेलन' (Global Wind Summit) का पहला संस्करण कहां आयोजित किया जाएगा?



(a) न्यूयॉर्क (b) मांट्रियल (c) हैम्बर्ग (d) कोलंबो

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 25-28 सितंबर, 2018 के मध्य 'वैश्विक पवन शिखर सम्मेलन' (Global Wind Summit) का पहला संरस्करण हैम्बर्ग, जर्मनी में आयोजित किया जाएगा।
- यह हरित प्रौद्योगिकी के साथ पवन ऊर्जा का उपयोग करने के लिए नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा।
- इस चार दिवसीय सम्मेलन में चीन, भारत, अमेरिका, स्पेन, डेनमार्क, सहित लगभग 100 देश भाग लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.windenergyhamburg.com/en/

संधि/समझौता

भारत-वियतनाम में समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत और वियतनाम के डाक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए डाक टिकट के विषय में केंद्रीय मंत्रिमंडल को अवगत कराया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) संयुक्त डाक टिकट 25 फरवरी, 2018 को जारी किया गया था।

(b) डाक विभाग (संचार मंत्रालय) और वियत नारा पोस्ट के मध्य भारत-वियतनामः 'प्राचीन वस्तुशिल्प' विषय पर संयुक्त रूप से डाक टिकट जारी करने हेतु सहमति हुई थी।

(c) भारत-वियतनाम संयुक्त स्मारक डाक टिकट पर सांची स्तूप और फो मिन्ह पगोडा का चित्र अंकित है।

(d) दोनों देशों के डाक विभागों के मध्य संयुक्त डाक टिकट जारी करने हेतु समझौता ज्ञापन 18 दिसंबर, 2017 को हस्ताक्षरित हुआ था।

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को भारत और वियतनाम के डाक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए डाक टिकट के विषय में केंद्रीय मंत्रिमंडल को अवगत कराया गया।
- डाक विभाग (संचार मंत्रालय) और वियत नारा पोस्ट के मध्य भारत वियतनामः 'प्राचीन वास्तुशिल्प' विषय पर संयुक्त रूप से डाक टिकट जारी करने हेतु आपस में सहमति हुई थी।
- यह संयुक्त डाक टिकट 25 जनवरी, 2018 को जारी किया गया था।
- भारत-वियतनाम संयुक्त स्मारक डाक टिकट पर सांची स्तूप (भारत) और फो मिन्ह पगोडा (वियतनाम) का चित्र अंकित है।
- 18 दिसंबर, 2017 को भारत और वियतनाम के डाक विभागों के बीच संयुक्त डाक टिकट जारी करने हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179942
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72717
http://www.uniindia.com/cabinet-approves-mou-b-w-india-viet-nam-on-joint-issuance-of-postage-stamp/india/news/1260170.html

आईसीएमआर-आईएनएसईआरएम, फ्रांस में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान परिषद (आईसीएमआर) और इंस्टीट्यूट नेशनल डे ला सांतितडे ला रिसर्चे मेडिकाले (आईएनएसईआरएम) के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के विषय में जानकारी प्रदान की गई। यह समझौता ज्ञापन कब हस्ताक्षरित हुआ था?

(a) जनवरी, 2018 में (b) फरवरी, 2018 में (c) मार्च, 2018 में (d) अप्रैल, 2018 में

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और इंस्टीट्यूट नेशनल डे ला सांतितडे ला रिसर्चे मेडिकाले (आईएनएसईआरएम), फ्रांस के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के विषय में जानकारी प्रदान की गई।
- दोनों संस्थानों के मध्य यह समझौता ज्ञापन मार्च, 2018 में हस्ताक्षरित हुआ था।
- इसका उद्देश्य चिकित्सा, जैविक विज्ञान और स्वास्थ्य अनुसंधान क्षेत्र में पारस्परिक हित के क्षेत्रों में एक-दूसरे को सहयोग करना है।

- दोनों पक्षों के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक तरीकों के आधार पर दोनों देशों के बीच क्षेत्रों यथा-मधुमेह और मेटाबोलिक (उपापचयी) विकार, जीन एडिटिंग तकनीक के आचार और नियामकता मुद्दे पर केंद्रित जैविक नैतिकता, दुर्लभ बीमारियां और दोनों पक्षों के मध्य विचार-विमर्श के पश्चात आपसी हित के अन्य क्षेत्र पर विचार करने हेतु विशेष ध्यान केंद्रित करने पर सहमति हुई।
- इस समझौता ज्ञापन से दोनों पक्षों के मध्य अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी सहयोग के नियम के अंतर्गत पारस्परिक हित के क्षेत्र में संबंधों में और सुदृढ़ता आएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179936

भारत-पेरू समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और पेरू के बीच मई, 2018 में हस्ताक्षरित किस क्षेत्र में हुए समझौते को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) सूचना प्रौद्योगिकी (b) कृषि (c) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (d) कर अपवंचन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और पेरू के बीच नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हुए समझौते को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता मई, 2018 में लीमा, पेरू में हस्ताक्षरित हुआ था।
- समझौते का उद्देश्य नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के संदर्भ में पारस्परिक लाभ और समानता के आधार पर तकनीकी द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने हेतु दोनों देशों के मध्य सहयोगात्मक संस्थागत संबंध स्थापित करना है।
- इस समझौते के अंतर्गत कार्यान्वयन हेतु कार्य योजना तैयार करने के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है।
- पेरू दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप में स्थित है जिसकी राजधानी 'लीमा' है।
- इस देश की मुद्रा न्यूवो सोल है और यहां निवासरत सर्वाधिक जनसंख्या (90 प्रतिशत) ईसाई धर्मावलम्बियों की है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://en.wikipedia.org/wiki/Peru

भारत-ब्रिटेन में समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच किस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर अप्रैल, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से केंद्रीय मंत्रिमंडल को अवगत कराया गया?

(a) लोक प्रशासन (b) नवीकरणीय ऊर्जा (c) सतत शहरी विकास

(d) सूचना प्रौद्योगिकी



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को भारत और ब्रिटेन के बीच सतत शहरी विकास के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर अप्रैल, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से केंद्रीय मंत्रिमंडल को अवगत कराया गया।
- इसका उद्देश्य सतत शहरी विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराना और उसे सुदृढ़ बनाना है।
- सहयोग के क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी का विकास, ठोस कचरा प्रबंधन, पर्यावरण के अनुकूल किफायती आवास, अपशिष्ट जल प्रबंधन, शहरी संस्थानों में क्षमता निर्माण, शहरी क्षेत्रों में कौशल विकास, शहरी मोबिलिटी, बौद्धिक परिवहन प्रणाली एवं परिवर्तन केंद्रित विकास, वित्तीय पहुंच में नवाचार एवं अन्य संबंधित क्षेत्र शामिल हैं।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत एक भारत-यूके (UK) संयुक्त कार्यसमूह का गठन किया जाएगा।
- यह कार्यसमूह समझौता ज्ञापन के दायरे में सहयोग पर रणनीति एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/news-cm/cabinet-approves-memorandum-of-understanding-mou-between-india-and-united-kingdom-118060700435_1.html

भारत-डेनमार्क में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और डेनमार्क के बीच किस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर अप्रैल, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से अवगत कराया गया?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी (b) इलेक्ट्रॉनिक्स (c) फार्मिक प्रबंधन और लोक प्रशासन (d) सतत और स्मार्ट शहरी विकास

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और डेनमार्क के बीच सतत और स्मार्ट शहरी विकास के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर अप्रैल, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से अवगत कराया गया।
- इसका उद्देश्य ज्ञान के आदान-प्रदान संस्थागत सहयोग, अनुसंधान और विकास तथा संबंधित मुद्दों पर वाणिज्यिक संबंधों के माध्यम से पारस्परिकता और साझा लाभ के आधार पर सतत और स्मार्ट शहरी विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है।
- इसके अंतर्गत सहयोग के क्षेत्रों जैसे-स्मार्ट शहरी समाधान, जीवितता, टिकाऊ और एकीकृत शहरी नियोजन, पुनर्विकास और भूमि उपयोग, ऊर्जा में अपशिष्ट सहित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, टिकाऊ परिवहन प्रणाली, जल और स्वच्छता प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, संसाधनों का उपभोग और अन्य संबंधित क्षेत्रों आदि में पारस्परिक सहयोग बढ़ाने पर दोनों पक्षों के मध्य सहमति हुई।
- समझौता ज्ञापन के ढांचे के तहत सहयोग हेतु कार्यक्रमों की रणनीतियों को कार्यान्वित किए जाने हेतु एक संयुक्त कार्यकारी दल का गठन किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179819

भारत-नीदरलैंड्स में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और नीदरलैंड्स के बीच अप्रैल, 2018 में किस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर हुए समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) सतत शहरी विकास (b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) जल प्रबंधन और मोबिलिटी प्रबंधन (d) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और नीदरलैंड्स के बीच अप्रैल, 2018 में स्थानिक नियोजन, जल प्रबंधन और मोबिलिटी प्रबंधन के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर हुए समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य जल का आपूर्ति एवं निकासी व्यवस्था, अपशिष्ट जल का पुनःउपयोग और पुनः चक्रीकरण, जल स्रोतों के कृत्रिम विकास के द्वारा स्वच्छ जल का संरक्षण, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और धरोहर संरक्षण तथा परस्पर लाभ हेतु समानता, किफायती आवास, स्मार्ट सिटी विकास, भौगोलिक सूचना प्रणाली के आधार पर दोनों देशों के मध्य स्थानीय नियोजन, जल प्रबंधन और मोबिलिटी प्रबंधन के क्षेत्रों में भागीदारी को प्रोत्साहन प्रदान करना और इसे सुदृढ़ बनाना है।

- समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कार्यक्रमों के लिए रणनीति बनाने और उन्हें लागू करने हेतु संयुक्त कार्य दल समूह का गठन किया जाएगा।
- इस समूह की बैठक वर्ष में एक बार क्रमशः भारत और नीदरलैंड्स में होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179822
https://www.indiainfoline.com/article/capital-market-economy-reports/cabinet-approves-the-extension-of-memorandum-of-understanding-mou-between-india-and-netherlands-118060700082_1.html

एमएसएमई मंत्रालय और आयुष मंत्रालय में समझौता

प्रश्न-हाल ही में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह समझौता ज्ञापन 4 जून, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ।

(b) इस समझौते का उद्देश्य 'समग्र स्वास्थ्य सेवा' में भारत को एवं वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करना है।



(c) यह साझेदारी दोनों मंत्रालयों ने आयुष क्षेत्र में उद्यमों को विकसित करने हेतु किया है।

(d) समझौता ज्ञापन के तहत एमएसएमई मंत्रालय, आयुष मंत्रालय को आयुष उद्यमों को विकसित करने हेतु वित्तीय सहायता-प्रदान करेगा।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बीच नई दिल्ली में दोनों मंत्रालयों के राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- यह समझौता ज्ञापन देश में आयुष उद्यमों के विकास हेतु दोनों मंत्रालयों के संस्थानों और योजनाओं के माध्यम से सामंजस्य सुनिश्चित करेगा।
- इस साझेदारी का उद्देश्य 'समग्र स्वास्थ्य सेवा' में भारत को एक वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करना है।
- यह साझेदारी दोनों मंत्रालयों ने आयुष क्षेत्र में उद्यमों को विकसित करने के लिए किया है।
- दोनों मंत्रालय आयुष क्षेत्र में उद्यमिता के विकास हेतु क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित करेंगे और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय सिडबी के सहयोग से लाभों की प्राप्ति हेतु आयुष उद्योगों के लिए नई योजनाएं तैयार करेगा।

- आयुष उद्योग में आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी दवा निर्माण इकाइयों के साथ-साथ सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के स्वास्थ्य सेवा डिलीवरी केंद्र शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72567

एफटीए सहयोगी के साथ किया जाने वाला पहला एमआरए

प्रश्न-हाल ही में भारत और सिंगापुर के मध्य नर्सिंग क्षेत्र में परस्पर मान्यता सहमति पत्र (एमआरए) पर हस्ताक्षर किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह 1 जून, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ।

(b) एफटीए सहयोगी के साथ किया जाने वाला यह पहला परस्पर मान्यता सहमति पत्र (एमआरए) है।

(c) इसके तहत सिंगापुर में 5 भारतीय नर्सिंग संस्थानों को मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की गई।



(d) इससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के विदेशी बाजारों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होगा।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को भारत और सिंगापुर के मध्य नर्सिंग क्षेत्र में परस्पर मान्यता सहमति पत्र (MRA-Mutual Recognition Agreement) पर हस्ताक्षर किया गया।
- एफटीए (Free Trade Agreement) सहयोगी के साथ किया जाने वाला यह पहला परस्पर मान्यता सहमति पत्र (एमआरए) है।
- इसके तहत सिंगापुर में 7 भारतीय नर्सिंग संस्थानों को मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की गई।
- इससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को विदेशी बाजारों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होगा।
- भारत और सिंगापुर ने भारत-सिंगापुर सीईसीए की दूसरी समीक्षा का निष्कर्ष निकाला जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान आधिकारिक रूप से घोषित किया गया।
- दोनों देशों के बीच व्यापार में विस्तार के उद्देश्य से टैरिफ रियायतों, मूल स्थान से संबंधित नियमों को उदार बनाने तथा उत्पाद विशेष नियम (पीएसआर) बनाने पर सहमति हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72535
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179700

उत्तर प्रदेश सरकार एवं टाटा ट्रस्ट में समझौता

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं टाटा ट्रस्ट के मध्य दिमागी बुखार के रोकथाम, उपचार एवं जनजागरूकता हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह समझौता ज्ञापन 26 मई, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ।

(b) इस साझा कार्यक्रम के अंतर्गत गोरखपुर तथा सिद्धार्थ नगर जिले में मोबाइल मेडिकल वैंस के माध्यम से दिमागी बुखार के रोगियों के त्वरित निदान एवं उपचार की व्यवस्था टाटा ट्रस्ट करेगा।

(c) गोरखपुर जिले के पिपराईच और सिद्धार्थ नगर जिले के उस्का बाजार ब्लॉक को दिमागी बुखार के नियंत्रण एवं उपचार हेतु आदर्श स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।



(d) टाटा ट्रस्ट उक्त दोनों ब्लॉकों में दिमागी बुखार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश सरकार एवं टाटा ट्रस्ट के बीच दिमागी बुखार की रोकथाम, उपचार एवं जनजागरूकता हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस साझा कार्यक्रम के अंतर्गत गोरखपुर तथा सिद्धार्थ नगर जिले में मोबाइल मेडिकल वैंस (Vans) के माध्यम से दिमागी बुखार के रोगियों के त्वरित निदान एवं उपचार की व्यवस्था टाटा ट्रस्ट करेगा।
- गोरखपुर जिले के पिपराईच ब्लॉक और सिद्धार्थ नगर जिले के उसका बाजार ब्लॉक को दिमागी बुखार के नियंत्रण एवं उपचार हेतु आदर्श स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- टाटा ट्रस्ट द्वारा उक्त दोनों ब्लॉकों में दिमागी बुखार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।
- इसका मूल उद्देश्य दिमागी बुखार के कारण होने वाली विकलांगता तथा मृत्यु दर पर नियंत्रण करना है।
- इस समझौता ज्ञापन पर महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. पद्माकर सिंह एवं टाटा ट्रस्ट के प्रमुख वित्त अधिकारी बुर्जीस तारपोखाला ने हस्ताक्षर किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0eb0d2-d090-45da-b0bb-57800af72573.pdf
https://twitter.com/UPGovt/status/1001835608711446529

एनएमडीसी, एनएलसी और ईसीटी में समझौता

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) लिमिटेड और एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने अनुसंधान और विकास में सहयोग हेतु कहां अनुसंधान एवं विकास सुविधा की स्थापना के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्यावरण स्वच्छ प्रौद्योगिकी (Environment Clean Technologies) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?



(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु (c) कर्नाटक (d) हरियाणा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) लिमिटेड और एनएलसी इंडिया लिमिटेड (पूर्वनाम नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन) ने अनुसंधान और विकास में सहयोग हेतु ऑस्ट्रेलिया के पर्यावरण स्वच्छ प्रौद्योगिकी (Environment Clean Technologies) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता ज्ञापन कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में हस्ताक्षरित हुआ।
- इसका उद्देश्य तमिलनाडु में अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) सुविधा की स्थापना करना है।
- इस समझौता-ज्ञापन का लक्ष्य संयुक्त रूप से भारत में एक एकीकृत कोल्डरी-मैटमोर (Coldry Matmor) पायलट संयंत्र की स्थापना करना है जिसमें कम उत्सर्जन लोहा और इस्पात प्रक्रिया को विकसित किया जाएगा।
- परियोजना के आर एंड डी चरण को पूरा करने हेतु एक विशेष उद्देश्य वाहन भी निर्मित किया जाएगा।
- यह परियोजना दो चरणों में क्रियान्वित की जाएगी।
- प्रथम चरण में भारतीय भागीदारों द्वारा वित्तपोषित एयूडी 35 मिलियन राशि के साथ आर एंड डी चरण शुरू किया जाएगा, जिसका लक्ष्य ईसीटी मैटमोर-कोल्डरी प्रौद्यागिकियों को स्केल करना है जिससे एकीकृत पायलट संयंत्र प्रति घंटे लगभग दो टन धातु उत्पादन करने में सक्षम हो सके।
- चरण-2 में एयूडी 300 मिलियन की अनुमानित लागत पर प्रतिवर्ष 5 लाख टन की प्रस्तावित क्षमता के साथ एकीकृत स्टील बनाने की सुविधा को लक्षित करने वाला वाणिज्यिक विस्तार शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/nmdc-nlc-sign-pact-with-australian-firm-for-r-d-118053000700_1.html

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भेजने हेतु साझेदारी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा किसके साथ अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भेजने हेतु साझेदारी की गई?

(a) राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (b) उत्तर प्रदेश मौसम विभाग (c) बीएसएनएल (d) महासागर विकास विभाग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 मई, 2018 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भेजने हेतु साझेदारी की गई है।
- इसका उद्देश्य जनता को अत्यधिक खराब मौसम के विषय में चेतावनी की जानकारी प्रदान करना है।
- खराब मौसम की स्थिति में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग बीएसएनएल को अलर्ट प्रेषित करेगा और बीएसएनएल तकनीक की मदद से दिल्ली क्षेत्र में पंजीकृत सभी बीएसएनएल ग्राहकों को अलर्ट प्रेषित करेगा।
- यह एक प्रयोगात्मक चरण है और इसके सफल होने के बाद अन्य मौसम एजेंसियों से भी साझेदारी की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://telecom.economictimes.indiatimes.com/news/imd-teams-up-with-bsnl-to-send-extreme-weather-warnings/64344672

भारत-फ्रांस में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और फ्रांस के बीच किस क्षेत्र में हुए समझौते के विषय में जानकारी प्रदान की गई?



(a) नवीकरणीय ऊर्जा (b) टिकाऊ शहरी विकास (c) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (d) खाद्य सुरक्षा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को भारत और फ्रांस के बीच टिकाऊ शहरी विकास के क्षेत्र में हुए समझौते के विषय में केंद्रीय मंत्रिमंडल को जानकारी प्रदान की गई।
- यह समझौता मार्च, 2018 में हस्ताक्षरित हुआ था।
- समझौते की अवधि 5 वर्ष है।
- इस समझौते का उद्देश्य स्मार्ट सिटी विकास, शहरी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का विकास, शहरी व्यवस्थाओं और सुविधाओं (जल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली), ठोस कचरे का निपटान और प्रबंधन, गैर राजस्व-जल का प्रबंधन, जल का पुनः उपयोग और रिसाइकलिंग, तकनीकी परिवर्तन, जलदायी स्तर का कृत्रिम रुप से पुनर्भरण द्वारा ताजे जल का संरक्षण, वृत्तीय अर्थव्यवस्था, सामूहिक आवास, पर्यावरण अनुकूल आवास, शहरी नियोजन, विरासत, मानव संसाधन विकास, दक्षता निर्माण और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से संबंधित अन्य क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना है।
- समझौते के तहत सहयोग पर कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करने और कार्यान्वयन हेतु इसके प्रारूप के तहत संयुक्त कार्य समूह गठित किया जाएगा।
- संयुक्त कार्य समूह की बैठक वर्ष में एक बार बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72607

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौता-ज्ञापन से संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह समझौता ज्ञापन नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ।
(b) इसका उद्देश्य सुनरख बंगार, वृंदावन में विधवाओं के लिए घर का प्रबंधन करना है।
(c) समझौता ज्ञापन की मान्य अवधि 5 वर्ष है।
(d) इस समझौता ज्ञापन पर 29 मई, 2018 को हस्ताक्षर किया गया।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किया गया।

- इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सुनरख बंगार, वृंदावन में विधवाओं के लिए घर का प्रबंधन करना है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विधवाओं के लिए आश्रय घरों का निर्माण किया गया है जिसमें अधिकतम 1000 लोग निवास कर सकते हैं।
- समझौता ज्ञापन की मान्य अवधि 2 वर्ष है जिसे आगे संतुष्टि के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकता है।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगी जिसमें लाभार्थियों के लिए पहचान तंत्र की स्थापना, विधवाओं को आवासीय देखभाल प्रदान करना, निर्धारित योग्यता और अनुभव के मानदंडों के अनुसार कर्मचारियों की तैनाती करना शामिल है।
- समझौता ज्ञापन के तहत उ.प्र. सरकार के वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर आश्रमों पर भ्रमण करेंगे और सुरक्षा कर्मचारियों को चेक करेंगे और उनके प्रदर्शन की निगरानी करेंगे।
- समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सभी निवासियों की चिकित्सा/जराचिकित्सा की देखभाल हेतु आधार कार्ड की सुविधा प्रदत्त करने का प्रावधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179614

हरियाणा सरकार एवं नीदरलैंड में समझौता

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा सरकार और नीदरलैंड के बीच किस क्षेत्र को विकसित करने व बढ़ावा देने हेतु पारस्परिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया?

(a) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (b) कृषि क्षेत्र व सहायक कृषि क्षेत्र
(c) दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध व्यवसाय(d) उपरोक्त में कोई नहीं



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 मई, 2018 को हरियाणा सरकार व नीदरलैंड के मध्य हरियाणा में कृषि क्षेत्र व सहायक कृषि क्षेत्र को विकसित करने व बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- भारत के लिए नीदरलैंड व्यापार मिशन के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित किसानों की आय दुगुनी करना व इंडो-डच साझेदारी सेमिनार में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क राट तथा हरियाणा के कृषि व किसान कल्याण मंत्री ओम प्रकाश धनकर की उपस्थिति में समझौता-ज्ञापन के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया।

- दस्तावेजों का आदान-प्रदान हरियाणा के मुख्य सचिव डी एस ढेसी और भारत में नीदरलैंड के राजदूत अलफांसो स्टोएलिंगा के मध्य हुआ।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों पक्ष कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, फूलों की खेती के उन्नयन और प्रमुख फसलों के विविधीकरण, सिंचाई जल प्रबंधन, पेरि-अर्बन कृषि के विकास के संदर्भ में मिलकर कार्य करेंगे।
- कृषि क्षेत्र में सक्षम जल प्रबंधन, खारे पानी का उपयोग, उप-सतह जल निकासी तथा जल निकासी की पुनश्चस्थापना में पारस्परिक सहयोग और फसलों के अवशेष जलाने की प्रक्रिया को कम करने की दिशा में वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करेंगे।
- नीदरलैंड उत्कृष्ट केंद्रों व प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना में तकनीकी परामर्श भी प्रदान करेगा।
- हरियाणा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फूलों की मंडी स्थापित किए जाने में नीदरलैंड हरियाणा का सहयोग करेगा।
- इसके अलावा नीदरलैंड बागवानी क्षेत्र के विकास हेतु राज्य में स्थापित किए जाने वाले पैक-हाउसों व शीत प्रणाली से जोड़ने की प्रक्रियाओं में सहयोग करेगा।
- महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के साथ वोगिनिंगन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के पारस्परिक सहयोग को मजबूत किया जाएगा।
- सहयोग के अन्य क्षेत्रों में उन्नत कृषि अनुभवों, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, एग्रो-लॉजिस्टिक प्रणाली और नॉलेज सेंटरों का विकास शमिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72384

सीएससी एसपीवी और सिडबी में समझौता

प्रश्न-हाल ही में सीएससी एसपीवी और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने पूरे देश में किसे वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?



(a) सीटीसी (b) सीएससी (c) पीएससी (d) एमएसएमई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 मई, 2018 को सीएससी एसपीवी और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने पूरे देश में सीएससी (आम सेवा केंद्र) को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- समझौता ज्ञापन के तहत, सिडबी डायरेक्ट फाइनेंसिंग विंडो के तहत न्यूनतम एक वर्ष के ऑपरेशन के साथ आम सेवा केंद्रों के ग्रामस्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- डायरेक्ट फाइनेंसिंग विंडो के माध्यम से, सीएससी एसपीवी सिडबी शाखा कार्यालयों की 25 किमी. की दूरी के भीतर, वीएलई की सूची को मंजूरी प्रदान करेगी, जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1533425

भारत-अंगोला में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और अंगोला के बीच किस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किए गए समझौता ज्ञापन के विषय में अवगत कराया गया?



(a) नवीकरणीय ऊर्जा (b) आयुष औषधि एवं परांपरागत चिकित्सा प्रणाली
(c) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (d) खाद्य सुरक्षा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और अंगोला के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किए गए समझौता ज्ञापन के विषय में अवगत कराया गया।
- इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य ई-गवर्नेंस, सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए मानव संसाधन विकास, सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी युक्त सॉफ्टवेयर उद्योग, टेली मेडिसिन आदि के क्षेत्रों में निकट सहयोग को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179494

भारत-सिंगापुर में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और सिंगापुर के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान की गई?



(a) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (b) कार्मिक प्रबंधन एवं लोक प्रशासन
(c) नवीकरणीय ऊर्जा (d) दोहरा कराधान एवं कर अपवंचन

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और सिंगापुर के बीच कार्मिक प्रबंधन तथा लोक प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान की गई।
- इसका उद्देश्य शासन संचालन की वर्तमान प्रणाली मुख्यतः कार्यबल, कार्यस्थल तथा नौकरी, सार्वजनिक सेवा वितरण डिलिवरी, मानव संसाधन प्रबंधन, सार्वजनिक क्षेत्र सुधार, नेतृत्व/प्रतिभा विकास और ई-गवर्नेंस/डिजिटल गवर्नमेंट के क्षेत्र में सुधार करना है।
- यह समझौता ज्ञापन लोक प्रशासन तथा शासन संचालन सुधारों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की रूपरेखा प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179486
http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/Cabinet-approves-MoU-with-Singapore-to-manage-airports/article13986078.ece

भारत-फ्रांस समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और फ्रांस के बीच किस क्षेत्र में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की गई?
(a) औषधि (b) खनन एवं भू-विज्ञान (c) नवीकरणीय ऊर्जा (d) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और फ्रांस के बीच नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की।
- यह समझौता ज्ञापन 10 मार्च, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दोनो देशों का उद्देश्य राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE) भारत और आई एनर्जी एटॉमिक एट ऑक्स एनर्जीज अल्टर्नेटिव्स (CEA) फ्रांस के मध्य चयनित क्षेत्रों में अनुसंधान/प्रदर्शन/पायलट परियोजना की पहचान करना है।
- पारस्परिक करार पर दोनों पक्ष आई.एस.ए. सदस्य देशों में पायलट परियोजना के कार्यान्वयन और संचालन हेतु काम करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179492

भारत-डेनमार्क समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और डेनमार्क के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन को पूर्व-व्यापी मंजूरी प्रदान की गई?



(a) नवीकरणीय ऊर्जा (b) खाद्य सुरक्षा (c) दोहरा कराधान (d) रेलवे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और डेनमार्क के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता-ज्ञापन 16 अप्रैल, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ था।
- यह समझौता ज्ञापन दोनो देशों के मध्य खाद्य सुरक्षा की दिशा में क्षमता निर्माण, द्विपक्षीय संबंधों, पारस्परिक समझ और विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने में मददगार साबित होगा।
- यह दोनों देशों में खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान में सर्वोत्तम प्रथाओं की समझ को और बढ़ावा देगा।
- इस समझौता ज्ञापन से सर्वोत्तम व्यवसायों तक पहुंच और खाद्य व्यापार में महत्वपूर्ण वस्तुओं के खाद्य सुरक्षा मानकों के सुधार में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179489
https://www.moneycontrol.com/news/india/cabinet-clears-india-denmark-mou-on-food-safety-2574379.html

रेल मंत्रालय और इरकॉन में समझौता

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय और इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इरकॉन) के मध्य सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस सहमति-पत्र के तहत इरकॉन द्वारा वित्त वर्ष 2018-19 लिए परिचालन से कितना राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?



(a) 1500 करोड़ रुपए (b) 2200 करोड़ रुपए (c) 3500 करोड़ रुपए (d) 4200 करोड़ रुपए

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को रेल मंत्रालय और इसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इरकॉन) के मध्य सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

- सहमति-पत्र पर रेलवे बोर्ड सचिव रंजनेश सहाय और इरकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस.के. चौधरी ने हस्ताक्षर किया।
- सहमति-पत्र के अंतर्गत वित्त वर्ष 2018-19 के लिए इरकॉन द्वारा परिचालन से 4200 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इरकॉन के दूसरे लक्ष्यों में यूएसबीआरएल परियोजना, जोगबनी विराट नगर रेल लिंक, जयनगर-बिजलपुरा, शिवपुरी-गुना अज़ैर बीकानेर फलोदी राजमार्ग परियोजना इत्यादि जैसी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं शामिल हैं।
- ज्ञातव्य है कि इरकॉन भारत के साथ ही विदेशों में भी रेल, सड़क और निर्माण क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन का काम करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179497
https://twitter.com/RailMinIndia/status/999816642086359040

रेल मंत्रालय और आरसीआईएल में समझौता

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय और भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित सहमति-पत्र के अंतर्गत भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड द्वारा वित्तवर्ष 2018-19 के लिए परिचालन से कितनी राशि का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है?



(a) 900 करोड़ रुपए (b) 1100 करोड़ रुपए (c) 1200 करोड़ रुपए (d) 1400 करोड़ रुपए

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को रेल मंत्रालय और भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड (आरसीआईएल) के मध्य सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस सहमति पत्र पर रेलवे बोर्ड के सचिव रंजनेश सहाय और आरसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एन. काशीनाथ ने हस्ताक्षर किए।
- इस सहमति-पत्र के तहत भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड द्वारा वित्त वर्ष 2018-19 के लिए परिचालन से 1200 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- आरसीआईएल के अन्य लक्ष्यों में सीसीटीवी और वाई-फाई लगाने का भी काम शामिल है।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय रेल-टेल निगम लिमिटेड रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179499

कैंसर संस्थान एवं अस्पताल लखनऊ एवं टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई में समझौता

प्रश्न-हाल ही में टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई और सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान एवं अस्पताल, लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता ज्ञापन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह समझौता ज्ञापन 22 मई, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ।

(b) समझौता ज्ञापन के तहत टाटा कैंसर संस्थान, मुंबई द्वारा विश्वस्तरीय एवं अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी।

(c) यह संस्थान यहां के विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों व अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण करने के साथ ही तकनीकी एवं प्रक्रियाजन्य अनुभव का आदान-प्रदान करेगा।

(d) समझौता ज्ञापन पर टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई के निदेशक प्रो.आर. बडवे ने हस्ताक्षर किया।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई और सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान एवं अस्पताल, लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौता ज्ञापन पर टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक प्रो. आर. बडवे और अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान एवं अस्पताल, लखनऊ के निदेशक प्रो. शालीन कुमार ने हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत टाटा कैंसर संस्थान, मुंबई द्वारा विश्वस्तरीय एवं अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी।
- इसके अलावा यह संस्थान यहां के विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों व अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ तकनीकी एवं प्रक्रिया जन्म अन्य अनुभव का भी आदान-प्रदान करेगा।
- इस अवसर पर कैंसर संबंधी आधुनिक उपचार की जानकारी हेतु टाटा कैंसर सेंटर द्वारा उपचालित मुफ्त ऑनलाइन कैंसर शिक्षण का भी प्रदेश में शुभारंभ किया गया।
- इसके माध्यम से उ.प्र. में कैंसर उपचार से संलग्न सभी विशेषज्ञों को लाभ प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b02c9dc-4cd0-4506-8d16-46a50af72573.pdf
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b02d1af-e1b4-48ac-b4ad-4d560af72573.pdf

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड और डाबर इंडिया लिमिटेड में समझौता

प्रश्न-हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड और डाबर इंडिया लिमिटेड के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौता ज्ञापन से संबंधित विकल्प में कौनसा तथ्य सही नहीं है?

Dabur
The Science of Ayurveda

(a) यह समझौता ज्ञापन 18 मई, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ।
(b) समझौता ज्ञापन के अनुसार कंपनी को राज्य के वनों से औषधीय पौधों की उपज कच्चे माल के रूप में वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
(c) कंपनी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की नर्सरी भी तैयार कराएगी।
(d) इस समझौता ज्ञापन पर डाबर इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास विभाग के प्रमुख डॉ.जे.एल.एन. शास्त्री ने हस्ताक्षर किए।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 मई, 2018 को छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड और आयुर्वेदिक दवा निर्माता कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार कंपनी को राज्य के वनों से औषधीय पौधों की उपज कच्चे माल के रूप में वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
- इससे संयुक्त वन प्रबंधन योजना के तहत 800 समितियों के चार हजार सदस्यों को अतिरिक्त आमदनी का लाभ मिलेगा।
- इस कंपनी द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की नर्सरी भी तैयार की जाएगी।
- इस समझौते से राज्य में हर्बल सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों को रोजगार और अतिरिक्त आमदनी के नए अवसर प्राप्त होंगे।
- इस समझौता ज्ञापन पर छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और प्रधान मुख्य वन संरक्षक ए.के. द्विवेदी तथा डॉबर कंपनी के अनुसंधान एवं विकास विभाग के प्रमुख डॉ. जे.एल.एन. शास्त्री ने हस्ताक्षर किए।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.business-standard.com/article/companies/chhattisgarh-ties-up-with-dabur-to-provide-herbs-for-ayurvedic-products-118052401074_1.html
https://www.dabur.com/in/en-us/media/dabur-joins-hands-with-chhattisgarh-govt-to-promote-biodiversity

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद और एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड, मुंबई में समझौता

प्रश्न-हाल ही में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद और एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड मुंबई के मध्य समझौता हुआ। इस समझौते के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) समझौते के तहत एडॉर कंपनी औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु

सेमिनार तथा कार्यशालाओं का आयोजन करेगी।

(b) इसके अलावा कंपनी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी।

(c) समझौते का उद्देश्य वेल्डिंग तथा विनिर्माण क्षेत्र में विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में वृद्धि करना है।

(d) कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने हेतु तकनीकी सहयोग तथा उपकरणों पर 25 प्रतिशत छूट देने की पेशकश की।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 मई, 2018 को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद (हरियाणा) एवं वेल्डिंग उपकरण विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एडॉर वेल्डिंग लिमिटेड, मुंबई के मध्य समझौता हुआ।
- इस समझौते पर विश्वविद्यालय की तरफ से डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह तथा एडॉर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (उत्तरी क्षेत्र) शेखर गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।
- इस अवसर पर कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने हेतु तकनीकी सहयोग तथा उपकरणों पर 50 प्रतिशत छूट देने की पेशकश की।
- एडॉर कंपनी द्वारा औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु सेमिनार तथा कार्यशालाओं के आयोजन के साथ ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाया जाएगा।
- इस समझौते का लाभ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज में संचालित वेल्डिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को भी प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.prharyana.gov.in/hi/node/25210

http://www.voiceoffreedom.in/city/ymca-university-signed-mou-with-ador-welding-limited

भारत सरकार और विश्व बैंक में समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार और विश्व बैंक के बीच राजस्थान परियोजना में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने हेतु कितनी राशि के आईबीआरडी ऋण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया?



(a) 20.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (b) 21.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर

(c) 23.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (d) 25.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को भारत सरकार और विश्व बैंक के बीच राजस्थान परियोजना में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने हेतु 21.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- समझौता ज्ञापन पर भारत सरकार की तरफ से वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग के संयुक्त सचिव (एफबी और एडीबी) समीर कुमार खरे और विश्व बैंक के कार्यकारी कंट्री डायरेक्टर हिशम अब्दो ने हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना की कुल लागत राशि 31 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- जिसमें से 21.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा और शेष राशि राज्य बजट से वित्त पोषित की जाएगी।
- परियोजना अवधि 5 वर्ष है।
- इस परियोजना का उद्देश्य राजस्थान में राजस्व प्रशासन में बेहतर बजट निष्पादन, उन्नत उत्तरदायित्व और अधिक दक्षता में योगदान देना है।
- परियोजना अंतर्गत अन्य कार्यों के अलावा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन ढांचे को सुदृढ़ बनाना, व्यय एवं राजस्व प्रणाली को सुदृढ़ करना और परियोजना प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण शामिल है।
- **संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.worldbank.org/en/news/press-release/2018/05/29/project-signing-rajasthan-strengthen-fiscal-performance-under-new-world-bank-project

संघ/संगठन

इंफोसिस द्वारा वोंगडूडी का अधिग्रहण

प्रश्न-हाल ही में इंफोसिस द्वारा कितनी राशि में वोंगडूडी का अधिग्रहण किया गया?

(a) 75 मिलियन डॉलर (b) 80 मिलियन डॉलर (c) 85 मिलियन डॉलर (d) 90 मिलियन डॉलर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस द्वारा अमेरिका स्थित 'वोंगडूडी' के अधिग्रहण की पुष्टि की गई।

- 'वोंगडूडी होल्डिंग कंपनी' एक अमेरिकी डिजिटल क्रिएटिव एवं कंज्यूमर इनसाइट्स एजेंसी है।
- इंफोसिस के बोर्ड ने वोंगडूडी को खरीदने का प्रस्ताव 13 अप्रैल, 2018 को में ही पारित कर दिया था।
- यह सौदा इंफोसिस के डिजिटल स्टूडियो के विश्वव्यापी नेटवर्क के विस्तार में मददगार होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.infosys.com/newsroom/press-releases/Pages/award-winning-creative-consumer.aspx

इफ्को तथा इंडियन पोटाश लिमिटेड के द्वारा संयुक्त रूप से जॉर्डन की सबसे बड़ी खनन कंपनी में हिस्सेदारी का क्रय

प्रश्न-हाल ही में इफ्को तथा इंडियन पोटाश लि. (आईपीएल) के द्वारा संयुक्त रूप से जॉर्डन की सबसे बड़ी खनन कंपनी में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी का क्रय किया गया?



(a) 37 प्रतिशत (b) 42 प्रतिशत (c) 30 प्रतिशत (d) 35 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 को इफ्को तथा इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) के द्वारा जॉर्डन की सबसे बड़ी खनन कंपनी में 37 प्रतिशत की हिस्सेदारी का क्रय किया गया।
- 37 प्रतिशत की इस हिस्सेदारी का क्रय (अधिग्रहण) 900 करोड़ रुपए में किया गया।
- ये शेयर ब्रुनेई इन्वेस्टमेंट एजेंसी की इकाई कामिल होल्डिंग्स से क्रय किया गया।
- कामिल होल्डिंग्स, जॉर्डन फॉस्फेट माइंस कंपनी (जेपीएमसी) में सबसे बड़ी शेयर धारक है और जेपीएमसी, जॉर्डन की सबसे बड़ी खनन कंपनी है।
- इस सौदे से भारतीय किसानों की फॉस्फेटिक भंडारण सुरक्षा सुनिश्चित होगी और देश में उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल में मदद मिलेगी।
- ध्यातव्य है कि फॉस्फेटिक उर्वरक के लिए भारत आयात पर निर्भर है।
- देश की सबसे बड़ी पोटाश उर्वरक आयातक आईपीएल ने जेपीएमसी में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।
- जबकि, इफ्को ने अपनी अनुषंगी 'किसान इंटरनेशनल ट्रेडिंग' के जरिए जेपीएमसी में दस प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है।
- इफ्को का पहले से ही संयुक्त उद्यम 'जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी (जिफ्को) है।
- इसमें उसकी 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि जेपीएमसी के पास 48 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

महिला सुरक्षा प्रभाग

प्रश्न-हाल ही में गृह मंत्रालय द्वारा महिला सुरक्षा के मुद्दे पर व्यापकता से निपटने हेतु एक नया प्रभाग 'महिला सुरक्षा प्रभाग' गठित किया गया है। इस प्रभाग का नेतृत्व करने हेतु संयुक्त सचिव पद पर किसे नियुक्त किया गया है?

(a) सीमा बहुगुणा (b) स्नेहलता श्रीवास्तव (c) पुण्य सलीला श्रीवास्तव (d) रश्मि वर्मा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 25 मई, 2018 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार गृह मंत्रालय द्वारा महिला सुरक्षा के मुद्दे पर व्यापकता से निपटने हेतु एक नया प्रभाग 'महिला सुरक्षा प्रभाग' गठित किया गया है।
- यह प्रभाग संबंधित मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर महिला सुरक्षा के सभी पहलुओं से निपटेगा।
- 1993 बैच की एजीएमयूटी कैडर की अधिकारी पुण्य सलीला श्रीवास्तव को इस प्रभाग का नेतृत्व करने हेतु संयुक्त सचिव के पद पर तैनात किया गया है।
- यह नया प्रभाग निम्नलिखित विषयों से निपटेगा-महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति के खिलाफ अपराध, बच्चों, वृद्ध व्यक्तियों के खिलाफ तस्करी रोधी प्रकोष्ठ, जेल कानून और जेल सुधार से संबंधित मामलों, निर्भया कोष के तहत सभी योजनाएं, अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग और नेटवर्क प्रणाली (सीसीटीएनएस) और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72417
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179554

विधि/न्याय

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम, 2018 को अधिनियमित करने की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम, 2018 को अधिनियमित करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह मंजूरी 30 मई, 2018 को प्रदान की गई।
(b) अधिनियम के तहत हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया जाएगा।
(c) आयोग के पास सिविल कोर्ट और दीवानी कोर्ट की शक्तियां होंगी।

(d) इस आयोग में एक अध्यक्ष और चार-गैर सरकारी सदस्य होंगे।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को संपन्न हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम, 2018 को अधिनियमित करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस अधिनियम के तहत हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया जाएगा।
- यह आयोग अनुसूचित जातियों के कल्याण और संरक्षण हेतु भारत के संविधान में या वर्तमान में लागू किसी अन्य कानून के तहत या सरकार के किसी आदेश के तहत उपबंधित विभिन्न सुरक्षा उपायों के कार्यों की जांच एवं निरीक्षण करेगा।
- आयोग अनुसूचित जातियों के अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित होने के संबंध में विनिर्दिष्ट शिकायतों की जांच करेगा और ऐसे मामलों को उचित प्राधिकरणों के समक्ष उठाएगा।
- यह आयोग अनुसूचित जाति के संरक्षण, कल्याण और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सुरक्षा और अन्य उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सरकार द्वारा किए जाने वाले उपायों के विषय में सिफारिश करेगा और प्रतिवर्ष सरकार को उचित रिपोर्ट करेगा।
- आयोग के पास सिविल कोर्ट की सभी शक्तियां होगी।
- आयोग में एक अध्यक्ष और चार गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-kae-maukhayamantarai-sarai-manaohara-laala-kai-adhayakasataa-maen-aja-yahaan-haui-39

वर्ष/दिवस/सप्ताह

सांख्यिकी दिवस, 2018

प्रश्न-29 जून, 2018 को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा देशभर में 12वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया। वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?

(a) कृषि तथा कृषक कल्याण (b) आधिकारिक सांख्यिकी में गुणवत्तापूर्ण आश्वासन

(c) बेहतर आंकड़ा बेहतर जीवन (d) सामाजिक कल्याण



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जून, 2018 को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा देश में '12वां सांख्यिकी दिवस' मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) ''आधिकारिक सांख्यिकी में गुणवत्तापूर्ण आश्वासन'' (Quality Assurance in Official Statistics) है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक आर्थिक नियोजन में सांख्यिकी के महत्व की जनजागरूकता पैदा करना है।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती पर मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने वर्ष 2007 में प्रतिवर्ष 29 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस का जन्म 29 जून, 1983 को हुआ था।
- उनके 125वें जन्मोत्सव के समापन समारोह के उप-राष्ट्रपति वैंकैया नायडू ने 125 रु. तथा 5 रु. का नया सिक्का जारी किया।
- वर्ष 1931 में प्रो. महालनोबिस ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की थी।
- वर्ष 1959 में संसद ने अधिनियम पारित कर इस संस्थान को राष्ट्रीय महल प्रदान कर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को स्वायत्त संस्थान बना दिया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=180211
http://mospi.nic.in/sites/default/files/publication_reports/12_Statistics_Day_29jun18.pdf?download=1

अंतरराष्ट्रीय नाविक दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय नाविक दिवस' (Day of the Seafarer) कब मनाया जाता है?

(a) 25 जून (b) 24 जून (c) 23 जून (d) 22 जून



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय नाविक दिवस' (Day of the Seafarer) मनाया गया। वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-नाविक का स्वास्थ्य (Seafarers' wellbeing) है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) ने वर्ष 2010 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। ज्ञातव्य है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1959 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय लंदन में है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.imo.org/en/About/Events/dayoftheseafarer/Pages/Day-of-the-Seafarer-2018.aspx
http://www.imo.org/en/About/HistoryOfIMO/Pages/Default.aspx

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

प्रश्न-'संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 22 जून (b) 24 जून (c) 23 जून (d) 21 जून



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जून, 2018 को 'संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस' (UN Public Service Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 7 मार्च, 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष '23 जून' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस दिवस का उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुणों (Virtue) का उत्सव मनाना है।
- इस दिन संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार लोक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 18 जून (b) 17 जून (c) 20 जून (d) 19 जून

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day for the Elimination of Sexual Violence in Conflict) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"The Plight and Rights of Children Born of War" है।
- यह दिवस संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा (बलात्कार, जबरन वेश्यावृत्ति, जबरन गर्भपात, इत्यादि) का अंत करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 जून, 2015 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/elimination-of-sexual-violence-in-conflict/index.shtml

विश्व शरणार्थी दिवस

प्रश्न-विश्व शरणार्थी दिवस कब मनाया जाता है?



(a) 18 जून (b) 16 जून (c) 20 जून (d) 15 जून

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व शरणार्थी दिवस' (World Refugee Day) मनाया गया।
- यह दिवस विश्व भर में शरणार्थियों की स्थिति के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित करके वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष 20 जून को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया।
- यूएनएचसीआर-द यूएन रिफ्यूजी एजेंसी (UNHCR-The UN Refugee Agency) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में संपूर्ण विश्व में 68.5 मिलियन लोग अपने घरों से बलपूर्वक विस्थापित हुए थे।
- यह विस्थापन विरोध, हिंसा एवं मानवाधिकार उल्लंघन के परिणामस्वरूप हुआ।
- वर्ष 2017 के अंत तक विश्व भर में लगभग 25.4 मिलियन शरणार्थी थे।
- 40 मिलियन लोग आंतरिक रूप से बेघर हुए हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार शरण तलाशने (Asylum Seekers) वाले लोगों की संख्या लगभग 3.1 मिलियन है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.indiacelebrating.com/events/world-refugee-day/

आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 5 जून (b) 4 जून (c) 3 जून (d) 2 जून

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day of Innocent Victims of Aggression) मनाया गया।

- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 अगस्त, 1982 को प्रतिवर्ष 4 जून को इस दिवस के रूप में घोषित किया था।
- इस दिवस का उद्देश्य आक्रमण के शिकार हुए बच्चों को यौन हिंसा, अपहरण से बचाना तथा उनकी स्कूलों तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/childvictimday/
https://www.awarenessdays.com/awareness-days-calendar/international-day-of-innocent-children-victims-of-aggression-2018/
http://www.indiacelebrating.com/events/international-day-of-innocent-children-victims-of-aggression/

विश्व रक्तदाता दिवस

प्रश्न-'विश्व रक्तदाता दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 12 जून (b) 14 जून (c) 18 जून (d) 10 जून
उत्तर-(b)



संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व रक्तदाता दिवस' (World Blood Donor Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का नारा (Slogan) ''किसी अन्य के लिए तैयार रहें। रक्तदान करें। जीवन दें'' (Be there for someone else. Give blood. Share life) है।
- विश्व रक्तदाता दिवस 2018 के लिए मेजबान देश हेलेनिक नेशनल ब्लड सेंटर के माध्यम से ग्रीस है।
- इस अवसर पर एथेंस में वैश्विक कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- यह दिवस सुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं रक्तदाताओं को उनके रक्तदान हेतु धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है।
- इसके अलावा यह दिवस स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता हैं।
- पहली बार इस दिवस को 14 जून, 2004 को मनाया गया था।
- उल्लेखनीय है कि 23 मई, 2005 को 58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 14 जून को इस दिवस को मनाने के लिए सहमत हुए थे।
- गौरतलब है कि यह दिवस 'ए, बी और ओ रक्त समूह' की खोज करने वाले, नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.who.int/campaigns/world-blood-donor-day/2018
http://origin.who.int/campaigns/world-blood-donor-day/2018/event/en/
http://www.who.int/bloodsafety/WHA58_13-en.pdf

अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 जून (b) 13 जून (c) 9 जून (d) 6 जून



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस' (International Albinism Awareness Day) मनाया गया।
- यह दिवस एल्बिनिज्म (रंगहीनता) के शिकार लोगों से विश्व में होने वाले भेदभाव के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि 18 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 13 जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- रंगहीनता एक जन्मजात बीमारी है जो त्वचा, बाल और आंखों में मेलेनिन (Pigmentation) की कमी के कारण होता है।
- एल्बिनिज्म से प्रभावित लोगों की त्वचा तथा आंखें हल्के रंग की होती हैं और उन्हें धूप से परेशानी होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/albinismday/index.shtml

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

प्रश्न-'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 15 जून (b) 13 जून (c) 8 जून (d) 12 जून



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' (World Day Against Child Labour) मनाया गया।

- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-सुरक्षित और स्वस्थ पीढ़ी (Generation Safe & Healthy) है।
- उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने वैश्विक स्तर पर बालश्रम को समाप्त करने के लिए वर्ष 2002 में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का शुभारंभ किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.ilo.org/ipec/Campaignandadvocacy/wdacl/lang–en/index.htm

वित्तीय साक्षरता सप्ताह

प्रश्न-4-8 जून, 2018 के मध्य भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' मनाया जा रहा। इसकी थीम है-



(a) डिजिटल बैंकिंग (b) ग्राहक संरक्षण (c) डिजिटल सुरक्षा (d) ग्राहक सेवा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-8 जून, 2018 के मध्य भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' मनाया जा रहा है।
- इसकी थीम है-''ग्राहक संरक्षण" (Customer Protection)।
- यह सप्ताह चार ग्राहक संरक्षण संदेशों पर ध्यान केंद्रित करेगा जैसे-1 अनाधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन के लिए अपना उत्तरदायित्व जानें 2. बैंकिंग लोकपाल, 3. सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए अच्छी पद्धतियां तथा 4. जोखिम बनाम प्रतिफल।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/asi-unearths-first-ever-physical-evidence-of-chariots-in-copper-bronze-age/articleshow/64475361.cms
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/rbi-launches-financial-literacy-week-on-consumer-protection-in-j-k-118060400651_1.htm

विश्व पर्यावरण दिवस

प्रश्न-5 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया। वर्ष 2018 में इस दिवस की मेजबानी किस देश को सौंपी गई है?



(a) कनाडा (b) इटली (c) भारत (d) जापान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पर्यावरण दिवस' (World Environment Day) मनाया गया।

- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) ''प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' (Beat Plastic Pollution) है।
- इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी भारत को दी गई।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता और उससे जुड़ी कार्यवाही को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के एक अभियान को प्रदर्शित करता है।
- यह दिवस वर्ष 1974 से मनाया जा रहा है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्विक समारोह को संबोधित किया।
- भारत विश्व पर्यावरण दिवस के 43वें संस्करण का आयोजक देश है।
- इस वैश्विक समारोह में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के सदस्य शामिल हुए।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/environmentday/

विश्व महासागर दिवस

प्रश्न-'विश्व महासागर दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 6 जून (b) 5 जून (c) 8 जून (d) 3 जून



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व महासागर दिवस' (World Oceans Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का एक्शन फोकसः "प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना और एक स्वस्थ महासागर के लिए समाधान को प्रोत्साहित करना'' (Preventing Plastic Pollution and Encouraging Solutions for a healthy Ocean)।
- एक अनुमान के मुताबिक, समुद्र में सभी प्रदूषण का 80 प्रतिशत स्थल पर निवास करने वाले लोगों से आता है।
- प्रतिवर्ष 8 मिलियन टन प्लास्टिक समुद्र में आता है जो कि वन्य जीवन, मत्स्य पालन और पर्यटन के सर्वनाश का कारण बनता है।
- प्लास्टिक प्रदूषण से प्रतिवर्ष 1 मिलियन समुद्री पक्षी और 100,000 समुद्री स्तनधारियों को नुकसान पहुंचता है।
- प्लास्टिक प्रतिवर्ष सामुद्रिक पारिस्थितिकी तंत्र को 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचाता है।

- इस दिवस का उद्देश्य विश्व में महासागरों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है।
- वर्ष 1992 में रियो डी जनेरियो में हुए पृथ्वी सम्मेलन में इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव दिया गया था।
- दिसंबर, 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 8 जून को इस दिवस को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/oceansday/index.shtml
http://www.worldoceansday.org/

पहला विश्व साइकिल दिवस

प्रश्न-हाल ही में पहला 'विश्व साइकिल दिवस' कब मनाया गया?



(a) 4 जून (b) 2 जून (c) 3 जून (d) 31 मई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में पहला 'विश्व साइकिल दिवस' (World Bicycle Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल, साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस अवसर पर उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (NMDC) द्वारा आयोजित एक साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।
- इसके साथ ही एनएमडीसी की जन-साइकिल भागीदारी योजना के स्मार्ट साइकिल स्टेशन का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/bicycleday/#

विश्व दुग्ध दिवस

प्रश्न-'विश्व दुग्ध दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 2 जून (b) 4 जून (c) 23 मई (d) 1 जून

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व दुग्ध दिवस' (World Milk Day) मनाया गया।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दूध के संबंध में ध्यान आकर्षित करना एवं दूध उद्योग से जुड़ी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए अवसर प्रदान करना है।
- प्रथम विश्व दुग्ध दिवस वर्ष 2001 में मनाया गया था।
- गौरतलब है कि भारत दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विश्व भर में अग्रणी देश है।
- भारत में दुग्ध क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://worldmilkday.org/world-milk-day-events/event/77582-world-milk-day-milk-vending-machine-launch
http://www.indiacelebrating.com/events/world-milk-day/

वैश्विक अभिभावक दिवस

प्रश्न-'वैश्विक अभिभावक दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 2 जून (b) 1 जून (c) 31 मई (d) 3 जून

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'वैश्विक अभिभावक दिवस' (Global Day of Parents) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रति वर्ष 1 जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- यह दिवस विश्व के सभी भागों में बच्चों के प्रति निःस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के प्रति उनके आजीवन बलिदान के लिए सभी अभिभावकों की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.un.org/en/events/parentsday/

विश्व कछुवा दिवस

प्रश्न-'विश्व कछुवा दिवस' कब मनाया जाता है?



(a) 24 मई (b) 23 मई (c) 28 मई (d) 31 मई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को संपूर्ण विश्व में विश्व कछुवा दिवस (World Turtle Day) मनाया गया।
- यह दिवस अमेरिकन टॉरटॉयज रेस्क्यू (गैर-लाभकारी संगठन) द्वारा स्थापित किया गया था।
- यह दिवस कछुओं की दुर्लभ प्रजातियों को लुप्त होने से बचाने के लिए लोगों में जागरूकता हेतु मनाया जाता है।
- इस गैर-लाभकारी संगठन की स्थापना विश्वभर में मौजूदा कछुओं और उनके खत्म हो रहे निवास की रक्षा करने के लिए लोगों की मदद करने के उद्देश्य से की गई थी।
- कछुओं की प्रजाति विश्व की सबसे पुरानी जीवित प्रजातियों में से एक मानी जाती है।
- ये प्राचीन प्रजातियों, चिड़ियों, सांपों और छिपकलियों से भी पहले धरती पर अस्तित्व में आ चुके थे।
- जीव-वैज्ञानिकों के अनुसार, कछुए इतने लंबे समय तक सिर्फ इसलिए स्वयं को बचा सके क्योंकि उनका कवच उन्हें सुरक्षा प्रदान करता है।
- अंटार्कटिका को छोड़कर ये लगभग विश्व के सभी महाद्वीपों में पाये जाते हैं।
- बोग कछुए जो कि लंबाई में 4 इंच के होते हैं, सबसे छोटे कछुए होते हैं।
- लेदरी कछुए (वजन लगभग 1500 पाउंड) सभी कछुओं में सबसे बड़ा होता है।
- भारत में असम राज्य के दीमा हसाओ में स्थित हेजोंग झील (जिसे कछुआ झील के नाम से जाना जाता है) में लगभग 400-500 कछुए निवास करते हैं।
- इसके अलावा इस झील में हिल टेर्रपिन्स प्रजाति के दुर्लभ कुछए भी पाए जाते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.awarenessdays.com/awareness-days-calendar/world-turtle-day-2018/
https://www.worldturtleday.org/american-tortoise-rescue
https://www.worldturtleday.org/

पुस्तकें

पुस्तक-भारतीय राजनीति की 50 शिखर महिलाएं

प्रश्न-पुस्तक 'भारतीय राजनीति की 50 शिखर महिलाएं' के लेखक कौन हैं?

(a) रजत शर्मा (b) अश्विनी शास्त्री (c) दीपक चौरसिया (d) प्रसून वाजपेई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने 'भारतीय राजनीति की 50 शिखर महिलाएं' नामक पुस्तक का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अश्विनी शास्त्री हैं।
- इस पुस्तक में देश की 50 महत्वपूर्ण राजनीतिक महिलाओं से साक्षात्कार, उनके जीवन संघर्ष और राजनीति में आई चुनौतियों तथा देश के विकास में उनके योगदान का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1533751
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179606
http://www.pressnote.in/Internation-News_372799.html

पुस्तक 'कर्मयोगी'

प्रश्न-पुस्तक 'कर्मयोगी' के लेखक कौन हैं?
(a) रामेन्द्र बाजपेई (b) रामेन्द्र सिन्हा (c) प्रसून बाजपेई (d) आर.के. अग्रवाल




उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 10 जून, 2018 को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने लखनऊ में गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन के ऑडिटोरियम में पुस्तक 'कर्मयोगी' का लोकार्पण किया।
- इस पुस्तक के लेखक रामेंद्र सिन्हा (पत्रकार एवं लेखक) हैं।
- इस पुस्तक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया है।
- इस अवसर पर 'सामाजिक समरसता से राजनीति, धर्म, मीडिया और युवाओं की भूमिका' विषय पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.patrika.com/lucknow-news/book-launch-programme-in-lucknow-based-on-life-of-yogi-adityanath-1-2933156/
http://www.india.com/hindi-news/uttar-pradesh/release-of-karmayogi-a-book-written-on-the-life-of-cm-yogi/

पुस्तक 'आल यू नीड टू नो अबाउट हार्ट'

प्रश्न-पुस्तक 'आल यू नीड टू नो अबाउट हार्ट' के लेखक कौन हैं?
(a) डॉ. ए.के. बंसल (b) डॉ. एस.एस. बंसल (c) मनदीप पुरी (d) मयंक अग्रवाल



उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 जून, 2018 को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने पुस्तक 'आल यू नीड टू नो अबाउट हार्ट' का चंडीगढ़ में विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.एस. बंसल हैं।
- इस पुस्तक में हृदय रोग और उपचार के सभी पहलुओं को दर्शाया गया है।
- यह पुस्तक उन सभी मरीजों को समर्पित है जो सामान्य जागरूकता हेतु पुस्तक लेखन के लिए प्रेरित करते हैं।
- इस अवसर पर राज्यपाल ने शारदा मित्तल के नवीनतम दोहा संग्रह 'मनवा भयो फकीर' का भी विमोचन किया।
- इस पुस्तक में 389 दोहे हैं जो मानव संबंधों का वर्णन करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://indianewscalling.com/sunday-magazine/news/71174-news-from-haryana-state.aspx

पुस्तक-'द स्पाई क्रानिकल्सः रॉ आईएसआई एंड इल्यूजन ऑफ पीस'

प्रश्न-हाल ही में चर्चित पुस्तक-'द स्पाई क्रॉनिकल्सः रॉ आईएसआई एंड इल्यूजन ऑफ पीस' के लेखक कौन हैं?



(a) सैयद शाहीद हमीद और राजिन्दर खन्ना (b) जनरल असद दुर्रानी और ए.एस. दुलत
(c) मोहम्मद अकबर खान और मोहिन्दर सिंह (d) रियाज हुसैन, और ए.एस. दुलत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में पुस्तक 'द स्पाई क्रॉनिकल्सः रॉ आईएसआई एंड इल्यूजन ऑफ पीस' का विमोचन भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने नई दिल्ली में किया।
- इस पुस्तक के लेखक भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख ए.एस. दुलत और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असद दुर्रानी हैं।
- इस किताब में कश्मीर, शांति का मौका चूकने, हाफिज सईद और 26/11, कुलभूषण जाधव, सर्जिकल स्ट्राइक्स, ओसामा बिन लादेन के लिए समझौता, भारत-पाकिस्तान के रिश्ते में अमेरिका और रूस की भूमिका और आतंकवाद जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को उनकी किताब के विमोचन हेतु वीजा देने से मना कर दिया था।

- पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों तथा पाकिस्तान सरकार के गठजोड़ के विषय में खुलासा करने के कारण यह किताब इन दिनों काफी चर्चित है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.dnaindia.com/india/report-former-isi-chief-misses-launch-of-his-book-the-spy-chronicles-in-new-delhi-thanks-indian-deep-state-2618219

पुस्तक-'शेर जंग-द वॉरियर सन ऑफ इंडिया'

प्रश्न-पुस्तक 'शेर जंग-द वॉरियर सन ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?

(a) मुश्ताक अली (b) कैप्टन एस.के. धींगरा (c) शक्ति एस. चन्देल (d) अमित नागपाल



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी द्वारा लिखित एवं सम्पादित पुस्तक 'शेर जंग-द वॉरियर सन ऑफ इंडिया' भेंट की गई।
- इस पुस्तक के लेखक शक्ति एस. चन्देल हैं।
- इस पुस्तक में सिरमौर जिले से ताल्लुक रखने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शेर जंग जिन्होंने स्वंत्रता संग्राम में भाग लिया था, के जीवन का विस्तृत विवरण दिया गया है।
- वे शहीद भगत सिंह, राजगुरू तथा सुखदेव के सहयोगी थे।
- स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने 14 वर्ष तक कारावास में व्यतीत किया।
- वह वर्ष 1928 तक प्रजामंडल आंदोलन के सक्रिय सदस्य थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.5dariyanews.com/news/230982-Book-on-Sher-Jung-presented-to-Jai-Ram-Thakur

पुस्तक-'अनकहा लखनऊ'

प्रश्न-'अनकहा लखनऊ' के लेखक कौन हैं?

(a) अशोक वाजपेई (b) सुमित टंडन (c) लालजी टंडन (d) सलिल विश्नोई



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 मई, 2018 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने साइंटिफिक कन्वेशन सेंटर, लखनऊ में पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक पूर्व मंत्री व सांसद लालजी टंडन हैं।
- इस पुस्तक में उन बातों का उल्लेख किया गया है जिनका उल्लेख इतिहास की पुस्तकों में नहीं है।
- टंडन ने अपनी इस पुस्तक में यहां के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व सांस्कृतिक पहलुओं के अनछुए बिंदुओं पर अपनी रचनाधर्मिता की है।
- इसी दिन उपराष्ट्रपति ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के नवनिर्मित ऊर्जा दक्ष भवन का लोकार्पण किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b098d78-aa10-49de-bbdf-78ea0af72573.pdf
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b097f3e-6f14-4d3e-8e52-6db60af72573.pdf

विविध

अरावली एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा अरावली एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित कर के क्या रखा गया है?
(a) चित्तौड़गढ़ एक्सप्रेस (b) अरावली अमरपुर एक्सप्रेस (c) अमरापुर अरावली एक्सप्रेस (d) मेहदी अरावली एक्सप्रेस
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जून, 2018 में रेल मंत्रालय द्वारा अरावली एक्सप्रेस (19707/19708) का नाम परिवर्तित कर अमरापुर अरावली एक्सप्रेस कर दिया गया।
- यह निर्णय रेल मंत्रालय ने राजस्थान के शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी की पहल पर लिया।
- जयपुर में स्थित अमरापुर दरबार सिंधी समाज का प्रमुख और पवित्र तीर्थ स्थल है।
- अरावली एक्सप्रेस (परिवर्तित नाम अमरापुर अरावली एक्सप्रेस) बांद्रा टर्मिनल से जयपुर के मध्य परिचालित होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.molitics.in/news/71301/aravali-express-is-now-amrapur-aravali-express-rajasthan-
https://www.bhaskar.com/rajasthan/ajmer/news/latest-ajmer-news-021503-1994875.html

वन्यजीवों द्वारा मानव क्षति पर मुआवजे की राशि में वृद्धि

प्रश्न-हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में उत्तराखंड वन्य जीव बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। विकल्प में इस संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह बैठक 15 जून, 2018 को संपन्न हुई।

(b) इस बैठक में वन्य जीव हमले में मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजा राशि को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये किए जाने का निर्णय किया गया।

(c) गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में मुआवजा राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपये किए जाने का निर्णय हुआ।

(d) पूर्व में गंभीर रूप से घायल होने की स्थति में मुआवजा राशि 50,000 रुपये प्रदत्त की जाती थी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 जून, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक आयोजित हुई।
- इस बैठक में प्रदेश में वन्यजीवों द्वारा की गयी मानव क्षति पर प्रदत्त की जाने वाली मुआवजा राशि में बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया।
- निर्णय के तहत वन्यजीव हमले में मृत्यु होने की स्थिति में 5 लाख रुपये (पूर्व में प्रदत्त राशि 3 लाख रुपये) की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।
- गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में 2 लाख रुपये (पूर्व में प्रदत्त राशि 50 हजार रुपये) की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।
- इस बैठक में राष्ट्रीय पार्कों से विस्थापित लोगों को किसी दूसरी (अन्यत्र) जगह बसाए गए स्थान पर भूमिधरी अधिकार दिए जाने से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट में लाए जाने के संबंध में सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गई।
- राजाजी टाइगर रिजर्व में पर्यटन से होने वाली आय का शत-प्रतिशत राजाजी टाइगर रिजर्व कंजर्वेशन फाउंडेशन के कोष में जमा करने का निर्णय भी किया गया।
- कार्बेट को बफर जोन के रूप में और रामनगर वन प्रभाग में हाथी सफारी स्थापना को भी मंजूरी प्रदान की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://udaydinmaan.co.in/increase-in-the-amount-of-compensation-on-damage-to-humans-by-wild-animals/

https://www.hindustantimes.com/dehradun/wildlife-board-agrees-to-hike-compensation-to-conflict-victims/story-uyLYFy9hGwCacj19AfmHtI.html

मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा चालित इलेक्ट्रिक कार का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहां सौर ऊर्जा चालित इलेक्ट्रिक कार का शुभारंभ किया?

(a) ग्वालियर (b) इंदौर (c) भोपाल (d) जबलपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में (मंत्रालय में) सौर ऊर्जा चालित इलेक्ट्रिक कार का शुभारंभ किया।
- इस शुभारंभ के साथ ही राज्य में ई-वाहन के संचालन की शुरूआत हुई।
- यह इलेक्ट्रिक कार सौर ऊर्जा से चार्ज होगी और एक बार चार्ज होने पर यह 140 किमी. तक चलेगी।
- इस कार से प्रति किमी. यात्रा की लागत मात्र 80 पैसे होगी।
- प्रत्येक वाहन से प्रतिवर्ष 4.5 टन कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वल्लभ भवन कैंटीन में पर्यावरण विभाग द्वारा स्थापित बोतल नष्ट करने की मशीन का भी शुभारंभ किया।
- ज्ञातव्य है कि यह वर्ष प्लास्टिक मुक्त देश और प्रदेश बनाने के प्रयासों को समर्पित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180605N2&LocID=1&PDt=6/5/2018

http://www.univarta.com/news/states/story/1251923.html

शिमला-चंडीगढ़ हेली-टेक्सी सेवा का शुभारंभ

प्रश्न-देश का पहला राज्य कौन है जिसने अपना आधिकारिक हेलीकॉप्टर आम लोगों के आवागमन हेतु प्रदान किया है?



(a) मध्य प्रदेश (b) कर्नाटक (c) केरल (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 जून, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिमला के निकट जुब्बड़हट्टी हवाई पट्टी से शिमला से चंडीगढ़ के बीच हेली-टेक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इस सेवा के हवाई टिकट का मूल्य सभी करों सहित 2999 रुपए प्रति व्यक्ति है।

- यह टिकट पवन हंस की वेबसाइट के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।
- इस सेवा के तहत प्रथम चरण में यह हेली-टैक्सी शिमला से चंडीगढ़ के बीच सप्ताह में दो बार (सोमवार तथा शुक्रवार) उपलब्ध होगी।
- इसी प्रकार की सेवा चरणबद्ध तरीके से प्रदश के अन्य गंतव्यों के लिए भी शुरू की जाएगी।
- हिमाचल प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने अपना आधिकारिक हेलीकॉप्टर आम लोगों के आवागमन हेतु प्रदान किया है।
- पर्यटकों के आवागमन की सुविधा की दृष्टि से राज्य सरकार प्रथम चरण में ही शीघ्र मनाली-रोहतांग के बीच भी हेली टैक्सी सेवा की शुरूआत करेगी।
- केंद्र सरकार की उड़ान योजना के द्वितीय चरण में प्रदेश के प्रसिद्ध गंतव्यों को हवाई सुविधा से जोड़ा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://navbharattimes.indiatimes.com/state/himachal-pradesh/shimla/heli-taxi-services-started-from-shimla-to-chandigarh-himachal-cm-jairam-thakur-gave-his-helicopter-for-service/articleshow/64450462.cms

हरियाणा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबंधित क्षेत्र पुनरुद्धार लाभकारी दृष्टिकोण

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा के मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबंधित क्षेत्र पुनरूद्धार लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-आरएएफटीएएआर) की राज्य स्तरीय बैठक में वर्ष 2018-19 के लिए लगभग कितनी राशि की परियोजनाओं को सैद्धान्तिक मंजूरी प्रदान की गई?

(a) 182 करोड़ रुपये (b) 185 करोड़ रुपये (c) 190 करोड़ रुपये (d) 192 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को हरियाणा के मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना कृषि और संबंधित क्षेत्र पुनरूद्धार लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-आरएएफटीएएआर) की राज्य स्तरीय मंजूरी प्रदान करने हेतु कमेटी की बैठक आयोजित हुई।
- इस बैठक में वर्ष 2018-19 के लिए लगभग 192 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई।
- इस योजना का उद्देश्य किसानों के प्रयासों को मजबूती प्रदान करना, जोखिम के निवारण के माध्यम से कृषि के काम को आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद बनाना और कृषि व्यवसाय उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

- आरकेवीवाई-आरएएफटीएएआर के तहत केंद्र और राज्यों के मध्य अनुपात 60:40 होगा जो अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।
- बैठक में सैद्धांतिक रूप से मंजूरी प्रदान की गई परियोजनाओं में कृषि विभाग की 6, बागवानी विभाग की 3, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की 2, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 3, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की 4 तथा हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन फेडरेशन की 3 परियोजनाएं शामिल हैं।
- बैठक में फ्लैक्सी निधि के तहत कृषि विभाग की 6 परियोजनाओं के अलावा अन्य परियोजनाओं को भी सैद्धान्तिक मंजूरी प्रदान की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-maen-raasataraiya-karsai-vaikaasa-yaojanaakarsai-aura-sanbandhaita-kasaetara

हरियाणा में 15 जिलों में 15 अतिरिक्त ओएससी स्थापित करने हेतु स्वीकृति

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा राज्य में कितने अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर (OSC) की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गई?




(a) 12 (b) 14 (c) 15 (d) 20
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा राज्य के शेष 15 जिलों में अतिरिक्त 15 वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।
- वर्तमान में राज्य के सात जिलों करनाल, भिवानी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रेवाड़ी और नारनौल में वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं।
- 15 जिले जहां वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित किए जाएंगे उनमें अंबाला, चरखी दादरी, फतेहाबाद, झज्जर, जींद, कैथल, कुरूक्षेत्र, मेवात, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुना नगर शामिल हैं।
- इन केंद्रों का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं हेतु पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक परामर्श, कानूनी सहायता एवं परामर्श और 5 दिनों के लिए अस्थायी प्रवास जैसी एकीकृत सुविधा प्रदान करना है।
- वन स्टॉप सेंटर निर्भया फंड के तहत वित्तपोषित शत-प्रतिशत केंद्र प्रायोजित योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-kae-maukhayamantarai-sarai-manaohara-laala-nae-raajaya-kae-saesa-15-jailaon-maen

संस्थागत विकास योजना की कार्यशाला का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा में संस्थागत विकास योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इस कार्यशाला का आयोजन 1 जून, 2018 को किया गया।

(b) इसका उद्देश्य बाजार संचालित कृषि हेतु कुशल पेशेवरों को तैयार करने हेतु संस्थागत क्षमता को मजबूत बनाना है।

(c) इस कार्यशाला के दौरान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच इस योजना के डिजाइन और कार्यान्वयन में आपसी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

(d) संस्थागत विकास योजना हेतु वित्तपोषण भारत सरकार और विश्व बैंक के मध्य 75:25 के अनुपात में किया जा रहा है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने राजभवन में आयोजित संस्थागत विकास योजना की कार्यशाला का शुभारंभ किया।
- इस कार्यशाला का उद्देश्य बाजार संचालित कृषि हेतु कुशल पेशेवरों को तैयार करने के लिए संस्थागत क्षमता को मजबूत बनाना है।
- इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार और अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच संस्थागत विकास योजना के डिजाइन और कार्यान्वयन में आपसी सहयोग हेतु अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया और उसका आदान-प्रदान किया गया।
- इस अनुबंध पत्र पर मिशिगन यूनिवर्सिटी की ओर से सीनियर एसोसिएट डीन डॉ. उग्लस डी. भुलर और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के डीन डॉ. के.एस. ग्रेवाल ने हस्ताक्षर किए।
- संस्थागत विकास योजना एक व्यापक परियोजना है जिसका वित्तपोषण भारत सरकार और विश्व बैंक द्वारा 50:50 के अनुपात में किया जा रहा है।
- इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों स्ट्रैटजी डाक्युमेंट फॉर डबलिंग ऑफ फारमर्स इनकम इन हरियाणा और मेडिसनल प्लांट ऑफ उत्तराखंड का विमोचन भी हुआ।
- ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रारंभ स्किल इंडिया अभियान का लक्ष्य वर्ष 2022 तक विभिन्न कौशलों में भारत में 40 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-kae-raajayapaala-haraiyaanaa-parao-kapataana-sainha-saolankai-nae-aja-raajabhavana-maen

3-डी मुद्रित कॉर्निया

प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिकों द्वारा पहली बार '3-डी मुद्रित कॉर्निया' बनाया गया। कॉर्निया को मुद्रित करने हेतु जैव स्याही किससे तैयार की गई?



(a) स्वस्थ डोनर कॉर्निया से प्राप्त स्टेम सेल्स से
(b) डोनर कॉर्निया के स्टेम सेल्स और अल्जीनेट के मिश्रण से
(c) डोनर कॉर्निया के स्टेम सेल्स और कोलेजन के मिश्रण से
(d) स्वस्थ डोनर कॉर्निया से प्राप्त स्टेम सेल्स और अल्जीनेट तथा कोलेजन के मिश्रण से

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को 'जर्नल एक्सपेरिमेंटल आई रिसर्च' में प्रकाशित 'प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट रिसर्च' के अनुसार वैज्ञानिकों ने पहली बार 3-डी मुद्रित कॉर्निया बनाया है।
- यूके के न्यू कैसल यूनिवर्सिटी के पीएचडी छात्र और प्रोफेसर नीत अनुसंधान में कॉर्निया के मुद्रण हेतु 'जैव स्याही' को तैयार करने की विधि प्रदर्शित की गई है।
- यह जैव स्याही स्वस्थ डोनर कॉर्निया से प्राप्त स्टेम सेल्स और 'अल्जीनेट' तथा 'कोलेजन' के मिश्रण से तैयार की गई। 'कोलेजन' एक स्वाभाविक रूप से पाए जाने वाले प्रोटीन का समूह है।
- जबकि अल्जीनेट (Alginate) या अल्जीनिक एसिड या अल्जिन (Algin) एक पॉलिसैकेराइड (Polysaccharide) है, जो बहुधा भूरे शैवाल के कोशिका (Cell) दीवारों में पाया जाता है।
- अनुसंधान में एक साधारण कम लागत वाले '3 डी जैव-प्रिंटर' का उपयोग किया गया।
- वैज्ञानिकों द्वारा इस '3-डी मुद्रित' कॉर्निया को मरीज की आंख में ट्रांसप्लांट करने से पहले अभी और भी परीक्षण होने बाकी हैं। जिसमें काफी समय लग सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://3dprint.com/215202/newcastle-3d-printed-corneas/

फेसबुक द्वारा महिलाओं हेतु डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम की पेशकश

प्रश्न-हाल ही में सोशल मीडिया मंच फेसबुक ने साइबर पीस फाउंडेशन के सहयोग से डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करने हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी की। इस साझेदारी के तहत विभिन्न शहरों में स्थित विश्वविद्यालयों में कितनी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा?



(a) 40,000 (b) 50,000 (c) 60,000 (d) 70,000

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को सोशल मीडिया मंच फेसबुक ने साइबर पीस फाउंडेशन (CPF) के सहयोग से डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करने हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी की।
- यह इंटरनेट, सोशल मीडिया और ईमेल के सही उपयोग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- साझेदारी के अंतर्गत हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के प्रमुख शहरों में स्थित विश्वविद्यालयों में 60,000 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- यह प्रशिक्षण स्थानीय भाषाओं में आयोजित किए जाएंगे।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी में वृद्धि करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.ndtv.com/india-news/facebook-to-train-60-000-women-in-india-on-safe-use-of-internet-1860172

नेसर में चार नई विश्वस्तरीय टेस्टिंग सुविधा का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री अनंत गीते ने हरियाणा के मानेसर में स्थित अंतरराष्ट्रीय वाहन प्रौद्योगिकी केंद्र-2 (आईकैट-2) में चार नई विश्वस्तरीय टेस्टिंग सुविधा का शुभारंभ किया। प्रश्न में कौन-सी सुविधा इसमें शामिल नहीं है?



(a) शोर कंपन और कठोरता (b) लैब विद्युत चुंबकीय संगतता
(c) निष्क्रिय सुरक्षा प्रयोगशाला (d) पॉवर ट्रेन प्रयोगशाला

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री अनंत गीते ने हरियाणा के मानेसर में स्थित अंतरराष्ट्रीय वाहन प्रौद्योगिकी केंद्र-(आईकैट-2) में राष्ट्रीय मोटर वाहन परीक्षण और आरएनडी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के तहत संवर्धित सुविधाओं का उद्घाटन किया।
- इन संवर्धित सुविधाओं में आईकैट सेंटर-2 में ऑटो इंडस्ट्री के लिए विकसित की गई चार नई विश्व स्तरीय टेस्टिंग सुविधा-शोर कंपन और कठोरता (एनवीएच) लैब, विद्युत चुंबकीय संगतता (ईएमसी), निष्क्रिय सुरक्षा प्रयोगशाला (पीएसएल) और टायर परीक्षण प्रयोगशाला (टीटीएल) शामिल है।

- यह अंतरराष्ट्रीय वाहन प्रौद्योगिकी केंद्र वर्ष 2006 से उद्योग के लिए मोटर वाहन परीक्षण और प्रमाणीकरण की सेवाएं प्रदान कर रहा है।
- इस केंद्र में पहले से ही पूर्णतः कार्यात्मक सुविधाएं यथा पॉवर ट्रेन प्रयोगशाला, व्यायाम प्रयोगशाला, वाहन मूल्यांकन प्रयोगशाला, घटक प्रयोगशाला, सीएडी-सीएई प्रयोगशाला और इन्फोट्रॉनिक्स लैब मौजूद हैं।
- ज्ञातव्य है कि भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम के अंतरराष्ट्रीय वाहन प्रौद्योगिकी, मानेसर में ऑटोमेटिव तकनीकी के दो अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- इन दोनों केंद्रों की निर्माण लागत राशि लगभग 1100 करोड़ रुपये है।
- आईकैट के दोनों सेंटरों में ऑटो मोबाइल उद्योग के लिए विविध प्रकार की 16 टेस्टिंग सुविधाएं (विश्वस्तरीय) विकसित की जा रही हैं।
- टेस्ट ट्रैक सुविधा विकसित हो जाने के बाद आईकैट मानेसर पूर्णतः ऑटो मोबाइल उद्योग हेतु टेस्टिंग सेंटर बन जाएगा और यहां पर ऑटो उद्योग को हर प्रकार की टेस्टिंग सुविधा उपलब्ध होंगी।
- आईकैट सेंटर-1 लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में विकसित है। जहां पर टेस्टिंग हेतु 10 अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- आईकैट सेंटर-2 लगभग 46.6 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है जिसमें 6 अलग-अलग टेस्टिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा आईकैट सेंटर को देश में सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स के तहत परीक्षण (टेस्टिंग) के लिए अधिकृत किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179612

फर्स्ट इंटर-जेल विश्व कप रूस 2018 टूर्नामेंट

प्रश्न-हाल ही में फर्स्ट इंटर-जेल विश्व कप रूस, 2018 टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया गया?



(a) बोलिविया (b) रूस (c) पेरू (d) उरुग्वे

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- पेरू की राजधानी लीमा में फर्स्ट इंटर-जेल विश्वकप, रूस 2018 टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न (25 मई, 2018)

- इस टूर्नामेंट में इस देश की अलग-अलग जेलों की फुटबॉल टीमें बनाई गईं।
- कुल टीमों की संख्या 16 थी।
- इन टीमों का नाम विश्वकप में भाग लेने वाले देशों के नाम पर रखा गया और कैदियों का नाम टीम के खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया।
- सभी मैच के पूर्व उन देशों का राष्ट्रीय गान भी बजाया गया और सभी नियम विश्व कप के मैचों की तरह फालो किए गए।
- 25 मई, 2018 को फाइनल मैच लीमा स्टेडियम (क्षमता-60,000 दर्शक) में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में लुरिगांचो जेल (पेरू का नेतृत्व) को ने चिम्बोटे जेल (रूस का नेतृत्व) को पराजित किया।
- टूर्नामेंट की विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप कप, स्वर्ण पदक और खेल परिधान प्रदान किए गए।
- ज्ञातव्य है कि पेरू ने 36 वर्षों बाद जून, 2018 में रूस में आयोजित होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए अर्हता प्राप्त की।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.thejakartapost.com/news/2018/06/02/peru-gets-out-of-jail-to-win-prisoners-world-cup.html
http://www.freepressjournal.in/fifa-world-cup-2018/fifa-world-cup-2018-peru-gets-out-of-jail-to-win-prisoners-world-cup/1289134

पेंटिंग 'काली' की ऑनलाइन नीलामी

प्रश्न-हाल ही में किस प्रसिद्ध चित्रकार की पेंटिंग 'काली' एक ऑनलाइन नीलामी में रिकॉर्ड 26.4 करोड़ रुपये में बिकी?

(a) तारक मेहता (b) तैयब मेहता (c) सुदर्शन पटनायक (d) बालकृष्ण दोशी



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जून, 2018 को प्रसिद्ध दिवंगत चित्रकार तैयब मेहता की पेंटिंग 'काली' (1989) एक ऑनलाइन नीलामी में रिकॉर्ड 26.4 करोड़ रुपये में बिकी।
- इसके साथ ही यह अब तक की उनकी सबसे महंगी कृति बन गई है।
- यह पेंटिंग मानवीय मन की दुविधा, अच्छाई और बुराई की लड़ाई, सृजन और विनाश को लेकर अंतर्द्वंद्व को दर्शाती है।
- इससे पहले उनकी वुमन ऑन रिक्शॉ (1994) 22.99 करोड़ रुपये कीमत के साथ सबसे महंगी कृति थी। वर्ष 2009 में उनका निधन हो गया।
- उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

'अटसोनमोबाइल' ऐप

प्रश्न-हाल ही में विकसित 'अटसोनमोबाइल' ऐप संबंधित है-

(a) जीएसटी रिफंड (b) अनारक्षित टिकटों की बुकिंग

(c) आरक्षित टिकटों की बुकिंग से (d) गैस कनेक्शन की बुकिंग



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 जून, 2018 को रेल मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय रेल की नगदी रहित टिकटिंग प्रणाली को बढ़ाने हेतु रेल सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) ने मोबाइल आधारित 'अटसोनमोबाइल' (Utsonmobile) ऐप विकसित किया गया।
- 'अटसोनमोबाइल' ऐप अनारक्षित टिकटों की बुकिंग और रद्द करने, सावधिक और प्लेटफार्म टिकटों के नवीनीकरण, रेल वॉलेट की बकाया राशि की जांच और लोड करने में सक्षम है।
- यह ऐप एंड्राएड और विंडोज स्मार्ट फोन पर उपलब्ध है।
- उपयोगकर्ता इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर या विन्डोज स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
- सबसे पहले यात्री अपना मोबाइल नंबर, नाम, शहर, रेल की डिफॉल्ट बुकिंग, श्रेणी, टिकट का प्रकार, यात्रियों की संख्या और बार-बार यात्रा करने के मार्गों का विवरण देकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।
- पंजीकरण कराने पर यात्री का जीरो बैलेंस का रेल वॉलेट स्वतः ही बन जाएग। इस वॉलेट को बनाने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179924

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

एरोस्टेट इंटरनेट तकनीक बैलून लांच

प्रश्न-इंटरनेट के लिए एरोस्टेट तकनीक बैलून का प्रयोग करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) आंध्र प्रदेश (c) उत्तराखंड (d) छत्तीसगढ़



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 जून, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आईटी पार्क, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में एरोस्टेट तकनीक बैलून को सफलतापूर्वक लांच किया।

- सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) द्वारा आईआईटी मुंबई के सहयोग से एरोस्टेट तकनीक बैलून को विकसित किया गया है।
- इंटरनेट के लिए एरोस्टेट तकनीक बैलून का प्रयोग करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है।
- इसका उपयोग राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सूचना तकनीक एवं इंटरनेट उपलब्ध करवाने में किया जाएगा।
- एक बैलून से 7 किमी. के क्षेत्र को कवर किया जा सकता है और 5MBPS तक डाटा स्पीड मिल सकती है।
- राज्य में आकस्मिक आपदा की स्थिति में भी लोगों से संपर्क बनाने में यह तकनीकी काफी मददगार होगी।
- इसमें कनेक्टिविटी प्लेटफार्म, स्टेट वाईड एरिया नेटवर्क (स्वान) द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।
- एयरोस्टेट बैलून एक आकाशीय प्लेटफॉर्म है जिसमें वातावरण में उपलब्ध गैस से भी हल्की गैस भरकर आकाश में ऊंचे उठाया जाता है।
- बैलून को एक रस्सी की सहायता से धरातल से जोड़ा जाता है, जिससे वह विभिन्न संयंत्रों के साथ काफी समय तक बिना ईंधन के वायुमंडल में लहराता है।
- बैलून के न्यूनतम कंपन गुणवत्ता के कारण इससे संचार, आकाशीय निगरानी, जलवायु निगरानी व इसी प्रकार के अन्य कार्यों को भी किया जा सकता है।
- आपातकालीन परिस्थिति में इसमें लगे उपकरणों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रिचार्ज कर तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है।
- इस बैलून तकनीक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत में इंटरनेट सुविधा पहुंचाई जा सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2572.pdf

संयुक्त डाक टिकट जारी करने को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारतीय डाक विभाग और किसके बीच संयुक्त डाक टिकट जारी करने के संबंध में हुए समझौते के विषय में जानकारी प्रदान की गई?



(a) चाइना पोस्ट (b) मैड्रिड पोस्ट (c) रशिया पोस्ट (d) जर्मन पोस्ट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 जून, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारतीय डाक विभाग और रशिया पोस्ट (रूसी संघ की संयुक्त साझेदारी वाली कंपनी 'मार्का') के बीच संयुक्त डाक टिकट जारी करने के संबंध में हुए समझौते की जानकारी प्रदान की गई।
- इस समझौते का उद्देश्य डाक टिकट जारी करने के क्षेत्र में पारस्परिक लाभ के लिए परिचालन उत्कृष्टता हासिल करना और डाक सेवा में सहयोग स्थापित करना है।
- ज्ञातव्य है कि भारत और रूस के मध्य द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक हितों के मुद्दों पर व्यापक समझ से प्रेरित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72611
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179824

रन फॉर एनवायर्नमेंट रैली

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रन फॉर एनवायर्नमेंट रैली आयोजित की गई?



(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़ (c) राजस्थान (d) हरियाणा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयपुर, राजस्थान में 'रन फॉर एनवायर्नमेंट' रैली का आयोजन किया गया।
- इस रैली को राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सवाई मान सिंह स्टेडियम के पूर्वी द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह रैली इस स्टेडियम से रामबाग सर्किल, जेडीए सर्किल, गांधी सर्किल से गांधी नगर मोड़ होते हुए वापस इसी स्टेडियम में आकर समाप्त हुई।
- रैली में वन एवं पर्यावरण विभाग पुलिस, आरएसी, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, नागरिक प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही सैकड़ों संख्या में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने भाग लिया।
- इस रैली का आयोजन पर्यावरण विभाग व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर द्वारा किया गया।
- इसी दिन वन एवं पर्यावरण मंत्री खींवसर ने सहकार मार्ग स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन व हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंपों पर ग्रीन स्पेस इको मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इम्स्टाकेश आदि कंपनियों के सहयोग से बनाए गए ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ किया।

- 'ई-वेस्ट हटाओ-धरा को सुरक्षित बनाओ' के स्लोगन वाले इस सेंटर पर कोई भी अपने बेकार पड़े मोबाइल, कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को देकर पैसा व ईनाम प्राप्त कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.71651.html

खोई आधारित डिब्बाबंद भोजन

प्रश्न-हाल ही में किस दिवस के अवसर पर रेल मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम आईआरसीटीसी ने नई दिल्ली से संचालित होने वाली 8 चुनिंदा राजधानी और शताब्दी ट्रेनों में पर्यावरण अनुकूल खोई आधारित डिब्बा बंद भोजन की शुरूआत की?



(a) अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस (b) अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस
(c) विश्व पर्यावरण दिवस (d) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेल मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम आईआरसीटीसी ने नई दिल्ली से संचालित होने वाली 8 चुनिंदा राजधानी और शताब्दी ट्रेनों में पर्यावरण अनुकूल खोई आधारित डिब्बाबंद भोजन की शुरूआत की।
- रेलवे के हरित कार्यक्रम के तहत ट्रेनों में यात्रियों को रेलवे द्वारा प्रदत्त भोजन अब पॉलिमर के बजाय पर्यावरण अनुकूल डिस्पोजेबल प्लेट (कंपोस्टेबल कंटेनर) में प्रदान किया जाएगा।
- गन्ने का रस निकालने के बाद शेष बचे रेशेदार अवशेष को ही खोई कहा जाता है।
- खोई का उपयोग डिस्पोजेबल कटलरी और कंटेनर बनाने में किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179776
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72583

फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में पहली बार फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया?



(a) हरियाणा (b) छत्तीसगढ़ (c) उत्तराखंड (d) झारखंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-12 जून, 2018 के मध्य सूचना भवन, रिंग रोड देहरादून, उत्तराखंड में पांच दिवसीय फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 6 जून, 2018 को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने फिल्म एप्रिएिसएशन कोर्स का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री की पहल पर पहली बार इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन उत्तराखंड में किया गया।
- इसका आयोजन संयुक्त रूप से भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआई) पुणे और उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद द्वारा किया गया।
- इस कार्यशाला में युवाओं को एफ.टी.आई. पुणे से आए विशेषज्ञों द्वारा फिल्म विधा से जुड़ी बारीकियों की जानकारी प्रदान की गई।
- इसके बाद अल्मोड़ा और टिहरी में भी इस प्रकार के कोर्स कराए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2570.pdf

रीजनल कौशल प्रतियोगिता, 2018

प्रश्न-हाल ही में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित रीजनल कौशल प्रतियोगिता, 2018 में उत्तर प्रदेश के अलावा कितने राज्यों के प्रतिभागियों ने भागीदारी की?
(a) 5 (b) 6 (c) 8 (d) 10



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में 3 दिवसीय रीजनल कौशल प्रतियोगिता, 2018 के नीर्दर्न चैप्टर का उद्घाटन किया।
- इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलावा 8 अन्य राज्यों-राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व जम्मू-कश्मीर के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- क्षेत्रीय तथा राज्य स्तरीय चयन के पश्चात चयनित छात्र आगामी वर्ष कजान (रूस) में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में आईटीआई और कौशल विकास मिशन के माध्यम से राज्य में लगभग 7 लाख युवाओं को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की जा रही है।
- प्रतियोगिता में प्रत्येक कौशल श्रेणी में एक विजेता और एक रनर-अप घोषित किया गया और कुल 90 पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.patrika.com/lucknow-news/india-skills-regional-competition-2018-in-hindi-news-

2898492/
http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0ffcd7-439c-4489-a14c-71d90af72573.pdf

साहसिक पर्यटन पर पहली बार दिशा-निर्देश जारी

प्रश्न-हाल ही में पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.जे. अल्फोंस ने नई दिल्ली में साहसिक पर्यटन पर भारत सरकार के दिशा-निर्देश जारी किए। यह दिशा-निर्देश क्रमशः कितने भूमि आधारित, वायु आधारित और जल आधारित गतिविधियों के लिए तैयार किया गया है?



(a) 10, 5, 5 (b) 12, 7, 5 (c) 15, 7, 7 (d) 10, 7, 7

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 मई, 2018 को पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.जे. अल्फोंस ने नई दिल्ली में साहसिक पर्यटन पर भारत सरकार के दिशा-निर्देश जारी किए।
- यह दिशा-निर्देश सरकार द्वारा पहली बार जारी किया गया है।
- साहसिक खेलों को सुरक्षित बनाने के तहत भारत में साहसिक पर्यटन हेतु सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों वाला जारी यह दिशा-निर्देश एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ATOAI) के सहयोग से तैयार किया गया है।
- इस पहल का उद्देश्य साहसिक टूर ऑपरेटरों को इन सुरक्षित दिशा-निर्देशों को बेहतर तरीके से लागू करने में उनकी रुचि को बढ़ाना है।
- इन दिशा-निर्देशों के अंतर्गत भूमि, वायु और जल आधारित गतिविधियां पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, कयाकिंग, स्कूबा डाइविंग, स्नॉर्कलिंग, रिवर राफ्टिंग इत्यादि शामिल हैं।
- यह दिशा-निर्देश साहसिक पर्यटन के 15 भूमि आधारित, 7 वायु आधारित और 7 जल आधारित गतिविधियों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें भारत में उपलब्ध सभी साहसिक पर्यटन शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pibphoto.nic.in/documents/rlink/2018/may/p201853101.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179680
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72522

अत्याधुनिक ई-टिकट प्रणाली का नया यूजर इंटरफेस लांच

प्रश्न-हाल ही में रेलवे के ऑनलाइन ट्रैवेल पोर्टल www.irctc. co.in ने अपने नए यूजर इंटरफेस को लांच किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस पोर्टल द्वारा नए यूजर इंटरफेस का बीटा वर्जन लांच किया गया।

(b) इसके माध्यम से उपयोगकर्त्ता बिना लॉग-इन किए रेलगाड़ियों के विषय में और सीटों की



उपलब्धता के विषय में जानकारी हासिल कर सकते हैं।
(c) उपयोगकर्त्ता वेबसाइट पर फॉन्ट साइज को भी परिवर्तित कर सकते हैं।
(d) इस सुविधा के अंतर्गत कुछ रेलगाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी ट्रेनों की पूरी अग्रिम आरक्षण अर्थात 90 दिनों तक के लिए बर्थ उपलब्धता के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 मई, 2018 को रेलवे के ऑनलाइन ट्रैवेल पोर्टल www.irctc.co.in द्वारा अपने नए यूजर इंटरफेस का बीटा वर्जन लांच किया गया।
- नए लिंक में उपयोगकर्त्ताओं के अनुकूल और भी अधिक विशेषताएं हैं।
- ई-टिकटिंग वेबसाइट के नए इंटरफेस की लांचिंग के साथ ही उपयोगकर्त्ता अब बिना लॉग-इन किए भी रेलगाड़ियों के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, सर्च कर सकते हैं और सीटों की उपलब्धता के विषय में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- उपयोगकर्त्ता वेबसाइट पर फॉन्ट साइज को भी परिवर्तित कर सकते हैं, जिससे वेबसाइट को देखने में आसानी होगी।
- नए रंग रूप वाले इंटरफेस पर बेहतर श्रेणीवार, रेलगाड़ी वार, गंतव्य वार, प्रस्थान आगमन समय-वार और कोटा-वार फिल्टर को व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे अपनी यात्रा के विषय में योजना बना रहे यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सके।
- ट्रेन संख्या, ट्रेन का नाम, प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन और उनके बीच की दूरी, आगमन एवं प्रस्थान समय और यात्रा समय सहित ट्रेन संबंधी समस्त सूचनाएं एक ही स्क्रीन पर मुहैया कराई गई हैं।
- इसके अतिरिक्त कुछ नई विशेषताओं जैसे कि 'माई ट्रांजैक्शंस' पर नए फिल्टर की व्यवस्था है, जहां उपयोगकर्त्ता यात्रा की तिथि, बुकिंग तिथि, आगामी यात्रा और पूरी हो चुकी यात्रा पर आधारित बुक किए गए टिकटों के विषय में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- इससे रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्रणाली में एक नई विशेषता जुड़ जाएगी।
- इस सुविधा के अंतर्गत कुछ रेलगाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी ट्रेनों की पूरी अग्रिम आरक्षण अवधि अर्थात 120 दिनों तक के लिए बर्थ उपलब्धता के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- नई प्रणाली के अंतर्गत उपयोगकर्त्ता बेहतर इंटरफेस के साथ टिकटों को रद्द करने, टिकटों की छपाई, अतिरिक्त एसएमएस हेतु अनुरोध, 'विकल्प' का उपयोग कर वैकल्पिक ट्रेन का चयन और आवश्यकतानुसार ट्रेन में चढ़ने के स्थान पर परिवर्तन करने जैसी कई गतिविधियों को पूरा कर सकते हैं।
- उपयोगकर्त्ता द्वारा पहले चरण में इस वेबसाइट के बीटा वर्जन का 15 दिनों तक प्रयोग किया जाएगा।

- इस दौरान रेलवे वेबसाइट के सुधार हेतु उपयोगकर्त्ताओं से सुझाव गृहीत करेगा।
- तत्पश्चात उपयोगकर्त्ताओं की सुगमता के लिए पुराने इंटरफेस के स्थान पर नए इंटरफेस को लांच किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1533835

बिहार मंत्रिमंडल द्वारा मत्स्य पालन कॉलेज की स्थापना हेतु मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में बिहार मंत्रिमंडल द्वारा कहां मत्स्य पालन कॉलेज की स्थापना किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की गई?



(a) बेगूसराय (b) अररिया (c) किशनगंज (d) कटिहार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 मई, 2018 को बिहार मंत्रिमंडल द्वारा किशनगंज में मत्स्य पालन कॉलेज (Fisheries College) की स्थापना किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस कॉलेज की निर्माण लागत राशि 40.31 करोड़ रुपए होगी।
- मुख्यमंत्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में वित्तीय वर्ष 2018-19 में 40.31 करोड़ रुपये की लागत राशि से कॉलेज के बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा अकादमिक और प्रशासनिक पदों के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई।
- इस दिन बिहार मंत्रिमंडल द्वारा गुर्दा प्रत्यारोपण सुविधा शुरू करने के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रत्यारोपण और नेफ्रोलॉजी विभाग में 88 नए पदों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/bihar-cabinet-approves-fisheries-college-at-kishanganj-118052900623_1.html
http://210.212.23.61/AdminPanel/Files/PressRelease/401.pdf

एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट डैशबोर्ड का लोकार्पण

प्रश्न-हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट डैशबोर्ड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने किन दो शहरों की स्ट्रीट लाइटों को स्विच ऑन कर जनता को समर्पित किया?



(a) लखनऊ, गाजियाबाद (b) लखनऊ, आगरा (c) लखनऊ, वाराणसी (d) लखनऊ, मथुरा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 मई, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शास्त्री भवन, लखनऊ में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट डैशबोर्ड का लोकार्पण किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माउस क्लिक कर लखनऊ तथा वाराणसी की स्ट्रीट लाइटों को 'स्विच ऑन' कर जनता को समर्पित किया।
- राष्ट्रीय स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 15 नगर निगमों में केवल 7 माह में 5.75 लाख पारम्परिक स्ट्रीट लाइटों को आधुनिक ऊर्जा दक्ष एल.ई.डी. लाइटों में परिवर्तित किया जा चुका है।
- प्रदेश में एल.ई.डी. बदलने का कार्य ई.ई.एस.एल. द्वारा स्वयं के खर्च से किया जा रहा है।
- ई.ई.एस.एल.एल.ई.डी. बदलने के साथ ही आगामी 7 वर्षों तक इनका रख-रखाव तथा खराब एल.ई.डी. को बदलने का कार्य करेगी।
- केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई हृदय योजनान्तर्गत काशी में 4,700 हेरिटेज एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम भी लगाए गए हैं।
- सरकार की इस पहल से राज्य लगभग 40 करोड़ किलोवॉट ऊर्जा की वार्षिक बचत कर सकेगा।
- ज्ञातव्य है कि 5 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम शुरू किया गया था।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2019 तक देश में 1.34 करोड़ पारम्परिक लाइटों को आधुनिक एल.ई.डी. लाइटों में परिवर्तित करना लक्षित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5b0c2724-d554-4d04-a1e9-1f010af72573.pdf

स्वदेशी समृद्धि सिम कार्ड लांच

प्रश्न-हाल ही में बाबा रामदेव ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ साझेदारी में स्वदेशी समृद्धि सिम कार्ड लांच किया। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह कार्ड नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में लांच किया गया।

(b) प्रारंभ में इस सिमकार्ड का लाभ केवल पतंजलि के कर्मचारी और अधिकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(c) पूर्णतया लांच होने के बाद लोग इस सिमकार्ड का उपयोग कर पतंजलि के उत्पादों पर 5 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

(d) उपयोकर्त्ता इस कार्ड को 144 रुपए में रिचार्ज करवाने पर 2जीबी डाटा, 100 एसएमएस और पूरे भारत में असीमित कॉल की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 मई, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा रामदेव ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ साझेदारी में 'स्वदेशी समृद्धि सिम कार्ड' लांच किया।
- प्रारंभ में इस सिम कार्ड का लाभ केवल पंतजलि के कर्मचारी और पदाधिकारी ही ले सकेंगे।
- पूर्णतया लांच होने के बाद लोग इस सिमकॉर्ड का उपयोग कर पतंजलि के उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर सकते हैं।
- उपयोगकर्ता इस सिम कार्ड को 144 रुपए में रिचार्ज करवाने पर 2जीबी डाटा, 100 एसएमएस और पूरे भारत में असीमित कॉल की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।
- इस कार्ड पर आकर्षक डेटा और कॉल पैकेज के अलावा 5 लाख रुपये का दुर्घटना मृत्यु बीमा तथा स्थाई विकलांगता पर 2.5 लाख रु. का बीमा मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://economictimes.indiatimes.com/industry/telecom/telecom-news/baba-ramdevs-patanjali-ties-up-with-bsnl-launches-sim-cards/articleshow/64355565.cms

तूफान अल्बर्टो

प्रश्न-हाल ही में तूफान अल्बर्टो के कारण तीन अमेरिकी राज्यों ने आपातकाल की घोषणा की। प्रश्न में कौन-सा राज्य इसमें शामिल नहीं है?



(a) मिशिगन (b) मिसिसिपी (c) अलबामा (d) फ्लोरिडा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 मई, 2018 को तीन अमेरिकी राज्यों फ्लोरिडा, अलबामा और मिसिसिपी ने उपोष्ण कटिबंधीय तूफान अल्बर्टो के कारण राज्य में आपातकाल की घोषणा की।
- फ्लोरिडा के गवर्नर द्वारा राज्य की 67 काउंटी और अलबामा के गवर्नर ने राज्य की 40 काउंटी में अलर्ट जारी किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.usatoday.com/story/news/nation-now/2018/05/26/subtropical-storm-alberto-florida-state-emergency/647257002/

कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर रणनीति पत्र का विमोचन

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु द्वारा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर रणनीति पत्र का विमोचन किया गया? इस संबंध में दिए विकल्पों में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) 22 मई, 2018 को इसका विमोचन किया गया।

(b) मंत्री महोदय ने इसका विमोचन नई दिल्ली में किया।

(c) यह रणनीति पत्र इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्द्धन परिषद द्वारा तैयार किया गया है।



(d) इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ाकर 178 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंचाना है।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 मई, 2018 को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने नई दिल्ली में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर तैयार किए गए रणनीति पत्र का विमोचन किया।
- यह रणनीति पत्र इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईएससी) द्वारा तैयार किया गया है।
- इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ाकर 178 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंचाना है।
- इस रणनीति पत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।
- जिसमें अमेरिका के साथ वीजा संबंधी समस्या को सुलझाना, यूरोपीय देशों में प्रोफेशनलों की पहुंच बढ़ाना, अमेरिका के साथ समग्रता समझौता पर शीघ्र हस्ताक्षर करना, इन्क्यूबेशन केंद्र की स्थापना करना और प्रमुख आईटी हबों में भाषा प्रवीणता सुविधाएं इन नीतिगत बदलावों में प्रमुख हैं।
- इस पत्र में उन विशिष्ट नीतिगत उपायों, बाजार गंतव्यों और अन्य उपयुक्त जानकारियों का भी उल्लेख किया गया है, जो भारत में सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात में व्यापक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।
- विवेकपूर्ण ढंग से सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर का सम्मिश्रण करना, नवीन निर्यात केंद्र सृजित करना, राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करना और विशिष्ट सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्द्धन उपाय करना विशिष्ट उपायों में शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1533275
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=72375

वाम चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संपर्क के प्रावधान को स्वीकृति

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गृह मंत्रालय द्वारा 10 राज्यों में चिह्नित 4072 टॉवर लोकेशनों पर मोबाइल सेवा प्रदान करने हेतु सार्वभौमिक दायित्व कोष (यूएसओएफ) योजना को मंजूरी प्रदान की गई। विकल्प में इससे संबंधित कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह मंजूरी द्वितीय चरण की परियोजना हेतु 10 राज्यों के 96 वाम चरम पंथ प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रदान की गई।



(b) द्वितीय चरण में परियोजनान्तर्गत 2 जी तथा 4 जी टेक्नोलॉजी प्रदान की जा रही है।

(c) इस नेटवर्क का उपयोग वाम चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाकर्मी करेंगे।

(d) इस परियोजना की कुल लागत राशि 7320 करोड़ रुपए होगी।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 मई, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गृह मंत्रालय द्वारा 10 राज्यों में चिह्नित 4072 टॉवर लोकेशनों पर मोबाइल सेवा प्रदान करने हेतु सार्वभौमिक दायित्व कोष (यूएसओएफ) समर्थित योजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह मंजूरी द्वितीय चरण की परियोजना हेतु 10 राज्यों के 96 वाम चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रदान की गई है।
- इस परियोजना की कुल लागत राशि 7,330 करोड़ रुपए होगी।
- इस नेटवर्क का उपयोग वाम चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा किया जायेगा।
- परियोजनांतर्गत मोबाइल सेवाएं भी प्रदान की जाएगी जिससे संपर्क रहित आबादी वाले निवासियों की मदद की जा सके।
- यह परियोजना डिजिटल मोबाइल संपर्क की उपलब्धता के साथ पिछड़े और वाम चरमपंथ प्रभावित (LWE) क्षेत्र में ई-गवर्नेंस गतिविधियों को गति प्रदान करेगी।
- द्वितीय चरण में इस परियोजना के तहत 2 जी तथा 4 जी टेक्नोलॉजी प्रदान की जा रही है।
- प्रथम चरण में इस परियोजना में सिर्फ 2 जी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179481

आंध्र प्रदेश में एनआईडीएम की दक्षिणी कैम्पस इमारत की आधारशिला

प्रश्न-हाल ही में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) की दक्षिणी परिसर इमारत की आधारशिला रखी। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) यह परिसर गन्नवरम् मंडल के कोंडापवूलुरू गांव में स्थित है।

(b) एनआईडीएम ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून-2014 के तहत दक्षिणी परिसर की स्थापना की है।

(c) दक्षिणी परिसर की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा एनआईडीएम को 15 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया।

(d) केंद्र सरकार द्वारा कुल 36.76 करोड़ रुपए की लागत राशि से दक्षिणी परिसर के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में गन्नवरम मंडल के कोंडापवूलुरू गांव में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) की दक्षिणी परिसर इमारत की आधारशिला रखी।
- ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) गृह मंत्रालय के अधीन सरकार का एक प्रमुख संस्थान है।
- एनआईडीएम ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून-2014 के तहत इस दक्षिणी परिसर की स्थापना की है।
- वर्तमान में बापतला, गुंटूर में स्थित मानव विकास संस्थान के परिसर से एआईडीएम के अंतरिम दक्षिणी परिसर का परिचालन किया जा रहा है।
- राज्य सरकार द्वारा स्थायी परिसर की स्थापना हेतु एनआईडीएम को 10 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है।
- केंद्र सरकार द्वारा कुल 36.76 करोड़ रुपए की लागत राशि से दक्षिणी परिसर के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है।
- यह परिसर अपने प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर के मुद्दों, जिला और स्थानीय नियोजन, अंतिम मील संपर्क और मुख्य आपदा प्रबंधन को सतत विकास उद्देश्यों में परिवर्तित करने हेतु विशेष फोकस करेगा।
- ज्ञातव्य है कि भारत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए आपदा जोखिम कटौती हेतु सेंडाई फ्रेम वर्क में हस्ताक्षर कर चुका है।

- शिक्षा, अनुसंधान, ज्ञान प्रबंधन और जनजागरूकता में प्रशिक्षण के सहित क्षमता निर्माण से सेंडाई फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=179440

नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यात्री घोषणा पत्र का मसौदा जारी

प्रश्न-हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यात्री घोषणा पत्र का मसौदा जारी किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) यह मसौदा 22 मई, 2018 को जारी किया गया।

(b) यदि एयरलाइन की गलती के कारण कोई उड़ान रद्द की जाती है तो यात्रियों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा अथवा टिकट का पैसा उन्हें वापस किया जाएगा।

(c) इस मसौदे के अंतर्गत दिव्यांग यात्रियों के लिए भी सीटों का प्रस्ताव है।

(d) यदि कोई यात्री टिकट लेने के 24 घंटे के अंदर इसे रद्द करवाता है तो उसके टिकट मूल्य में 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 मई, 2018 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यात्री घोषणा पत्र का मसौदा जारी किया गया।
- यदि एयरलाइंस की गलती के कारण कोई उड़ान रद्द की जाती है तो यात्रियों को मुआवजा प्रदान किया जायगा अथवा टिकट का पैसा उन्हें वापस किया जाएगा।
- किसी उड़ान में देरी होने पर यात्रियों को विभिन्न तरीकों से क्षतिपूर्ति की जाएगी।
- इस मसौदे के अंतर्गत दिव्यांग यात्रियों के लिए भी सीटों का प्रस्ताव है।
- इस मसौदे के प्रावधान 1-2 माह के भीतर लागू होंगे।
- मसौदे में यह भी प्रावधान है कि यदि कोई यात्री टिकट लेने के 24 घंटे के अंदर इसे रद्द कराता है तो कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

एनसीडीसी द्वारा राजस्थान सरकार को ऋण माफी को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा राजस्थान सरकार को कितनी राशि की कृषि ऋण माफी के लिए अल्पकालिक कार्यशील पूंजी ऋण के रूप में मंजूर की गई?



(a) 5,000 करोड़ रुपए (b) 10,000 करोड़ रुपए (c) 15,000 करोड़ रुपए (d) 20,000 करोड़ रुपए

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मई, 2018 में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा राजस्थान सरकार को 5000 करोड़ रुपए की राशि कृषि ऋण माफी के लिए अल्पकालिक कार्यशील पूंजी ऋण के रूप में मंजूरी प्रदान की गई।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने फरवरी में राज्य बजट में कृषि ऋण माफी योजना की घोषणा की थी।
- इस घोषणा के तहत सहकारी बैंकों द्वारा छोटे और सीमांत किसानों को प्रदान किए गए 50000 रुपए तक का ऋण एक बारगी माफ किया जाएगा।
- इससे राज्य सरकार पर 8,000 करोड़ रुपए का व्ययभार पड़ेगा।
- ज्ञातव्य है कि एनसीडीसी से मंजूरी नहीं प्राप्त होने के कारण राज्य सरकार को 26 व 28 मई को जिला स्तर पर आयोजित ऋण छूट शिविरों को स्थगित करना पड़ा जिसे 31 मई से शुरू किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://indianexpress.com/article/india/ncdc-sanctions-rs-5000-crore-for-rajasthan-govt-farm-loan-waiver/

'निदान' प्रीजम्पटिव डायग्नोसिस ऑन ई-औषधि साफ्टवेयर

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में 'निदान' ऑनलाइन इंट्री ऑफ प्रीजम्पटिव डायग्नोसिस ऑन-ई औषधि सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया?
(a) केरल (b) राजस्थान (c) हिमाचल प्रदेश (d) झारखंड
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (राजस्थान सरकार) वीनू गुप्ता ने 'निदान' ऑनलाइन एंट्री ऑफ प्रीजम्पटिव डायग्नोसिस ऑन ई-औषधि सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया।
- इस सॉफ्टवेयर पर प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में अब विभिन्न मौसमी बीमारियों, गैर संचारी रोग सहित लगभग 46 बीमारियों की ऑनलाइन इंट्री (प्रविष्टि) की जाएगी।
- इससे नियमित तौर पर क्षेत्र विशेष में होने वाली बीमारियों के ट्रेंड की समीक्षा हो सकेगी और साथ ही उनकी रोकथाम हेतु तात्कालिक रूप से विशिष्ट कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने में भी काफी सहायता प्राप्त होगी।

नाबार्ड द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष के तहत कितनी राशि के कुल अनुदान के साथ एलईडी सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) 68.28 लाख रुपए (b) 78.29 लाख रुपए (c) 87.83 लाख रुपए (d) 88.25 लाख रुपए

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबॉर्ड) द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष (Rural Infrastructure Development Fund) के तहत 87.83 लाख रुपए के कुल अनुदान के साथ एलईडी सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को मंजूरी प्रदान की गई।
- 18 मई, 2018 को नाबार्ड के अध्यक्ष हर्ष कुमार भानवाला की उपस्थिति में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस परियोजना का शुभारंभ किया।
- भानवाला ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर की गई सूक्ष्म सिंचाई कोष (Micro Irrigation Fund) के विषय में जानकारी दी।
- 16 मई, 2018 को सरकार द्वारा कृषि उत्पादन और किसानों की आमदनी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूक्ष्म-सिंचाई के तहत अधिक भूमिक्षेत्र लाने हेतु नाबार्ड के तहत 5000 करोड़ रुपए के एक कोष को मंजूरी प्रदान की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.moneycontrol.com/news/india/nabard-sanctions-solar-street-lighting-system-in-arunachal-2571673.html

महिलाओं के लिए पुलिस बल में 10 प्रतिशत पद आरक्षित करने का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा राज्य में पुलिस बल में महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत पद आरक्षित करने का निर्णय किया गया?

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा (c) नागालैंड (d) मिजोरम



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 मई, 2018 को त्रिपुरा सरकार द्वारा राज्य में पुलिस बल में महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत पद आरक्षित करने का निर्णय किया गया।

- यह निर्णय त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।
- इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं के साथ संबंधित अपराधों से और अधिक कुशलता से निपटना है।
- यह आरक्षण महिलाओं को पुलिस बल की सभी भर्ती में प्रदान किया जाएगा।
- वर्तमान में त्रिपुरा पुलिस बल में 4 प्रतिशत महिला पुलिस कर्मी हैं।
- यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा निर्भया गैंगरेप और हत्या के मामले से निपटने के दौरान उच्चतम न्यायालय की राय को ध्यान में रखते हुए किया गया है।
- वर्तमान में राज्य में 26,000 पुलिसकर्मी हैं जिसमें मात्र 1200 महिलाएं शामिल हैं।
- राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में 7 महिला पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया है जिसमें से 2 अगरतला में स्थापित हैं।
- चार और इस प्रकार के स्टेशन शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://khabar.ndtv.com/news/india/tripura-now-10-percent-reservation-for-womens-in-police-force-1854583

सीएसटीटी द्वारा 'आयुष' शब्द को अपनाने का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग ने वैज्ञानिक और तकनीकी उद्देश्यों हेतु अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में एक शब्द के रूप में 'आयुष' शब्द को अपनाने का निर्णय किया। इस आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?



(a) वर्ष 1958 (b) वर्ष 1960 (c) वर्ष 1966 (d) वर्ष 1973

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 मई, 2018 को वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (CSTT-The Commission for Scientific and Technical Terminology) द्वारा वैज्ञानिक और तकनीकी उद्देश्यों हेतु अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में एक शब्द के रूप में 'आयुष' शब्द को अपनाने का निर्णय लिया गया।
- सीएसटीटी ने आयुष मंत्रालय के प्रस्ताव पर एक शब्द के रूप में आयुष शब्द को अपनाने का निर्णय किया।
- आयोग के अनुसार 'आयुष' शब्द का अर्थ स्वास्थ्य और उपचार की पारंपरिक प्रणाली होगा जिसमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी आदि शामिल हैं।

- ज्ञातव्य है कि वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 344 के खंड (4) के परंतुक के अंतर्गत भारत सरकार के एक संकल्प के द्वारा 21 दिसंबर, 1960 को किया गया था।
- इसका उद्देश्य हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों का विकास करना और परिभाषित करना, शब्दावलियों को प्रकाशित करना, पारिभाषिक शब्दकोष एवं विश्वकोष तैयार करना, हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में शब्दावली की एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु सभी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करना इत्यादि है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://blogs.compliancecalendar.in/ayush-finds-a-place-in-english-language-2246

सड़क दुर्घटना पीड़ितों का चिकित्सा खर्च वहन करने की घोषणा

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा राज्य में प्रत्येक सड़क दुर्घटना पीड़ितों को पहले 48 घंटे के पूर्व 50,000 रुपए तक मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?



(a) हरियाणा (b) गुजरात (c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 मई, 2018 को गुजरात सरकार द्वारा राज्य में प्रत्येक सड़क दुर्घटना पीड़ितों को पहले के 48 घंटे मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- यह सुविधा दुर्घटना पीड़ित को राज्य के किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में भर्ती करने पर प्रदान की जाएगी।
- योजनान्तर्गत सरकार प्रत्येक दुर्घटना पीड़ित पर 50,000 रुपए राशि तक के चिकित्सा व्यय का वहन करेगी।
- गुजरात के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्यमंत्री नितिन पटेल ने 'मुफ्त उपचार योजना' शुरू किए जाने की घोषणा की।
- योजनान्तर्गत अन्य राज्य के लोगों या अन्य देशों के नागरिकों को भी मुफ्त उपचार सुविधा उपलब्ध होगी यदि वे सड़क दुर्घटना का शिकार होते हैं और राज्य के सरकारी या निजी अस्पताल में भर्ती हैं।
- इस योजना का उद्देश्य समय पर बेहतर उपचार प्रदान करना है और सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीवन हानि को कम करना है।
- यह योजना पूरे प्रदेश में लागू होगी।